RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 7
लखनऊ, शुक्रवार, 23 अक्टूबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



ऋषि कपूर और सरोज खान को माधुरी ने किया याद
विविध-12

www.dailypioneer.com

# जाति की राजनीति करने वाले देश कर रहे कमजोर: योगी

● मुख्यमंत्री की बुलंदशहर, नौगांवा सादात और टूंडला में सभाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव में प्रचार की शुरुआत में ही आक्रामकता दिखाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने पश्चिम उत्तर प्रदेश को गुण्डों, माफियाओं से मुक्त कराया। योगी ने कहा कि जाति के नाम पर राजनीति कर रहे लोग देश को कमजोर कर रहे हैं। पूववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा, पिछली सरकारों के कार्यकाल में जो गुण्डे, बदमाश सत्ता के संरक्षण से व्यापारियों का शोषण करते थे, लोगों की जमीनों पर कब्जा कर लेते थे, वे आज अपनी जान की भीख मांग रहे हैं।

इन गुण्डे माफियाओं की अकूत संपत्तियों पर हमने बुल्डोजर चलवाया है। मुख्यमंत्री ने उपचुनाव के मद्देनजर बृहस्पतिवार को बुलंदशहर, नौगांवा सादात और टूंडला में जनसभाएं कीं। प्रदेश अध्यक्ष स्वतन्त्र देव सिंह के साथ मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने बुलंदशहर की सदर विधान सभा से उपचुनाव की रैली की शुरुआत की। उन्होंने कहा, 2017 में विधानसभा चुनाव के प्रचार की शुरुआत भी मैंने बुलंदशहर से की थी और कहा था कि भाजपा आएगी तो गुण्डा राज खत्म होगा, बेटियों की रक्षा होगी। परिणाम सामने है, सत्ता के संरक्षण में जो गुण्डे व्यापारियों का शोषण करते थे, जनता की जमीनों पर कब्जा करते थे और बेखौफ घूमते थे, आज उनके द्वारा हथियाई गई संपत्तियों पर बुल्डोजर चल रहा है, गुण्डे जान की भीख मांग रहे हैं।



बुलंदशहर में गुरुवार को एक जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

बुलंदशहर की रैली के मंच से मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पीएफआई (पापुलर फ्रंट आफ इंडिया) के लोगों से मिलने केरल जाते हैं। यह वही पीएफआई है जो देश भर में दंगों की शृंखला खड़ी करना चाहती है। उन्होंने कहा कि जाति के नाम पर राजनीति कर रहे लोग देश को कमजोर कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, यह वही पश्चिमी उत्तर प्रदेश है जहां कांवड़ यात्रा नहीं निकलने दी जाती थी और कहा जाता था कि इससे दंगे हो जाएंगे। तब हमने कहा था कि हमारी सरकार आएगी तो कोई दंगा नहीं होगा, दंगा करने वालों को हम ठीक कर देंगे। अब कांवड़ यात्रा भी निकलती है और पुष्प वर्षा भी होती है। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए भाजपा की सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा, देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने हमेशा किसानों की चिंता की, लेकिन उनके नाम पर राजनीति करने वालों ने कभी किसानों के बारे में नहीं सोचा। पिछली सरकारों ने किसानों की चिंता की होती तो चीनी मिलों का विस्तारीकरण और आधुनिकीकरण हुआ होता। भाजपा सरकार में यह सारे कार्य तेजी से हो रहे हैं।

चौधरी चरण सिंह के सपनों को साकार करने का काम भाजपा ही कर सकती है। योगी ने कहा कि महाराजा महेंद्र प्रताप सिंह ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय बनाने के लिए अपनी पूरी संपत्ति दान कर दी लेकिन उनके नाम की एक शिला भी नहीं लगी। विपक्ष पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि कैराना और कांधला के व्यापारियों का पलायन कराने और मुजफ्फरपुर में दंगों की शृंखला खड़ी कर किसी निर्दोष सचिन और गौरव को मरवाने के लिए तुम्हारे जातिवादी नारे होते हैं। उन्होंने कहा कि टूंडला में महिला डिग्री कालेज का निर्माण हो रहा है जो भाजपा के शासन काल में ही संभव हुआ। भाजपा ही एक मात्र दल है जहां जमीन से जुड़े कार्यकर्ता को टिकट दिया जाता है, वही बाद में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री भी बनता है।

## बाढ़ की समस्या का स्थायी समाधान निकालेंगे: मुख्यमंत्री

● प्रभावित 19 जिलों के 3,48,511 किसानों को उनकी फसलों की क्षतिपूर्ति के बदले 113.21 करोड़ रुपये का किया गया ऑनलाइन भुगतान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ से हर साल होने वाले भारी नुकसान के स्थायी समाधान का रास्ता निकालने का किसानों को भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि सरकार बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान निकालने की कार्ययोजना पर काम कर रही है।

मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को यहां अपने आवास पर बाढ़ प्रभावित 19 जिलों के 3,48,511 किसानों को उनकी फसलों की क्षतिपूर्ति के बदले 113.21 करोड़ रुपये का ऑनलाइन भुगतान कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बाढ़ का स्थायी समाधान निकाला जाएगा। इस सिलसिले में कार्य योजना तैयार की जा रही है। जब तक ऐसा नहीं होता तब तक बाढ़ से सुरक्षा के लिए सभी संवेदनशील जगहों पर समय से मानक के अनुसार काम होगा।

योगी ने कहा कि हिमालय से लगे तराई के इलाके में इस साल औसत से दो-तीन गुना बारिश होने के बावजूद कहीं भी बाढ़ के कारण गंभीर समस्या नहीं उत्पन्न हुई। उन्होंने किसानों को क्षतिपूर्ति के तौर पर धनराशि देते हुए कहा कि हालांकि आपकी मेहनत और क्षति की तुलना में यह रकम मामूली है, पर मरहम जैसी यह रकम आपके हितों की प्रति हमारी प्रतिबद्धता का सुबूत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई और मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार किसानों के ( शेष पेज 9 )

## आगामी विस चुनाव पर भाजपा की नजर

# दुर्गा पूजा पर मोदी ने की बंगाल के लोगों के दिल को छूने की कोशिश

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता/नई दिल्ली

**पश्चिम** बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव पर नजरें टिकाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्गा पूजा के मौके पर गुरुवार को राज्य की जनता को संबोधित किया। वीडियो कांफ्रेंस के जरिये लोगों से संवाद करते पीएम ने नए भारत को गढ़ने में बंगाल की विभूतियों का नाम लेकर उनके योगदान को याद किया और, यह कहकर दिलों में उतरने की कोशिश की कि योगदान इतना बड़ा और नाम इतने हैं कि सुबह से शाम हो जाएगी पर खत्म नहीं होंगे। साथ ही महिलाओं पर फोकस रखते हुए मां दुर्गा का आह्वान कर नारी सशक्तिकरण के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण राज्य के सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं। उन्होंने बंगाली परंपरा के अनुसार शंख बजाकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। मोदी ने मां दुर्गा को दारिद्र्य दु:ख भय हारिणि और दुर्गति-नाशिनी बताया और कहा कि महिषासुर का वध करने के लिए माता का एक अंश ही पर्याप्त था लेकिन इस कार्य के लिए सभी दैवीय शक्तियां संगठित हो गई थीं। नारी शक्ति हमेशा



से सभी चुनौतियों को परास्त करने की ताकत रखती है, ऐसे में सभी का दायित्व है कि उनके साथ एकजुटता से खड़े हों। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने आत्मनिर्भरता का जो नया संकल्प लिया है, उस अभियान में भी नारी शक्ति की भूमिका बहुत बड़ी है। पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या लगभग सात करोड़ है जिनमें से महिला मतदाता साढ़े तीन करोड़ हैं। सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ भाजपा एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरी है और उसे इस बात का भरोसा है कि अगला चुनाव जीतकर वह ममता बनर्जी के 10 वर्षों के शासन का अंत कर देगी। पिछले लोकसभा चुनाव (2019) में इतिहास रचती भाजपा ने बंगाल में 18 सीटें जीती थीं ( शेष पेज 9 )

## सप्तम कालरात्रि



**एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता। लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥**
**वामपादोल्लसल्लोहलता कण्टकभूषणा। वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी॥**

माँ दुर्गाजी की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गापूजा के सातवें दिन माँ कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। कालरात्रि की उपासना करने से ब्रह्मांड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुलने लगते हैं और तमाम असुरी शक्तियां उनके नाम के उच्चारण से ही भयभीत होकर दूर भागने लगती हैं। नाम से अभिव्यक्त होता है कि मां दुर्गा की यह सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है अर्थात जिनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है। नाम से ही जाहिर है कि इनका रूप भयानक है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं और गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। अंधकारमय स्थितियों का विनाश करने वाली शक्ति हैं कालरात्रि।

## नाग मिसाइल का अंतिम परीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत ने गुरुवार को राजस्थान के पोखरण में तीसरी पीढ़ी की टैंक रोधी गाइडेड मिसाइल नाग का अंतिम परीक्षण सफलतापूर्वक किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इसे सामरिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में हथियार तैनात करने का रास्ता साफ करने के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित यह मिसाइल दिन-रात दोनों समय दुश्मन टैंकों से भिड़ने में सक्षम है। डीआरडीओ ने कहा कि बृहस्पतिवार सुबह 06 बजकर 45 मिनट पर पोखरण रेंज से मिसाइल का अंतिम परीक्षण किया गया। हथियारों से लैस मिसाइल से एक तय दूरी पर रखी गई टैंक पर निशाना साधा गया। यह प्रक्षेपण नाग मिसाइल के वाहक नामिका से किया गया और इसने लक्ष्य को सटीक तरीके से भेद दिया। यह मिसाइल अंतिम परीक्षण के बाद उत्पादन के चरण में पहुंच गई है। सार्वजनिक क्षेत्र का रक्षा उपक्रम भारत डायनेमिक्स लिमिटेड इसका उत्पादन करेगा जबकि नामिका का उत्पादन मेडक आयुध कारखाने में किया गया जाएगा।

# धान खरीद में गड़बड़ी पर पीसीएस सहित कई अधिकारी निलंबित

● चार केंद्र प्रभारियों के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि, और 178 के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**किसानों** से जुड़े मामलों को लेकर योगी सरकार बेहत सख्त हो गई है। धान खरीद में अनियमितता के चलते सरकार ने पीसीएस अधिकारी व संभागीय खाद्य नियंत्रक बरेली प्रमोद कुमार श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया है। वह राजस्व परिषद से संबद्ध किए गए हैं। बरेली मंडल के आयुक्त रणवीर प्रसाद को शासन ने इस मामले में जांच अधिकारी नामित किया है। इस क्रम में घान क्रय केंद्रों के आठ प्रभारियों समेत 10 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआइआर दर्ज की जा चुकी है। बरेली मंडल के पांच केद्र प्रभारियों को निलंबित किया जा चुका है। चार केंद्र प्रभारियों के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि, 21 के खिलाफ चेतावनी और 178 के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कुल मिलाकर अब तक 208 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। जिन क्रय केंद्र के प्रभारियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज हुई हैं उनमें पीलीभीत के तीन, बरेली, कानपुर नगर, हरदोई के एक-एक, शाहजहांपुर के दो हैं। इसके अलावा हरदोई के एक बिचौलिये और अन्य व्यक्ति के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है। विदित हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही कह चुके हैं कि हर किसान से न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर धान खरीदा जाना चाहिए। इसके लिए संबधित जिलाधिकारी जवाबदेह होंगे। इस क्रम में खरीफके मौजूदा सीजन में अब तक 21 हजार से अधिक किसानों से 15,42,566 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। कृषि विभाग के पोर्टल पर अब तक 4,77,121 किसानों ने अपना पंजीकरण कराया है। इनमें से 2,93,073 का सत्यापन भी हो चुका है।

## हाईकोर्ट का रामपुर की स्वार सीट पर चुनाव कराने का निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने रामपुर की स्वार विधान सभा का चुनाव कराने का आदेश दिया है। यह सीट यहां के विधायक अब्दुल्ला आजम का निर्वाचन हाईकोर्ट द्वारा रद्द किए जाने की वजह से रिक्त हो गई है। नगर पालिका परिषद स्वार के पूर्व अध्यक्ष शफीक अहमद द्वारा दाखिल याचिका पर यह आदेश न्यायमूर्ति शशिकांत गुप्ता और न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की खंडपीठ ने दिया। याची के अधिवक्ता विक्रांत पांडेय के मुताबिक स्वार विधान की सीट का चुनाव इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 16 दिसंबर 2019 को रद्द कर दिया था। क्योंकि वहां के निर्वाचित विधायक अब्दुल्ला खान ने गलत जन्मतिथि प्रमाणपत्र के आधार पर चुनाव लड़ा था। वर्तमान में यूपी की सात रिक्त सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। मगर स्वार विधान सभा को लेकर कोई अधिसूचना जारी नहीं की गई थी। अधिवक्ता का कहना था कि जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत विधानसभा की सीट छह माह से अधिवक्ता रिक्त ( शेष पेज 9 )

# बिहार में भाजपा ने किया फ्री कोरोना टीका देने का वायदा



बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी करतीं निर्मला सीतारमण और अन्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/पटना

**बिहार** में भाजपा ने सभी को मुफ्त कोरोना वायरस टीका देने का वायादा किया है। विपक्ष ने सत्तारूढ़ पार्टी की जमकर आलोचना करते हुए हुए कहा कि उसने जीवनरक्षक दवा को चुनावी लाभ लेने का हथियार बना दिया है और आरोप लगाया कि उसने टीके की उपलब्धता को चुनावों से जोड़ दिया है। भाजपा ने इन आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि उसने एक जनस्वास्थ्य का मुद्दा उठाया है और विपक्ष को इसको लेकर परेशान नहीं होना चाहिए। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की स्वीकृति मिलने के बाद कोविड-19 के टीके का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू होने पर बिहार के लोगों को नि:शुल्क टीका देने का वादा किया है। भाजपा के संकल्प पत्र में राज्य के लोगों को नि:शुल्क टीका उपलब्ध कराने का वादा 11 संकल्पों में पहले स्थान पर है। वहीं, कांग्रेस, राजद, नेशनल ( शेष पेज 9 )

## पटना में कांग्रेस दफ्तर पर आयकर विभाग का छापा

**पटना।** बिहार कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयकर विभाग के छापे में एक गाड़ी से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद होने की बात सामने आई हैं। वहां पर मौजूद कई नेताओं से इनकम टैक्स के अधिकारियों पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस दफ्तर में गाड़ी के अंदर से लाखों रुपए बरामद किए गए, जिसके बाद रेड की गई। वहीं छापेमारी पर बिहार कांग्रेस प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल ने कहा कि बिहार में जदयू-भाजपा गठबंधन चुनाव हार रहा है। गोहिल ने कहा कि सदाकत आश्रम से कुछ नहीं मिला है। कम्पाउंड के बाहर से किसी गाड़ी में पैसा मिला है, ऐसा कह कर यहां इनकम टैक्स की टीम ने नोटिस ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 40,558 | ↓ | 148 | |
| निफ्टी | 11,896 | ↓ | 41 | |
| सोना | 51,405 | ↓ | 95 | /10g |
| चांदी | 63,425 | ↓ | 504 | /kg |

## क्विक न्यूज

### स्वदेशी लड़ाकू पोत कवरत्ती नौसेना में शामिल

**विशाखापत्तनम।** थल सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे ने यहां नौसेना डॉकयार्ड में लड़ाकू पोत आईएनएस कवरत्ती को नौसेना में शामिल किया। आईएनएस कवरत्ती प्रोजेक्ट 28 (कमरोटा श्रेणी) के तहत स्वदेशी चार जहाजों में से आखिरी जहाज है और इसका डिजाइन नौसेना की शाखा नौसेना डिजाइन निदेशालय ने तैयार किया है।

# भारतीयों और विदेशी नागरिकों को आने की छूट, पर टूरिस्ट को नहीं

● महामारी में केंद्र ने ढीले किए वीजा नियम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोरोनो** वायरस महामारी के कारण लगे वीजा और यात्रा प्रतिबंधों में सरकार ने कुछ ढील दी है। इससे भारतीय प्रवासी नागरिक (ओआईसी) कार्ड धारक और विदेशी नागरिक किसी भी उद्देश्य के लिए भारत आ सकते हैं। हालांकि टूरिस्ट वीजा पर अभी पाबंदी जारी रहेगी। हवाई यात्रा को पटरी पर लाने के लिए कोविड-19 संक्रमण फैलने के बीच यह बड़ा कदम उठाया है।

लगभग आठ महीने पहले कोरोना वायरस संकट और देशव्यापी लॉकडाउन के कारण सभी तरह के वीजा निलंबित कर दिए गए थे। अब सरकार ने सभी मौजूदा वीजा की वैधता को बहाल कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गुरुवार को एक आदेश जारी कर कहा कि सरकार ने भारत आने या यहां से बाहर जाने की इच्छा रखने वाले भारतीय या विदेशी नागरिकों के वीजा और यात्रा प्रतिबंधों में क्रमिक ढील देने का फैसला किया है।

इस ग्रेडेड छूट के तहत सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक वीजा, टूरिस्ट वीजा और मेडिकल वीजा को छोड़कर सभी मौजूदा वीजा को तत्काल प्रभाव से बहाल करने का फैसला किया है। विदेश में रह रहे भारतीयों या विदेशी नागरिकों को देष में आने की अनुमति सिर्फअधिकृत हवाई या जल मार्ग से ही है। इनमें वंदे भारत मिशन के तहत संचालित उड़ानें या नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा अनुमति के अनुसार किसी भी नॉन शेड्यूल कमर्शल उड़ानें शामिल हैं।

# लेह को चीन में दिखाने पर ट्विटर को कड़ी चेतावनी

● सरकार ने सोशल साइट के सीईओ को लिखा पत्र- लेह भारत का अभिन्न हिस्सा इसका सम्मान करें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** शासित प्रदेश लद्दाख के लेह क्षेत्र की लोकेशन चीन में दिखाने पर भारत ने ट्विटर को कड़ी चेतावनी दी है। सरकार ने सोशल साइट के सीईओ जैक डोरसी को पत्र लिखकर इस मामले में संवेदनशीलता से काम करने को कहा है।

ट्वीटर ने बीते 18 अक्टूबर को अपने जियो-लोकेषन में लेह को जम्मू-कश्मीर, चीन का हिस्सा बताया था। इससे सरकार समेत सोषल मीडिया यूजर्स में जबरदस्त नाराजगी देखने को मिली। केंद्र सरकार के



लेह क्षेत्र की फाइल फोटो

आईटी सचिव अजय साहनी ने ट्विटर के सीईओ जैक डोरसी को सख्त लहजे में पत्र लिखते हुए भारत के नक्शे को गलत तरीके से दिखने पर आपत्ति दर्ज कराई है।

आईटी सचिव ने ट्विटर को दो टूक शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि लेह केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख का मुख्यालय है। लद्दाख और जम्मू-कश्मीर भारत के अभिन्न हिस्से हैं, जो भारत के संविधान द्वारा शासित हैं। आईटी सचिव साहनी ने ट्विटर को स्पष्ट कहा कि सोशल साइट को भारत के लोगों की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। भारत की संप्रभुता और अखंडता के साथ इस तरह किया गया अपमान स्वीकार नहीं किया जाएगा और इसे कानून का भी उल्लंघन माना जाएगा।

आईटी सचिव ने लिखा है कि ऐसे कार्यों से न सिर्फ ट्विटर की साख गिरती है बल्कि उसकी तटस्थता और निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े होते हैं। ट्विटर की ओर से यह गलती ऐसे वक्त की गई है, जब भारत और चीन के बीच लद्दाख में कई महीने से गंभीर सैन्य गतिरोध बना हुआ है।

## संसद की संयुक्त समिति ने फेसबुक और ट्विटर के अधिकारियों को तलब किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संसद की** संयुक्त समिति ने डेटा एवं निजता की रक्षा के मुद्दे पर फेसबुक और ट्विटर को समन जारी कर अपने समक्ष पेश होने को कहा है। लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी नोटिस के अनुसार फेसबुक इंडिया के प्रतिनिधियों से कहा गया है कि वे शुक्रवार को निजी डेटा संरक्षण विधेयक, 2019 पर भाजपा सांसद मीनाक्षी लेखी की अध्यक्षता वाली संयुक्त समिति के समक्ष पेश हों। वहीं, ट्विटर के अधिकारियों से 28 अक्टूबर को समिति के समक्ष पेश होने को कहा गया है। इसी मुद्दे पर अमेजन और गूगल के अधिकारियों को तलब करने पर भी संसद की संयुक्त समिति विचार कर रही है।

## प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्टांप शुल्क नहीं लेगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार अब पीएम स्वनिधि योजना के तहत लिया जाने वाला 100 से 1,000 रुपए स्टांप शुल्क नहीं लेगी। यह निर्णय योगी सरकार ने गुरुवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए लिया है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार पीएम स्वनिधि योजना के प्रभावी अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तर पर प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग की अध्यक्षता में, नगर निगम स्तर पर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में एवं नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। योजनान्तर्गत ऋण स्वीकृत करने के लिए बैंकों द्वारा निष्पादित किये जाने वाले लोग एग्रीमेन्ट, हाईपोथिकेशन एग्रीमेन्ट निष्पादित करने के लिये बैंको द्वारा 100 से 1,000 रुपए के मध्य धनराशि की स्टाम्प ( शेष पेज 9 )

# जन योजना अभियान से बदलेगी गांवों की सूरत

## ● मुख्य सचिव ने समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** में गांधी जायंती से शुरू हुए जन योजना अभियान 2020-21 की समीक्षा मुख्य सचिव आरके तिवारी ने करते हुए कहा कि इस अभियान के दौरान ग्राम सभा की बैठकें होंगी और गांवों के विकास का खाका खींचा जाएगा। मुख्य सचिव ने सहभागी ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार किए जाने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं। बैठकों के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने को कहा है। मुख्य सचिव ने दो अक्तूबर से शुरू होने वाले जन योजना अभियान के लिए गुरुवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।



उन्होंने कहा कि ग्राम सभा सदस्य ग्राम सभा स्थल पर मास्क अवश्य पहनें तथ दो गज की दूरी बनाकर रखें। ग्राम सभा के सदस्यों के बीच परामर्श कर बैठकों को छोटे समूह में भी आयोजित किया जा सकता है जिससे कि बच्चों एवं महिलाओं की आवश्यकताओं, समस्याओं को भी कार्य योजना में सम्मिलित किया जा सके। यह नियोजन प्रक्रिया में लोगों की व्यापक भागीदारी को सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग कार्यक्रम अवधि में अपने विभाग से एक नोडल अधिकारी को कार्यक्रम के पर्यवेक्षण के लिए नामित करें जो कि अपने विभाग से सम्बन्धित गतिविधियों के अनुवश्रण के लिए उत्तरदायी होंगे। उन्होंने कहा कि जिलेवार ग्राम सभा की प्रस्तावित बैठकों एवं उक्त बैठकों में भाग लेने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समय सारणी एवं रोस्टर एडवान्स में बना लिया जाए ताकि समयबद्ध ढ़ंग से वार्षिक कार्य योजना तैयार करने का कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि इन बैठकों में जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भेजा जाए। उन सब की ट्रेनिंग करा दी जाये कि उन्हें इन बैठकों में जाकर क्या करना है तथा इसके लिए सभी विभाग अपने कार्मिकों के लिए संक्षिप्त गाइड लाइन भी तैयार कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे थानों में महिला हेल्प डेस्क का शुभारंभ

## ● प्रदेश के सभी 1584 थानों को एक एक लाख रुपए की धनराशि जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पुलिस** थानों में महिला हेल्प डेस्क बनाने के ऐलान के साथ ही योगी सरकार ने गुरुवार को बजट भी जारी कर दिया है। राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी 1584 थानों को एक एक लाख रुपये की धनराशि जारी कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 अक्टूबर को मिशन शक्ति की शुरुआत करने के साथ ही पुलिस थानों में अलग से महिला हेल्प डेस्क बनाने का ऐलान किया था। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को सुबह दस बजे प्रदेश के सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क का शुभारम्भ भी करेंगे। इससे पहले सरकार ने इसके लिए आज बजट भी जारी कर दिया। प्रवक्ता का कहना है कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर लगातार बड़े फैसले ले रही योगी सरकार योजनाओं को अमली जामा पहनाने में जुट गई है। पुलिस थानों में महिला हेल्प डेस्क के लिए धनराशि जारी करने के साथ ही पुलिस अधिकारियों को तत्काल व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। थानों में बनने वाली महिला हेल्प डेस्क में महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती के साथ ही महिला शिकायतकर्ताओं के बैठने के लिए कुर्सी उनकी शिकायतों को दर्ज करने के लिए कंप्यूटर, पीने के लिए साफ पानी की व्यवस्था होगी।

# कारागार विभाग में अधीक्षक सवंर्ग के 58 अफसरों की अन्तिम वरिष्ठता सूची जारी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन के क्रम में कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग के अधीक्षक सवंर्ग के 58 अधिकारियों की अन्तिम वरिष्ठता सूची बृहस्पतिवार को जारी कर दी गयी है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि शासन ने इस सम्बंध में मिली आपत्तियों का निस्तारण करते हुए आज अधीक्षक संवर्ग के 58 अधिकारियों की अन्तिम वरिष्ठता सूची जारी कर दी है। उन्होंने यह भी बताया कि अधीक्षक संवर्ग के अधिकारियों की अन्तिम वरिष्ठता सूची इसके पूर्व वर्ष 2015 में जारी की गयी थी।

# दीवाली बाद विधान मंडल सत्र बुलाने की तैयारी

**लखनऊ।** यूपी में तेजी से काम कर रही सरकार को अब अपनी कई योजनाओं के धन की आवश्यता पड़ने लगी है। कोविड के बीच मुनासिब राजस्व न मिलने के कारण सरकार दीवाली के बाद विधान मंडल का शीतकालीन सत्र बुलाने की तैयारी है। सत्र काफी संक्षिप्त होगा जिसमें कई विधेयक के साथ-साथ योगी सरकार चालू वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट लाएगी। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसारर कोविड के बीच सरकार को जीएसटी की प्राप्ति लक्ष्य के अनुरूप नहीं हो पाई और राजस्व भी उतना नहीं आ पाया जितना सरकार उम्मीद कर रही थी। अगले एक साल बाद यूपी में विधान सभा चुनाव को देखते हुए सरकार को कई योजनाओं को पूरा करने के लिए धन की आवश्यता है जिसके लिए इस अनुपूरक बजट में धन की व्यवस्था की जाएगी। इस दूसरे अनुपूरक बजट में केवल तात्कालिक जरूरतों की पूर्ति ही की जाएगी।

**डीजल रेल इंजन कारखाना, वाराणसी-221004**

पत्र सं-प्र.मु.इंजी./डी.रे.का.(ई.टी.)/प्रकाशन/2020-21/06 ई-निविदा सूचना दिनांक-21.10.2020
निम्नलिखित कार्य के लिए भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य इंजीनियर/डीरेका, वाराणसी द्वारा ठेकेदारों से **ई-टेण्डरिंग के माध्यम से** खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। क्र0सं0-1, निविदा सं0:डीएलडब्ल्यू-डब्ल्यू.ए.टी.-ई.टी.-005-20-21, कार्य का नाम: **डी.रे.का., वाराणसी में सी.से.इंजी./कार्य/पश्चिमी के अंतर्गत सी.आई./जी.आई. पानी पाईपलाईन इत्यादि का मरम्मत।** निविदा लागत (₹ में): ₹ 2,57,66,203.80, बयाना राशि (₹ में): ₹ 2,78,800/-, कार्य समापन अवधि: 9 माह, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: 19.11.2020 को 15:00 बजे, निविदा खुलने की तिथि: 19.11.2020 को 15:30 बजे। **सूचना:** निविदा की आवश्यक सामान्य शर्तें व नियम तथा निविदा दस्तावेज वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे व भरी जा सकती है।
**जसअ/डीरेका/सी-07** **वरिष्ठ इंजीनियर**
/dieselloco works "वेबसाईट: www.dlw.indianrailways.gov.in"

**कार्यालय जिला पंचायत, फतेहपुर**

पत्रांक-527/जि0पं0/ई-नीलामी/2020-21/ दिनांक-22.10.2020

**ई-टेण्डर नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मृत पशु शव निस्तारण (हड्डी चमड़ा, खाल आदि) के ठेको की नीलामी वर्ष 2020-21 की शेष अवधि (दिनांक 31.03.2021 तक) के लिए ई-निविदा दिनांक 11.11.2020 को समय अपरान्ह 12.00 बजे ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। जिसके लिये टेण्डर फार्म ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in से दिनांक 04.11.2020 को दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 11.11.2020 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। तकनीकी निविदा दिनांक 11.11.2020 को समय 01.00 बजे अपरान्ह अपर मुख्य अधिकारी के कक्ष में खोली जायेगी। निविदादाता अपने समस्त प्रमाण पत्रों की स्कैन कापी निविदा के साथ ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in पर अपलोड करना होगा तथा मूल प्रमाण पत्र शर्तों के अनुसार टेण्डर खोले जाने से पूर्व स्वयं उपस्थित होकर या रजिस्टर्ड डाक द्वारा अनिवार्य रूप से कार्यालय जिला पंचायत, फतेहपुर के अभियंता कक्ष पर शील्ड बाक्स में जमा करना होगा। अन्यथा की स्थिति में ई-निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

टेण्डर फार्म शुल्क 100 रूपये (टेण्डर फार्म का मल्य) + 1 प्रतिशत सीजीएसटी+1 प्रतिशत एसजीएसटी का बैक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, फतेहपुर के नाम से देय होगा। जो कि निविदा खोले जाने से पूर्व कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। उपरोक्त टेण्डर के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी जिला पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**अपर मुख्य अधिकारी** **अध्यक्ष**
**जिला पंचायत, फतेहपुर** **जिला पंचायत, फतेहपुर**

# राहुल सार्वजनिक करें हाथरस आरोपी के परिजनों से बात-चीत का ब्यौराः जफर



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● कांग्रेस यूपी में सूख चुकी अपनी राजनीतिक जमीन को अराजकता, झूठ व षडयंत्र के सहारे वापस चाहती है

**बीजेपी** के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सांसद जफर इस्लाम ने बीजेपी मुख्यालय पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस, सपा व बसपा किसानों को गुमराह कर रहे हैं। किसानों में यह भ्रम फैला रहे हैं कि सरकार एमएसपी समाप्त कर देगी जबकि ऐसा नहीं है। कांग्रेस यूपी में सूख चुकी अपनी राजनीतिक जमीन को अराजकता, झूठ व षडयंत्र के सहारे वापस चाहती है। उन्होंने राहुल गांधी से सवाल किया कि हाथरस हिंसा को फैलाने वाले आरोपी के परिजनों से केरल में क्यों मिले। आरोपी के परिजनों से क्या बात की, यह सार्वजनिक करें।

इस्लाम ने कहा कि पश्चिम उप्र में विपक्षी दलों ने किसानों को भ्रम व झूठ में उलझाने का प्रयास किया लेकिन भाजपा सरकार किसान हितैषी सरकार है। इसीलिए केंद्र की मोदी सरकार ने किसानों के हित में कृषि विधेयकों का लाने का काम किया है ताकि किसान को उनकी फसलों का उचित मूल्य मिल सके। जिससे हमारे गांवों और किसानों को मजबूती मिले। उन्होंने कहा कि किसानों की एक इंच जमीन भी कोई नहीं ले सकता, विपक्षी दल किसानों को भटकाने की कोशिशें कर रहे हैं लेकिन वे किसानों के हित में भाजपा सरकार द्वारा उठाये गए कदमों को रोक नहीं सकते। उन्होंने कहा कि किसानों को मंडी में उनकी उपज की अच्छी कीमत देने का काम भाजपा की सरकार लगातार कर रही है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस-सपा-बसपा समेत विपक्षी दल किसानों को गुमराह कर रहे हैं। वह कहते हैं सरकार एमएसपी समाप्त कर देगी जबकि ऐसा नहीं है। कांग्रेस पार्टी झूठ बोलकर किसानों को भ्रमित कर रही है। किसानों की जमीन हड़पने और एमएसपी नहीं मिलने और मंडियों को समाप्त करने को लेकर झूठ बोलकर गुमराह किया जा रहा है लेकिन भाजपा सरकार किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है और हम विपक्षी दलों की साजिशों को उजागर करने के लिए लगातार किसानों के बीच पहुंचकर उनको जागरूक करने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस-सपा-बसपा ने हमेशा से परिवारवाद को बढ़ावा दिया है। इन दलो को अपने परिवार के विकास के अलावा कुछ नहीं सूझता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपनी खोयी हुई राजनैतिक जमीन जो कि उत्तर प्रदेश में सूख चुकी है, को अराजकता, झूठ, षडयंत्र का सहारा लेकर वापस हथियाना चाहती है।

# गुणवत्ता के साथ तेजी से कराएं कामः अवस्थी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने की विभिन्न एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्यों की समीक्षा

**यूपीडा** के मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे व पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्यों की समीक्षा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की गई।

इस बैठक में अवनीश अवस्थी ने निर्माण कार्य करने वाली कम्पनियों को निर्देशित किया कि वह गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य को तेजी से कराएं इसके साथ ही रेलवे ओवर ब्रिज दीर्घ सेतुओं एवं फ्लाई ओवर के निर्माण के लिए आवश्यक सभी कार्यों को तेजी से कराया जाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अवस्थी ने एक्सप्रेसवे के लिए भूमि से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या का यथा शीघ्र निवारण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने यूपीडा द्वारा प्रोजेक्ट मानीटरिंग के लिए सम्बद्ध की गयी कम्पनी राइट्स लिमिटेड के प्रतिनिधियों को कार्य की गुणवत्ता पर पूरी तरह से ध्यान रखने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। समीक्षा बैठक में बताया गया कि गुरुवार तक बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना का क्लीयरिंग एण्ड ग्रबिंग का कार्य 92 प्रतिशत, मिट्टी का कार्य 57 प्रतिशत एवं 819 संरचनाओं के सापेक्ष 239 संरचनाएं पूर्ण कर ली गयी हैं। परियोजना की कुल भौतिक प्रगति 20.40 प्रतिशत पूर्ण हो चुकी है। परियोजना में 14 दीर्घ सेतु बनाये जाने हैं। इसमें से 11 का निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। परियोजना में 4 आरओबी का निर्माण प्रस्तावित है जिसके रेलवे विभाग से शीघ्र अनापत्ति प्राप्त कर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाएगा। अनापत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया को तेजी से कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अवस्थी ने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे व पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। 22 अक्टूबर तक मिट्टी का कार्य लगभग 14 प्रतिशत से अधिक व क्लीयरिंग एवं ग्रबिंग का कार्य लगभग 76 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। इस परियोजना में सरयू नदी पर दीर्घ सेतु का निर्माण कराया जाना है। इस सेतु का निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। इस सेतु एवं परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाना लक्षित है। परियोजना के अन्तर्गत पड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों को क्रॉस करने के लिए एनएचएआई एवं राष्ट्रीय राजमार्ग एवं भूतल परिवहन मंत्रालय से अनापत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया तेजी से पूर्ण की जा रही है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के विषय में अवस्थी ने बताया कि वर्तमान में मिट्टी का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है इसके अतिरिक्त संरचनाओं के निर्माण का कार्य 82 प्रतिशत व परियोजना की कुल भौतिक प्रगति लगभग 60 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो चुकी है।

# आधा दर्जन अपर पुलिस अधीक्षकों के तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शासन** ने अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के आधा दर्जन अधिकारियों के तबादले कर दिए। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की तरफ से जारी आदेश के अनुसार एडीजी जोन वाराणसी के स्टाफ आफिसर अनिल कुमार सिंह, 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ में उप सेनानायक राजेश कुमार सिंह द्वितीय तथा 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर में उप सेनानायक राकेश को अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ लखनऊ के पद पर तैनाती दी गई है। इसी तरह अपर पुलिस अधीक्षक पीटीसी गोरखपुर जियालाल को सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ, अपर पुलिस अधीक्षक प्रोटोकॉल प्रयागराज डॉ. मनोज कुमार को 45वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ में उप सेनानायक तथा 45वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ के उप सेनानायक कुलदीप सिंह को अपर पुलिस अधीक्षक प्रोटोकॉल प्रयागराज के पद पर स्थानान्तरित किया गया है।

# किसान की फसल की खुलेआम हो रही लूट



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में अन्नदाता किसान भाजपा सरकार की कुनीतियों के कारण घोर संकट में है। किसान की फसल की खुलेआम लूट हो रही है।

मुख्यमंत्री के सत्ता में चार वर्ष होने को हैं परन्तु अभी तक उनको यह एहसास नहीं है कि अधिकारी उन्हें गम्भीरता से नहीं ले रहे हैं। किसानों के लिए की गई तमाम घोषणाएं फाइलों में धूल खा रही हैं। सभी किसानों की कर्जमाफी का वायदा पूरा नहीं हुआ। फसल बीमा का लाभ बीमा कम्पनियों के हिस्से में गया है, आय दुगनी होने की सम्भावना दूर-दूर तक नहीं। सस्ते कर्ज और लागत से ड्योढ़े मूल्य की अदायगी का इंतजार करते-करते किसानों की आंखें पथरा गई हैं। अखिलेश ने कहा कि जब कृषि अध्यादेशों को अधिनियम बनाया जा रहा था तभी यह आशंका थी कि इससे किसानों का ज्यादा अहित होगा। किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य से वंचित होना पड़ेगा। राज्य में धान खरीद की शरुआत के साथ किसानों की तबाही के दिन शुरू हो गए हैं। सरकारी दावों के बावजूद कितने धान खरीद केन्द्र खुले हैं या खरीद कर रहे हैं इसकी तो अलग से जांच होनी चाहिए। इसके आगे धान क्रय केन्द्र पर किसानों को धान के मानक अनुकूल न होने का ज्ञान देकर लौटा दिया जाता है। धान क्रय केन्द्रों पर खरीद न होने से परेशान किसान को अपनी फसल 1000 या 1100 रुपए प्रति कुंतल बेचने को मजबूर है।

# धान व गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को हर जिले से सौंपा गया ज्ञापन

**धान** की खरीद न्यूनतन समर्थन मूल्य से कम दाम पर किए जाने, गन्ना किसानों का बकाया 14 हजार करोड़ रुपए का अविलम्ब भुगतान किए जाने और निजी नलकूप के बिजली दामों में बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग को लेकर कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया।

इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को किसानों की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि किसान अपने धान को बेचने के लिए मारा-मारा फिर रहा है और सरकार उनकी तरफ आंख बंद कर के बैठी है। तमाम दावों के बाबजूद प्रदेश में अभी भी धान क्रय केंद्र नहीं खुल पाए हैं, जो थोड़े बहुत खुले है वहां पर धान किसानों के साथ नमी के नाम पर भारी कटौती कर उनका शोषण करने के साथ बिचैलियों के हाथों औने पौने दामों पर बेचने पर मजबूर किया जा रहा है।

**कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सीतापुर।**

पत्रांक :- 2081/प्रवर्तन/विज्ञप्ति/वाहन नीलामी/2020 दिनांक : 21.10.2020

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि कार्यालय परिवहन आयुक्त, उ0प्र0 के कार्यालय पत्र सं0 1049/सा0 प्रशा0/2020-95 टीआर/2013-20 लखनऊ दिनांक 14.08.2020 के अनुपालन में जनपद सीतापुर के विभिन्न थानों में निरुद्ध वाहनों की जहां है, जैसी स्थिति में हैं, की नीलामी दिनांक 17.11.2020 सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय सीतापुर में होगी वाहनों का विवरण निम्नवत् है :-

| क्र0सं0 | वाहन सं0 | वाहन का प्रकार | थाना |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | UP34AT3434 | TRUCK | कमलापुर |
| 2 | UP34T6298 | MAGIC | कमलापुर |
| 3 | UP32EN9306 | MAGIC | कमलापुर |
| 4 | UP32EN5949 | MAGIC | सिधौली |
| 5 | UP32EN5431 | INDIGO | सिधौली |
| 6 | UP34T9608 | MAGIC | सिधौली |
| 7 | UP41T4159 | MAGIC | महमूदाबाद |
| 8 | UP34T6627 | MAGIC | महमूदाबाद |
| 9 | UP41T9412 | MAGIC | महमूदाबाद |
| 10 | UP34T5992 | MAGIC | महमूदाबाद |
| 11 | UP41T4610 | MAGIC | महमूदाबाद |
| 12 | UP34T8147 | MAXIMO | महमूदाबाद |
| 13 | UP34T9039 | MAGIC | अटरिया |
| 14 | UP32FN7149 | MAGIC | अटरिया |
| 15 | UP30T9318 | MAGIC | अटरिया |
| 16 | UP34T5471 | MAGIC | रामकोट |
| 17 | UP34T6053 | MAGIC | रामकोट |
| 18 | UP34T3479 | MAGIC | लहरपुर |
| 19 | UP41T4095 | MAGIC | बिसवां |
| 20 | UP34T5832 | MAGIC | बिसवां |
| 21 | UP34T5755 | MAGIC | कमलापुर |
| 22 | UP34T8211 | MAGIC | महमूदाबाद |
| 23 | UP42T4977 | TEMPO | महमूदाबाद |
| 24 | UP41T3300 | MAGIC | महमूदाबाद |
| 25 | UP32BN3722 | TEMPO | बिसवां |
| 26 | UP34T0413 | BOLERO | बिसवां |
| 27 | UP34T6571 | MAGIC | रामकोट |
| 28 | UP32EN9305 | MAGIC | अटरिया |

**नोट** – नीलामी से पूर्व कर जमा करके वाहन मुक्त करा लेने पर सम्बन्धित वाहन नीलामी में सम्मिलित नहीं की जायेगी।

**नीलामी की मुख्य शर्तें निम्न है :-**

1. नीलामी धनराशि पर नियमानुसार जी0एस0टी0 देय होगा।
2 नीलामी अन्तिम रूप से परिवहन आयुक्त महोदय, उ0प्र0 से स्वीकृति प्राप्त होने पर ही पूर्ण मानी जायेगी।
3. नीलामी से भाग लेने के लिए नियमानुसार जमानत राशि जमा करना होगा।
4. नीलामी स्वीकार होने पर नीलामी राशि का 20 प्रतिशत तुरन्त जमा करना होगा।
5. नीलामी की विस्तृत शर्त कार्यालय में नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।
6. नीलामी हेतु टोकन प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक ही दिये जायेंगे, 11:00 बजे के उपरान्त कोई टोकन नहीं दिये जायेंगे।
7. नीलामी में भाग लिए जाने वाले व्यक्ति अपना पासपोर्ट साइज फोटो एवं पहचान-पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करेंगे।

**सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सीतापुर।**

# बिहार में मायावती की दो चुनावी जनसभाएं आज

**लखनऊ।** बिहार में हो रहे विधानसभा चुनाव में गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में शुक्रवार को बसपा सुप्रीमो मायावती रोहतास और कैमूर जिले में दो चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। बसपा रालोसपा के साथ विधानसभा चुनाव लड़ रही है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मेरा नाम यासीन अहमद है मेरी origanl पावर आफ अटॉर्नी Date - 8.9.1981 थी, जो अब्दुल रहमान और अब्दुल सलाम और दिलावर अली के पक्ष में थी जो Book No. 4, Khand 815 Page 72174 Serial no. 909/910 89198 19.10.2020 को रास्ते में कहीं गिर गई है, उसका प्रयोग अवैध होगा।

# यूपी-112 पर अब क्षेत्रीय भाषा में भी शिकायत बता सकेंगे पीड़ित

## संवाद अधिकारियों को किया गया है विशेष रूप से प्रशिक्षित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अब** यदि आप पुलिस की सहायता के लिए 112-यूपी पर फोन कर अपनी शिकायत या समस्या बताएंगे तो आपसे आपकी उसी क्षेत्रीय भाषा में बातचीत की जाएगी। 112-यूपी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह कदम उठाया है ताकि परस्पर संवाद की प्रक्रिया को और बेहतर किया जा सके। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी के मुताबिक यह संवाद भोजपुरी, अवधी, ब्रज, बुन्देली आदि उसी क्षेत्रीय भाषा में भी किया जाएगा, जिसका उपयोग संवादकर्ता द्वारा किया जाएगा। अलग अलग क्षेत्रीय भाषाओं में उत्तर देने के लिए उसी क्षेत्र के संवाद अधिकारियों को 112 यूपी के अधिकारियों द्वारा चुना गया है। इस प्रकार 112 यूपी पर मिलने वाली सूचनाओं पर प्राथमिकता से त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने का प्रयास किया गया है।




**ग्रामीण महिलाएं आसानी से समझा सकेंगी अपनी बात:** अपर पुलिस महानिदेशक 112-यूपी असीम अरुण ने इस संबंध में अपनायी गई प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय भाषाओं में लोगों से संवाद करने के लिए आपातकालीन सेवा में संवाद अधिकारियों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया है। क्षेत्रीय भाषाओं में पारंगत संवाद अधिकारियों की नियुक्ति से ग्रामीण अंचल से सहायता के लिए कॉल करने वाले लोगों खास कर महिलाओं को अपनी बात बताने में काफी सुविधा होगी।

**प्रदेश भर से प्रतिदिन आ रहीं 15-17 हजार कॉल:** अपर पुलिस महानिदेशक ने बताया कि 112-यूपी में प्रतिदिन 15-17 हजार लोग काल कर पुलिस की सहायता मांगते हैं। इनमें क्षेत्रीय भाषाओं में मदद मांगने वाले लोगों की संख्या काफी होती है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं अपनी क्षेत्रीय भाषा में ही समस्या बताने में सहज महसूस करती हैं। उनकी बातों का जवाब भी जब उनकी ही भाषा में 112 की ओर से दिया जायेगा तो शिकायतकर्ता में पुलिस के प्रति अपनेपन का भी आभास होगा।

**संवाद अधिकारी क्षेत्रीय भाषाओं में देंगे जवाबः** एडीजी असीम अरुण ने बताया कि क्षेत्रीय भाषा में कॉल करने वाले लोगों को 112 यूपी में अपनी बात समझाने में किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े इस बात को ध्यान में रखते हुए हर क्षेत्रीय भाषा की डेस्क पर उसी क्षेत्र की संवाद अधिकारी को तैनात किया गया है। मदद मांगने वाले जिस भाषा में बात करना चाहते हैं, उनकी कॉल को उसी भाषा की डेस्क पर स्थानांतरित कर दिया जाता है। ग्रामीण अंचल के लोग अधिकतर अपनी क्षेत्रीय भाषा में ही संवाद करने में सहज महसूस करते हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# भ्रष्टाचार का आरोपी पूर्व जिला कमांडेंट बर्खास्त

**लखनऊ( पीएनएस )।** दायित्व निर्वहन में भ्रष्टाचार के विरुद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती लगातार जारी है। बुलंदशहर में होमगार्डों की ड्यूटी लगाने के लिए घूस लेने वाले जिला कमाण्डेन्ट को नौकरी से बर्खास्त करने के बाद अब लखनऊ में तैनात रहे जिला कमाण्डेन्ट की सेवा समाप्त कर दी गई है। लखनऊ में तैनात रहे जिला कमाण्डेन्ट होमगार्ड्स, कृपा शंकर पाण्डेय ने फर्जी मस्टररोल तैयार कर अनियमितता करते हुए होमगार्डों की ड्यूटी लगाई और भुगतान भी कराया। मामले की शासन स्तर से हुई गहन जांच के बाद अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला कमाण्डेन्ट कृपा शंकर पांडेय को बर्खास्त करने का आदेश दिया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय

### फर्जी मस्टररोल बनाकर करता था होमगार्डों की तैनाती

ने ट्वीट कर इस कार्रवाई की जानकारी दी।मिली जानकारी के अनुसार अगस्त 2019 के मस्टररोल में जिस होमगार्ड की ड्यूटी गुडंबा थाने में लगाई गई थी, वह दरअसल जिला कमाण्डेन्ट के आवास पर ड्यूटी कर रहा था। इसी तरह अगस्त 2019 के मस्टररोल में थाने में पाया गया कि मस्टररोल में सभी 23 होमगार्ड्स का मोबाइल नम्बर अंकित नहीं है। यहां कार्यदिवस भी सत्यापित किया गया था। यही स्थिति थाना गुडम्बा के मस्टररोल में माह जुलाई 2019 की भी मिली। जुलाई व अगस्त 2019 के थाना गुडम्बा में फर्जी मानव दिवस दिखाकर सम्बन्धित के खातों में मिलीभगत करते हुए धनराशि हस्तान्तरित की गई। वहीं थाना विभूति खण्ड में माह जुलाई एवं अगस्त 2018 तथा माह जुलाई एवं अगस्त 2019 के मस्टररोल पर सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक-उपनिरीक्षक के हस्ताक्षर अंकित किये गये, उसे थाना स्तर से उनके हस्ताक्षर होना नहीं पाया गया और यह मस्टररोल भी फर्जी मिला। जांच के दौरान करीब आधा दर्जन बार आरोपी अधिकारी से जवाब भी मांगा गया लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इन सब गड़बड़ियों की गहन जांच के बाद अब मुख्यमंत्री ने तत्कालीन जिला कमाण्डेन्ट होमगार्ड्स लखनऊ कृपा शंकर पाण्डेय को सेवा से बर्खास्त करने का आदेश दिया है।

## 13 मुल्जिम छह माह के लिए जिला बदर

विधि संवाददाता। लखनऊ। उप्र गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत राजधानी के 12 थानों से संबंधित 13 मुल्जिमों को छह माह जबकि दो मुल्जिमों को तीन माह के लिए जिला बदर करने का आदेश दिया गया है। गुरुवार को पुलिस आयुक्त की अदालत ने यह आदेश दिया। इन मुल्जिमों में थाना महानगर से दिलशाद, थाना अमीनाबाद से अब्दुल रज्जाक व मेराज, थाना मोहनलालगंज से अमरेश राजपूत, थाना वजीरगंज से मोबीन उर्फ राजेश व राशिद, थाना गोसाईगंज से प्रेम, थाना सरोजनीनगर से सुरजीत कुमार, थाना आशियाना से अभिषेक सोनकर व जग्गे, थाना बाजारखाला से हबीब खान, थाना गोमतीनगर से दिलीप कुमार यादव, थाना ठाकुरगंज से मनोज, थाना तालकटोरा से ताज उर्फ ताजुद्दीन तथा थाना विकासनगर से मुल्जिम रितेश को जिला बदर किया गया है।

### पांच घरों में चोरी

**लखनऊ।** बेखौफ चोरों ने पुलिस की रात्रि गश्त को धता बताते हुए 24 घंटे के अंदर पांच और घरों में धावा बोल कर नकदी और जेवर समेत अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया।

# लविवि: नए सत्र में यूजी और पीजी कक्षाएं अगले सप्ताह से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** महामारी के दौर में सत्र 2020-21 के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय में यूजी व पीजी की कक्षाएं अगले सप्ताह से शुरू होंगी। गुरुवार को यह निर्णय विवि के कुलपति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई सभी डीन और एचओडी की बैठक में लिया गया है।

विवि परिसर स्थित कौटिल्य सभागार में विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ बैठक में फर्स्ट सेमेस्टर यूजी व पीजी प्रोग्राम के लिए क्लासेस अगले वीक से फ्लिप क्लासरूम मॉडल पर शुरू करने का निर्णय लिया गया। इसका टाइम टेबल अगले सप्ताह के शुरू होने से पहले ही वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। बैठक में मिड सेमेस्टर एग्जाम का आयोजन, अंतिम सेमेस्टर एग्जाम के आयोजन, ऑनलाइन व

### 30 नवंबर तक खत्म करनी होंगी विभागों को मिड टर्म परीक्षाएं

ऑफलाइन यूजी व पीजी क्लासेस रखने पर निर्णय व फर्स्ट सेमेस्टर यूजी व पीजी क्लासेस की शुरुआत पर निर्णय लिया गया।

**ये हुए फैसले:**. पीजी में मिड टर्म एग्जाम कुल 30 अंकों का होगा। उसमें 15 अंक एक एग्जाम के लिए आवंटित किए जाते हैं और 15 अंक छात्र की शैक्षणिक भागीदारी को आवंटित किए जाते हैं। इससे संबंधित एचओडी को इंटरनल एग्जाम के पैटर्न ऑनलाइन, ऑफलाइन, प्रेजेंटेशन व असाइनमेंट तय करने में इस साल स्वतंत्रता दी है, उसी के हिसाब से 30 नवंबर तक सभी विभागों को परीक्षाएं खत्म करानी होंगी।. यूजी में इंटर्नल एग्जाम कुल 20 अंकों के होंगे। इसमें से 10 अंक प्रेजेंटेशन के लिए और 10 अंक अकादमिक भागीदारी के लिए आवंटित किए जाएंगे, इसमें भी विभागों को 30 नवंबर तक परीक्षा खत्म कराना होगा।. यूपी राज्य सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार, ऑड सेमेस्टर के एग्जाम समय से आयोजित की जाएंगी। सरकार के निर्देशों के अनुसार आवश्यक निर्णय लेने के लिए, दिसंबर तक डीन की एक समिति का गठन किया जाएगा।

. फर्स्ट सेमेस्टर यूजी व पीजी कोर्सेज के लिए क्लासेस अगले सप्ताह फ्लिप क्लासरूम मॉडल पर शुरू होंगीए एचओडी अपने विवेक के अनुसार ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में क्लासेस संचालित करेंगे। इसका टाइम टेबल अगले सप्ताह की शुरुआत मे स्लेट पर अपलोड की जानी है।

## यूपी से बिहार के लिए बस सेवा शुरू

**लखनऊ।** यूपी और बिहार के बीच बस समझौते की सभी औपचारिकताएं पूरी हो गई। दोनों राज्यों के बीच बस परमिट रूट, किराया और समय सारणी तय कर दिया गया। लखनऊ समेत यूपी के पांच जनपदों से बिहार के बीच प्रयोग के तौर पर बसों का संचालन 21 अक्टूबर से शुरू हो गया। एक सप्ताह बाद बस संचालन की समीक्षा करके स्थाई रूप से बसों का संचालन किया जाएगा। परिवहन निगम के मुख्य प्रधान प्रबंधक संचालन पीआर बेलवारियार बताते है कि दोनों राज्यों से अनुमति मिलने के बाद बस संचालन का खाका तैयार हो गया है। दोनों राज्यों के बीच किराये और परमिट मुद्दों पर समझौता करते हुए बस संचालन पर सहमति बन गई है। दोनों राज्यों के बीच बस संचालन शुरू करने के संबंध में सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को दिशा निर्देश दिए गए है।

**इन पांच क्षेत्रों से बिहार जाएगी रोडवेज बसें**

*लखनऊ क्षेत्र से वाराणसी, गया वाया औरंगाबाद।*

*.गोरखपुर क्षेत्र से छपरा, सिवान, मोतिहारी, रक्सौल, पटना, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर व गोपालगंज।*

*.वाराणसी क्षेत्र से डेहरी, भभुआ, बक्सर, गया, पटना, औरंगाबाद।*

*.आजमगढ़ क्षेत्र से बलिया से बक्सर वाया फेफना, बयानी, बलिया से छपरा, बलिया से पटरा।*

*.गाजियाबाद क्षेत्र से पटना, किशनगंज, नालंदा व बक्सर*

## चार नवंबर तक कई ट्रेनें निरस्त

**लखनऊ।** पंजाब में आंदोलन के कारण अब ट्रेनों पर अधिक प्रभाव पड़ रहा है। अब तक लखनऊ से पंजाब को और जाने वाली ट्रेनों को अंबाला में निरस्त किया जा रहा था। अब रेलवे ने चार नवंबर तक जम्मू और पंजाब के अलावा लखनऊ से चंडीगढ़ एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों को निरस्त कर दिया है। रेलवे ने ट्रेनों को निरस्त करने के आदेश जारी कर दिए हैं। किसानों ने चंडीगढ़ स्थित किसान भवन में बैठक कर पांच नवंबर तक मालगाड़ियों के संचालन को बाधित न करने का निर्णय लिया है। लेकिन यात्री ट्रेनों को न चलाए जाने की चेतावनी दी है। चार नवंबर को पंजाब के किसानों की एक बैठक और होगी, जिसमें 29 किसान संगठन पांच नवंबर को चक्का जाम करने पर निर्णय लेंगे। इसे देखते हुए रेलवे बोर्ड ने अगली कई यात्री ट्रेनों को निरस्त करने का निर्णय लिया है।

## एसजीपीजीआई ने की लिवर में कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने वाली जीन की खोज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ग्लोबल** बीमारी बन चुकी कोरोना महामारी के दौर में संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के विशेषज्ञों ने लिवर में कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने वाली जीन की खोज की है। यह खोज संस्थान के एंडोक्राइनोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रोहित सिन्हा व उनकी टीम ने ड्यूटी और सिंगापुर के शोधकर्ताओं के साथ मिलकर की है। शोध के दौरान जिस जीन की खोज की गई है, उसका नाम यूएलके1 है। यह जीन लिवर कोलेस्ट्रॉल को रेगुलेट करता है, इस जीन को दवाओं से नियंत्रित किया जा सकता है। हालांकि जीन को नियंत्रित करने के लिए अभी दवायें उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन इन दवाओं पर भी शोध चल रहा है।रिसर्च को लेकर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रोहित सिन्हा ने बताया कि अक्सर लोग समझते हैं कि हमारे शरीर मे कोलेस्ट्रॉल खाने से मिलता है। जबकि सच्चाई यह है कि लिवर खुद कोलेस्ट्रॉल बनाता है। यह कोलेस्ट्रॉल आगे चलकर हार्ट की समस्या को जन्म देता है। कोलेस्ट्रॉल के चलते लिवर कैंसर तक की प्रॉब्लम्स देखने को मिलती है। उन्होंने बताया कि हमारे स्वास्थ्य को ठीक रखने में कोलेस्ट्रॉल का सही होना नितांत आवश्यक है।

# राजधानी में कोरोना के 281 नए केस, चार की मौत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ में कोरोना वायरस संक्रमित मरीजों की संख्या में काफी कमी आई है। गुरुवार को राजधानी में 281 नए केस सामने आए हैं। जबकि 4 लोगों की इलाज के दौरान मौत हुई है।

राजधानी में अभी तक 60,075 कोरोना संक्रमण के मामले सामने आ चुके हैं। आज 312 मरीजों को डिस्चार्ज करने के साथ ही अभी तक 56625 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। वर्तमान में 3450 केस एक्टिव हैं। अभी तक इलाज के दौरान 837 लोगों की मौत हो चुकी है। आज जनपद लखनऊ में कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 6324 लोगो के सैम्पल लिये गये है। जिनमें प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 25, गोमती नगर 27, रायबरेली रोड 20, मड़ियांव 11, हजरतगंज 10, तालकटोरा 12, आलमबाग 14, चिनहट 18, चौक 17, अलीगंज 16, जानकीपुरम 16, विकास नगर 10, इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये हैं। वहीं आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 100 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमें से 100 सभी रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 68 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 32 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया।

वहीं सूबे में गुरुवार को कोरोना वायरस के 2402 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि 29131 केस एक्टिव बताए गए हैं। वहीं अभी तक प्रदेश में 6790 मरीजों की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 463912 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2581 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 427937 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं।

## अब डेंगू का डंक, 315 मरीज मिले

**कोरोना** महामारी के बीच राजधानी में डेंगू ने भी पांव पसारना शुरू कर दिया है। राजधानी के विभिन्न इलाकों में अब तक 315 मरीज मिल चुके हैं। इन मरीजों को अलग अलग अस्पतालों में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।राजधानी में मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। मच्छरों ने दिन का चैन और रात की नींद छीन रखी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अब तक सैकड़ों घरों में कूलर व गमलों की जांच की। इसमें 100 से ज्यादा घरों को डेंगू के लार्वा मिले हैं। लार्वा मिलने के आरोप में अभी तक 1700 को नोटिस जारी की जा चुकी है। आज 42 को नोटिस जारी किया गया है।

### केजीएमयू में चिकित्सा शिक्षा मंत्री आज करेंगे कई योजनाओं का शुभारंभ

**लखनऊ।** प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना शुक्रवार को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में कई परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इन योजनाओं में क्वीन मेरी हॉस्पिटल का मदर चाइल्ड विंग भी शामिल है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉक्टर सुधीर सिंह ने बताया कि कल शाम को चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना क्वीन मेरी हॉस्पिटल में बने 100 बेड के एमसीएच विंग का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर फुट ओवर ब्रिज का भी उद्घाटन करेंगे। यह फुट ओवरब्रिज क्वीन मैरी हॉस्पिटल और केजीएमयू कैंपस को जोड़ने के लिए बनाया गया है। वही फैकल्टी एम्पलाई रेजिडेंस बिल्डिंग के उद्घाटन के साथ ही 13 विभागों में मेडिकल गैस पाइपलाइन का उद्घाटन करने के साथ ही चिकित्सा शिक्षा मंत्री फ्री हाइड्रेंट सिस्टम का भी उद्घाटन करेंगे।

## कोविड मरीजों के लिए आरएमएल में बढ़ेंगे आईसीयू के 200 बेड

**लखनऊ।** कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज को लेकर डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान अपने यहां पर उपलब्ध 200 बेड की बढ़ोत्तरी करेगा। इसके साथ ही 25 अक्टूबर तक आक्सीजन सप्लाई की भी व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाएगी। गुरुवार को यह जानकारी विवि के प्रवक्ता डॉ श्रीकेश सिंह ने दी है।पिछले माह के दौरान केजीएमयू के 320 बेड के कोविड हॉस्पिटल के उद्घाटन के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केजीएमयू, सहित पीजीआई और आरएमएल को 1000 आईसीयू के बेड की व्यवस्था एक सप्ताह के अंदर करने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पीजीआई में चरणबद्ध तरीके से 100 आईसीयू के बेड बढ़ाये जा रहे हैं। इस क्रम में हाल ही में लोहिया संस्थान में भी बेड बढ़ाए गए थे। प्रवक्ता डॉ श्रीकेश सिंह ने बताया कि 200 बेड किये जा रहे हैं। इसके साथ ही 25 तक आक्सीजन का भी काम संस्थान में पूरा हो जाएगा।

## शारदा नहर में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**लखनऊ।** चिनहट इलाके के शारदा नहर में गुरुवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव उतरता मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकलवाया। साथ ही शिनाख्त के प्रयास किए गए। हालांकि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। वहीं मृतक युवक के गले पर धारदार हथियार के निशान बताए जा रहे हैं।बीबीडी चौकी इंचार्ज ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 7 बजे शारदा नहर के रेगुलेटर में एक अज्ञात युवक के शव फंसे होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद उप निरीक्षक अभिषेक पांडेय की अगुवाई वाली टीम ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से घंटों कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकलवाया। साथ ही शिनाख्त के प्रयास किए गए हैं। उन्होंने बताया कि शव करीब 10 से 15 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। लंबे समय से पानी में पड़े होने के कारण शव फूल गई थी। मृतक युवक का चेहरा भी धुंधला हो गया है। इससे पहचान में दिक्कतें आ रही है। मृतक ने गुलाबी रंग की टीशर्ट और मटमैला पैंट पहना हुआ है।

## दुराचार के प्रयास में 10 साल की कैद, 50 हजार का जुर्माना

**विधि संवाददाता।** लखनऊ। एक नाबालिग लड़की से दुराचार का प्रयास करने के मामले में पॉक्सो की विशेष अदालत ने मुल्जिम रीतू को 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। विशेष जज अरविन्द मिश्र ने इस पर 50 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। साथ ही जुर्माने की धनराशि का 90 प्रतिशत बतौर प्रतिकर पीड़िता को देने का आदेश भी दिया है। 26 मई 2016 को इस मामले की एफआईआर सात वर्षीय पीड़िता के पिता ने थाना बीकेटी में दर्ज कराई थी।

# एलयू ने कानपुर यूनिवर्सिटी से 364 कालेजों का मांगा स्टेटस

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय का सीमा विस्तार का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद विवि प्रशासन ने कानपुर यूनिवर्सिटी से चार जनपदों के 364 कॉलेजों के स्टेटस के बारे में जानकारी मांगी है। विवि प्रशासन ने पत्र जारी कर एक माह के अंदर जानकारी देने को कहा है। जिससे आगे की कार्यवाही को शुरू किया जा सके लखनऊ विश्वविद्यालय को आत्मनिर्भर बनाने के लिए, शासन स्तर पर कानपुर यूनिवर्सिटी से जुड़े 950 कालेजों में से तकरीबन 364 कालेजों को एलयू से जोड़ने के लिए शासन ने 31 अगस्त 2020 को अधिसूचना जारी की थी। उत्तरप्रदेश विश्वविद्यालय संशोधन अधिनियम 2020 के माध्यम से जारी अधिसूचना में रायबरेली, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी में आने वाले जनपदों के कालेजों को शामिल किया गया है। इनमें रायबरेली के 76 कॉलेज, सीतापुर के 83 कॉलेज, लखीमपुर खीरी के 66 और हरदोई के 139 कॉलेज शामिल हैं। विवि के कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने बताया कि कानपुर यूनिवर्सिटी से चार जनपदों के अंतर्गत आने वाले कालेजों के स्टेटस के बारे में जानकारी मांगी गई है। जिससे आगे की प्रक्रिया शुरू की जा सके शासन स्तर पर नवम्बर माह के दौरान सम्बद्धता की प्रक्रिया को शुरू किया जाना प्रस्तावित है। ऐसे में अगले साल की सम्बद्धता के लिए नए कालेजों में जिनकी सम्बद्धता समाप्त हो रही है। उन्हें आवेदन करना होगा।

# हाईकोर्ट के निर्णय के बाद जारी होगी नई समय सारिणी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### शिक्षकों के अंतरजनपदीय ट्रांसफर का मामला

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट द्वारा अध्यापकों के अंतर्जनपदीय तबादले की लिस्ट जारी करने पर रोक लगाये जाने के बाद गुरुवार को बेसिक शिक्षा परिषद ने कहा है कि फैसला आने के बाद अंतर्जनपदीय स्थानांतरण के संबंध में नवीन समय सारणी निर्धारित की जाएगी। हालांकि परिषद ने यह कहा है कि इस मध्य स्थानांतरण प्रक्रिया गतिमान रहेगी किंतु स्थानांतरण को अंतिम रूप न्यायालय के आदेश के उपरांत ही दिया जाएगा।बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के सचिव पीएस बघेल ने बताया कि याचिका संख्या 878-2020 दिव्या गोस्वामी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में 15 अक्टूबर को सुनवाई करते हुए निर्णय सुरक्षित किया गया है। 3 नवम्बर को निर्णय आने की संभावना है। बता दें कि हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता दिव्या गोस्वामी और जय प्रकाश शुक्ला सहित कई अध्यापकों ने अंतर्जनपदीय तबादले को विभिन्न आधारों पर चुनौती दी है। इस याचिका पर जस्टिस अजीत कुमार सुनवाई कर रहे हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह ट्रांसफर 2008 की नियमावली के विपरीत किए जा रहे हैं। नई स्थानांतरण नीति में यह प्रावधान है कि एक बार जिसने ट्रांसफर ले लिया वह दोबारा नहीं ले सकता है। जबकि 2017 के शासनादेश में ऐसा प्रावधान था जिसे 2018 में हटा लिया गया। अब 2019 के शासनादेश में फिर से वही प्रावधान लागू कर दिया गया। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि यह नियमित स्थानांतरण नहीं है। जिन अध्यापकों को पहले अपने गृह जनपद में पोस्टिंग नहीं मिली उनको दोबारा स्थानांतरण की मांग करने का अधिकार है। इससे उनको वंचित नहीं किया जा सकता।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
आन्ध्रा Andhra कार्पोरेशन Corporation
क्षेत्रीय कार्यालय अयोध्या
1-1/एफ,रीगंज, अशोक मार्ग, निकट निशातगंज गोमती ब्रिज, लखनऊ 226 001 (उ0प्र0)
ई-मेल : shyamla@unionbankofindia.com

{नियम-8(1)} अधिग्रहण सूचना (चल/अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** के प्राधिकृत अधिकारी ने प्रतिभूतिकरण तथा वित्तीय आस्तियों का पुनः निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) के नियम 3 के साथ सेक्शन 13(12) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऋणी के सामने उल्लिखित तिथियों को बैंक द्वारा डिमांड नोटिस जारी किया गया, जिसमें आगे यह कहा गया कि उक्त नोटिस की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर बकाया चुकता कर दें।

ऋणी द्वारा राशि के चुकता न कर सकने पर एतद्द्वारा ऋणी व आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने, उपरोक्त अधिनियम की धारा 13(4) नियम 8 के साथ पठित उसे प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए इसमें नीचे लिखी सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता एवं जमानतदार को विशेष रूप से तथा आम जनता को सामान्य तौर पर सचेत किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा करने में सचेत रहें और इन सम्पत्तियों के बारे में किसी प्रकार का सौदा नीचे लिखी राशि और ब्याज के लिए **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** के अधीन होगा। ऋणकर्ता/जमानतकर्ता को सचेत किया जाता है कि वे अपनी सुरक्षित परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के सम्बन्ध में सरफेसी धारा 2002 के अधिनियम 13(8) का प्रावधान उपलब्ध समय में करें।

| ऋणी का नाम व पता/ बकाया धनराशि | मांग की तिथि / अधिग्रहण की तिथि | चल/अचल सम्पत्तियों का विवरण |
|---|---|---|
| **शाखा : रायबरेली** | | |
| उधारकर्ता: 1(अ). मै0 पाण्डे ऑयल मिल (प्रो0 देवेन्द्र कुमार पाण्डे) ग्राम : खदरी, पोस्ट : रूपा मऊ, जिला : रायबरेली-229001. 1(ब). श्री देवेन्द्र कुमार पाण्डे (प्रो0 मै0 पाण्डे ऑयल मिल) पुत्र श्री रामेश्वर पाण्डे, मकान0 ई-78, मलिक मऊ कालोनी, रायबरेली-229001. जमानतकर्ता: 2(अ). श्री बृजेश कुमार पाण्डे, पुत्र श्री रामेश्वर पाण्डे, मकान0 ई-78, मलिक मऊ कालोनी, रायबरेली-229001. बकाया धनराशि- रू0 12,14,882.00 एवं उस पर ब्याज। | 04.04.2020 / 19.10.2020 | फैक्ट्री परिसर (पाण्डे ऑयल मिल) भूमि एवं भवन गाटा सं0 एवं क्षेत्रफल 116/0.196 एवं गाटा सं0 117/0.1740 कुल भूखण्ड क्षेत्रफल 0.1360 हेक्टेयर (1360 वर्ग मीटर) स्थित ग्राम: रूपामऊ, परगना एवं तहसील : सदर, जिला: रायबरेली। चौहद्दी निम्न है : उत्तर-डिग्रिहा से रूपामऊ मार्ग, दक्षिण-राम आसरे की भूमि, पूर्व-राम कली की भूमि, पश्चिम-राम पाल की भूमि। |

दिनांक : 23.10.2020 स्थान : लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

# कोरोना काल में बढ़ी विदेशी छात्रों की आमद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ग्लोबल** बीमारी कोरोना के दौर में इस बार लखनऊ विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों की आमद में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी हुई है। इस साल बीते सत्र की अपेक्षा विदेशी छात्रों की संख्या में 60 फीसदी बढ़ोत्तरी हुई है। इन छात्रों में कुछ ऐसे भी विदेशी छात्र हैं, जो भारतीय भाषा हिंदी पर पीएचडी करने के साथ ही भारतीय राजनीति पर भी शोध करेंगे।

पिछले वर्ष के मुकाबले इस बार लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन काफी खुश है। इसके पीछे नैक मूल्यांकन को लेकर सहयोग मिलना भी कारण है। विवि प्रशासन के मुताबिक एडमिशन के लिए अभी तक करीब 135 स्टूडेंट्स के आवेदन आ चुके हैं। जो बीते साल की तुलना में करीब 60 प्रतिशत अधिक हैं। बीते

### लखनऊ विश्वविद्यालय इस साल रिकार्ड 135 विदेशी छात्रों ने किया आवेदन, बीते सत्र की अपेक्षा संख्या में 60 फीसदी बढ़ोत्तरी

साल करीब 80 विदेशी स्टूडेंट्स ने एलयू में विभिन्न कोर्सेज में एडमिशन लिया था। एलयू के इंटरनेशनल स्टूडेंट एडवाइजर आईएसए प्रो. एम आरिफ फरीद अय्यूबी का कहना है कि इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशन्स के माध्यम से करीब 135 स्टूडेंट्स ने विभिन्न कोर्सेज के लिए आवेदन किया है। इनमें सबसे ज्यादा 55 आवेदन अफगानिस्तान से आए हैं। इसके अलावा ईरान, लिसोथो व बोत्सवाना से चार-चार स्टूडेंट्स ने

**पांच साल में विदेशी छात्रों के आवेदन**

| साल | टोटल विदेशी स्टूडेंट्स |
|---|---|
| 2017-18 | 9 |
| 2018-19 | 33 |
| 2019-20 | 80 |
| 2020-21 | 135 |

एडमिशन के लिए आवेदन किया है। इसके अलावा थाईलैंड, वियतनाम, केन्या, सूडान सहित करीब दो दर्जन देशों से एक-एक स्टूडेंट्स ने एलयू में एडमिशन के लिए आवेदन किया है। प्रो अय्यूबी ने बताया कि 2016 से जबसे उन्होंने एलयू में इंटरनेशनल स्टूडेंट्स एडवाइजर का पद संभाला है तब से ज्यादा विदेशी स्टूडेंट्स ने एलयू में एडमिशन के लिए आवेदन किया है। इन स्टूडेंट्स को यहां पर रहने और पढ़ाई की पूरी व्यवस्था यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से की जा रही है। उन्होंने बताया कि इन स्टूडेंट्स के ठहरने के लिए चीफ प्रोवोस्ट की तरफ से दो हॉस्टलों की स्वीकृति मिल चुकी है।

**इटली व मारीसस की छात्रा करेंगी एलयू से हिंदी में पीएचडी**

वहीं इस बार दो स्टूडेंट्स ने एलयू के हिंदी डिपार्टमेंट से हिंदी विषय में पीएचडी करने के लिए एडमिशन के लिए आवेदन किया हैं। इटली की छात्रा जियोवाना कार्मेला कॉर्डेलिया व मॉरीशस की लक्ष्मिन भीमादेवी ने हिंदी विषय से पीएचडी करने के लिए इस साल आवेदन किया हैं। जबकि बीते साल रूस की एक स्टूडेंट्स ने हिंदी से पीएचडी करने के लिए, आवेदन किया था, पर वह किसी कारण से नहीं आ सकी थी। उसने भी इस साल इसी कोर्स में एडमिशन के लिए आने की सहमति दी है। इसके अलावा इंग्लिश विषय से भी पीएचडी करने के लिए एक स्टूडेंट्स ने आवेदन किया है।

## 26 अक्टूबर तक जारी होंगे एलयू पीजी के प्रवेश परिणाम

पीजी कक्षाओं में दाखिले को लेकर सम्पन्न हुई प्रवेश परीक्षा का परिणाम इस बार लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन विवि की वेबसाइट पर नहीं, स्टूडेंट्स की लॉगिन आईडी पर उपलब्ध कराएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारियों के मुताबिक पीजी के लगभग सभी पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा का परिणाम 26 अक्टूबर तक जारी कर दिए जाएंगे। एलयू प्रशासन नवंबर के पहले सप्ताह में परास्नातक में दाखिले की प्रक्रिया पूरी करने की रणनीति बना चुका है। बता दें कि पीजी के विभिन्न पाठ्यक्रमों में इस बार करीब 4200 सीटों पर दाखिले लिए जाएंगे।

भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India
शाखा – मेन ब्रान्च लखीमपुर खीरी
फोन : 9962204096, 7355674426

विक्रय सूचना (चल सम्पत्ति की बिक्री हेतु)

जनसाधारण और विशेष रूप से कर्जदार (रों) और गारन्टीदाता (ओं) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि भारतीय स्टेट बैंक को चार्जड/बंधक पड़ी चल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा प्राधिकृत अधिकारी भारतीय स्टेट बैंक द्वारा ले लिया गया है, जिसे सुरक्षित लेनदार द्वारा दिनांक 09.11.2020 को 'जैसा है, जहां है' 'जैसा है, जो है' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जायेगा, एवं खाते की वसूली की जायेगी।

| क्र0 सं0 | खाताधारक का नाम | नीलामी की जाने वाली सम्पत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य | बयाना राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अभिषेक वर्मा पुत्र सुरेश प्रकाश वर्मा नि0 श्री रामनाथ कालोनी, पिपरिया बाईपास रोड, लखीमपुर खीरी 262701 | महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा XUV 500 UP-31-AN-5005 चेसिस नं0 MANU2HHUG6E13774 ई.नं. HHG4E10583 | 325000/– | 32500/– |

बोलीदाताओं को नीलामी में दी गयी बयाना राशि को डिमान्ड ड्राफ्ट के रूप में, जो शाखा प्रबन्धक, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा मेन ब्रान्च लखीमपुर के पक्ष में हो को दिनांक 09.11.2020 को बैंक समय में उपरोक्त पूर्व स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा– मेन ब्रान्च लखीमपुर खीरी में जमा करना होगा। नीलामी स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा–मेन ब्रान्च लखीमपुर खीरी में दिनांक 09.11.2020 को सुबह 11:00 बजे होगी।

दिनांक 23.10.20
स्थान : लखीमपुर–खीरी
प्राधिकृत अधिकारी भारतीय स्टेट बैंक शाखा मेन ब्रान्च लखीमपुर खीरी

## रक्षा मंत्री करेंगे विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के सम्मेलन का ऑनलाइन उद्घाटन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल के तत्वावधान में विश्व के मुख्य न्यायाधीशों का 21वाँ अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन 6 से 9 नवम्बर 2020 तक ऑनलाइन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का वर्चुअल उद्घाटन समारोह 6 नवम्बर शुक्रवार को आयोजित किया जायेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे जबकि समारोह की अध्यक्षता लखनऊ की महापौर संयुक्ता भाटिया करेंगी। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि 'भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51' पर आधारित यह ऐतिहासिक सम्मेलन विश्व एकता, विश्व शान्ति एवं विश्व के ढाई अरब से अधिक बच्चों के सुन्दर एवं सुरक्षित भविष्य को समर्पित है। श्री शर्मा ने बताया कि इस चार-दिवसीय ऐतिहासिक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में देश की गणमान्य हस्तियां अपनी गरिमामय उपस्थिति से सम्मेलन का गौरव बढ़ाएंगे।

# बेसिक व माध्यमिक में शिक्षकों को कराए जाएं रिफ्रेशर कोर्स

● कक्षा एक से आठ तक की बीएड ट्रेनिंग टीचर को ही उचित समझा जाए: डॉ द्विवेदी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ सतीश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि बीएड, डीएलएड के ट्रेनिंग को एक करते हुए कक्षा 1 से 8 तक कि बीएड ट्रेनिंग टीचर को ही उचित समझा जाए। उन्होंने कहा कि जिस तरह उच्च शिक्षा में सेवारत शिक्षकों के लिए ओरियंटेशन और रिफ्रेशर कोर्स चलाये जाते हैं उसी तर्ज पर बेसिक और माध्यमिक शिक्षा के शिक्षकों के कोर्स चलाए जाएं। डॉ द्विवेदी गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक की अध्यक्षता में एनसीईआरटी की महासभा की 57वीं जनरल काउन्सिल की वर्चुअल बैठक में सुधारों एवं नवाचारों पर अपने बात रखने के साथ सुझाव दे रहे थे।

बैठक के बारे में जानकारी देते हुए डॉ द्विवेदी ने बताया कि बैठक में केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा में तीव्र गति से किये जा रहे सुधारों और नवाचारों की प्रशंसा की और मेरे द्वारा दिये गये सुझाव पर विचार करने का आश्वासन दिया। बेसिक शिक्षा मंत्री ने उत्तर प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग विभाग में किये जा रहे प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के रूपांतरण हेतु मिशन प्रेरणा लागू किया गया है। फाउंडेशनल लिटरेसी एवं न्यूमरेसी पर विशेष ध्यान केंद्रित किये जाने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री द्वारा सितम्बर 2019 में मिशन प्रेरणा का शुभारंभ एवं प्रेरणा तकनीकी फ्रेमवर्क का उद्घाटन किया गया है। मिशन प्रेरणा बेसिक शिक्षा विभाग का फ्लैगशिप कार्यक्रम हैं। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि छात्र-छात्राओं के लर्निंग आउटकम्स बढ़ाने हेतु बुनियादी शिक्षा एवं उपचारात्मक शिक्षण पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है और कक्षा 1 से 5 के हिंदी एवं गणित में छात्र छात्राओं के लिए प्रेरणा लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं तथा अध्यापकों के क्षमता संवर्धन पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने बताया कि सेवारत अध्यापकों के प्रशिक्षण हेतु निष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत सभी लगभग 5.75 लाख शिक्षकों, शिक्षा मित्रों एवं अनुदेशकों की क्षमता वृद्धि हेतु प्रत्येक जनपद में विकास खण्ड स्तर पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये। वर्तमान में शिक्षकों का ऑनलाइन प्रणाली से प्रशिक्षण गतिमान है। उन्होंने बताया कि दीक्षा एप पर शिक्षकों और विद्यार्थियों के उपयोगार्थ 4000 से अधिक वीडियो एवं विजुअल्स शिक्षण सामग्री उपलब्ध करायी गयी है।

## परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प में जुटीं 16 स्वैच्छिक संस्थाओं ने दिए प्रजेंटेशन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**परिषदीय** विद्यालयों में इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर अध्ययन अध्यापन का मॉड्यूल तैयार करने के लिए 16 स्वैच्छिक संस्थाओं से किये गए करार के तहत इन संस्थाओं ने अपने कार्यों को लेकर बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी के समक्ष प्रजेंटेशन दिया है। प्रजेंटेशन के दौरान डॉ द्विवेदी ने सभी संस्थाओं से उनकी कठिनाइयों तथा जनपद स्तर पर कार्यों में आ रही समन्वय संबंधी समस्याओं के बारे में भी चर्चा कर उनका निराकरण के निर्देश दिए हैं।

इन संस्थाओं द्वारा 72 जनपदो में कार्य किया जा रहा है, तथा 400 से अधिक अपने मानव संसाधनों को जनपदों में सहयोग हेतु तैनात किया गया है, जो जनपद, विकास खण्ड स्तर पर अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। प्रजेंटेशन के दौरान आईपीई ग्लोबल सीकेडी नई दिल्ली ने बताया कि उनके द्वारा 8 जनपदों में कक्षा 1 से 8 तक डिजीटल तकनीक के द्वारा छात्रों और अध्यापकों की क्षमतासंवर्धन पर तकनीकी सहयोग दिया जा रहा है। उसके साथ में टीचर प्रशिक्षण कार्यक्रम के डिजीटलीकरण पर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। संस्था द्वारा 140 स्कूलों में लैपटाप, कम्प्यूटर 45 केयॉन डिवाइस, 5 मास्टर डिवाइस उपलब्ध कराये जाने की योजना है। इसके साथ ही साथ 700 स्कूलों में 2000 रुपये की कन्टेंजेन्सी उपलब्ध करायी गयी है। रूम टू रीड संस्था का कहना था कि वाराणसी के 8 ब्लाकों में उनके द्वारा 500 स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता संवर्धन के लिए कार्य किया जा रहा है।

प्रथम फाउण्डेशन ने बताया कि उनके द्वारा अभिभावकों के साथ मीटिंग आदि की जाती है तथा प्रधानों आदि के साथ भी सम्पर्क स्थापित कर बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में काम किया जा रहा है। श्री औरोविन्दों सोसायटी ने बताया कि उप्र के 146 अध्यापकों को सम्मानित किया गया हैं। आनलाइन शिक्षा प्रणाली के माध्यम से छात्रों में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाया जा रहा हैए इसमें कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को सम्मिलित किया गया है। बच्चों को टीएलएम के माध्यम से भी पढ़ाया जा रहा है। सम्पर्क फाउण्डेशन द्वारा अपने द्वारा किये जा रहे कार्यों की चर्चा की गयी इनके यह अवगत कराया गया कि शिक्षा में गुणवत्ता की दृष्टि से इनके द्वारा मैटेरियल तैयार किया गया है। इनके द्वारा कक्षा 2 में अध्ययनरत गणित के बच्चों के गणित विषय में सुधार के लिए गणित की किट तैयार की गयी है। शिवनादर फाउण्डेसन द्वारा 6 जिलों में कार्य किया जा रहा है। शिक्षकों को प्रशिक्षित कर उनकि क्षमता संम्बर्धन तथा वाट्सअप ग्रुप के माध्यम से अभिभावकों के साथ सम्पर्क स्थापित किया जाता है।

## डीजीपी ने किया पुलिस के अमर शहीद कर्मियों की फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** हितेश चंद्र अवस्थी ने पुलिस स्मृति दिवस के परिपेक्ष्य में पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर विस्तार, भूतल पर स्थित सेन्ट्रल कोर्ट में शहीद पुलिस कर्मियों के फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी का आयोजन गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में 22 से 31 अक्टूबर तक पुलिस मुख्यालय के भूतल पर किया गया है। फोटो प्रदर्शनी में शहीद पुलिस कर्मियों के योगदान के सम्बन्ध में जानकारी-फोटोग्राफ्स प्रदर्शित किए गए हैं। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण, पुलिस महानिदेशक ईओडब्लू, अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, अपर पुलिस महानिदेशक लॉजिस्टिक, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण, अपर पुलिस महानिदेशक मानवाधिकार, पुलिस मुख्यालय, रेलवे, ईओडब्लू, प्रशासन, स्थापना, एसीओ, यातायात व अपर पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीएनबी की सभी शाखाओं में मनाया गया डिजिटल अपनाएं दिवस

**लखनऊ।** अपने नवोन्मेषी तथा सफल डिजिटल अभियान को गति प्रदान करने के लिए गुरुवार को देश के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंक पंजाब नैशनल बैंक द्वारा अपनी सभी 10931 शाखाओं में डिजिटल अपनायें दिवस मनाया गया । लखनऊ अंचल के अधीन आने वाले मंडलों की सभी शाखाओ में भी डिजिटल अपनायें दिवस मनाया गया। लखनऊ अंचल के मुख्य महाप्रबंधक स्वरूप साहा ने कहा की पीएनबी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रयासरत रहा है। इसी के तहत अंचल मे भी डिजिटल अपनायें दिवस मनाया गया। महाप्रबंधक संजय गुप्ता ने सभी स्टाफ सदस्यों को निर्देशित किया की डिजिटल माध्यम से बैंकिंग का प्रसार अंचल के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों मे भी पहुँचाने का संकल्प ले। यह अभियान शुरूवात् से ही अधिकाधिक ग्राहकों तथा व्यापारियों को रूपे डेबिट कार्ड, यूपीआई तथा एईपीएस खातों का प्रयोग करते हुए अपनी वित्तीय जरूरतों हेतु आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हे डिजिटल प्लेट फार्म से जोड़ने में बहुत कारगर रहा है साथ ही यह अभियान एक करोड़ ग्राहकों को डिजिटल माध्यमो से जोड़ने के भारत सरकार के विजन में भी सहायता कर रहा है। देश के 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सीएचएस मलिकार्जुन राव एमडी व सीईओ पंजाब नैशनल बैंक द्वारा डिजिटल अपनायें अभियान का शुभारंभ किया गया था जिसके बाद से बैंक में पाँच लाख से अधिक ग्राहक जुड़े जिन्होंने 15 अगस्त से 30 सितंबर 2020 तक सफलतापूर्वक 8 लाख से अधिक डिजिटल लेनदेन किये हैं।

## संघर्ष समिति ने ऊर्जा मंत्री को सौंपी बिजली सुधार की कार्य योजना

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने विद्युत वितरण कम्पनियों की वर्तमान व्यवस्था में ही सुधार के लिए प्रबंधन को सहयोग करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना गुरुवार को ऊर्जामंत्री और पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन को प्रस्तुत की। इसमें मीटरिंग व बिलिंग व्यवस्था में सुधार, राजस्व वसूली में वृद्धि करने, लाइन लॉस में कमी लाने, बिजली चोरी में कमी लाने, विभागीय कार्य प्रणाली में कार्य का स्वस्थ वातावरण एवं बेहतर कार्य संस्कृति अपनाये जाने पर जोर दिया गया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों मुख्यतया शैलेन्द्र दुबे, प्रभात सिंह, एके सिंह, सुहैल आबिद ने बताया कि संघर्ष समिति ने प्रस्तुत प्रस्तावों पर अतिशीघ्र अमल करने के लिए ऊर्जा मंत्री से अपील करते हुए आश्वस्त किया है कि प्रस्तावों पर अमल करने में विद्युतकर्मी देंगे प्रबन्धन को पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे तथा आवश्यकतानुसार अन्य अनुपूरक सुझाव भी दिये जाएंगे। विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त सुझावों के आधार पर संघर्ष समिति की गुरुवार को सम्पन्न बैठक में प्रस्तावों को अन्तिम रूप दिया गया। पदाधिकारियों ने संकल्प व्यक्त किया कि बिजली कर्मचारीबेहतर उपभोक्ता सेवा तथा ऊर्जा निगमों में सुधारों के लिए प्रतिबद्ध है तथा वितरण निगमों की वर्तमान व्यवस्था में ही प्रबन्धन को सहयोग करने के लिए कार्य योजना को अमल में लाने के लिए पूरे मनोयोग से तत्पर रहेंगे।

### बीबीएयू से 134 आउटसोर्सिंग कर्मियों की छुट्टी

**लखनऊ।** दशहरे के पर्व के पूर्व 134 आउटसोर्सिंग कर्मियों की छुट्टी कर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय ने उनके परिजनों के चेहरों से मुस्कान गायब कर दी है। हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन इसे छंटनी नहीं मान रहा है। उसका कहना है कि उसने तो केवल यूजीसी के दिशा निर्देशों का पालन किया है। बीबीएयू में करीब एक माह से कर्मचारियों की छंटनी का मामला चल रहा था। गुपचुप तरीके से कुल सचिव कार्यालय ने कार्य मुक्त किए जाने वाले कर्मचारियों की सूची तैयार कर ली थी। गत माह कर्मचारियों ने अपने बकाया वेतन और छंटनी को लेकर धरना प्रदर्शन भी किया था। उस समय विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा था कि वह किसी भी कर्मचारी को हटाने नहीं जा रहा है। जानकारों का कहना है कि आउटसोर्सिंग कम्पनी श्री साईनाथ एसोसिएट कर्मचारियों की छंटनी के पक्ष में नहीं था। उस पर दबाव डालकर विभागों को पत्र भेजवाया गया कि वह अपने यहां का डाटा दें कि कितने कर्मचारी की जरुरत है। इसके बाद सूची बनाकर गुरुवार को विवि ने करीब 134 कर्मचारियों को निकाल दिया। इस सन्दर्भ में विवि की प्रवक्ता डॉ रचना गंगवार का कहना है कि विश्वविद्यालय ने कर्मचारियों की छंटनी नहीं की है। यूजीसी के दिशा निर्देशों के अनुसार आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के संवर्ग का पुनर्गठन किया है।

### आवंटन व नीलामी की प्रक्रिया वेबकास्ट के जरिए

**लखनऊ।** उप्र आवास एवं विकास परिषद अपने कियाकलापों को जनता के लिए सुलभ एवं सरल बनाने के लिए प्रयासरत है। इस क्रम में पारदर्शिता एवं जन भागीदारी को प्रोत्साहित करने की दिशा में परिषद द्वारा 20 से 22 अक्टूबर तक वृन्दावन योजना लखनऊ के सेक्टर-12-ए के 74 आवासीय भूखण्डों की नीलामी का वेबकास्ट ट्रायल आधार पर किया गया। संयुक्त आवास आयुक्त प्रचार ने बताया कि यह प्रयास भविष्य में परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली आवंटन, नीलामी की प्रक्रिया को विभिन्न डिजिटल प्लैटफार्म्स पर सजीव प्रसारित करने की दिशा में पहला कदम है। जनता के श्रम एवं समय की बचत के दृष्टिगत शीघ्र ही परिषद द्वारा आयोजित आवंटन, नीलामी का सजीव प्रसारण परिषद के फेसबुक एकाउण्ट पर किया जाएगा जिसे आवंटन, नीलामी में प्रतिभाग करने वाले सभी आवेदकों द्वारा घर बैठे देखा जा सकेगा।

### बन्द कमरे में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**लखनऊ ।** गोमतीनगर विस्तार थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने घर में पंखे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की भनक लगते ही मृतक के रिश्तेदार ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मूल रूप से बरेली निवासी 38 वर्षीय गौरव सिंह वर्तमान समय में गोमतीनगर विस्तार के सुलभ आवास फ्लैट नंबर.12 में रहते थे। गौरव अविवाहित थे और वह पोस्टर बैनर छपवाने का काम करते थे। बताया जा रहा है कि गुरुवार दोपहर गौरव का शव उनके कमरे में लगे पंखे में चादर के सहारे लटका मिला। पुलिसके मुताबिक शव दो से तीन दिन पुराना लग रहा है।

### बिजली चोरी कर रहे तेरह लोगों पर एफआईआर

**मोहनलालगंज।** लाइन लॉस काबू करने के लिए गुरुवार को समेसी सबस्टेशन क्षेत्र में अधिशाषी अभियन्ता आरएन वर्मा की अगुवाई में जेई सचिन श्रीवास्तव की टीम ने मॉर्निंग रेड के दौरान जमालपुर ददुरी ,कुबहरा ,केवली और गुलालखेड़ा में कुल 13 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ लिया । अधिशाषी अभियन्ता ने बताया पकड़े गए सभी लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है।

### राज्य कर्मचारी महासंघ ने दीपावली से पहले की बोनस की मांग

**लखनऊ।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एसपी सिंह प्रदेश महासंघ के प्रान्तीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा प्रदेश प्रवक्ता सीपी श्रीवास्तव ने पूर्व की भांति दीपावली से पहले राज्य कर्मचारियों-शिक्षकों को बोनस की मांग प्रदेश सरकार से की है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एसपी सिंह ने कहा कि केन्द्रीय कर्मचारियों को बोनस की घोषणा के बाद राज्य कर्मचारियों को भी बोनस मिलने की आशा जगी है। प्रदेश प्रवक्ता सीपी श्रीवास्तव ने राज्य के समूह ग-घ कर्मियों को दीपावली से पहले बोनस की भुगतान किए जाने की मांग मुख्यमंत्री से की।

### डिप्लोमा इन फार्मेसी का रिजल्ट घोषित

**लखनऊ।** प्राविधिक शिक्षा परिषद की तरफसे गुरुवार को वार्षिक परीक्षा डिप्लोमा इन फार्मेसी प्रथम वर्ष का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। इसमें कुल 57698 परीक्षार्थियों को प्रोन्नत किया गया है। संयुक्त सचिव रश्मि सोनकर ने बताया कि कोविड महामारी के दृष्टिगत सम सेमेस्टर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर तथा वार्षिक परीक्षा प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के प्रोन्नत किये जाने के आदेश दिये गये थे।

### सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**लखनऊ।** मड़ियांव के अल्लू नगर डिगुरिया, यादव पुरवा निवासी 60 वर्षीय पूर्वी दीन दूध का कारोबार करते है। गुरुवार शाम को वह दूध लेकर अपने घर से दुबग्गा जाने के लिए आईआईएम रोड एसपी पेट्रोल पम्प के पास सवारी का कह इंतजार कर रहे थे। तभी भिठौली से दुबग्गा जा रहे महिन्द्रा पिकप डाला यूपी32 सीजेड 7994 ने पीछे से टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर लगने से पूर्वी दीन गम्भीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोग घायल को पास के निजी अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पोते ने बताया कि शुक्रवार को उनके भाई की गोदभराई का कार्यक्रम है। बाबा अपने पोते की गोदभराई से बहुत खुश थे। इंस्पेक्टर मड़ियांव विपिन कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### अमीनाबाद में वांछित गैंगस्टर गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की अमीनाबाद पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने एक वांछित अपराधी को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर के तहत मुकदमा दर्ज था। प्रभारी निरीक्षक अमीनाबाद धर्मेंद्र कुमार सिंह यादव ने बताया कि मुखबिर खास से मिली सूचना के बाद चल रहे आरोपी रसीबटाउन थाना अमीनाबाद निवासी ओसामा मंडी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम गठित की गई थी। मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी ओसामा मंडी के पास से होकर निकल रहा है। उसी समय पुलिस टीम ने ओसामा को गिरफ्तार कर लिया था। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ ठाकुरगंज समेत कई थानों में यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज है।

### अपहृत किशोरी बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** विभूतिखंड पुलिस ने इलाके से बहला फुसलाकर भगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया गया है। पुलिस का कहना है आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विभूतिखंड थाने की वेव चौकी इंचार्ज अनिल सिंह ने बताया कि माह की 9 अक्टूबर को विभूतिखंड पुलिस को वादी द्वारा तहरीर मिली कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री को वहीं के अजय कुमार ने अपहरण कर लिया है। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई शुरू की और घटना के 13 वें दिन सर्विलांस व जमीनी मुखबिर तंत्र से आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया। पुलिस का कहना है कि किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

## दो ट्रकों की भिड़ंत में चालक की दर्दनाक मौत

**निगोहां।** निगोहां के मस्तीपुर गांव के पास रायबरेली से लखनऊ की ओर जा रहा एक ट्रक का टायर फट जाने से साइड से निकल रहे दूसरे ट्रक में जा भिड़ा जिसमें ट्रक चालक और उनका बेटा गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना के काफी देर बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिये सीएचसी भेजा जहाँ डॉक्टरों ने ट्रक चालक को मृत घोषित कर दिया। सीतापुर महुली निवासी ट्रक चालक सुरेश मिश्रा अपने बेटे कल्लू के साथ बुधवार रात रायबरेली कुन्दनगंज स्थित सीमेंट फैक्ट्री से ट्रक में सीमेंट लेकर सीतापुर जा रहा था, रात करीब दो बजे इनकी ट्रक जैसे ही निगोहां मस्तीपुर गांव के पास पहुंची कि आगे चल रहे एक दूसरे ट्रक का टायर अचानक फट गया और वह अनियंत्रित होकर इनकी ट्रक में जा भिड़ा, जिसमें ट्रक चालक सुरेश और बेटा कल्लू गंभीर रूप से घायल हो गए, पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी मोहनलालगंज भेजा जहां पर डाक्टरों ने ट्रक चालक सुरेश मिश्रा को मृत घोषित कर दिया।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लि0, सुदामापुरी, सीतापुर** **–: अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना :–** अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, सीतापुर के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य को कराने हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी तथा विद्युत सुरक्षा निदेशालय द्वारा जारी 'क' श्रेणी लाइसेन्स धारक निविदाकारों से निविदाएं ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं प्रपत्र UP Government की वेबसाइट www.etender.up.in पर डाउनलोड/देखे जा सकते हैं। निविदा से सम्बन्धित अन्य सूचना यथा तिथि विस्तारण/संशोधित तिथि/निरस्तीकरण/अन्य परिवर्तन केवल ई–टेण्डर पोर्टल पर ही प्रकाशित की जायेगी। **1– अति अल्पकालीन निविदा संख्या 117/विविमंसी/2020–21** विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में सौभाग्य योजना के अन्तर्गत अनमोदित जी0टी0पी0 के अनुसार ग्रामों में बी०पी०एल० किट (केबिल, मीटर, पाइप, किट एवं अन्य सामग्री) स्थापित करते हुए नये विद्युत संयोजन प्रदान करने का कार्य। धरो. हर धनराशि रू0 7,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु0 1180.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथिः–30.10.2020 तक व निविदा खुलने की तिथि–31.10.2020 **2– अति अल्पकालीन निविदा संख्या 118/विविमंसी/2020–21** विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में सौभाग्य योजना के अन्तर्गत अनुमोदित जी0टी0पी0 के अनुसार ग्रामों में बी0पी0एल0 किट (केबिल, मीटर, पाइप, किट एवं अन्य सामग्री) स्थापित करते हुए नये विद्युत संयोजन प्रदान करने का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 12,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु0 3540.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथिः–30.10.2020 तक व निविदा खुलने की तिथिः–31.10.2020 **3– अति अल्पकालीन निविदा संख्या 119/विविमंसी/2020–21** विद्युत वितरण खण्ड–बिसवॉं, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में सौभाग्य योजना के अन्तर्गत अनुमोदित जी0टी0पी0 के अनुसार ग्रामों में बी०पी०एल० किट (केबिल, मीटर, पाइप, किट एवं अन्य सामग्री) स्थापित करते हुए नये विद्युत संयोजन प्रदान करने का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 9,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु0 1180.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथिः–30.10.2020 तक व निविदा खुलने की तिथिः–31.10.2020 **4– अति अल्पकालीन निविदा संख्या 120/विविमंसी/2020–21** विद्युत वितरण खण्ड–महमूदाबाद, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में सौभाग्य योजना के अन्तर्गत अनुमोदित जी0टी0पी0 के अनुसार ग्रामों में बी0पी0एल0 किट (केबिल, मीटर, पाइप, किट एवं अन्य सामग्री) स्थापित करते हुए नये विद्युत संयोजन प्रदान करने का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 9,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु0 1180.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथिः–30.10.2020 तक व निविदा खुलने की तिथिः–31.10.2020 **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 सीतापुर** पत्रांक 2027 दिनांक 21.10.20 राष्ट्रहित में बिजली बचायें



**शुद्धि–पत्र उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड, अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं0–31/अनु0ई0/श0भ0वि0/2020–21** अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 16.10.2020 को पायनियर (हिन्दी) एवं हिन्दुस्तान, लखनऊ में प्रकाशित अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं0–31/अनु.इ./श.भ.वि./2020–21 के द्वारा **शक्ति भवन (मु0) लखनऊ में पाँच अदद् स्विफ्ट डिजायर/होण्डा अमेज/टोयोटा इटियोस/टाटा जेस्ट/फोर्ड एस्पायर अथवा समकक्ष वाहन सभी वातानुकूलित तथा डीजल चालित दो वर्ष हेतु किराये पर उपलब्ध कराये जाने का कार्य हेतु** दिनांक 23.10.2020 को 14.00 बजे तक आमंत्रित की गयी थी, किन्तु अपरिहार्य कारणों–वश उक्त ई–निविदा के खुलने की तिथि को दिनांक 03.11.2020, 14.00 बजे तक विस्तारित किया जाता है। प्राप्त ई–निविदाओं के तकनीकी भाग को उसी दिन 16:00 बजे सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा। निविदा के विक्रय व धरोहर धनराशि सम्बन्धी एवम् अन्य विवरण वेबसाइट http://etender.up. nic.in से प्राप्त किये जा सकते हैं। **अधिशासी अभियन्ता अनुरक्षण इकाई, प्रथम तल शक्ति भवन विस्तार 14 – अशोक मार्ग, लखनऊ।** पत्रांक – 1723, दिनांक – 22.10.2020 **"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"**


## कोरोना से डरे नहीं, जानकारी के साथ बचाव करें:डा. त्रिपाठी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** एक तेजी से फैलने वाला संक्रमण है जिसकी अभी तक कोई वैक्सीन नहीं आयी है लेकिन थोड़ी सी सावधानी से इससे बचा जा सकता है। हमें कोरोना से डरना नहीं है। जानकारी के साथ बचाव करना है। आज प्रदेश में कोरोना का संक्रमण तेजी से घट रहा है। घटते संक्रमण को देखकर इससे बचाव के लिए एहतियात में लापरवाही न करें। श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल की कोविड विंग में वरिष्ठ परामर्शदाता तथा पैथोलोजी विभाग के अध्यक्ष डा.अजय शंकर त्रिपाठी ने कोरोना काल में ली जाने वाली एहतियात तथा सरकार के द्वारा दिए गए निर्देशों से अवगत कराने के लिए गुरूवार को श्री राम ग्लोबल स्कूल में आयोजित कार्यशाला में व्यक्त किए। डा त्रिपाठी ने कहा कि इस संक्रमण के वृद्धजनों, गर्भवती महिलाओं, पहले से अन्य बीमारियों जैसे कैंसर, एड्स, अस्थमा, मधुमेह से ग्रस्त लोगों और बच्चों का विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक है। उन्होंने कार्यशाला में संक्रमण से बचाव के लिए मास्क का प्रयोग, हाथ धोने तथा पर्याप्त दूरी बनाए रखने के लिए जागरूक किया। कार्यशाला के दौरान स्कूल की चीफ एकेडमिक एडवाइजर एवं वरिष्ठ शिक्षिका पूजा प्रसाद ने प्रतिभागियों का प्रतिनिधित्व करते हुए शंका निवारण के लिए डायबिटिक रोगी में कोरोना संक्रमण से उत्पन्न गम्भीरता, वातानुकूलित स्थलों पर संक्रमण प्रसार की तीव्रता, मास्क की गुणवत्ता तथा आइसोलेशन की आवश्यकता जैसे महत्वूर्ण मुद्दों पर सवाल किए।

## सांईधाम फाउण्डेशन ने सम्मान समारोह में बांटे उपहार व मास्क



**लखनऊ।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन को समर्पित प्रदेश सरकार के मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अलीगंज में आयोजित सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला स्वास्थ्यकर्मियों को उत्तरी विधानसभा के विधायक डा नीरज बोरा ने आज यहां सम्मानित किया। जिसमें सांईधाम मंदिर फाउण्डेशन ने सम्मानित होने वाली 50 महिला स्वास्थ्य कर्मियों हेतु उपहार व मास्क तथा मेडिकल किट के वितरण की व्यवस्था की। सांईधाम फाउण्डेशन के संस्थापक अमित शर्मा के मुताबिक प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों व कार्यक्रमों में सांईधाम फाउण्डेशन सक्रिय भूमिका निभाने को सदा तत्पर रहता है। इसी क्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं के उत्साहवर्धन के लिए संस्था द्वारा पुरस्कार वितरण की पहल की गई। उधर सांईधाम मंदिर गोमतीनगर में साप्ताहिक गतिविधि के अन्तर्गत संस्थापक अमित शर्मा ने भण्डारा चलाकर 51 लोगों को आटे की बोरियों का वितरण भी किया।

## सड़क हादसों को न्योता दे रही पुलिस की लापरवाही

● ट्रैफिक सिग्नल का पालन कराने में लापरवाही पड़ सकती है भारी

संवाददाता। मोहनलालगंज



**ट्रैफिक** सिग्नल पालन कराने में मोहनलालगंज पुलिस की लापरवाही कस्बे में सड़क हादसों को न्योता दे रही है। आलम यह है कि रेड लाइट पर भी वाहनों का आवागमन बेरोकटोक चलता रहता है। ऐसे में बच्चों और बुजुर्गों को हाईवे क्रास करने में बेहद परेशानी उठानी पड़ रही है।

मोहनलालगंज कस्बे में नई जेल रोड तिराहे पर सड़क हादसों का जोखिम कम करने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने सिग्नल लाइटें स्थापित करा दी हैं। लेकिन हैवी ट्रैफिक लोड के बीच मोहनलालगंज पुलिस की लापरवाही से ट्रैफिक सिग्नल का पालन कराने में इस कदर लापरवाही बरती जा रही है कि रेड लाइट पर भी हाईवे की दोनों पटरियों पर वाहनों का आवागमन बेरोकटोक चलता रहता है। जबकि चेकपोस्ट पर मौजूद पुलिसकर्मी और सीसीटीवी कैमरों से माइक्रो मानीटरिंग का दावा करने वाले कोतवाली पुलिस अधिकारी बेपरवाह बने रहते हैं। ऐसे में जहां सड़क हादसों का जोखिम बढ़ जाता है वहीं तिराहे पर हाईवे क्रास करने में लोगों को बेहद परेशानी भी झेलनी पड़ती है। इसी चौराहे से दिन भर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों का आवागमन बना रहता है लेकिन हैरत की बात है कि अब तक किसी ने भी इस लापरवाही को दूर कराने पर ध्यान नहीं दिया है।

### सभी चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल की मांग

**रायबरेली** हाईवे पर मोहनलालगंज कस्बे के आसपास तकरीबन आधा दर्जन ऐसे तिराहे और चौराहे हैं जिन पर दिनभर ट्रैफिक लोड रहता है। जिससे लोगों को हाईवे क्रास करने में काफी परेशानी होती है। आमजन के जोखिम रहित आवागमन के लिए क्षेत्रीय लोग इन सभी चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगवाने की मांग कर रहे हैं।

## बीते 24 घंटे में 13 को आजीवन कारावास

**लखनऊ।** मिशन शक्ति अभियान के सकारात्मक परिणाम लगातार सामने आ रहे हैं। अभियान के अन्तर्गत 21 अक्टूबर अपरान्ह से 22 अक्टूबर की मध्यान्ह तक बीते 24 घण्टें के भीतर अभियोजन विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रभावी पैरवी के माध्यम से मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालक-बालिकाओं के विरूद्ध अपराध के मामलों में 13 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा, महिला विरोधी अपराधों में 14 अभियुक्तों को अन्य कठोर कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत अभियोजन निदेशालय द्वारा 68 अभियुक्तों को आजीवन कारावास, 88 अभियुक्तों को 10 वर्ष व अन्य वृहद कारावास व जुर्माने, 4 अपराधियों को साधारण कारावास, 53 आवारा और शोहदों को दण्डित कराया जा चुका है तथा 485 अभियुक्तों की जमानत खारिज कराने के साथ साथ 172 गुण्डों को जिला बदर कराया जा चुका है।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 23 अक्टूबर, 2020



# गांव के विकास से ही होगा देश का विकास : कपिल देव वर्मा

● त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत आयोजित हुई बैठक


बैठक को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष पायनियर

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**गांव के** विकास से ही देश का विकास सम्भव हो सकता है इसीलिए भाजपा सरकार गांव के विकास के लिए अनेक प्रकार की योजनाओं से आच्छादित करने का प्रयास पूरी गंभीरतापूर्वक कर रही है। उक्त विचार भारतीय जनता पार्टी द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत राम नगर विकास खण्ड के ग्राम संयोजक,ब्लाक संयोजक,जिला पंचायत क्षेत्र संयोजक की बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गांवों की विकास, किसानों की समस्याओं का समाधान, गरीबों, असहायों, पिछड़ों को हर प्रकार से समृद्धि शाली बनाने का हर सम्भव प्रयत्न कर रही है। प्रधान मंत्री आवास, किसानों के लिए फसल बीमा,मनरेगा द्वारा रोजगार के लिए अधिक से अधिक दिवसों का सृजन,ग्राम स्वास्थ्य एवम् स्वच्छता,नि:शुल्क गैस कनेक्शन का वितरण,सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को सरकार की तरफ से नि:शुल्क ड्रेस,कापी – किताब, भोजन, जूता मोजा,स्वेटर का वितरण, प्रधान मंत्री मातृत्व योजना के अंतर्गत प्रथम बच्चे पर गर्भवती माताओं को 6 हजार रुपए खाते में,हर घर और गांव में बिजली पहुंचाने,किसान सम्मान निधि के रूप में 6 हजार रुपए प्रत्येक किसान के खाते में भेजने, किसानों को उनकी उपज को देश के किसी भी मंडी में अपने अनुसार बेचने और समर्थन मूल्य के आधार पर भुगतान से संबंधित बिल को पास करने,गरीबों को गंभीर बीमारी पर सरकार की तरफ से सहायता राशि का लाभ देकर गरीबों के उत्थान का काम किया है।भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने कहा कि पंचायत के हर पद के चुनाव में भाजपा लोकप्रिय और विकास के लिए संघर्षशील उम्मीदवारों को ही प्रत्याशी के तौर पर उतारेगी जिससे सवार्धिक प्रत्याशी भाजपा के ही चुनकर जनता की ईमानदारी से सेवा कर सकें।बैठक की अध्यक्षता रामनगर विकास खण्ड के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संयोजक पूर्व विधायक जयराम विमल ने किया और संचालन मण्डल अध्यक्ष अभिषेक निषाद एवम् भगवान पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में प्रमुख रूप से पंचायत चुनाव के जिला सह संयोजक भाजपा जिला महामंत्री सुरेश कन्नौजिया,जिला पंचायत वार्ड चुनाव के संयोजक आदित्य सिंह, सुमित दिवेदी, आनंद जायसवाल, विजय गुप्त,रोशन निषाद, सेवा राम वर्मा, अर्जुन कुमार,राज मन मौर्य,चंद्र भूषण तिवारी,वृज राज यादव,सुशील चौरसिया,मनोज विश्वकर्मा,धर्मेन्द्र मौर्य उपस्थित रहे।

## पूर्वांचल विकास बोर्ड की बैठक आयोजित

**गोरखपुर।** पूर्वान्चल क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को गति देने के लिये उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पूर्वान्चल विकास बोर्ड का गठन किया गया है, जो परामर्शी संस्था के रूप में अपनी संस्तुति देगा। पूर्वान्चल विकास बोर्ड में अध्यक्ष स्वयं मुख्यमंत्री है। इसके अतिरिक्त दो उपाध्यक्ष, 11 गैर सरकारी सदस्य, दो विशेषज्ञ तथा 19 सरकारी सदस्यों को सम्मिलित करते हुए उप निदेशक अर्थ एवं संख्या को सदस्य सचिव नामित किया गया है। वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में पूर्वान्चल विकास बोर्ड की बैठक आहूत की गयी जिसमे पूर्वान्चल क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास के अवरोधक तत्वों/कारणों का अभिज्ञान एवं उनके निराकरण के उपाय एव सुझाव पर व्यापक चर्चा की गयी। बैठक में उपाध्यक्ष नेरन्द्र सिंह ने कहा कि पूर्वान्चल के विकास के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा तथा नवम्बर माह में जनपद में इसके लिए राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी वेबिनार के माध्यम से आयोजित किया जायेगा। बैठक में मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहाकार के.वी. राजू, अपर मुख्य सचिव नियोजन विभाग, सांसद राज्य सभा जय प्रकाश निषाद, पूर्वान्चल विकास बोर्ड के सदस्य गण, मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर सहित विभिन्न अधिकारी गण उपस्थित रहें।

# डीआईजी व एसएसपी ने किया निरीक्षण



**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**मिशन** शक्ति के अंतर्गत डीआईजी रेंज गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर राजेश मोडक डी राव व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोगिंदर कुमार ने खोराबार थाने व रामलीला मैदान का निरीक्षण कर मिशन शक्ति अभियान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं, बालिकाओं व बच्चों को खुद की सुरक्षा, सम्मान व स्वालंबन के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान 'मिशन शक्ति' का शुभारंभ नवरात्रि के पहले दिन किया गया। महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से प्रदेश भर में संयुक्त रूप से इस अभियान को चलाया जाएगा। विशेष अभियान 'मिशन शक्ति' के सफल क्रियान्वयन के संबंध में सभी जिला प्रोबेशन अधिकारियों, महिला कल्याण एवं जिला कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देश दिए है। सरकार द्वारा महिलाओं, बालिकाओं व बच्चों की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के संदर्भ में एक व्यापक कार्ययोजना बनाई गई है। मिशन के तहत प्रदेश की 24 करोड़ जनता तक पहुंचकर उन्हें महिलाओं तथा बच्चों से संबंधित मुद्दों पर जागरूक किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर डॉक्टर कौस्तुभ, अपर पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार, सहायक पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, क्षेत्राधिकारी कैंट सुमित शुक्ला, क्षेत्राधिकारी कोतवाली बी पी सिंह, प्रतिसार निरीक्षक उमेश कुमार दुबे सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहें।

## क्विक न्यूज

### 25 को बंद रहेंगी मदिरा की दुकानें

**गोरखपुर।** जिला मजिस्ट्रेट के. विजयेन्द्र पाण्डियन ने आबकारी अधिनियम में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए दशहरा/मूर्ति विसर्जन के अवसर पर शांति व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद की समस्त आबकारी थोक एवं फुटकर दुकानों के साथ देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर, ताड़ी, विनेचर स्प्रिट/बार अनुज्ञापन भांग, क्लब बार एवं होटल बार, एफएल-9/9ए, माडल शाप की समस्त दुकानों को 25 अक्टूबर दिन रविवार को पूर्ण रूप से बन्द रखे जाने के आदेश दिये है। उन्होंने कहा कि इस बंदी के लिए अनुज्ञापन धारकों को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा।

### छात्रवृत्ति-शुल्क प्रतिपूर्ति का आवेदन कार्यालय में करें जमा

**गोरखपुर।** जनपद में संचालित समस्त पूर्व दशम (कक्षा 6-10) तथा दशमोत्तर शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य/प्राचार्यों/शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने सूचित किया है कि छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु नवीनीकरण के आवेदन पत्रों में स्पेलिंग की गलती को छात्र/छात्रा द्वारा सही करने के उपरान्त संस्था/छात्र/छात्रा द्वारा संबंधित कल्याण विभाग के सेक्टर (समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग) कार्यालय में हाईस्कूल अंकपत्र तथा आधार कार्ड की छाया प्रति तत्काल उपलब्ध कराये जिससे छात्र/छात्रा के आवेदन पत्रों को अग्रिम कार्यवाही हेतु जनपद स्तर से सत्यापन किया जा सके जिससे छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्र पूर्ण हो सके।

### डीएम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, एसडीएम ने किया प्लाज्मा दान

**गोरखपुर।** पहल बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज द्वारा आयोजित कोरोना संक्रमण महामारी से जंग जीत चुके कोरोना योद्धाओं ने प्लाज्मा दान किया। कोविड-19 के मरीजों के उपचार के लिए प्लाज्मा दान करने वाले कोरोना योद्धाओं के साथ डीएम के. विजयेंद्र पांडियन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर गौरव सिंह सोगरवाल कोविड-19 कोरोना संक्रमण महामारी को मात देकर स्वस्थ होने के बाद प्लाज्मा दान किया। उन्होंने अन्य लोगों को भी प्लाज्मा दान करने को प्रेरित किया तथा प्लाज्मा दान करने आए हुए लोगों का उत्साह वर्धन कर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम की शुरुआत सीतापुर आई हॉस्पिटल में वृहद कैंप लगाकर प्लाज्मा दानदाताओं से कहा कि ऐसे कोरोना योद्धा जो संक्रमित होने के उपरांत ठीक हो चुके हैं, उन्हें आगे आकर प्लाज्मा दान करना चाहिए ताकि उनके प्लाज्मा से अन्य संक्रमित व्यक्तियों के जीवन को सुरक्षित बनाया जा सके।

### आगामी पर्व को लेकर पुलिस ने कसी कमर

**गोरखपुर।** नवरात्रि व दशहरा के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए एसपी साउथ विपुल कुमार श्रीवास्तव ने ग्रामीण क्षेत्र के सभी 10 थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि त्यौहार में अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस के दिशा निर्देशों का पालन किया जाए। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मूर्ति स्थापना से लेकर विसर्जन तक पुलिस के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है, महिलाओं की सुरक्षा के लिए शेरनी दस्ता तैनात रहेगी। इसके साथ ही महिलाओं को नारी शक्ति का एहसास दिलाने के लिए महिलाओं को पुलिस जागरूक भी कर रही है। उन्हें पुलिस का हेल्पलाइन नंबर भी बताया जा रहा है। पर्व के दौरान अराजक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस उन्हें चिन्हित कर रही है जो पर्व में खलल डालते हैं। पंडाल स्थल विसर्जन स्थल समेत अन्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाए। जिन स्थानों पर मूर्ति स्थापित रहेगी वहां पर स्थानीय सभासद, पंडाल समिति के लोग, वालंटियर, समाजसेवी आदि लोगों को भी तैनात किया जाएगा।

### हॉस्पिटल का पंजीकरण निरस्त

**गोरखपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशानुसार ईशू हास्पिटल पैडलेगंज का निरीक्षण अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एन के पांडेय द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त अस्पताल में बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण की उचित व्यवस्था नहीं थी। मौके पर कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं था। जबकि आई सी यू में कई गंभीर मरीज भर्ती थे। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं हो रहा था। गंभीर रूप से बीमार मरीजों का कोविड टेस्ट नहीं किया गया था। उपरोक्त के कारण उक्त अस्पताल के पंजीकरण को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए निर्देशित किया गया कि यहाँ तत्काल प्रभाव से किसी नये मरीज को भर्ती नहीं किया जाय। वर्तमान में भर्ती मरीजों को यथाशीघ्र डिस्चार्ज किया जाय ताकि अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

### निरीक्षण कर की संरक्षा की जांच

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर एवं पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबन्धक ललित चंद्र त्रिवेदी ने पटना-गोल्डेनगंज-छपरा का फुटप्लेट निरीक्षण कर संरक्षा की जांच की। इस दौरान श्री त्रिवेदी ने वाराणसी मंडल के छपरा ग्रामीण-छपरा जं. रेल खंड तथा छपरा जं. रेलवे स्टेशन का भी गहन निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ मंडल रेल प्रबन्धक, वाराणसी विजय कुमार पंजियार, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर ए.के.पाण्डेय, मुख्यालय एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। महाप्रबन्धक श्री त्रिवेदी ने छपरा जं. स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, रनिंग रूम, स्वचालित सीढ़ियों समेत पैदल उपरिगामी पुल का निरीक्षण किया और पुल पर से छपरा यार्ड रिमॉडलिंग, कनेक्टिंग लाइनों, सेकेण्ड एंट्री, आई लैंड प्लेटफार्म, होम प्लेटफार्म तथा पैदल उपरिगामी पुल के विस्तारीकरण योजना पर चर्चा की और उनकी प्रगति की समीक्षा की। महाप्रबन्धक ने छपरा कोचिंग डिपो का व्यापक निरीक्षण किया और कोचिंग डिपो के तकनीकी विकास हेतु कार्य योजना बनाने तथा नई तकनीकी के उपकरणों की स्थापना करने का निर्देश दिया। श्री त्रिवेदी एवं एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता दर्ज करायी।

## दुर्घटना में साइकिल सवार की मौत

**बसखारी, अंबेडकर नगर।** बसखारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित एक सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई।जबकि दुर्घटना का कारण बना मोटरसाइकिल सवार मोटरसाइकिल समेत फरार होने में कामयाब रहा। घटना अकबरपुर बसखारी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मसाला तिराहे के पास गुरुवार उस समय की बताई जा रही है जब बसखारी थाना क्षेत्र के हरैया निवासी दयाराम मौर्य पुत्र राम लखन मौर्य साइकिल से भगाही की तरफ जा रहे थे। मसड़ा तिराहे के निकट पहुंचते ही सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार ने साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दयाराम गंभीर रूप से घायल हो गए तथा उनकी साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। पटना के बाद मोटरसाइकिल चालक मोटरसाइकिल समेत फरार होने में कामयाब रहा। वही मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना देते हुए 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल को स्वास्थ्य केंद्र बसखारी पहुंचाया।

# घूस लेते रंगे हाथ धराया लेखपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

## खेत में रहे खड़े, रुपए लेते ही कर लिया गिरफ्तार

**एंटी करप्शन** टीम के प्रभारी निरीक्षक देव प्रकाश रावत, उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, चंद्रेश यादव, चंद्रभान मिश्रा, शैलेंद्र कुमार राय और शैलेंद्र कुमार सिंह मेहदराव पहुंचे। वहां सत्य प्रकाश सिंह का रिश्तेदार बनकर टीम के सदस्य जहां तहां घूमने लगे। दोपहर 12 बजकर 17 मिनट पर लेखपाल प्रभुनाथ यादव आए। आते ही कहा कि बकाया रुपए दो हजार दोगे तब जंजीर गिरेगी। रुपए थामते ही खेतों में मौजूद टीम ने रंगेहाथ लेखपाल को पकड़ लिया। टीम उसे लेकर थाने पर गई। वहां इंस्पेक्टर देव प्रकाश रावत की तहरीर पुलिस ने एंटी करप्शन का मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया।

**धान की** फसल कटने के बाद गेहूं की बुवाई का सीजन शुरू हो जाएगा। इसके पहले खेतों को लेकर चल रहे बंटवारे को सुलझाने के लिए लोग राजस्व और पुलिस की मदद लेने लगे हैं। इसका फायदा उठाने की कोशिश में कुछ लेखपाल लग गए हैं। मजिस्ट्रेट के आदेश के दरकिनार करके लोगों से पैमाइश के लिए रुपए मांगने की शिकायतें सामने आ रही हैं।। गुरुवार को गगहा इलाके में खेतों की पैमाइश के पहले रुपए लेने पहुंचे लेखपाल को एंटी करप्शन की टीम ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ गगहा थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### पैमाइश के लिए लेखपाल मांग रहा था पैसे

**गगहा के** मेंहदिया निवासी कृष्ण मुरारी सिंह, श्यामसुंदर सिंह लक्ष्मण सिंह, कृष्ण मोहन सिंह और राम सिंह भूमि की पैमाइश कराने के लिए दौड़ रहे थे। हल्का लेखपाल से पैरवी करने पर उसने कहा कि ढाई हजार रुपए लिए बिना वह खेत में कदम नहीं रखेगा। लेखपाल से परेशान होकर सत्य प्रकाश सिंह ने पांच सौ रुपए पेशगी के रूप में दे दिए। बाकी रकम खेत की नपी होने के बाद देने को कहा। सत्य प्रकाश को पता था कि लेखपाल मनमानी करेगा। इसलिए उन्होंने इसकी सूचना 19 अक्टूबर को ही एंटी करप्शन गोरखपुर की ट्रैप टीम को दे दी। गुरुवार को निर्धारित जगह पर टीम पहुंच गई।

# एक ही छत के नीचे संपूर्ण ब्रांड



**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**बशारतपुर** के रामजानकी नगर स्थित सिटी मार्ट सुपर मार्केट का शुभारंभ हुआ। ऐस्प्रा ग्रुप के चेयरमैन अतुल सराफने फीटा काटकर मार्केट का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यहां के आस-पास के उपभोक्ताओं को अब एक ही छत के नीचे घरेलू सामानों की संपूर्ण ब्रांडेड एफएमसीजी रेंज के सामान उपलब्ध होंगे। उपभोक्ताओं को अपने मनपंसद सामानों को चुनने की पूरी आजादी होगी। यहां पर सभी सामानों पर ग्राहकों को आकर्षक छूट दी जा रही है। यहां होम डिलेवरी की सुविधा है जिसके कारण लोगों का श्रम व समय दोनों बचेगा। उद्घाटन के अवसर पर राजेश सिंह, बृजेश सिंह, हिमांशु अग्रवाल, पद्माकर त्रिपाठी, नवीन जैन आदि उपस्थित रहें।

# टोरेंट गैस ने बस्ती और अंबेडकरनगर में सीएनजी मूल्य में रुपया एक प्रति किलो की गिरावट की घोषणा की

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**टॉरेंट** गैस, जिसे बस्ती और अंबेडकरनगर में कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) उपलब्ध कराने के लिए पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड (पीएनजी) द्वारा अधिकृत टोरेंट गैस ने सीएनजी के खुदरा मूल्य में रुपया 1 प्रति किलो की कटौती करने की घोषणा की है, जो अब 64.40 रुपये प्रति किलो पर उपलब्ध होगी। जीवन और व्यापार धीरे धीरे से सामान्य स्थिति में लौटने की कोशिश कर रहे हैं, लॉक डाउन के उठाने के बाद, सीएनजी की कीमतों में यह गिरावट परिवारों और व्यवसायों के लिए एक बड़ी राहत होगी। पिछले कुछ महीनों में सीएनजी की बेहतर उपलब्धता को देखते हुए, पेट्रोल और डीजल की तुलना में काफी सस्ता होने और पर्यावरण के अनुकूल होने के लाभों के कारण यूपी में ग्राहकों द्वारा सीएनजी को व्यापक रूप से अपनाया गया है । बेहतर माइलेज, कम लागत और कम रखरखाव के कारण, संशोधित कीमत पर सीएनजी पेट्रोल से 47: तक सस्ती होगी और डीजल से 30: तक सस्ती होगी। वर्तमान में अंबेडकरनगर जिले में सीएनजी जेके फिलिंग स्टेशन, पलई रामनगर में उपलब्ध है और शीघ्र ही इल्तेफातगंज के पास अवध फिलिंग में उपलब्ध होगी। बस्ती और अंबेडकरनगर में सीएनजी स्टेशनों की संख्या मार्च 2021 तक वर्तमान में 2 से 9 तक जाने की संभावना है। पूर्वी और मध्य उत्तर प्रदेश में घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक उपयोग के लिए प्राकृतिक गैस की उपलब्धता से इन क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास को एक बड़ा बढ़ावा मिलने की संभावना है।पिछले कुछ महीनों में सीएनजी की बेहतर उपलब्धता को देखते हुएए पेट्रोल और डीजल की तुलना में काफी सस्ता होने और पर्यावरण के अनुकूल होने के लाभों के कारण यूपी में ग्राहकों द्वारा सीएनजी को व्यापक रूप से अपनाया गया है । बेहतर माइलेजए कम लागत और कम रखरखाव के कारणए संशोधित कीमत पर सीएनजी पेट्रोल से 47: तक सस्ती होगी और डीजल से 30: तक सस्ती होगी। वर्तमान में अंबेडकरनगर जिले में सीएनजी जेके फिलिंग स्टेशनए पलई रामनगर में उपलब्ध है और शीघ्र ही इल्तेफातगंज के पास अवध फिलिंग में उपलब्ध होगी। बस्ती और अंबेडकरनगर में सीएनजी स्टेशनों की संख्या मार्च 2021 तक वर्तमान में 2 से 9 तक जाने की संभावना है। पूर्वी और मध्य उत्तर प्रदेश में घरेलूए वाणिज्यिक और औद्योगिक उपयोग के लिए प्राकृतिक गैस की उपलब्धता से इन क्षेत्रों के सामाजिक.आर्थिक विकास को एक बड़ा बढ़ावा मिलने की संभावना है।

# गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध करें निस्तारण: मंडलायुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**एनेक्सी** सभागार में आयोजित मण्डल स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर ने निर्देश दिया है कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से किया जाये। उन्होंने कहा कि उद्योग बन्धु का मुख्य उद्देश्य उद्यमियों तथा विभिन्न विभागों के मध्य सीधा संवाद एवं समन्वय स्थापित करना तथा उद्यमियों की समस्याओं का निराकरण एवं प्रदेश में अधिकाधिक औद्योगिक निवेश को आकर्षित करना है। उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण हेतु उद्योग बन्धु समिति का गठन किया गया है।

इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने एजेण्डावार विस्तृत समीक्षा की तथा निर्देश दिया कि शासकीय योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य समय से शत प्रतिशत पूर्ण किये जायें और बैंकर्स शासकीय पत्रावलियों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत अवश्य करें, अनावश्यक पत्रावलियों को लंबित न रखा जाये। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओ.डी.ओ.पी. वित्त पोषण योजना तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मण्डलायुक्त ने कहा कि गीडा में उपलब्ध अवस्थापना सुविधाओं का उच्चीकरण किया जाये तथा कतिपय आवश्यक विशिष्ट अवस्थापना सुविधाएं इस क्षेत्र में उपलब्ध करायी जाये। बैठक में मुख्य कार्यपालक अधिकारी गीडा संजीव रंजन, संयुक्त उपायुक्त उद्योग एवं मण्डल के सभी जनपदों के उपायुक्त उद्योग तथा उद्यमी बन्धु और विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## घर में घुसकर नाबालिग से दुराचार का आरोप, केस दर्ज

**अम्बेडकरनगर।** दिन दहाडे घर मे घुस कर पडोसी युवक द्वारा नाबालिग बालिका के साथ दुराचार करने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दिया है। मामला जैतपुर थाना क्षेत्र के पूरा बदलही गांव का है। मंगलवार दोपहर दो बजे की है । गांव की ही एक नाबालिग बालिका अपने घर मे अकेली थी। परिजन खेत में धान की कटाई करने गये थे तभी मौका देख पड़ोस का युवक अभिषेक पुत्र शिव शंकर घर में घुसकर दुराचार किया। परिजनों के आने पर पीडित लडकी ने आप बीती बताई परिजनों द्वारा नाबालिग बालिका को लेकर थाने ले जाया गया जहां पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने 376 ,452 ,वा पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लड़की को मेडिकल परीक्षण हेतु भेज दिया है वही आरोपी की तलाश जारी है थानाध्यक्ष ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच पड़ताल जारी है आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# युवा कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति गोष्ठी आयोजित

**अम्बेडकरनगर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत नगर के बीएन इंटर कॉलेज के सभागार में गोष्ठी आयोजित की गई। जिला विद्यालय निरीक्षक ने महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया और कहा कि महिलाओं को अपराध के खिलाफ आवाज उठानी होगी, तभी उन्हें सम्मान मिलेगा। युवा कल्याण विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयोजन में आयोजित गोष्ठी में मुख्य विषय साइबर क्राइम और लैंगिक हिंसा था। जिसमें साइबर क्राइम पर चर्चा एवं जानकारी अतिथि विशेषज्ञ यूथ आइकॉन प्रवीण गुप्ता ने देते हुए बताया कि बदलते सामाजिक परिवेश में हमें हर समय जागृत रहने की आवश्यकता है और किसी अनजान व्यक्ति को अपनी कोई भी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से हमें बचना चाहिए। विशेषकर बालिकाओं को अपने सम्मान एवं सुरक्षा को बनाये रखने के लिए सोशल मीडिया पर समझदारी दिखाना अति आवश्यक है। किसी अनजान को भावना में बहकर अपनी कोई व्यक्तिगत चीजें साझा न करें। यदि कोई अनजान आपको परेशान करे तो चुप्पी तोड़िये और साइबर अपराध की सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कराइये। उन्होंने आगे बताया कि साइबर अपराध से निबटने के लिए भारत सरकार द्वारा आईटी अधिनियम बनाया गया है जिसके अंतर्गत आप अपने खिलाफहो रहे अपराध के लिए आवाज उठा सकती हैं। उन्होंने महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 1098, 1076 और पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 के बारे में भी जानकारी दिया गया। जागरूकता गोष्ठी में जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश मिश्र ने कहा कि प्रशासन और शासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया जा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि महिलाएं भी अपने अधिकारों को जानें।

# रक्तदानकर्ताओं और संस्थाओं को किया गया सम्मानित

● कोरोनाकाल में रक्तदानियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण: डॉ. पीके सिंह प्राचार्य

● सम्मान रक्तदानियों में ऊर्जा का संचार करता है : डॉ. आरके मौर्य

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर


सम्मान पत्र प्रदान करते प्राचार्य पायनियर

**बीते वर्ष** में रक्तकोष विभाग से जुड़कर रक्तदान कराने वाली संस्थाओं एवं स्वैच्छिक रक्तदानियों का भव्य सम्मान समारोह राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक सेमिनार कक्ष में आयोजित किया गया। सम्मान समारोह का शुभारंभ प्राचार्य, उप प्राचार्य, रक्तकोष प्रभारी एवं युवा कल्याण अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से विघ्नहर्ता श्री गणेशजी के प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन कर किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए प्राचार्य डॉ0 पी0के0 सिंह ने कहा कि कोरोनाकाल में रक्तदानियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही, जिसे इन महादानियों ने पूरा कर दिखाया।रक्तकोष प्रभारी डॉ0 मनोज गुप्ता ने वर्षवार रक्तकोष विभाग में सहयोग करने वाली संस्थाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए सभी सहयोगी संस्थाओं व रक्तदानियों का आभार ज्ञापित किया और बताया कि अब मेडिकल कॉलेज रक्तकोष विभाग में ब्लड के चार अलग-अलग कंपोनेंट की सुविधा भी उपलब्ध है जिसके लिए अब मरीज को जनपद से बाहर भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। रक्तदाताओं को सर्वश्रेष्ठ रक्तदाता सम्मान से नवाजा गया। रक्तदाताओं में अनीस अहमद-टाण्डा, शैलेन्द्र वर्मा-जलालपुर, रविन्द्र राजभर-अकबरपुर,प्रवीण कुमार गुप्ता (यूथ आइकॉन-अम्बेडकर नगर) रहे। रक्तदान करने वाली संस्थाओं में युवक मंगल दल -ब्राहिमपुर कुशमा, नरेंद्र देव स्पोर्ट्स क्लब फाउंडेशन,एच डी एफ सी बैंक, शाखा-टाण्डा, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन,गाजी फाउंडेशन,जनहित समाज कल्याण सेवा संस्थान, भारतीय जनता पार्टी, प्रेमा राधे मेमोरियल एजुकेशनल ट्रस्ट,सक्षम संस्था,उर्मिला सुमन-द फाउंडेशन,पुलिस अधीक्षक,पंख संस्था,अमर उजाला फाउंडेशन,ग्राम प्रधान-हुसैनपुर सुधाना,सन्त निरंकारी चौरिटेबल ट्रस्ट शामिल रहे। सम्मान समारोह की अध्यक्षता उप प्राचार्य डॉ. आरके मौर्य एवं संचालन की जिम्मेदारी यूथ आइकॉन प्रवीण गुप्ता ने निभाई।इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला युवा कल्याण अधिकारी अखण्ड प्रताप, आरआई त्रिभुवन नाथ द्विवेदी, मुराद अली, राजन सुमन, अम्बिका जायसवाल, संध्या राजभर, अजय सिंह, विनोद वर्मा, दीपक नाग, दिलीप गुप्ता, कन्हैयालाल वर्मा, योगेश जायसवाल, मोहम्मद अकमल, मानस वर्मा, आशीष विश्वकर्मा, नितेश मेहरोत्रा, रमेश, आदि उपस्थित रहे।

# बिहार विधानसभा चुनाव

## भीड़ बटोरते तेजस्वी

**उम्मीद** थी कि कोरोना महामारी के कारण बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान हल्का रहेगा, पर राजद नेता तेजस्वी यादव निश्चित रूप से इसे तेज कर रहे हैं। उनकी रैलियों में एकत्र होने वाली भारी भीड़ भले ही सोशल डिस्टेंसिंग मानकों का उल्लंघन करती हो, पर 10 लाख नौकरियों के वादे तथा राज्य के लोगों के प्रवासी कामगार बनने की मजबूरी के बारे में टिप्पणियों पर उसका जोश तेजस्वी के बारे में उम्मीद जगाता है। हालांकि, बिहार में भीड़ का वोटों में बदलना जरूरी नहीं होता है, पर तेजस्वी का बढ़ता आकर्षण जदयू सुप्रीमो व निवर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार में चिन्ता पैदा कर रहा है। लेकिन सवाल है कि क्या वे भाजपा-जदयू गठबंधन को राजनीतिक संकट में डाल सकेंगे? हालांकि, वर्तमान समय में वे अपने पिता लालू प्रसाद यादव के सामाजिक न्याय आंदोलन के योग्य वारिस अवश्य लग रहे हैं। पिछले छह महीने से तेजस्वी जमीन पर काम कर रहे हैं और उन्होंने जनता से अपना संपर्क मजबूत किया है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से उन्होंने लालू की छाया से बाहर निकलने तथा अपने राजनीतिक संवाद को नया रूप देने का निर्णय किया। वे अच्छी तरह जानते हैं कि राजद का परंपरागत जनाधार जाति आधारित तथा अल्पसंख्यक मतदाताओं पर निर्भर है तथा यादव-मुस्लिम मतदाता राज्य की जनसंख्या में 30 प्रतिशत हैं। इसलिए वे अपने लिए व्यापक आधार तैयार करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने राज्य के नौजवानों में बेरोजगारी को मुख्य मुद्दा बनाया है क्योंकि महामारी से हुई बरबादी के बाद अर्थव्यवस्था की स्थिति महत्वपूर्ण बन गई है। इससे वे नौजवान मतदाताओं में अपनी जगह बनाने



में सफल हुए हैं जो मतदाताओं का 24 प्रतिशत हैं। नौजवान लाकडाउन के दौरान प्रदेश लौटे प्रवासी मजदूरों के प्रति नीतीश के व्यवहार से नाराज हैं। उन्होंने प्रवासी मजदूरों के पुनर्वास के मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की है जो भाजपा के लिए इसका लाभ उठाना चाहते हैं। राजद भले ही घोटालों से दागी पार्टी रही हो, पर नई पीढ़ी को इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है और तेजस्वी को उम्मीद है कि वे नौजवानों को अपने पक्ष में ला सकेंगे। उनके नारे 'नई सोच नया बिहार' या 'अबकी बार युवा सरकार' अपनी विकासोन्मुख छवि बनाने की ओर लक्षित हैं, जबकि नीतीश इस मामले में विफल रहे हैं। लेकिन यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि पिछले वर्षों में नीतीश ने व्यवस्थित रूप से राजद के जनाधार में सेंध लगाई है और इसके लिए अति पिछड़ा वर्ग-ईबीसी व महादलित श्रेणियां बनाई हैं। तेजस्वी अपनी पार्टी का जनाधार बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। वे यह छवि बनाना चाहते हैं कि अब बिहार नीतीश को नहीं चाहता है। इससे उन्होंने निस्तेज चुनाव में रंग भर दिया है।

इस बार तेजस्वी ने गठबंधन में सीटों के आबंटन में सावधानी बरती है तथा ज्यादातर सीटें अपनी पार्टी को दी हैं। उन्होंने पिछली बार लोकसभा चुनाव में केवल 19 सीटों पर चुनाव लड़ने और बाकी सहयोगियों को देने से भी सबक सीखा है। सहयोगी राजद या कांग्रेस को अपने वोट ट्रांसफर नहीं कर पाए थे। राजद इस बार 144 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है और उसने 70 सीटें कांग्रेस को तथा 29 सीटें वामपंथी पार्टियों को दी हैं। तेजस्वी मतदाताओं को आकर्षित जरूर कर रहे हैं, लेकिन नीतीश कुमार दलित नेता जीतनराम मांझी व जदयू चले गए अन्य नेताओं के माध्यम से इसमें प्रभावी हस्तक्षेप कर रहे हैं। राजद ने 2015 के विधानसभा चुनाव में 80 सीटें जीती थीं, लेकिन तब उसके साथ नीतीश व जदयू का जनाधार जुड़ा था जो आज नहीं है। भाजपा नीत राजग का व्यापक जातीय आधार है जो बिहार की 60 प्रतिशत जनता को अपने भीतर समेटता है। तेजस्वी की समर्थक वामपंथी पार्टियों का जनाधार बहुत सीमित है। तेजस्वी ने बहुत चालाकी से चिराग पासवान की लोजपा का सीधे विरोध करने से बचने का प्रयास किया है। देखना होगा कि क्या तेजस्वी अगले 15 दिनों तक चर्चा में बने रहते हैं तथा भीड़ को वोटों में बदलने में सफल होते हैं?

# पुलिस का अधिकार क्षेत्र

**रिया चक्रवर्ती मामले में अदालत के फैसले ने पुलिस के अधिकार क्षेत्र के नए मानक तय किए हैं। शिकायतकर्ता इनका दुरुपयोग कर सकते हैं।**

**अमित जायसवाल**
(लेखक पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय में वकील हैं)





हालिया समय में देश के एलेक्ट्रानिक चैनलों तथा प्रिंट मीडिया में अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत-एसएसआर के असमय निधन के मामले को काफी स्थान मिला है। कुछ खास चैनलों ने इसे बहुत ज्यादा स्थान दिया। बिहार से आए इस नौजवान अभिनेता को 14 जून को मुंबई के बांद्रा में उनके घर में फांसी से लटका पाया गया था और कहा गया था कि उन्होंने आत्महत्या की है। ऐसे मामलों की निर्धारित प्रक्रिया तथा सेलेब्रिटी की मौत होने के कारण मुंबई पुलिस ने सावधानी से काम करना शुरू किया। उसने 56 लोगों के बयान दर्ज किए जिनमें परिवार के सदस्य, रिश्तेदार, लिव इन पार्टनर, मित्र तथा दिवंगत अभिनेता के कर्मचारी शामिल थे। जांच के इस चरण पर किसी ने दुर्भावना की आशंका नहीं प्रकट की। उनके बयानों से संज्ञेय अपराध का संकेत नहीं मिलता था। इससे मुंबई पुलिस ने मामले को दुर्घटना मृत्यु के रूप में दर्ज करने की दंड प्रक्रिया संहिता-सीआरपीसी की धारा 174 लागू की। लेकिन मृत्यु के 40 दिन बाद 25 जुलाई को मृतक के पिता के.के. सिंह की ओर से पटना के राजीव नगर थाने में एक प्रथम सूचना रिपोर्ट-एफआईआर दर्ज कराई गई। इसमें विश्वासघात, मृत बेटे की संपत्ति के गबन तथा लिव-इन पार्टनर रिया चक्रवर्ती व उनके परिवारी सदस्यों द्वारा आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप लगाए गए थे।

इसके बाद पटना की एक पुलिस टीम जांच के लिए मुंबई गई, लेकिन मुंबई पुलिस ने अधिकार क्षेत्र का मुद्दा उठाया जिससे कड़वाहट पैदा हुई। अंतत: बिहार सरकार की संस्तुति पर केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई ने मामले की जांच शुरू की। इस बीच रिया चक्रवर्ती ने सीआरपीसी की धारा 406 के अंतर्गत सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया तथा एफआईआर को पटना सदर के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय के न्याय क्षेत्र से बांद्रा मुंबई के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट को हस्तांतरित करने की प्रार्थना की। निर्धारित विधिक प्रक्रिया के अनुसार एफआईआर उस थाने में दर्ज कराई जाती है जिसके अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत अपराध हुआ हो। प्रथमदृष्टया इस मामले में एफआईआर दर्ज करने की अधिकृत नहीं थी। बिहार पुलिस को किसी संज्ञेय अपराध की शिकायत मिलने पर भी स्थापित प्रक्रिया के अनुसार एक 'ज़ीरो एफआईआर' दर्ज कर इसे संबंधित थाने को हस्तांतरित करना चाहिए था। इस मामले में सीआरपीसी की धारा 181-4 लागू होती है।

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में पटना में एफआईआर दर्ज करने को मुख्यत: इस आधार पर उचित माना है कि आरोपों का संबंध आपराधिक विश्वासघात तथा पैसे के गबन से है जिसका हिसाब-किताब पटना में था, जहां शिकायतकर्ता रहता है। इस प्रकार प्रथमदृष्टया पटना पुलिस का विधिक अधिकार क्षेत्र बनता है। सर्वोच्च न्यायालय ने एफआईआर की वैधता उचित ठहराने के लिए 'एकाउंटेड फार' शब्दों पर जोर दिया। उसने अपने तर्क के समर्थन में कुछ फैसलों का संदर्भ भी दिया। हालांकि, यहां अदालतों द्वारा इन शब्दों का प्रयोग करने वाले फैसलों पर विस्तृत चर्चा संभव नहीं है, पर ये केवल इसलिए लागू नहीं होते हैं कि आरोपी अंतत: मृतक के वारिसों के प्रति जवाबदेह होता है। इस दृष्टिकोण से एफआईआर ऐसे किसी स्थान पर दर्ज कराई

> **रिया चक्रवर्ती मामले में फैसले ने एक नया विधिशास्त्र तैयार किया है जिसका संबंध पुलिस के अधिकार क्षेत्र से है। इसने विभाजक रेखाओं को धुंधला किया है जिसके देश की दंड न्याय व्यवस्था पर गंभीर प्रभाव होंगे जिसका संबंध आपराधिक मामलों में कार्यवाही शुरू करने की प्रक्रिया से है।**

जा सकती है जहां मृतक के कानूनी वारिस रहते हों, भले ही उस पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में अपराध पूर्ण या आंशिक रूप से न हुआ हो। ऐसे मामले की कल्पना करें जहां किसी बिजनेसमैन ने अपने बिजनेस सहयोगी या एजेंट या कर्जदाता के किसी कृत्य के कारण मुंबई में आत्महत्या कर ली हो। यदि मृतक का एक बेटा उत्तर प्रदेश के लखनऊ तथा दूसरा बेटा गुजरात के अहमदाबाद में रहता हो तो हालिया निर्णय के अनुसार दोनों स्थानों की पुलिस एफआईआर दर्ज कर उसकी जांच करने में केवल इसलिए सक्षम होगी कि मृतक के कानूनी वारिस इन दोनों शहरों में रहते हैं। इस प्रकार उनके पास अपने हित के अनुसार पुलिस थाना व राज्य चुनने का विकल्प होगा। इस मामले में लखनऊ या अहमदाबाद की पुलिस को जांच करने मुंबई जाना होगा, वहां प्रमाण एकत्र करने होंगे तथा गवाहों के बयान दर्ज करने होंगे। क्या इससे उचित जांच संभव होगी? क्या इससे राज्यों के बीच अनावश्यक तनाव व राजनीतिक टकराव नहीं पैदा होगा और क्या एक राज्य की पुलिस अपने अधिकार क्षेत्र का साझा दूसरे राज्य से करेगी? क्या ऐसा हर मामला सीबीआई या किसी अन्य केन्द्रीय जांच एजेंसी को सौंपा जाएगा?

11 मई को घोषित सर्वोच्च न्यायालय के नियमों के अनुसार एक न्यायाधीश जमानत व हस्तांतरण के मामले सुनने के लिए सक्षम है। सर्वोच्च न्यायालय के नियम के अनुसार, 'निम्न श्रेणियों के मामले की सुनवाई प्रधान न्यायाधीश द्वारा नामित एक जज द्वारा कर उनका निस्तारण किया जा सकता है। इनमें जमानत प्रार्थनापत्र या अग्रिम जमानत की प्रार्थना खारिज करने या उसके अस्वीकार करने के कारण आई विशेष अनुमति याचिका शामिल है जो सीआरपीसी की धारा 437, 438 या 439 के अंतर्गत हो। इसमें सात साल तक कैद की सजा वाले अपराध शामिल हैं। इसके साथ ही सीआरपीसी की धारा 406 के अंतर्गत मामलों के हस्तांतरण की प्रार्थनायें भी हैं जो सीआरपीसी की धारा 25 के अंतर्गत आती हों।'

रिया चक्रवर्ती ने सीआरपीसी की धारा 406 के अंतर्गत याचिका दायर की थी जिसमें पटना, बिहार में दर्ज एफआईआर की जांच मुंबई हस्तांतरित करने की प्रार्थना की गई थी। इसे एकल न्यायाधीश ने इस आधार पर खारिज कर दिया था कि सीआरपीसी की धारा 406 सर्वोच्च न्यायालय को ऐसा कोई अधिकार नहीं देती है। हस्तांतरण की याचिका एक बार अस्वीकार करने के बाद पटना पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करने के अधिकार क्षेत्र पर विचार करने का कोई औचित्य नहीं था क्योंकि यह कोई परिणामस्वरूप पैदा मामला नहीं था, न ही हस्तांतरण याचिका पर निर्णय का एफआईआर की वैधता निर्धारण से कोई संबंध था। उपरोक्त नियमों को देखते हुए एकल न्यायाधीश द्वारा इन मुद्दों पर निर्णय का कोई आधार नहीं था। इस प्रकार प्रभावी रूप से निर्णय के अनुसार यदि कोई व्यक्ति आत्महत्या कर लेता है या उसकी हत्या होती है तथा उसमें विश्वासघात या संपत्ति के गबन का कोई आरोप है तो एफआईआर भारत के किसी ऐसे पुलिस थाने में दर्ज हो सकती है जहां मृतक के कानूनी वारिस रहते हों। ऐसे मामले में जांच उस पुलिस थाने के आफिसर इन्चार्ज द्वारा की जाएगी, भले ही उस थाने के अधिकार क्षेत्र में अपराध पूर्ण या आंशिक रूप से न हुआ हो।

इस प्रकार रिया चक्रवर्ती मामले में फैसले ने एक नया विधिशास्त्र तैयार किया है जिसका संबंध पुलिस के अधिकार क्षेत्र से है। इसने विभाजक रेखाओं को धुंधला किया है जिसके देश की दंड न्याय व्यवस्था पर गंभीर प्रभाव होंगे जिसका संबंध आपराधिक मामलों में कार्यवाही शुरू करने की प्रक्रिया से है। इससे केवल भ्रम की स्थिति पैदा होगी तथा शिकायतकर्ता इसका दुरुपयोग करने को लालायित होंगे। अदालत को खुले दिमाग से सीआरपीसी की धारा 181-4 में उल्लिखित 'एकाउंटेड फार' शब्दों की व्यापक व्याख्या करनी चाहिए। इस मामले से भविष्य में अनेक मुद्दों में अनेक प्रकार की जटिलतायें पैदा हो सकती हैं।

# कश्मीरियों का विश्वास जीतना आवश्यक

> **"कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक हम 1996 वाले मॉडल पर वापस नहीं लौटते हैं तब तक जम्मू-कश्मीर की समस्या बनी रहेगी।"**

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



नेशनल कान्फ्रेंस के फारूख अब्दुल्ला एवं उमर अब्दुल्ला तथा पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की महबूबा मुफ्ती जैसे पूर्व मुख्यमंत्रियों एवं परस्पर प्रतिद्वंद्वी नेताओं को पिछले सप्ताह श्रीनगर में एकजुट होकर फोटो खिंचाते देखना असामान्य बात है। वो महबूबा के पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ही थे, जिन्होंने कहा था कि सरकार बनाने के लिए उनकी पार्टी द्वारा भाजपा के साथ गठबंधन करना उत्तरी तथा दक्षिणी ध्रुवों के एकसाथ आने जैसा है। अब अब्दुल्ला और मुफ्ती, जम्मू-कश्मीर के दो प्रभावशाली परिवार, अपनी राजनीतिक बाध्यताओं के चलते एकजुट हुए हैं।

राजनीतिक प्रक्रिया की शुरुआत को अंजाम देकर, छह गैर-भाजपा दल जम्मू-कश्मीर के लोगों को वे अधिकार वापस दिए जाने की मांग लेकर एकजुट हुए हैं जो 5 अगस्त 2019 के पूर्व उनके पास हुआ रकते थे। फारूख अब्दुल्ला ने दावा किया कि "हमारी लड़ाई संवैधानिक लड़ाई है।" उन्होंने यह स्पष्ट भी किया कि, "साथ ही साथ, हम महसूस करते हैं कि राज्य का राजनीतिक मुद्दा यथाशीघ्र सुलझाया जाना चाहिए और उसे जम्मू-कश्मीर की समस्या में शामिल सभी हिस्सेदारों के बीच बातचीत के द्वारा ही सुलझाया जा सकता है।"

विशेषज्ञों का कहना है कि यह नया गठबंधन यदि कारगर हुआ तो बहुत विशाल बन सकता है। हालांकि, यह बहुत बड़ा है यदि, क्योंकि कश्मीरी कभी एकजुट नहीं हुए हैं। 4 अगस्त 2019 को, गुपकर नामक नए गठबंधन ने कश्मीर के विशेष दर्जे की रक्षा करने की बात कही थी। एक वर्ष बाद, 22 अगस्त को इसी वर्ष, वे संकल्प दोहराने के लिए पुन: एकजुट हुए थे। औपचारिक गठबंधन की घोषणा 14 माह तक नजरबंद रहने के बाद महबूबा मुफ्ती के रिहा होने के उपरांत औप्चारिक रूप से गठबंधन की घोषणा की गई थी। दो नेकां नेताओं एवं पीडीपी अध्यक्ष के साथ-साथ, जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कान्फ्रेंस के प्रमुख सज्जाद लोन साथ ही अवामी नेशनल कान्फ्रेंस एवं पीपुल्स मूवमेंट के नेता भी मौजूद थे। अभी तक राष्ट्रीय गठबंधन से जुड़ने वाली एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)। कांग्रेस, जिसने इस अगस्त माह में घोषणा पत्र पर हसताक्षर किए थे, निमंत्रण मिलने के बावजूद उसने गठबंधन से दूरी बनाए रखी है।

नया गठबंधन अभी भी उद्विकसित हो रहा है। राजनीतिक दल एक बड़े उद्देश्य के लिए एकजुट हुए हैं क्योंकि यह उन्हें एक मंच प्रदान करता है। वे समान विचारों वाले दल नहीं है लेकिन उनके पास एकजुट होने के सिवा और कोई विकल्प नहीं है। गठबंधन के संगठनात्मक ढांचे को लेकर अगली बैठक में चर्चा होगी। बड़ा कदम है एकजुटता और शेष पर विकसित होने के साथ निर्णय लिया जाएगा, कहना है भीतर के लोगों का जिनको उम्मीद है कि यह संयोजन अगले चुनाव में जीत हासिल करेगा यदि सयुक्त रूप से प्रत्याशी खड़े किए जाते हैं।

जम्मू-कश्मीर में 5 अगस्त 2019 के बाद से किसी प्रकार की राजनीतिक गतिविधियां नहीं हुईं, एक बार जब संसद ने राज्य को मिले विशेष दर्जे को समाप्त करके उसे दो हिस्सों में बांट दिया। सरकार ने जम्मू-कश्मीर के स्थायी निवासियों की व्याख्या करने के लिए अनुच्छेद-35-क को भी हटा दिया। नई दिल्ली ने दावा किया था कि ये उपाय संघर्ष के तीन दशकों के उपरांत जम्मू-कश्मीर में शांति तथा विकास लाने में मददगार होंगे। अनुच्छेद-370 के उन्मूलन के पश्चात, जम्मू-कश्मीर बंधन तथा लाकडाउन की सिथति में रहा है। मुख्य दलों के राजनेताओं को हिरासत में लेकर नजरबंद कर दिया गया था और लाकडाउन ने भी जीवन के सभी पहलुओं को प्रभावित किया है। स्कूल और कालेज बंद हैं। पर्याटन उद्योग ठप हो गया है। स्वास्थ्यरक्षा क्षेत्र पर जबर्दस्त मार पड़ी है और कोविड संक्रमण के मामलों के बोझ से लद गया है। यह उनके लिए दोहरी मुसीबत के जैसा है।

मगर अब, जबकि जम्मू-कश्मीर के सभी नेता केंद्र द्वारा रिहा कर दिए गए हैं तो उन्होंने एक गठबंधन का निर्माण किया है, बड़ा सवाल है, क्या गठबंधन को जम्मू-कश्मीर की जनता के बीच स्वीकार्यता प्राप्त हुई है? केंद्र सरकार के प्रति उनका विश्वास खो गया है, राजनीतिक दलों एवं राज्य सरकारों ने तब तक उन पर शासन किया जब तक उनका विभाजन होकर संघ शासित प्रदेश के रूप में नया जन्म नहीं हो गया। बहुत से लोगों को लगता है कि विशेष राज्य के दर्जे को बहाल किए जाने की मांग जन गठबंधन के लिए चुनावी मुद्दा मात्र बनेगा। इसलिए, अब्दुल्ला और महबूबा के समक्ष परीक्षा होगी जनता का विश्वास वापस जीतने की और अपने राजनीतिक दलों को मजबूत करने की। अगले विधानसभा चुनाव एवं परसीमन अंतरसंबंधित हैं ओर कोई नहीं जानता कि चुनाव कब होंगे।

इस बीच, जिला परिषदों के प्रत्यक्ष चुनाव कराए जाने की केंद्र की पहल एक अभिनव प्रयोग है। योजना है प्रत्येक जिले को 14 क्षेत्रीय चुनाव क्षेत्रों में विभाजित कर परिषदों के लिए प्रत्यक्ष चुनाव कराने की, जो जिला विकास बोर्ड का स्थान लेंगी। विधायकगण इस परिषद के सदस्य होंगे लेकिन उनकी शक्तियां कम कर दी जाएंगी। यदि यह कारगर होता है, तो यह जमीनी स्तर पर शासन की स्थिति होगी।

इसमें संदेह नहीं कि घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कश्मीर की समस्या के निवारण की तात्कालिक आवश्यकता है। राजनीतिक प्रक्रिया प्रारम्भ करना एक अच्छा कदम है और संभवत: ये दोनों पहलकदमियां उसे हासिल करने में मददगार हो सकती हैं। हालांकि, राजनीतिक दलों एवं केंद्र को विश्वास की खाई को पाटने की आवश्यकता है। विधानसभा चुनाव कराने एवं राज्य का दर्जा बहाल किए जाने हेतु प्रक्रियाएं घावों को भरने में मददगार हो सकती हैं। नई दिल्ली को विचार करना पड़ेगा यदि वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पुन: प्रारम्भ करना चाहती है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक हम 1996 वाले मॉडल पर वापस नहीं लौटते हैं तब तक जम्मू-कश्मीर की समस्या बनी रहेगी। सर्वप्रमुख रूप से, सरकार को पाकिस्तान के साथ बातचीत बहाल करनी चाहिए क्योंकि यह जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति वापस लाने से जुड़ा मामला है।

## आप की बात

### शर्मनाक रिपोर्ट

**जिस** भी तरीके से हम इसे देखें यह अत्यंत शर्मनाक वास्तविकता अपरिहार्य है, छटे से अधिक भारत स्थायी रूप से भूखा और अल्पपोषित है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2020 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की रैंकिंग अति गहन है, जो गंभीर है। इसका एक मुख्य कारण है कि भोजन को समान रूप से वितरित नहीं किया जाता है, क्योंकि उत्पादित किए गए सभी खाद्य पदार्थों का 40त्न गोदामों, रेस्टोरेंट और सामुदायिक कार्यों के दौरान बेकार हो जाता है। एक रणनीति के बिना भूख का मुकाबला नहीं किया जा सकता है। आहार विविधता, अंतर-समन्वय समन्वय, राजनीतिक इच्छाशक्ति, खराब पोषण कार्यक्रमों की निगरानी और सार्वजनिक खाद्य वितरण प्रणाली की अपर्याप्तता, ये सभी हमारी अर्थव्यवस्था की वृद्धि और विकास को बाधित कर सकते हैं। सिंचाई और नए कृषि तकनीकों के बढ़ते उपयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए सरकार की नीति को एक एकीकृत नीति ढांचे को अपनाने की जरूरत है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाया जाना चाहिए। सरकार को सबसे समग्र योजनाओं के साथ आना चाहिए। फसल विविधीकरण क्षेत्र की खोज की जानी चाहिए।

– **खुशबू वेद**, उज्जैन

### यह भी परेशानी

**हमारे** देश में अभी भी कई ऐसे लोग है जो अभी भी यानी इक्कीसवीं शताब्दी में भी गाड़ी, मेट्रो में सफर करने का खर्च नहीं उठा सकते। कई ऐसे लोग है जिन्होंने अभी तक गाड़ी में सफर करने का लुफ्त नहीं उठाया है वह अपना पूरा जीवन बस, लोकल ट्रेन में ही धक्के काटकर गुजार देते हैं तो ऐसे में उन लोगों को अब कई वर्षों से कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि दिल्ली में छह साल से दिल्ली परिवहन निगम यानी डीटीसी के बेड़े में एक भी नई बस शामिल नहीं हुई है व कम होती बसों की संख्या ने सुबह व शाम के व्यस्त समय में यात्रियों की परेशानियां बहुत बढ़ा दी है और अभी मौजूदा समय में तो यात्रियों को तो ओर ही परेशानी हो रहीं है क्योंकि कोविड़-19 के प्रकोप के कारण बस चालक अब बीस ही यात्रियों को बस में बैठने देते है एंव अधिकांश बसें तो बस डीपो पर ही भर जाती हैं जिससे आगे वाले स्टैंड में यात्रियों को घंटो घंटो तक बसों के लिए वेट करना पड़ता है और कई बार तो घंटों इंतजार करने के बाद भी बस नहीं मिलती हैं। हालत तो अब यह है कि पुरानी बसें अपनी तय किलोमीटर पूर्ण कर मार्गों से हटती जा रही हैं, डीटीसी के बेड़े में बसों की संख्या घटकर 3762 के करीब रह गई है।

– **निधि जैन,** लोनी, गाज़ियाबाद


### जहरीली शराब से मौतें

**पिछले** सप्ताह जहरीली शराब ने एक बार फिर बड़ी संख्या में कहर ढाया व्यवस्था की पोल भी खोली। देश में इस तरह हादसे होना आम बात हो गई हैं इन्हें सख्ती से रोके जाने की जरूरत हैं ताकि लोग अकाल मौतों से बचे। उज्जैन शहर में जहरीली शराब के तांडव में 14 लोग मौत की भेंट चढ़ गए। मजदूर वर्ग के इन लोगों की गली चौराहों से लाशें मिलना वाकई दुःखद है। प्रशासन की सख्ती भी राहत की बात हैं मगर जिस तरह से इस जहर का धंधा खुलेआम चल रहा था वह चिंता का विषय हैं। उज्जैन हादसा कोई नया नहीं हैं। देशभर में आए दिन इस तरह के हादसे होते रहते हैं। चूंकि इसमें लापरवाही नजर आती हैं, क्योंकि पीने वाले बेचने वाले तक तो पहुंच जाते हैं मगर प्रशासन इसमें मूक-दर्शक जो बना रहता हैं, वह प्रश्न चिन्ह हैं। हादसों के बाद ताबड़-तोड़ व्यवस्था एक तरह से सिस्टम बन चुकी हैं, जिसकी जरूरत हादसों के पहले रहती हैं। देश में हो रहे जहरीली शराब के हादसों से सबक लेकर कड़ी कार्यवाही की जरूरत हैं ताकि आने वाले समय में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

– **अमृतलाल मारू**, धार, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"**क्या** माइक तैयार है? आश्चर्य है मेरे माइक के साथ ऐसा किसने किया। मुझे विश्वास नहीं कि वो जो बिडेन थे। हिलेरी क्लिंटन ऐसा कर सकती हैं।

– **डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**आपकी** पीढ़ी ऐसी है जो अमेरिका में एक नया अभिलंब सृजित कर सकती है। वह जो निष्पक्ष हो, व्यवस्था सबके साथ समान बर्ताव करते हुए सबको समान अवसर दे।

– **बराक ओबामा**
पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति



**दुश्मनों** द्वारा दुरुपयोग रोकने के लिए सोशल मीडिया सामग्री की नियमित रूप से निगरानी करनी होगी। पड़ोसी द्वारा प्रायोजित आतंकवाद से हमारी पुलिस प्रभावी ढंग से निबट रही है।"

– **मनोज सिन्हा**
उपराज्यपाल जम्मू-कश्मीर

# सेवा पुस्तिकाएं गायब होने से चयन वेतनमान व एरियर फंसा

संवाददाता। पाटन उन्नाव

**शिक्षकों के** हितों को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग की नीतियां भले ही पारदर्शी व स्पष्ट हों किंतु अधिकारियों की उदासीनता पारदर्शी व्यवस्था पर बट्टा लगा रही है। कुछ ऐसा ही एक मामला सुमेरपुर ब्लॉक क्षेत्र का सुर्खियों में चल रहा है। यहां शिक्षक वेतन निर्धारण एवं एरियर भुगतान के लिए पिछले कई माह से जिम्मेदारों के चक्कर काट रहे हैं। शिक्षकों का आरोप है कि तमाम शिकायतों के बावजूद न ही उनकी वेतन वृद्धियां समायोजित की जा रही हैं और न ही रुके हुए एरियर का भुगतान ही संभव हो पा रहा। जिसके चलते उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ब्लाक संसाधन केंद्र सुमेरपुर से दर्जनों शिक्षकों की सेवा पुस्तिकाएं गायब हैं। सेवा पुस्तिका के अभाव में प्रभावित शिक्षकों का वेतन एरियर व फिक्सेशन अटका हुआ है। शिक्षकों का आरोप है कि इस संबंध में उनके द्वारा बीआरसी से लेकर बीएसए दफ्तर तक दर्जनों बार गुहार लगाई जा चुकी है किंतु अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। जिम्मेदारों द्वारा जांच के नाम पर महज उन्हें टहलाया जा रहा है। शिक्षकों का कहना है कि कर्मचारी के संपूर्ण सेवाकाल का लेखाजोखा उसकी सेवा पुस्तिका में निहित होता है। सेवा पुस्तिकाओं के रखरखाव की जिम्मेदारी बीआरसी की होती है। वहां से कैसे गायब हो गई, इसकी बारीकी से छानबीन होनी चाहिए। बावजूद इसके मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। दोषियों को बचाने के फेर में उनके हितों से खिलवाड़ किया जा रहा है। शिकायत करने पर स्थानीय अधिकारी उल्टे उन्ही पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

● अधिकारियों के रवैये से शिक्षक परेशान

### क्या बोले जिम्मेदार

कुछ शिक्षकों की सेवा पुस्तिकाएं गायब हैं। शिकायतें सज्ञान में हैं। मामले की जांच हेतु खंड शिक्षाधिकारी मुख्यालय को निर्देशित किया गया था। किंतु विभागीय व्यस्तता के कारण जांच पूरी नहीं की जा सकी है। फिर से लेटर जारी कर आख्या तलब की जाएगी।

**प्रदीप कुमार पांडेय, बीएसए उन्नाव**

### जांच के नाम पर भद्दा मजाक कर रहे अधिकारी

**पाटन।** गायब सेवा पुस्तिकाओं के मामले में शिक्षकों का कहना है कि पहले तो इस संबंध में प्रथम दृष्टया पूर्व सहसमन्वयक को दोषी मानते हुए बीएसए स्तर से एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए किंतु अमल नहीं हुआ। इसके बाद जांच के लिए टीम गठित करने का आश्वासन दिया गया। किंतु शिक्षकों के संज्ञान में एक पखवाड़ा बाद भी कोई अधिकारी जांच करने बीआरसी नहीं पहुंचा। शिक्षकों का आरोप है कि अधिकारी जांच के नाम पर उनके साथ खेल खेल रहे हैं।

### बीआरसी मुख्यालय पहुंची टीम ने जांचे अभिलेख

**पुरवा,उन्नाव।** गुरुवार को बीआरसी मुख्यालय पर परियोजना कार्यालय से पहुंची चार सदस्यीय टीम ने निष्ठा प्रशिक्षण आदि से संबंधित अभिलेख जांचे। निरीक्षण को पहुंची टीम ने कई मामलों को लेकर नाराजगी जाहिर करी। बीईओ को कई मामलों में निर्देश भी दिये। जिम्मेदार सूत्रों की माने तो शिक्षक संगठन द्वारा फरवरी माह मे हुए निष्ठा प्रशिक्षण मे गड़बड़ी की शिकायत के चलते टीम जांच को पहुंचे थे। इसके पश्चात टीम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय असोहा का भी निरीक्षण किया। जहां मिड्डेमील सहित उपस्थित पंजिका को देखा।

# सचिव ग्राम विकास पर कोर्ट ने लगाया पांच हजार हर्जाना

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने बार बार आदेश करने के बाद भी हलफनामा दाखिल न करने पर सचिव ग्राम विकास लखनऊ पर 5000 रूपया हर्जाना लगाया है। कोर्ट ने कहा कि यदि वह अपने खाते से चेक द्वारा पाँच हजार रूपया राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में जमा कर हलफनामा दाखिल नहीं करते हैं तो उन्हें आगामी तिथि तीन नवम्बर 2020 को कोर्ट में हाजिर होना होगा। यह आदेश जस्टिस विवेक अग्रवाल ने त्र्यंबक नाथ की याचिका पर दिया है। याचिका के अनुसार याची वर्ष 2003 में रिटायर हो चुका है। उसने गलत बेसिक पे निर्धारण के खिलाफ याचिका दायर की है। याची के अधिवक्ता गिरिज शंकर मिश्र ने कोर्ट को बताया कि गलत बेसिक पे फिक्सेशन के चलते याची के पेंशन में काफी फर्क पड़ रहा है। कोर्ट ने इस याचिका पर कई अलग अलग तिथियों पर सचिव से उनका व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने को कहा था। सरकारी वकील का कहना था कि पत्र द्वारा सूचना दिया जा चुका है। परन्तु कोई हलफनामा दाखिल नहीं हुआ। सरकारी वकील को कोर्ट से मांग थी कि एक अवसर और दिया जाय ताकि सचिव से बात कर हलफनामा दाखिल किया जा सकें। इस पर कोर्ट ने एक और मौका हलफनामा दाखिल करने का देते हुए सचिव को निर्देश दिया है कि वह अपने खाते से पांच हजार रूपया का चेक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में जमा कर हलफनामा दाखिल करे। कोर्ट ने आदेश में कहा हैं कि ऐसा न करने पर उन्हें आगामी तीन नवम्बर को मुकदमा के सुनवाई की तिथि पर कोर्ट में हाजिर रहना होगा।

### प्रभारी निरीक्षक करेली के निलम्बन पर हाईकोर्ट की रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रयागराज के करेली थाने में तैनात प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार श्रीवास्तव के निलम्बन आदेश पर रोक लगा दी है। निरीक्षक को आईजी प्रयागराज परिक्षेत्र प्रयागराज के आदेश नौ सितम्बर 2020 द्वारा निलम्बित कर उन्हें पुलिस लाइन प्रयागराज में सम्बद्ध कर दिया गया था। यह आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट ने याची निरीक्षक की याचिका पर पारित कर आला अधिकारियों को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। याची की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम ने पक्ष रखा और कहा कि निलम्बन आदेश कानूनी रूप से गलत है। बहस की गयी कि याची के विरूद्ध निलम्बन आदेश पारित करने का कोई मैटेरियल नहीं था एवं आदेश हाईकोर्ट द्वारा पारित पूर्णपीठ के निर्णय जय सिंह दीक्षित तथा सच्चिदानन्द त्रिपाठी केस में दिए हाईकोर्ट की विधि व्यवस्था के विपरीत है। याची पर आरोप था कि उसने 27 अगस्त को करेली क्षेत्र में संचालित एक जिम में काम करने वाली युवती राजश्री मिश्रा के साथ हुई मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद भी अभियुक्तों के विरूद्ध कार्रवाई में शिथिलता बरती। इस कारण उसे यूपी अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की दंड एवं अपील नियमावली के प्रावधानों के अन्तर्गत निलम्बित कर पुलिस लाइन प्रयागराज में सम्बद्ध कर दिया गया था।

## क्विक न्यूज

### मांगी जानकारी न दाखिल करने पर अधिवक्ता की वीडियो कांफ्रेंसिंग से सुनवाई की मांग अस्वीकार

● सीबीएसई बोर्ड सचिव रिकार्ड के साथ तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मांगी गयी जानकारी न देने पर सी बीएसईबोर्ड के अधिवक्ता की वीडियो कांफ्रेंसिंग से सुनवाई की मांग अस्वीकार कर दी है। कोर्ट ने पांच नवंबर को क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज के सचिव को याची से संबंधित पत्रावली के साथ कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश भी दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल ने गौरव कुमार राय की याचिका पर दिया है। कोर्ट ने बोर्ड के अधिवक्ता धनंजय अवस्थी से तीन मार्च को याचिका पर जानकारी मांगी थी। सुनवाई के दौरान मांगी गयी जानकारी पत्रावली पर नहीं रखी गयी और अधिवक्ता ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से सुनवाई की मनाग की। आदेश का पालन न होने के कारण कोर्ट ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से सुनवाई की मांग अस्वीकार कर दी है। सुनवाई 5 नवम्बर को होगी।

### विस्फोटक पटाखों के साथ एक गिरफ्तार

**उन्नाव।** आगामी त्योहार दशहरा व दीपावली को दृष्टिगत रखते हुए अवैध विस्फोटक पटाखों की बिक्री व संग्रह रोकने के लिए जिले की पुलिस अभियान चला रही है। गुरूवार को मौरावां पुलिस ने अभियान के दौरान कस्बा मौरावां में चन्दनगंज बाजार से एक अभियुक्त को उसके गोदाम से अवैध विस्फोटक पदार्थ बिक्री व संग्रह करने के कारण गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने चन्दनगंज बाजार के रहने वाले अमरनाथ शुक्ला उर्फ बंगाली पुत्र चन्द्रनाथ शुक्ला के गोदाम से एक प्लास्टिक की बाल्टी में सुतली गोला पटाखा 252 अदद, प्लास्टिक की बोरी में 4 डिब्बे में रंग चक्र, 2 डिब्बे में साउन्ड ग्रीन राकेट 20 अदद, राकेट शालीमार 12 अदद, एक डिब्बे में 12 अदद ग्रीन सिग्नल राकेट, चाइनीज गोली 12 पैकेट कुल 120 अदद,एक गत्ते में 8 अदद राकेट, ग्राउण्ड चक्र 54 अदद, फुलझड़ी 25 पैकेट में कुल 250 अदद, एक गत्ते में 50 पैकेट माहताब कुल 350 अदद, मिर्च पटाखा 650 अदद, बरामद किया है।

### 10 आरोपितों के पास से 220 लीटर शराब बरामद

**उन्नाव।** अलग-अलग थानो की पुलिस ने गुरूवार को 220 लीटर अवैध शराब के साथ दस आरोपितो को गिरफ्तार किया है। सफीपुर में एसआई अवधेश कुमार ने सतीश पुत्र दिनेश पासी निवासी फाजिलपुर के पास से 90 लीटर, बांगरमऊ में तैनात एसआई संदीप कुमार यादव व एसआई महेन्द्र पाल सिंह ने राजेश पुत्र मलखे निवासी मुरादपुर थाना सफीपुर, अखिलेश पुत्र श्रीरामकृष्ण मिश्रा निवासी उम्मरपुर प्रीतम थाना फतेहपुर चौरासी, अमर सिंह पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी पलिया थाना बांगरमऊ, के पास से कुल 65 लीटर, मांखी में तैनात एससाई बादाम सिंह ने बिटाना पत्नी रामस्वरूप, गीता पत्नी राकेश निवासीगण ग्राम रायपुरगढ़ी थाना मांखी के पास से 20 लीटर, गंगाघाट में तैनात एसआई राजकुमार सरोज ने देशराज पुत्र संजीवन लाल निवासी झब्बूपुरवा थाना गंगाघाट, सूरज पुत्र स्व. सत्यनारायण निवासी नरवीजपुर देवाराकला के पास से 15 लीटर, हसनगंज में तैनात एसआई प्रमोद कुमार यादव ने गुड्डू पुत्र चन्द्रपाल निवासी कटरा मोहान के पास से 20 लीटर, शहर कोतवाली में तैनात एसआई अरूण कुमार तिवारी ने सोनू पुत्र कल्लू निवासी शान्ती नगर के पास से दस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई।

### उन्नाव मेडिकल सेंटर के डाक्टर समेत पांच पर केस दर्ज

**उन्नाव।** मांखी थाना क्षेत्र के खुमानखेड़ा गांव निवासी बीरेन्द्र यादव पुत्र मुन्नूलाल ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी सपना गर्भवती थी। नौ सितम्बर 2020 को महिला की हालत बिगड़ने पर उसे शहर के कब्बाखेड़ा स्थित उन्नाव मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया गया है। जहां डाक्टर ने बताया कि आपरेशन करना पड़ेगा। इसके लिए डाक्टर ने पचास हजार रूपए की मांग की। पचास हजार रूपए देने के बाद दस सितम्बर को महिला ने एक नवजात को जन्म दिया। उधर, नवजात को जन्म देने के बाद महिला को लगातार पेट दर्द हो रहा था। 21 अक्टूबर को सपना के पेट में अधिक दर्द होने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां भर्ती व रूपए के लेनदेन में मारपीट शुरू हो गई। बीरेन्द्र का आरोप है कि अस्पताल के डाक्टर व काम करने वाल कर्मचारियों हाकी, लाठी-डंडो से मारपीट की। जिससे गंभीर चोटे आई है। पीड़ित बीरेन्द्र की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उन्नाव मेडिकल सेंटर के डा. रिमझिम जैन, डा. निर्मलखेड़िया, डा. भरतखेडिया, प्रियांशू व अन्य कर्मचारियों के विरूद्व मारपीट करने का केस दर्ज किया है।

### खुदरा विक्रेताओं और किराना स्टोर्स के लिए बेहतर विकल्प

**वाराणसी।** ग्राहकों के त्योहार को खुशियों से भरने के लिए किफायती और बेहतर वैल्यू के साथ द बिग बिलियन डेज़ ष्न्यू नॉर्मलष् के समय भारतीय ग्राहकों की मांग को पूरा कर रहा है। इस साल फ्लिपकार्ट किरानाए एमएसएमई और ब्रैंड्स सहित साथ पूरा रिटेल विक्रेताए स्थानीय एमएसएमईए कारीगर और बुनकर सभी एक साथ आए हैंए इससे देश भर के ग्राहकों से आ रही बढ़ी मांग का भी पता चलता है। यह पूरे देश के ग्राहकों के बीच आवश्यक उत्पादों की मांग सबसे ज्यादा है और वे अपने परिवार को कोविड.19 से बचाने के लिए पूरी सावधानी बरत रहे हैं। घरेलू और पर्सनल केयर उत्पादों से जुड़े विक्रेताओं के व्यापार में दिन प्रतिदिन वृद्धि हो रही है।

# ऑनलाइन होंगी वर्तमान परीक्षाएंः शिव कुमार सिंह

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**स्कूली** छात्रों के लिए परीक्षाओं के सबसे बड़े आयोजक साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन ने घोषणा की है। परीक्षाएं वर्तमान शैक्षणिक वर्ष के दौरान ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी। छात्रों की सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी चिंता को सर्वोपरि मानते हुए सभी छात्र अपने घरों से एसओएफ परीक्षा में उपस्थित हो सकेंगे। हर साल भारत और अन्य देशों के लाखों छात्र परीक्षाओं में शामिल होते हैं। पिछले साल वाराणसी से लगभग 24 हजार लखनऊ से 47 हजार प्रयागराज से 23 हजार छात्रों ने कक्षा एक से बारह तक परीक्षा दी थी। संस्थापक निदेशक महाबीर सिंह ने कहा कि एसओएफने ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करने के लिए एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठन से भागीदारी की है। उन्होंने कहा की परीक्षा की अखंडता को सुनिश्चित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिमोट प्रॉक्टरिंग परीक्षा की वीडियो रिकॉर्डिंग और अन्य विभिन्न उपकरणों का व्यापक उपयोग किया जाएगा। परीक्षा के लिए पंजीकृत बत्तीस देशों के 56 हजार से अधिक स्कूलों और लाखों छात्रों ने उनमें भाग लिया। एसओएफ की तरफ से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विजेता स्कूलों और छात्रों को पुरस्कार और छात्रवृत्ति दी जाती है। पंजीकरण खुले हैं और छात्र प्रत्येक तिथि से पंद्रह दिन पहले तक एसओएफ की वेबसाइट पर पंजीकरण कर सकते हैं।परीक्षाएं नवंबर से शुरू हो जाएँगी।

# मच्छोदरा नाथ के पंडाल में प्राण-प्रतिष्ठा की गई दुर्गा की मूर्ति

**वाराणसी।** शारदीय नवरात्र के षष्ठी को मॉ जगदंबा की प्रतिमा को मच्छोदरी स्थित बाबा मच्छोदरा नाथ दुर्गोत्सव समिति के पंडाल में गुरूवार को श्रद्धालुओं के दर्शन-पूजन के लिए खोल दिया गया। प्रशासन के दिशा-निर्देश पर पंडाल में पांच फीट के अंदर मॉ जगदंबा की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई है।प्रशासन के दिशा-निर्देश पर पंडाल में पांच फीट के अंदर मॉ जगदंबा की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई है। गुरूवार को सायं काल से ही श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन के लिए पंडाल में स्थापित मॉ दुर्गा की प्रतिमा को खोल दिया गया था। देर सायं से दर्शन पूजन के लिए पंडाल में श्रद्धालु पहुँचने लगे थे।

# पूर्व सांसद ने संभाली कमान कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने की अपील की



**फतेहपुरचौरासी,उन्नाव।** बांगरमऊ विधानसभा के उपचुनाव को लेकर समस्त उम्मीदवार जोर शोर से मैदान में उतर कर जनसम्पर्क के साथ पार्टियों के बड़े नेताओं का दौराकरा कर वोटरों को लुभाने का कार्य करने में लगें हैं। इसी को मद्देनजर रखते हुए बांगरमऊ कांग्रेस प्रत्याशी आरती बाजपेई के समर्थन में गुरूवार को शीतला माता मंदिर परिसर तथा राजेपुर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी नें अपनी मीटिंग के दौरान क्षेत्र की जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस सरकार में पहली बार बेरोजगारी चरम पर है। प्रमोद तिवारी ने कहा की बांगरमऊ कांग्रेस प्रत्याशी आरती बाजपेई जीत गोपीनाथ दीक्षित को श्रद्धांजलि होगी। कहा कि आरती उनकी विरासत को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि यह धरती क्रांति एवं साहित्य की धरती है। यह मेरा सौभाग्य है, हमें चंद्रशेखर आजाद की धरती पर आने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने अपने संबोधन में उमा शंकर दीक्षित और जियाउर रहमान अंसारी की धरती बताकर लोगों को जोडने का काम किया। कहा कि आपको फैसला करना है कि बांगरमऊ दीक्षित वाला चाहते हो या वह जो कोई नहीं चाहता। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ट नेता मौजूद रहे।

# प्रदेश को विकास के पथ पर ले जा रही भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**भारतीय** जनता पार्टी कैंट विधानसभा के मंडल के प्रशिक्षण में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर भजपा कार्यकर्ताओं ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय को याद किया और उनके बातों को आत्मसात करने की बात कही। शिविर के अंतिम सत्र को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी नेता व वाराणसी कैण्ट से विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि 15 वर्षों के सपा-बसपा के शासनकाल में उत्तर प्रदेश और विशेषकर वाराणसी मूलभूत सुविधाओं के मामले में तबाह हो गई थी। जबसे प्रदेश में भाजपा सरकार आई है सकारात्मक बदलाव हुए हैं। उन्होंने प्रदेश में पूर्व की सपा व बसपा सरकारों को जमकर कोसा और कहा कि सपा बसपा ने हमेशा स्वार्थ की राजनीति किया है। सपा और बसपा ने जनता को बरगलनाने और अपनो से लड़ने के लिए प्रेरित किया। ध्वस्त सड़कें, बदहाल कानून व्यवस्था, बिजली कटौती आदि से प्रदेश की संपूर्ण प्रशासनिक व्यवस्था ही चरमराई हुई थी। 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद सभी मामले में जबरदस्त सुधार हुआ है। वर्षों से लंबित योजनाएं पूर्ण हुई हैं। नई परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ है और कई परियोजनाएं ऐसी भी हैं जिनके शिलान्यास के बाद लोकार्पण भी इसी साढे 3 वर्षों में हो गया है। अपराधियों पर पुलिस कार्यवाही कर उनके हौसले पस्त किया है। प्रदेश में रोजगार आने की राह खुली है। महानगरों में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 22 घंटे विद्युत आपूर्ति ने सभी को सुकून दिया है। इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन ने उद्योगपतियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित किया है। वर्षों से बदहाल सड़कों को चमचमाया जा रहा है। कुल मिलाकर कार्य संस्कृति में बदलाव से उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता कैंट मंडल के अध्यक्ष गोपाल मौर्या ने की। संचालन मंडल महामंत्री पुन्नू लाल बिंद ने किया। विशेष रूप से महानगर महामंत्री अशोक पटेल की उपस्थिति रही।

# अब हिंडाल्को में होगी डिजिटल रामलीला

**वाराणसी।** और अब रामलीला भी डिजिटल हो गई। कोविड.19 के कारण उत्पन्न हुई परिस्थिति के बीच दुर्गा पूजा के आयोजन की चुनौतियों से निबटने के लिए देश की अग्रणी कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने पूजा को पूरी तरह से आभासी दुनिया से जोड़ने का फैसला किया है। रेणुकूट में हिंडाल्को द्वारा इस वर्ष रामलीला का मंचन यू.ट्यूब के माध्यम से करने का फैसला किया गया है। यही नहींए प्लांट परिसर में होने वाले पूजा को भी 22 से 26 अक्टूबर के बीच लाइव यू.ट्यूब पर प्रसारित करने का फैसला किया गया है। ऐसा कोविड .19 के बाद उत्पन्न हुए हालात के मद्देनजर किया जा रहा है।कंपनी का मानना है कि किसी भी परिस्थिति में कोरोना के संक्रमण के फैलाव को रोकना है। कंपनी सरकार के द्वारा जारी दिशा.निर्देश का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कर रही है ताकि लोगों को दुर्गोत्सव का आनंद भी मिले और लोग कोविड 19 के फैलाव के संभावित खतरे से भी बच सकें।रेनुकूट हिंडाल्को के यूनिड हेड एसएन जाजू ने इस बारे में कहा कि श्पिछले पांच दशकों सेए हम दशहरा बहुत धूमधाम से मना रहे हैं। हर वर्ष 10 दिनों के लिए रामलीला का मंचन किया जाता रहा हैए और हर साल हजारों लोगों ने इसका आनंद लिया है। हमारी रामलीला और दशहरा समारोह की भव्यता का एक समृद्ध इतिहास रहा है। इस सालए डिजिटल जाना आदर्श बन गया हैए और इसलिएए हमारे रेणुकूट परिवार अपने रामलीला मंचन को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# भक्तों ने की भगवती कात्यायनी देवी की साधना

● संकठा गली में भोर से ही श्रद्धालुओं ने मंदिर में लाइन लगाकर किया दर्शन-पूजन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी





**शारदीय** नवरात्र के षष्ठी के दिन चौक के संकठा गली स्थित आदि विशेश्वर मंदिर में विराजमान मॉ दुर्गा के रूप में भगवती कात्यायनी देवी का दर्शन-पूजन कर समस्त सद्कामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। देवी की कृपामात्र से भक्त को मोक्ष की प्राप्ति होती है।चौक थाना क्षेत्र के संकठा गली स्थित आदि विशेश्वर मंदिर में विराजमान भगवती कात्यायनी देवी के दर्शन-पूजन के लिए भोर से ही भक्तों की कतार लगी रही। सुहागिनों ने पति के दीर्घायु की कामना से देवी को सुहाग की निशानियां भी अर्पित की। सुबह से रात तक देवी की जयकारा लगाते भक्तगण देवी का दर्शन-पूजन करते रहे। मंदिर के बाहर माला-फूल व पैकेट बंद प्रसाद की दुकानें लगी रहीं। काशी के अन्य देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया और मॉ को लाल चुनरी, नारियल, माला-फूल, प्रसाद आदि चढ़ाये। दर्शन-पूजन का क्रम भोर में चार बजे मंगला आरती के बाद से शुरू हो गया जो देर रात्रि तक चलता रहा। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने मॉ के चरणों में पहुॅचकर हाजिरी लगायी। हजारों नर-नारियों ने भगवती कात्यायनी मंदिर में पहुॅचकर 'मॉ जगदंबा की जय का उद्घोष लगाया, दुर्गा मइया की जय, बोलो सांचे दरबार की जय आदि मंदिर में गूंजायमान हो उठा।

# डेढ़ वर्ष से लापता युवती का शव बरामद, आरोपित गिरफ्तार

● अजगैन कोतवाली क्षेत्र के झखरी पछियावा गांव की थी रहने वाली

**चकलवंशी,उन्नाव।** डेढ़ वर्ष से गायब युवती का शव स्वाट व पुलिस की संयुक्त टीम ने बरामद किया। आरोपी युवक की निशान देही पर पुलिस ने शव को खोदवाया। इस मौके पर तसीलदार रजनीश सहित दो थानों का पुलिस बल मौजूद रहा। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के झखरी पछियावा निवासी रमेश पासी ने अपनी बेटी शालू (24) वर्ष गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराया था। कहा कि दो अप्रैल 2019 को माखी थाना क्षेत्र के पंडित खेड़ा निवासी सूरज पुत्र पुत्तन लाल बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गया था। पुलिस ने 14 अप्रैल 2019 को नाम जद सूरज के विरुद्ध अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु की। अजगैन प्रभारी संतोष कुमार ने बताया आरोपी युवक हाई कोर्ट से स्टे ले रखा था। जिससे पुलिस उस पर हाथ नहीं डाल पा रही थी। हाईकोर्ट के दिशा निर्देश पर डेढ़ वर्ष बाद एसओजी व पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। आरोपित ने हत्या कर शव छुपाने की बात स्वीकार किया। आरोपी की निशान देही पर गुरूवार को मांखी के पंडितखेडा गांव से करीब एक किमी दूर आरोपी ने अपने खेत के बगल में अनिल मिश्रा के खेत में शव होने का चिंहांकन कराया। तहसीलदार रजनीश के समक्ष पुलिस ने सफाई कर्मी मजदूरों से शव को करीब चार फुट गहराई से खोदवाया। सफाईकर्मी शिवलाल ने शव के अस्थि पंजर को बाहर निकाल कर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने शव के अस्थि पंजर पर मिले पकड़े व सोने की लाकेट पिता को दिखा कर शिनाख्त कराया। इस मौक पर तहसीलदार रजनीश स्वाट टीम में गौरव कुमार, फिरोजखान माखी थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर, अजगैन प्रभारी संतोष कुमार, पावा चौकी प्रभारी राम औतार मौजूद रहे।

# सीएमओ ने बीएचयू अस्पताल के अधिकारियों से की मंत्रणा



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**मुख्य चिकित्सा** अधिकारी (सीएमओ) डॉ वीबी सिंह ने बुधवार को सर सुंदर लाल चिकित्सालय बीएचयू में चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसके माथुर एवं मेडिसिन विभाग के प्रभारी प्रो कैलाश कुमार के साथ कोविड-19 के अंतर्गत कोविड चिकित्सालयों में मरीजों के समुचित उपचार एवं आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के नॉन कोविड अस्पताल में समुचित उपचार के संबंध में बैठक की। बैठक में सीएमओ द्वारा कोविड के अंतर्गत मरीजों के समुचित उपचार, मृत्यु दर कम करना आदि बिन्दुओं पर चर्चा करते हुये अनुरोध किया कि मरीजों की केस हिस्ट्री के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुये उनके बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। क्रिटिकल केयर के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीमों को 24 घंटे निगरानी के लिए लगाया जाए ताकि मरीजों की प्रत्येक दशा में जीवन सुरक्षा की जा सके। सीएमओ ने कहा कि बीएचयू में मरीजों को उनके परिजनों से बात करने के लिए इंटरकॉम की व्यवस्था की जाए। मरीजों के समय से भोजन, पानी दवाएं एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता कराने के लिए भी कहा। बैठक में सीएमओ द्वारा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत नॉन कोविड अस्पताल में लाभार्थियों को समुचित लाभ पहुंचाने के लिए चर्चा किया। कोविड-19 के मरीजों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ उपचार किए जाने पर चर्चा हुई।

### मुर्री बंदः बुनकरों ने कारखाने की ताली व बैनामे की कापी सौंपने के लिए मानव शृंखला बनाई

**वाराणसी।** मुर्री बंद के आठवें दिन गुरूवार को बुनकरों का आंदोलन तेज हो गया, आज बुनकर हताश होकर कारखाना बंद करने की नियत से कारखाने ककी ताली और कारखानों की बैनामे की कॉपी जिला प्रशासन को सौंपने के लिए शास्त्री घाट पर इकट्ठा हुए। शास्त्री घाट पर वाराणसी वस्त्र बुनकर संघ के जिलाध्यक्ष राकेश कांत राय ने अपने भाग्य को कोसते हुए कहा कि जिन बुनकरों से प्रदेश सरकार ने वादा किया था कि 15 दिन के भीतर हम बढ़िया फ्लैट रेट दे देगें, हम बुनकर फ्लैट रेट दो-तीन तीन गुना उचित मूल्य वृद्धि के लिए भी तैयार थे। इसके लिए बुनकरों ने प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री को हथकरघा वस्त्र उद्योग के मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह को व्यक्तिगत रूप से हजारों ईमेल और ट्वीटर के जरिये बार-बार याद दिलाते रहे। आज बुनकरों ने वाराणसी वस्त्र बुनकर संघ व बिरादाना तंजीम के संयुक्त तत्वावधान में जेपी मेहता कालेज से जिला मुख्यालय की तरफ जाने वाले सड़क के दोनों तरफ गुरूवार को सोशल डिस्टेशिंग के साथ कारखाने की ताली और बैनामें की कापी सौंपने के लिए कतारवद्ध तरीके से मानव श्रृंखला बनाकर खड़े थे।

# रेल सुरक्षा बल के निरीक्षक रेल मंत्री पदक से सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**उत्तर मध्य** रेलवे नैनी रेल सुरक्षा बल पोस्ट के शिव कुमार सिंह आईपीएफको सर्वश्रेष्ठ जांच के लिए रेल मंत्री पदक से सम्मानित किया गया है। प्रत्येक वर्ष विशिष्ट क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रेल सुरक्षा बल कर्मियों को रेलमंत्री के स्तर पर बहादुरी पदक सर्वश्रेष्ठ जांच पदक जीवन रक्षक पदक और महिला और बाल सुरक्षा पदक से सम्मानित किया जाता है। प्रयागराज मण्डल के अंतर्गत नैनी रेल सुरक्षा बल पोस्ट पर कार्यरत शिव कुमार सिंह द्वारा उनके कार्य के दौरान कर्तव्य के प्रति निष्ठा समर्पण और ईमानदारी के लिए रेलवे बोर्ड ने 8 अक्टूबर को पत्र के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ जांच श्रेणी के लिए उनके नाम की घोषणा की गयी। शिव कुमार ने मोबाइल सर्विलांस तकनीक कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स और केंद्रित जांच की मदद से चलती ट्रेन में चोरी और अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्त दस चोरों के एक गिरोह का भंडाफोड़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और रेलवे अधिनियम के तहत अपराधियों को गिरफ्तार किया। उन पर मुकदमा चलाया गया। प्रतिष्ठित रेलमंत्री के पदक के अतिरिक्त श्री सिंह को पचास रुपये का नकद पुरस्कार भी दिया गया। महाप्रबंधक राजीव चौधरी प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त उत्तर मध्य रेलवे रवींद्र वर्मा और उत्तर मध्य रेलवे के अन्य अधिकारियों ने शिव कुमार सिंह को उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उत्तर मध्य रेलवे के अथक प्रयासों से रेल सुरक्षा बल न केवल अपने निर्धारित कर्तव्य का निर्वहन कर रही है बल्कि मानवीय दृष्टिकोण के साथ कार्य करते हुये रेल सुरक्षा बल के मिशन यशो लभासव को भी चरितार्थ कर रही है। रेल सुरक्षा बल उत्तर मध्य रेलवे कोविड 19 के विरुद्ध लड़ाई में हर क्षेत्र में अग्रणी योगदान दे रहा है। लॉकडाउन में स्टेशनों और रेकों की सुरक्षा से लेकर जरूरतमंदों तक भोजन और श्रमिक विशेष की कुशल संचालन के साथ साथ उत्तर मध्य रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल ने चालू वित्त वर्ष के दौरान सभी क्षेत्रों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

# चीन में खलबली है क्योंकि अरुणाचल से लद्दाख तक बुनियादी संरचनाओं को मजबूत किया जा रहा है: नड्डा

**भाषा।** शिमला,नई दिल्ली



**भाजपा** अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को कहा कि आज चीन में खलबली इसलिए मची हुई है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अरुणाचल प्रदेश से लेकर लद्दाख तक सीमाओं को सुरक्षित करने के साथ ही बुनियादी संरचनाओं को मजबूत किया जा रहा है।

नड्डा ने दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के छह जिला भाजपा कार्यालयों, पालमपुर, धर्मशाला, नूरपुर, देहरा, सुंदरनगर और कुल्लू के शिलान्यास के अवसर पर अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने कहा, आज चीन में खलबली इसलिए मची हुई है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अरुणाचल प्रदेश से लेकर लद्दाख की सीमा तक विगत छह वर्षों में 4700 किलोमीटर सड़क बन गई है और पूरे सीमा क्षेत्र को कवर कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि सीमा पर 14,000 से ज्यादा फोर लेन पुल बन कर तैयार हैं और हाल ही में प्रधानमंत्री ने अटल सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया है जो हिमाचल को लद्दाख से जोड़ती है।

ज्ञात हो कि पूर्वी लद्दाख में मई में शुरू हुए सीमा गतिरोध के बाद से ही चीन और भारत के बीच तनातनी चल रही है। दोनों देशों की सेनाओं ने क्षेत्र में सैनिकों की भारी तैनाती कर रखी है। भाजपा अध्यक्ष ने इस दौरान जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त करने और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की आधारशिला रखे जाने का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर आरोप लगाया कि सत्ता में रहते उसने इन मामलों को लटकाने के हरसंभव प्रयास किए। उन्होंने कहा, चाहे धारा 370 का उन्मूलन हो, तीन तलाक का खात्मा हो या राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करना हो, सभी विषयों का पूर्णकालिक समाधान प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अनुच्छेद 370 को खत्म कर जम्मू और कश्मीर में विकास की बयार बहाई है तो अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। नड्डा ने कहा, कांग्रेस ने तो इसे अटकाने, लटकाने और भटकाने के न जाने कितने जतन किए थे। कृषि सुधारों पर भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पहली बार किसानों को आजादी मिली है कि वे अपने उत्पादों को देश के किसी भी हिस्से में चाहे उचित मूल्य पर बेच सकते हैं। इससे हिमाचल प्रदेश के फल उत्पादकों को काफी लाभ होगा। आत्मनिर्भर अभियान के तहत कृषि संसाधनों के लिए एक लाख करोड़ रुपए का आवंटन और लघु, सूक्ष्म एवं माध्यम उद्योगों के लिए तीन लाख करोड़ की व्यवस्था का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के किसानों और उद्यमियों को इसका अधिक से अधिक लाभ मिले, इसके लिए पार्टी और सरकार को आगे बढ़ कर काम करना चाहिए।उन्होंने कहा, आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत चंबा के रुपाल, कुल्लू के शॉल, लाहौल स्पीति और शिमला की टोपी, स्टोन कार्निंग और हिमाचल प्रदेश की खान-पान की संस्कृति की ब्रांडिंग होगी।

## पालघर मामले में आठ और लोग गिरफ्तार

**मुम्बई।** पालघर जिले के गडचिंचलाले गांव में इस वर्ष अप्रैल में दो साधुओं समेत तीन लोगों की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले में महाराष्ट्र पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने बृहस्पतिवार को आठ और लोगों को गिरफ्तार किया। मामले में अभी तक 186 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 11 नाबालिग हिरासत में लिए गए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार को 24 लोगों को गिरफ्तार किए जाने के बाद पुलिस ने बृहस्पतिवार को आठ और लोगों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के फैले होने के बावजूद ए आरोपी घटनास्थल पर मौजूद थे और इन्होंने किसी को अपराध करने से रोका नहीं। अधिकारी ने बताया कि इनमें से कुछ ने घटना का वीडियो बनाया और कुछ ने वहां हल्ला भी मचाया था। आरोपियों के हाथ में लाठियां थीं। गत 16 अप्रैल को दो साधु सहित तीन लोग कोरोना वायरस महामारी के चलते लागू लॉकडाउन के बीच सूरत में एक अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहे थे।



लेह में लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद चुनाव के दौरान काम करते मतदान अधिकारी

# भाजपा कर रही सार्वजनिक स्वास्थ्य का राजनीतिकरण: भूपेश बघेल

**भाषा।** रायपुर



**छत्तीसगढ़** के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र में बिहार के लोगों के लिए नि:शुल्क कोविड-19 टीकाकरण के वादे के बाद पार्टी पर सार्वजनिक स्वास्थ्य का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री बघेल ने ट्वीट किया है कि राजग के घोषणापत्र में बिहार के लोगों के लिए नि:शुल्क टीके की बात कही गई है। यह भाजपा और जदयू का एक चुनावी वादा है।

बघेल ने नीचे लिखा है, नोट: घोषणापत्र किए जाने वाले वादों की एक सूची है जिसमें कहा गया है कि यदि सरकार सत्ता में आती है तो वह नागरिकों के स्वास्थ्य का राजनीतिकरण करेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी लिखा है कि इस चुनावी वादे के साथ भाजपा ने यह भी संकेत किया है कि दूसरे राज्यों में जहां चुनाव नहीं हो रहे हैं वहां के नागरिकों को टीके के लिए भुगतान करना होगा। वहीं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने ट्वीट किया है, कोविड का नि:शुल्क टीका मेरे देश के प्रत्एक नागरिक का अधिकार है। यह आश्चर्यजनक है कि बिहार में भाजपा ने इसे चुनावी वादे के रूप में इस्तेमाल किया है। सिंहदेव ने कहा है, चुनाव आयोग को पर स्वत: संज्ञान लेना चाहिए कि केन्द्र सरकार लोगों तक मुफ्त टीका पहुंचाने के लिए चुनावी नतीजों को आधार न बना सके। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को बिहार विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी किया था। घोषणा पत्र में कोविड-19 के लिए मुफ्त टीकाकरण सहित कई वादे शामिल हैं।

# बड़े बड़े वादों को पूरा करने के लिए पैसा कहां से आएगा: जदयू ने राजद से पूछा

**भाषा।** पटना

**जनता** दल यूनाइटेड (जदयू) ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को अपने घोषणा पत्र के तहत सात निश्चय-2 लागू करने का संकल्प व्यक्त किया। पार्टी ने कहा कि विपक्षी राजद ने जनता को गुमराह करने के लिए बड़े बड़े वादे किए हैं जिन्हें पूरा करने के लिए पांच लाख करोड़ रूपए की जरूरत होगी, लेकिन लोग जानना चाहते हैं कि यह पैसा कहां से आएगा? बिहार विधानसभा चुनाव के लिए नीतीश कुमार की पार्टी जदयू ने बृहस्पतिवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया जिसमें सात निश्चय-2 के तहत युवा शक्ति, सशक्त महिला, हर खेत को सिंचाई के लिए पानी, स्वच्छ गांव एवं शहर, सम्पन्नता और सभी के लिए स्वास्थ्य सुविधा का वादा किया गया है।

जदयू मुख्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह ने राज्य विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। इसमे जदयू ने नारा दिया है, पूरे होते वादे, अब हैं नए इरादे। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक चौधरी ने राजद और उसके नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि यहां के नौजवानों को बेवकूफ़ बनाकर, उन्हें बरगला कर वह गद्दी हथियाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, इन्होंने (राजद ने) जो योजना बनाई है उसके लिए पांच लाख करोड़ रुपए का बजट चाहिए। उनको यह बताना चाहिए कि यह लोग इतना राजस्व कहाँ से लाएंगे? चौधरी ने कहा बिहार का बजट 2.11 लाख करोड़ रूपए का है जबकि राजद के शासनकाल में यह 24 हजार करोड़ रूपए का था। अब वे (राजद) बताएं कि पांच लाख करोड़ रूपया कहां से आएगा ? चौधरी ने कहा इन्होंने 10 लाख नौकरियां देने का वादा किया है। हमारा कहना है हम बिहार को सक्षम और स्वावलंबी बनाएंगे तथा युवाओं को इतना सक्षम बनाएंगे कि वे अपने साथ दूसरों को भी रोजगार दे सकें। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह ने संवाददाताओं से कहा हम जो वादा करते हैं, उसे पूरा करते हैं और हमारा पहला सात निश्चय इसका उदाहरण है। राजद नेता और महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव के 10 लाख नौकरियों के वादे पर निशाना साधते हुए वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा, नीतीश कुमार सिर्फ वादा करने के लिए कुछ नहीं बोलते। अगर उन्होंने कुछ कहा है तो उसे जरूर पूरा करेंगे। लेकिन अनुभवहीन नेता कह रहे हैं कि 10 लाख नौकरियां देंगे। उन्होंने पूछा इन नौकरियों के लिए 58 हजार करोड़ रुपए कहां से आएंगे? बिहार की वित्तीय स्थिति जाने बगैर ही इस तरह के वादे कर दिए गए। न अनुभव है, न वित्तीय स्थिति की जानकारी है और न ही उन्हें यह पता है कि वादा पूरा नहीं करने का परिणाम क्या होता है। वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा वह (तेजस्वी) कह रहे हैं कि 4.5 लाख पद रिक्त हैं। लेकिन उन्हें पता ही नहीं है कि इसमें भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है, विज्ञापन भी निकाले गए हैं। सिंह ने कहा, सामाजिक दायित्व को निभाना, उसे बनाए रखना और समाज को देखते हुए राज्य के खजाने के बारे में सोचना राजधर्म होता है। शराबबंदी से राज्य के खजाने पर असर हुआ या न हुआ हो, समाज में निश्चित ही इसका असर हुआ है।

# भाजपा सांसद का दावा, मेडिकल छात्रा ने कमलनाथ के लिए 'कमरनाथ' शब्द का इस्तेमाल किया

**भाषा।** इंदौर (मध्यप्रदेश)

**फिल्म** अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज के साथ पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की आठ महीने पुरानी तस्वीर दिखाते हुए इंदौर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद शंकर लालवानी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उनके सामने एक मेडिकल छात्रा ने 73 वर्षीय कांग्रेस नेता के लिए 'कमरनाथ' शब्द का इस्तेमाल किया।

लालवानी ने यहां भाजपा द्वारा आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जो तस्वीर दिखाई, उसमें कमलनाथ जैकलीन की कमर में हाथ डालकर खड़े दिखाई दे रहे हैं जबकि फिल्म सितारे सलमान खान उनके पास खड़े नजर आते हैं। भाजपा सांसद ने कहा, इंदौर जिले के सांवेर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान मुझे बुधवार को एमबीबीएस पाठ्यक्रम की एक छात्रा मिली जो इमरती देवी के बारे में कमलनाथ की अभद्र टिप्पणी से बेहद नाराज है। इस छात्रा ने मुझे जैकलीन के साथ कमलनाथ की तस्वीर दिखाते हुए गुस्से में बोला कि यह कमलनाथ नहीं, बल्कि कमरनाथ हैं। लालवानी ने हालांकि तथाकथित मेडिकल छात्रा के नाम का उल्लेख नहीं किया। उन्होंने कहा, "इमरती देवी पर अभद्र टिप्पणी के मामले में आम लोगों से लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी तक गुस्सा जता चुके हैं, लेकिन कमलनाथ अपनी इस टिप्पणी को लेकर अहंकारी रवैया अपनाए हुए हैं और अपने आगे गांधी को भी कुछ नहीं समझ रहे हैं। उधर, तथाकथित मेडिकल छात्रा द्वारा "कमरनाथ शब्द के इस्तेमाल को लेकर लालवानी के दावे पर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता संतोष सिंह गौतम ने कहा, लोकसभा सांसद जैसे जिम्मेदार पद पर होने के बावजूद लालवानी महज सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए कमलनाथ के खिलाफ कमर के नीचे वार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लालवानी उस मेडिकल छात्रा की पहचान का फौरन खुलासा करें जिसने उनके निराधार दावे के मुताबिक कमरनाथ शब्द का इस्तेमाल किया था। वरना हम यही मानेंगे कि भाजपा सांसद झूठ बोल रहे हैं। हम चुनाव आयोग में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराएंगे।




पटना में चुनाव से पहले बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष अशोक चौधरी के साथ पार्टी का रिपोर्ट कार्ड जारी करते हुए

## खडसे का भाजपा छोड़ने का निर्णय कठिन, लेकिन अपरिहार्य था: रोहिणी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे के लिए भाजपा छोड़ने का निर्णय लेना कठिन था लेकिन अपरिहार्य भी था। यह बात बृहस्पतिवार को उनकी बेटी रोहिणी खडसे ने कही। भ्रष्टाचार के आरोपों में 2016 में देवेन्द्र फडणवीस नीत भाजपा सरकार से इस्तीफा देने के बाद से ही एकनाथ खडसे असंतुष्ट थे। बुधवार को उन्होंने भगवा दल से इस्तीफा दे दिया। खड़से शुक्रवार को शरद पवार की पार्टी राकांपा में शामिल होने जा रहे हैं। रोहिणी खडसे ने नासिक में संवाददाताओं से कहा, मेरे पिता ने अपने जीवन के 40 वर्ष भाजपा को दिए। निश्चित तौर पर यह उनके लिए और मेरे लिए कठिन निर्णय था, लेकिन मेरा मानना है कि यह अपरिहार्य था। हम निश्चित तौर पर नई पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, अब पीछे नहीं लौटना है, हम पूरे उत्साह से नई पार्टी में शामिल होंगे। भाजपा ने 2019 के विधानसभा चुनाव में एकनाथ खडसे को टिकट नहीं दिया था और जलगांव जिले के मुक्तिनगर विधानसभा क्षेत्र से रोहिणी को उतारा था। इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैं काफी निराश थी क्योंकि भाजपा ने मेरे पिता को टिकट नहीं दिया। मुझे इस बात की खुशी नहीं थी कि उन्हें टिकट नहीं देकर मुझे उम्मीदवार बनाया गया। रोहिणी खडसे शिवसेना के बागी उम्मीदवार चंद्रकांत पाटिल से चुनाव में हार गई थीं। भाजपा छोड़ने के बाद खडसे (68) ने फडणवीस पर आरोप लगाए कि उन्होंने उनकी जिंदगी और राजनीतिक कॅरियर को बर्बाद करने का प्रयास किया था। खडसे की पुत्रवधू रक्षा खडसे महाराष्ट्र में रावेर सीट से भाजपा की लोकसभा की सदस्य हैं।

# लोकपाल को इस वर्ष अप्रैल और सितम्बर के बीच 55 शिकायतें प्राप्त हुईं

**भाषा।** नई दिल्ली

**भ्रष्टाचार** विरोधी निकाय लोकपाल को इस वित्त वर्ष में अप्रैल से सितम्बर के बीच कुल 55 शिकायत प्राप्त हुई। इनमें से तीन शिकायत सांसदों के खिलाफ थी। आधिकारिक आंकड़े में यह जानकारी दी गई है। इसके अनुसार कुल शिकायतों में से 22 ग्रुप ए और बी श्रेणी के केन्द्रीय सरकार के अधिकारियों, 26 विभिन्न बोर्डा निगमा स्वायत्त निकायों के अध्यक्षों, सदस्यों और कर्मचारियों के खिलाफ थी, जो केन्द्र द्वारा पूर्ण या आंशिक रूप से वित्तपोषित थे और चार अन्य श्रेणी में थी।

वर्ष 2020-21 के लिए सितम्बर के अंत तक अद्यतन किए गए लोकपाल के आंकड़ों के अनुसार प्रारंभिक जांच के बाद 28 शिकायतों को निपटाया गया। इसमें कहा गया है कि 13 शिकायतों में लोकपाल ने प्रारंभिक जांच के आदेश दिए थे जिनमें से 12 की जांच केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) और एक की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) करेगी।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पिछले वर्ष 23 मार्च को न्यायमूर्ति पिनाकी चंद्र घोष को लोकपाल के रूप में शपथ दिलाई थी। लोकपाल सार्वजनिक पदाधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों में जांच करने वाली शीर्ष संस्था है। लोकपाल के आठ सदस्यों को न्यायमूर्ति घोष ने 27 मार्च को शपथ दिलाई थी। हालांकि लोकपाल के सदस्यों में से एक न्यायमूर्ति अजय कुमार त्रिपाठी का इस वर्ष मई में निधन हो गया था। एक अन्य सदस्य न्यायमूर्ति दिलीप बी भोंसले ने पद से इस्तीफा दे दिया था।

नियमों के अनुसार, लोकपाल पैनल में एक अध्यक्ष और अधिकतम आठ सदस्यों का प्रावधान है। आंकड़े के अनुसार 2019-20 के दौरान लोकपाल को कुल।,427 शिकायतें प्रापत हुई थीं जिनमें से 613 राज्य सरकार के अधिकारियों और चार केन्द्रीय मंत्रियों और संसद सदस्यों से संबंधित थी। इसमें कहा गया है कि 245 शिकायतें केन्द्र सरकार के अधिकारियों, 200 केंद्रीय स्तर पर सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, वैधानिक निकायों, न्यायिक संस्थाएं और स्वायत्त निकायों में शामिल लोगों के खिलाफ थीं जबकि 135 निजी व्यक्तियों और संगठनों के खिलाफ थीं।

लोकपाल के आंकड़े के अनुसार राज्य मंत्रियों के खिलाफ छह शिकायतें और विधानसभाओं के सदस्य और चार केंद्रीय मंत्रियों के खिलाफ शिकायतें थीं। इसमें कहा गया है कि कुल शिकायतों में से 220 अनुरोधाटिप्पणी सुझाव थे। आंकड़े के अनुसार कुल 613 शिकायतें राज्य सरकार के अधिकारियों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, वैधानिक निकायों, न्यायिक संस्थाओं और राज्य स्तर पर स्वायत्त निकायों से संबंधित थीं। इसमें कहा गया है कि कुल शिकायतों में से।,347 का निस्तारण किया गया, और।,152 शिकायतें लोकपाल के अधिकार क्षेत्र से बाहर थीं।

# तल्खियां भुलाकर बच्चे के अपहरण की गुत्थी सुलझाने साथ आई महाराष्ट्र, बिहार पुलिस

**भाषा।** मुंबई

**अभिनेता** सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले की जांच को लेकर संबंधों में तनाव पैदा होने के बाद महाराष्ट्र और बिहार पुलिस ने एक साथ मिलकर मुंबई से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसकी गिरफ्तारी के साथ ही एक नाबालिग बच्चे के अपहरण की गुत्थी सुलझ गई है।

मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि बिहार के चंपारण जिले के गान्हा थाना इलाके से 14 अक्टूबर को सात वर्षीय बच्चे का अपहरण किया गया था। 19 अक्टूबर को उसके परिवार के सदस्यों को फोन कर 20 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई। फिरौती न देने पर बच्चे को जान से मारने की धमकी दी गई। अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच के दौरान बिहार पुलिस को पता चला कि फिरौती मांगने के लिए मुंबई के कांदीवली से कॉल की गई थी। उन्होंने कहा कि इसके बाद बिहार पुलिस ने मुंबई पुलिस से संपर्क किया, जिसकी मदद से मंगलवार को उपनगर कांदीवली से रियासुद्दीन अंसारी नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कॉल डिटेल रिकॉर्ड से बिहार पुलिस को यह भी पता चला कि वह तीन अन्य लोगों खान मोहम्मद अंसारी (35), अलाउद्दीन अंसारी (22) और मुस्लिम अंसारी (35) से लगातार संपर्क में था। तीनों को बिहार से गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने बताया कि मुस्लिम अंसारी ने बच्चे को उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के पदरौना थानांतर्गत जंगल के इलाके में रख रखा है, जिसके बाद पुलिस ने वहां से बच्चे को छुड़ा लिया। अधिकारी ने कहा कि बच्चे के अपहरण का षडयंत्र खान मोहम्मद अंसारी ने रचा था, जो कर्ज में डूबा है और फिरौती के जरिए पैसा हासिल करना चाहता था। उन्होंने कहा कि सभी आरोपी बच्चे के परिवार के सदस्यों को अच्छी तरह जानते थे। अधिकारी ने कहा कि मुंबई से गिरफ्तार किए गए रियासुद्दीन अंसारी को बुधवार को बिहार पुलिस को सौंप दिया गया।

# सीबीआई का राजनीतिक उद्देश्यों के लिए दुरुपयोग न हो इसलिए पुराना आदेश वापस लिया गया: अनिल देशमुख

**भाषा।** मुंबई



**महाराष्ट्र** के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने बृहस्पतिवार को कहा कि सीबीआई को राज्य में मामलों की जांच के लिए दी जाने वाली आम सहमति इसलिए वापस ली गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए उसका दुरुपयोग न हो।

मंत्री ने पत्रकारों से कहा, सीबीआई को अब (राज्य में काम करने के लिए) महाराष्ट्र सरकार की अनुमति लेनी होगी। जब तक हम अनुमति नहीं दे देते तब तक वह यहां मुंबई में जांच नहीं कर सकती। गौरतलब है कि महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में मामलों की जांच के लिए सीबीआई को दी जाने वाली आम सहमति को बुधवार को वापस ले लिया था। इससे एक दिन पहले सीबीआई ने टीआरपी के साथ कथित छेड़छाड़ को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार पुलिस द्वारा अज्ञात चैनलों के खिलाफ दर्ज मामले की जांच अपने हाथ में ले ली थी। महाराष्ट्र सरकार ने यह कदम उन चिंताओं के मद्देनजर उठाया है कि सीबीआई महाराष्ट्र में भी टीआरपी के साथ कथित छेड़छाड़ के ऐसे ही एक मामले की जांच भी अपने हाथ में ले सकती है, जिससे यह मामला मुंबई पुलिस के दायरे से बाहर हो जाएगा।

देशमुख ने उन चिंताओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि सरकार ऐसी चीजों से बचना चाहती है। गृह मंत्री ने कहा कि सीबीआई का गठन दिल्ली पुलिस प्रतिष्ठान अधिनियम के तहत किया गया था। राज्य के गृह विभाग की ओर से बुधवार को जारी आदेश में कहा गया है, दिल्ली विशेष पुलिस प्रतिष्ठान अधिनियम, 1946 की धारा छह में प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, महाराष्ट्र सरकार 22 फरवरी 1989 के सरकारी आदेश के तहत दिल्ली विशेष पुलिस प्रतिष्ठान के सदस्यों को दी गई स्वीकृति वापस लेती है। देशमुख ने कहा, पिछली सरकारों के दौरान सीबीआई को काम करने के लिए पूरी छूट मिली हुई थी। हमने इसे वापस ले लिया है। हमें लगता है कि सीबीआई के जरिए राजनीतिक हित साधे जा रहे हैं। लिहाजा हमने इसे रोकने के लिए उसे मिली हुई छूट वापस ले ली है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के एक न्यायाधीश ने पांच साल पहले सीबीआई को सरकार का तोता कहा था। देशमुख ने कहा, हम नहीं चाहते की दोबारा ऐसा हो। मुंबई पुलिस ने छह अक्टूबर को एक प्राथमिकी दर्ज करने के बाद दावा किया था कि रिपब्लिक टीवी समेत तीन टीवी चैनल प्रथम दृष्टया टीआरपी से छेड़छाड़ में संलिप्त पाए गए हैं। इसके बाद रिपब्लिक टीवी ने बंबई उच्च न्यायालय का रुख कर मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का अनुरोध किया था।

## बारामूला में दो आतंकवादियों ने आत्मसमर्पण किया

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में घेराबंदी एवं तलाश अभियान के दौरान दो आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया, सुरक्षा बलों ने सोपोर के तुज्जर इलाके में घेराबंदी एवं तलाश अभियान शुरू किया। इस दौरान दो आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि दोनों आतंकवादियों की उम्र 20 और 21 साल की है और दोनों सोपोर शहर के रहने वाले हैं।

## जम्मू कश्मीर के पुंछ में 3.2 किलोग्राम हेरोइन बरामद

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के सीमावर्ती पुंछ जिले में पुलिस ने दो करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की 3.2 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बासूनी क्षेत्र में नशीले पदार्थों से संबंधित गतिविधियों के बारे में एक गोपनीय सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम ने क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया।

# अदालत ने हमला करने के मामले में महाराष्ट्र के मंत्री की सजा निलंबित की

**भाषा।** नागपुर

**बम्बई** उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने महाराष्ट्र के अमरावती जिले में 2012 में एक पुलिसकर्मी के साथ कथित मारपीट के सिलसिले में प्रदेश की कैबिनेट मंत्री यशोमति ठाकुर को मिली तीन महीने की सजा बृहस्पतिवार को निलंबित कर दी। अमरावती की एक सत्र अदालत ने 15 अक्टूबर को ठाकुर, उनके चालक तथा दो अन्य को मामले में दोषी करार देते हुए तीनतीन महीने के कारावास की सजा सुनाई थी। ठाकुर प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं। कांग्रेस नेता ठाकुर ने इस हफ्ते के शुरू में उच्च न्यायालय में इस सजा के खिलाफ एक अपील दायर की थी और अपनी याचिका पर अंतिम सुनवाई होने तक अंतरिम राहत के तौर पर सजा को निलंबित करने का अनुरोध किया था। याचिका में उन्होंने अपनी दोषसिद्धि पर भी रोक लगाने का अनुरोध किया था। मंत्री के अधिवक्ता सुबोध धर्माधिकारी एव अनिकेत निकम ने दलील दी, महज गवाहों द्वारा दिए गए साक्ष्यों के अवलोकन से यह पता चलता है कि सत्र अदालत ने अपीलकर्ता को दोषी करार देने में गलती की है। सजा के लिए कोई मामला नहीं बनाया गया है। न्यायमूर्ति विनय जोशी ने बृहस्पतिवार को मंत्री की अपील को विचारार्थ स्वीकार कर लिया और सजा को निलंबित कर दिया। अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 27 अक्टूबर की तरीख मुकर्र की है। अभियोजन पक्ष के अनुसार यह मामला 24 मार्च 2012 का है। आरोप पत्र के अनुसार ठाकुर, उनके चालक सागर सुरेश खांडेरकर एवं पार्टी कार्यकर्ताओं शरद काशीराव जवंजाल तथा राजू किसन इंगले ने कथित रूप से यातायात पुलिसकर्मी उल्हास रउराले की पिटाई कर दी थी, जब उसने वन वे लेन में जाने से तत्कालीन विधायक ठाकुर की गाड़ी रोकी थी।

# वर्तमान पीढ़ी को छद्म युद्धों के बारे में शिक्षित करने की जरूरत: सिन्हा

**भाषा।** श्रीनगर



**जम्मू-कश्मीर** के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बृहस्पतिवार को कहा कि वर्तमान पीढ़ी को छद्म युद्धों और पाकिस्तान के नापाक मंसूबों के बारे में शिक्षित किए जाने की जरूरत है। उन्होंने पाकिस्तानी सेना और उसके आक्रमणकारियों द्वारा 1947 में आज ही के दिन की गई लूटपाट और नरसंहार पर पूर्व मुख्यमंत्री शेख अब्दुल्ला की टिप्पणी का हवाला दिया।

जम्मू-कश्मीर में 22 अक्टूबर को घाटी में हिंसा और आतंक फैलाने में पाकिस्तान की भूमिका के विरोध में काला दिवस के रूप में मनाए जाने के लिए पहली बार आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सिन्हा ने नेशनल कांफ्रेंस के एक कार्यकर्ता मकबूल शेरवानी का भी जिक्र किया जिन्होंने बारामूला से पाकिस्तान-सेना समर्थित आदिवासियों के मार्च में चार दिनों की देरी की, ताकि भारतीय सेना वहां तक पहुंच सके। उन्होंने कहा, जब यह बर्बरता चल रही थी, हमारे कश्मीरी भाई मकबूल शेरवानी ने अपनी आवाज उठाई, लेकिन उस पर गोली चलाई गई। बारामूला के नायक, मकबूल शेरवानी की शहादत, पाकिस्तान के युद्ध के वर्षों के दुष्प्रचार का भंडाफोड़ करती है। उन्होंने कहा, उस समय के कश्मीर के लोगों ने हमलवार खबरदार, हम कश्मीरी हैं तैयार के नारे लगाए। उनके पास कोई बंदूक नहीं थी, लेकिन उन्होंने पाकिस्तानी सेना को धमकाने के लिए बंदूकों की आड़ में लाठियों का इस्तेमाल किया। सिन्हा ने लोगों से अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले सैनिकों और नागरिकों के बलिदान को नहीं भूलने की अपील की। वर्ष 1947 में आजादी के बाद से ऐसा पहली बार है जब 22 अक्टूबर के दिन के मौके पर एक आधिकारिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उपराज्यपाल ने कहा कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि 22 अक्टूबर को कश्मीर और कश्मीरियत पर लगाए गए घावों के पीछे पाकिस्तानी प्रतिष्ठान पूरी तरह से शामिल थे। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की नई पीढ़ी के युवाओं को शायद पता नहीं होगा कि कैसे पाकिस्तानी शासकों और उनकी सेना ने हमारे निर्दोष भाइयों को बेरहमी से मार डाला, हमारे घरों को जला दिया, ऑपरेशन गुलमर्ग के तहत हमारी बहनों और बेटियों के साथ बलात्कार किया।

उन्होंने कहा कि हम अपनी नई और पुरानी पीढ़ी को याद दिलाना चाहते हैं कि कैसे सर्व धर्म समभाव (सांप्रदायिक सद्भाव), असीमित प्रेम और सूफीवाद की यह धरती पाकिस्तानी सेना के नेताओं, मोहम्मद अली जिन्ना और उनकी सेना द्वारा 22 अक्टूबर के काला दिवस पर निर्दोष लोगों के खून से रंगी थी और जिसने सदियों पुराने भाईचारे को दुश्मनी में बदल दिया। उन्होंने कहा कि अत्याचार पाकिस्तान की एक वास्तविकता है। उन्होंने कहा, लेकिन आज, कुछ लोग कई प्रकार की बातें कहते हैं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि उन्हें यह याद रखना चाहिए कि शेख अब्दुल्ला ने 1948 में क्या कहा था। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तानी हमलावरों ने हमारी धरती पर हजारों बेगुनाहों को मार दिया था, सभी धर्मों की लड़कियों का अपहरण कर लिया और संपत्तियों को नष्ट कर दिया। इसलिए वर्षों से फैलाए जा रहे झूठ को खत्म करने की जरूरत है।

उपराज्यपाल ने कहा कि विश्व ने पाकिस्तान के इस झूठ और दुष्प्रचार के पीछे की वास्तविकता को समझा है कि हमलावर सिर्फ पख्तून कबायली थे। उन्होंने कहा कि हालांकि 22 अक्टूबर एक काला दिवस है लेकिन यह इतिहास का एक ऐसा क्षण भी है जिसके बारे में नई पीढ़ी को जागरूक करना होगा। सिन्हा ने पाकिस्तान का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा, आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है। आप सभी जानते हैं कि 1947 से आतंक का पोषक कौन है। यदि आप दुनिया की किसी भी खुफिया या सुरक्षा एजेंसी की रिपोर्ट देखते हैं, तो आपको स्पष्ट शब्दों में जवाब मिल जाएगा।

## महाराष्ट्र में बिल्डर पर जानलेवा हमला हमलावर फरार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर कस्बे के रहने वाले 40 वर्षीय एक बिल्डर पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने हमला किया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घटना बुधवार देर रात को हुई। विट्ठलवाड़ी पुलिस थाने के निरीक्षक आर पी भामे ने कहा, पीड़ित संदीप गायकवाड़ हार्डवेयर के सामानों का थोक विक्रेता भी है। वह उल्हासनगर में रात में सड़क पर अपने दोस्तों के साथ बातचीत कर रहा था, जब लगभग साढ़े ग्यारह बजे उसके पास एक कार आकर रुकी। वाहन में सवार लोगों ने गायकवाड़ पर एक गोली चलाई लेकिन वह बच गया। भामे ने कहा, बाद में उन्होंने उसे लोहे की छड़ों से पीटा, जिससे उसे (गायकवाड़) गंभीर चोट आई। क्षेत्र में पुलिस के एक गश्ती वाहन को देखकर हमलावर अपनी कार में भाग खड़े हुए।



ठाणे में गुरुवार को एक सामुदायिक पंडाल में दुर्गा पूजा उत्सव के शुरू होने के अवसर पर देवी दुर्गा की पूजा करती महिलाएं

# भारत में कोविड-19 के 55,839 नए मामले, 702 और मौतें

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के दैनिक नए मामलों की संख्या लगातार चौथे दिन 60,000 से नीचे रही। पिछले 24 घंटों में 55,839 नए मामले सामने आने से देश में संक्रमण के कुल मामले 77 लाख से अधिक हो गए, जबकि ठीक होने वाले लोगों की संख्या 68 लाख के पार हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आंकड़ों के अनुसार, कोविड-19 के 55,839 नए मामले सामने आने के साथ देश में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 77,06,946 तक पहुंच गई, जबकि 702 और मौतें होने से देश में इस महामारी में मरने वालों की संख्या 1,16,616 तक पहुंच गई। देश में कुल 68,74,518 लोग अब तक इस बीमारी से ठीक हो चुके हैं, जिससे मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 89.20 प्रतिशत हो गई है, जबकि इस मामले में मृत्यु दर 1.51 प्रतिशत है। कोरोना वायरस संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या लगातार छठे दिन आठ लाख से नीचे रही। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 7,15,812 है, जो कुल मामलों का 9.29 प्रतिशत है। भारत में कोविड-19 मामलों की संख्या 7 अगस्त को 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख, 5 सितंबर को 40 लाख, 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख और 11 अक्टूबर को 70 लाख का आंकड़ा पार कर गई थी।

# सूरत में आयकर विभाग ने भाजपा नेता के आवास की तलाशी ली

**सूरत।** आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को भाजपा की सूरत इकाई के उपाध्यक्ष पी वी एस शर्मा के आवास पर तलाशी अभियान चलाया। आयकर विभाग के अधिकारी रहे शर्मा कुछ साल पहले स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर राजनीति में आ गए थे। शर्मा ने वर्ष 2016 में हुई नोटबंदी के दौरान कुछ आभूषण विक्रेताओं, चार्टर्ड अकाउंटेंट और आयकर विभाग के अधिकारियों पर धन शोधन में लिप्त होने का आरोप लगाया था, जिसके एक दिन बाद आयकर विभाग की यह कार्रवाई सामने आई है। विभाग के एक अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि बृहस्पतिवार तड़के सूरत के पिपलोड इलाके में स्थित शर्मा के अपार्टमेंट पर तलाशी अभियान शुरू किया गया जोकि अभी जारी है। हालांकि, उन्होंने इससे संबंधित विवरण का खुलासा नहीं किया। इस कार्रवाई से उदास शर्मा विरोधस्वरूप अपार्टमेंट के पास की सड़क पर बैठ गए। शर्मा ने संवाददाताओं से कहा, मेरे पास छुपाने को कुछ नहीं है। अधिकारी मेरे घर की तलाशी ले रहे हैं। वे डरे हुए हैं और मुझे भयभीत करने का प्रयास कर रहे हैं ताकि मैं आयकर विभाग के दोषी अधिकारियों और घोटाले में शामिल अन्य लोगों के नाम का खुलासा ना कर दूं। मेरे पास साक्ष्य हैं और मैं जल्द ही इसका खुलासा कर दूंगा। गुजरात भाजपा के प्रवक्ता प्रशांत वाला ने पीटीआई-भाषा से कहा कि शर्मा के मुद्दे को लेकर पार्टी उचित समय पर टिप्पणी करेगी। भाजपा की सूरत इकाई के अध्यक्ष नितिन भजियावाला ने भी इस मामले में कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि फिलहाल मैं कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं। शर्मा ने बुधवार को ट्वीट कर दावा किया था कि आयकर विभाग की जांच शाखा ने नोटबंदी के बाद एक प्रमुख आभूषण विक्रेता द्वारा जमा कराई गई 110 करोड़ रुपए की नकदी के मामले को संज्ञान में नहीं लिया और इस कंपनी की केवल 84 लाख रुपए की कमाई पर टैक्स लिया।

# शाह के जन्मदिन पर मोदी की बधाई

## ● कहा, देश देख रहा है राष्ट्र की प्रगति के प्रति आपका समर्पण

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित कई नेताओं ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को उनके जन्मदिन के मौके पर बधाई दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति में जिस समर्पण और उत्कृष्टता के साथ अमित शाह योगदान दे रहे हैं उसे पूरा देश देख रहा है। अन्य नेताओं ने शाह के उत्तम स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। शाह आज 56 साल के हो गए। साल 2014 में केंद्र में मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद शाह को भाजपा का अध्यक्ष बनाया गया था। उनके नेतृत्व में भाजपा ने कई राज्यों में अपनी सरकारें बनाई और फिर 2019 में भारी बहुमत के साथ केंद्र की सत्ता में वापसी की।

पिछले लोकसभा चुनाव में जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने शाह को अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया और गृह मंत्रालय जैसे अहम विभाग की जिम्मेदारी सौंपी। मोदी ने ट्वीट कर कहा, अमित शाह जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। देश की प्रगति में जिस समर्पण और उत्कृष्टता के साथ वह अपना योगदान दे रहे हैं, देश उसे देख रहा है। भाजपा को मजबूत बनाने में भी उनके प्रयास स्मरणीय हैं। भगवान उन्हें देश सेवा के लिए अच्छी सेहत और लंबी उम्र दें। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शाह को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूती देने में वह पूरे मनोयोग से काम कर रहे हैं। उन्होंने कि अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और कर्मठता के लिए विख्यात अमितभाई, दीर्घायु हों और उनका स्वास्थ्य हमेशा उत्तम रहे।

नड्डा ने ट्वीट कर कहा, राष्ट्रभक्ति, समर्पण, कर्मठता, संगठन कौशल में निपुण व करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणास्रोत अमित शाह को उनके जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। नीतीश कुमार ने कहा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह जी को जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी ट्वीटर के माध्यम से शाह को जन्मदिन की बधाई दी और उनके स्वस्थ जीवन व लंबे उम्र की कामना की। वहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी ने बृहस्पतिवार को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।



पटना में गुरुवार को बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए अपना वोट डालने के बाद सेल्फी लेते मतदाता

# हिमालय पर्वतमाला क्षेत्र में सिलसिलेवार बड़े भूकंप आने की आशंका

**नई दिल्ली।** हिमालय पर्वतमाला में बड़े भूकंप आने की आशंका है और भविष्य में अगले बड़े भूकंप की तीव्रता आठ या इससे अधिक रह सकती है और बहुत संभावना है कि यह हमारे और आपके ही जीवनकाल में ही आए। एक अध्ययन में यह बात सामने आई है।

अध्ययनकर्ताओं ने कहा है कि इस तरह की प्राकृतिक आपदा के आने से इस घनी आबादी वाले देश में जानमाल की अभूतपूर्व क्षति हो सकती है। अध्ययन में इस बात का जिक्र किया गया है कि भविष्य में हिमालय पर्वतमाला में आने वाला भूकंप 20 वीं सदी में अलेउटियन सबडक्शन जोन में आए भूकंप के समान हो सकता है, जिसका विस्तार अलास्का की खाड़ी से सुदूर पूर्व रूस के कामचटका तक था। अगस्त महीने में सेस्मोलॉजिकल रिसर्च लेटर्स में प्रकाशित समीक्षा में मूलभूत भूगर्भीय सिद्धांतों का इस्तेमाल कर पूर्व ऐतिहासिक भूकंपों के आकार और समय का आकलन किया गया तथा भविष्य के खतरों का अनुमान लगाया गया। अध्ययन के लेखक स्टीवन जी वेस्नौस्की ने बताया कि समूची हिमालय पर्वतमाला, पूर्व में अरूणाचल प्रदेश से लेकर पश्चिम में पाकिस्तान तक अतीत में बड़े भूकंपों का स्रोत रही है।

भूगर्भ विज्ञान एवं भूकंप विज्ञान के प्राध्यापक तथा अमेरिका में रेनो स्थित नेवादा विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर नियोटेक्टोनिक स्टडीज के निदेशक वेस्नौस्की ने कहा, ये भूकंप फिर से आएंगे और इसमें आश्चर्य नहीं है कि अगला बड़ा भूकंप हमारे जीवनकाल में ही आएगा। भूकंप विज्ञानी एवं भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के प्राध्यापक सुप्रियो मित्रा ने इस बात का जिक्र किया कि अध्ययन पूर्व में किए गए अध्ययनों से मिलता जुलता है। उन्होंने बताया कि अध्ययन के मुताबिक हिमालय में स्थित भ्रंश आठ से अधिक तीव्रता वाला भूकंप ला सकता है। वेस्नौस्की ने कहा कि चंडीगढ़ और देहरादून तथा नेपाल के काठमांडू जैसे बड़े शहर हिमालय में आने वाले भूकंप के प्रभाव क्षेत्र के नजदीक हैं।

# प्रधानमंत्री प्रमुख मुद्दों पर चुप रहे लेकिन भाषण अच्छा था: शिवसेना

**भाषा।** पुणे

**राष्ट्र** के नाम संबोधन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बृहस्पतिवार को शिवसेना के मुखपत्र सामना में कटाक्ष करते हुए कहा गया है कि वह प्रमुख मुद्दों पर चुप रहे लेकिन उनका यह भाषण पिछले कुछ महीनों में दिए गए सबसे अच्छे भाषणों में से एक था।

मराठी दैनिक के संपादकीय में व्यंग्यात्मक लहजे में कहा गया है कि मोदी के मंगलवार के संबोधन में नापसंद किया जाने वाला कुछ भी नहीं था और प्रधानमंत्री के चेहरे पर एक अलग ही तेज दिख रहा था जो देश को उसकी समस्याओं से छुटकारा दिलाएगा। इसमें कहा गया है, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के माध्यम से देशवासियों को क्या बताया? नया क्या था? क्या उन्होंने महाराष्ट्र में बाढ़ प्रभावित लोगों को कोई आश्वासन दिया? किस मौद्रिक पैकेज की घोषणा की गई थी? भाषण की इसी तरह की आलोचनाएं की जा सकती हैं। हालांकि, भाषण छोटा और प्रभावी था। प्रधानमंत्री ने मंगलवार को लोगों से कोविड-19 दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की और चेताया था कि किसी भी तरह की लापरवाही त्योहारों के उत्साह को फीका कर सकती है। संपादकीय में कहा गया है, उन्होंने कोरोना वायरस के बारे में जो कुछ भी कहा, वह सब सच था। वह आए, वह बोले। उनकी श्वेत दाढ़ी, उनके चेहरे पर दीप्तिमान तेज... यह तेज देश में आपदाओं के अंधेरे को मिटा देगा।

इसमें कहा गया है कि मोदी ने देश में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने की बात की, लेकिन महामारी के कारण हुई बेरोजगारी का जिक्र नहीं किया। शिवसेना के मुखपत्र में कहा गया है, भाषण से पहले, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री से अपील की थी कि वह चीनी घुसपैठ (लद्दाख में) और भारत चीनी सैनिकों को कब बाहर निकालेगा। इसके बारे में बोलें। लेकिन मोदी ने एक भी मुद्दे को नहीं छुआ। इसमें कहा गया है, उनका भाषण छोटा था।

# पेज 1 का शेष

## बाढ़ की...

हितों के प्रति प्रतिबद्ध है। कोरोना वायरस के असाधारण संकट से लेकर वैश्विक आर्थिक मंदी तक अगर भारत की अर्थव्यवस्था पर कोई खास असर नहीं रहा तो इसकी वजह खेतीबाड़ी की मजबूती और इसे अपने खून-पसीने से लगातार बेहतर बनाने वाले हमारे किसान भाई ही रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे में हमारा भी फर्ज है कि किसानों को उनके उपज का वाजिब दाम मिले। किसी भी स्तर पर उनका शोषण न हो। हर जिले के जिलाधिकारी को इस बाबत स्पष्ट निर्देश दिये जा चुके हैं, जो भी किसानों का शोषण करेगा उसे दंडित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कुछ किसानों से बात भी की।

## दुर्गा पूजा...

जबकि तृणमूल कांग्रेस को 22 सीटें मिली थीं यानी सिर्फ तीन सीटें अधिक। 2014 में भाजपा बमुश्किल 2 लोकसभा सीटों पर विजय हासिल कर पाई थी। शानदार नतीजों के बाद भगवा पार्टी विस्तृत आकलन कर इस नतीजे पर पहुंची कि महिला मतदाताओं ने भारी संख्या में उसका समर्थन किया था। आज के संबोधन में नारी शक्ति पर प्रधानमंत्री का फोकस, इस बात का संकेत है कि भाजपा विधानसभा चुनाव में लोकसभा चुनाव का करिश्मा दोहराना चाहती है। मोदी ने बताया कि चाहे जनधन योजना के तहत 22 करोड़ महिलाओं के बैंक खाते खोलना हो या फिर मुद्रा योजना के तहत करोड़ों महिलाओं को आसान ऋण देना, चाहे बेटी बचाओबेटी पढ़ाओ अभियान हो या फिर तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाना, दुराचारियों को मृत्युदंड तक के प्रावधान के साथ रेप की सजा से जुड़े कानूनों को बेहद सख्त करना हो या फिर गहरी खदानों में भी काम करने की दी गई स्वीकृति या अथवा सेना में परमानेंट कमीशन, देश की नारी शक्ति को सशक्त करने के लिए केंद्र सरकार निरंतर काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर अत्यधिक सजग है। इसी के साथ, भरपूर आत्मशक्ति के लिए बंगाल के लोगों को सराहते मोदी ने कहा कि इसके दम पर वे हर क्षेत्र में आगे बढ़कर उपलब्धि हासिल करते हैं। राज्य की महान विभूतियों को याद करते पीएम ने कहा कि चेतना हो या आध्यात्म, विज्ञान हो या कला-संस्कृति, बंगाल ने हर क्षेत्र में देश को प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ाया और आज भी बढ़ा रहा है। उनका विश्वास है कि भविष्य में भी बंगाल के लोग देश का गौरव इसी तरह बढ़ाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा, भारत की एकता का ही नहीं बल्कि भारत की पूर्णता का भी पर्व है। बंगाल की दुर्गा पूजा भारत की इस पूर्णता को एक नई चमक देती है, नए-नए श्रृंगार देती है। यह बंगाल की जागरूक चेतना, आध्यात्मिकता और ऐतिहासिकता का ही प्रभाव है कि इस पुण्य भूमि से निकले महान व्यक्तियों ने जब जैसी आवश्यकता पड़ी शस्त्र और शास्त्र, त्याग और तपस्या से मां भारती की सेवा की है। इस कड़ी में रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, चैतन्य महाप्रभु, रवींद्रनाथ टैगोर, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, काजी नज़रुल इस्लाम, सुभाष चंद्र बोस, राजाराम मोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर और श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसी विभूतियों के योगदान को याद करते मोदी ने कहा कि दिन बीत जाएगा नाम खत्म नहीं होंगे। मोदी ने कहा कि इस बार कोरोना के संकट के बीच दुर्गा पूजा का उत्सव मनाया जा रहा है। भक्त, पंडालों के आयोजकों सहित सभी ने अद्भुत संयम दिखाया है। संख्या पर भले असर पड़ा हो लेकिन भव्यता और दिव्यता वही है। आयोजन भले ही सीमित है लेकिन उत्सव का रंग, उल्लास-आनंद असीमित है। यही तो बंगाल की पहचान और चेतना है। यही तो असली बंगाल है।

## हाईकोर्ट का...

नहीं रखी जा सकती है। इसलिए स्वार की रिक्त सीट पर भी चुनाव कराया जाए। चुनाव आयोग की ओर से इस पर आपत्ति की गई कि हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीमकोर्ट में अपील लंबित है। दूसरे याची ने चुनाव आयोग को कोई प्रत्यावेदन नहीं दिया है इसलिए याचिका पोषणीय नहीं है। याची के अधिवक्ता ने इसका विरोध करते हुए कहा कि सुप्रीमकोर्ट द्वारा कोई स्थगन आदेश पारित नहीं है। हाईकोर्ट को इस मामले में सीधे सुनवाई कर आदेश पारित करने का अनुच्छेद 226 में अधिकार है। राज्य सरकार का कहना था कि चुनाव अधिसूचना जारी करना निर्वाचन आयोग का काम है। राज्य सरकार स्वार सीट को रिक्त घोषित कर चुकी है। इसके बाद कोर्ट ने स्वार विधान सभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी करने का आदेश दिया है।

## बिहार में...

कांफ्रेंस ने भाजपा के, बिहार के लोगों को नि:शुल्क टीका देने के वादे पर निशाना साधा है। पार्टी का संकल्प पत्र 'आत्मनिर्भर बिहार का रोडमैप 2020-25' जारी करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संवाददाताओं से कहा कि कोरोना वायरस महामारी के समय सभी ने चेहरे पर मास्क लगाये हैं, प्रधानमंत्री भी इसकी याद दिला रहे हैं और उन्होंने संदेश भी दिया है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस को लेकर एक मिनट की भी लापरवाही महामारी को बढ़ा सकती है इसलिए जब तक टीका नहीं तैयार होता, तब तक मास्क लगाना बेहद जरूरी है। टीका उत्पादन का जिक्र करते हुए सीतारमण ने कहा कि हमारे पास सूचना आ रही है कि कई देश टीका बनाने की कोशिश कर रहे हैं। रूस कोशिश कर रहा है, चीन कोशिश कर रहा है, और भी देश हैं। उन्होंने कहा कि मैं विश्वास के साथ बोलना चाहती हूं कि भारत में बायो फार्मा उद्योग की क्षमता पिछले 20 वर्षों में काफी बढ़ गई है और कम से कम चार टीके के उत्पादन की ओर कदम जा रहे हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि इसमें ट्रायल के तीन चरण होते हैं जिसमें पहले जानवर पर, फिर प्रयोगशाला में और इसके बाद मनुष्य पर परीक्षण होता है। उन्होंने कहा कि अंतिम चरण में 3 टीके उत्पादन के कगार पर आ गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जैसे ही वैज्ञानिक बोल देंगे कि उत्पादन अब किया जा सकता है ... तब हम बड़े पैमाने पर उत्पादन करने के लिये तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जब वैज्ञानिक मंजूरी देते हैं और इसका उत्पादन उस स्तर पर होगा जिसके बारे में हमने वादा किया है, तब हम बिहार के लोगों को नि:शुल्क टीका उपलब्ध करायेंगे। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में कहा है कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में बिहार की राजग सरकार ने देश के सामने मिसाल रखी है।

## पटना में...

दिया है। फिर भी हमने कहा है कि हम सहयोग करेंगे क्योंकि हमारे परा कोई काला धन नहीं है, काला धन तो भाजपा के पास है। पुलिस ने कांग्रेस दफ्तर के बाहर नोटिस भी चिपकाया है। बताया जा रहा है कि करीब एक घंटे तक सदाकत आक्षम में इनकम टैक्स की यह रेड चली है। जिसमें रुपये के लेनदेन को लेकर कई नेताओं से पूछताछ की गई है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस पार्टी से जुड़े कुछ बिहार के स्थानीय नेता विभाग के राडार पर हैं। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दि के अंदर हुए संदिग्ध लेनदेन के सिलसिले में आयकर विभाग की टीम उनसे पूछताछ करने वाली है। हालांकि अभी तक आयकर विभाग की ओर से इस बात की जानकारी नहीं दी गई है कि गाड़ी से कितनी नकदी बरामद की गई है। वहीं आयकर विभाग ने इस मामले में एक शख्स को पकड़ा है। विभाग ने कांग्रेस से इस पूरे मामले में जवाब मांगा है।

## प्रधानमंत्री स्वनिधि...

ड्यूटी अधिरोपित की जा रही है। उक्त धनराशि शहरी पथ विक्रेताओं के लिये अधिक होने के कारण पथ विकेता योजना का लाभ प्राप्त करने में पर्याप्त रुचि नहीं ले रहे है। शहरी पथ विकेताओं को पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत अधिक से अधिक लाभान्वित किये जाने के लिए ऋण स्वीकृत करने पर देय स्टाम्प शुल्क की धनराशि माफ कर दिये जाने से पथ विकेताओं को योजनान्तर्गत ऋण लेने के लिए प्रोत्साहन प्राप्त होगा। उक्त योजनान्तर्गत उप्र राज्य देश में सर्वाधिक आनलाइन आवेदन प्राप्त करने, ऋण स्वीकृत करने एवं ऋण वितरित करने में प्रथम स्थान पर है।

## म्यूनिख ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से हराया

**म्यूनिख।** बायर्न म्यूनिख ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब की रक्षा के अपने अभियान की शानदार शुरूआत करते हुए एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से हराया। बायर्न की ओर से किंग्सले कोमान ने दो गोल दागे जबकि बुधवार को हुए मुकाबले में लियोन गोरेज्का और कोरेनटिन तोलिसो ने भी गोल किए। इस जीत के साथ यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता में बायर्न ने लगातार 12वीं जीत दर्ज की।

## मोनशेनग्लाबाख ने इंटर मिलान को बराबरी पर रोका

**मिलान।** रोमेलु लुकाकु के अंतिम लम्हों में दागे गोल की बदौलत कोरोना वायरस से जूझ रहे इंटर मिलान ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में बोरूसिया मोनशेनग्लाबाख को 2-2 से बराबरी पर रोका। रैमी ने मोनशेनग्लाबाख के लिए पेनल्टी पर गोल दागा जबकि योनास होफमैन ने भी जर्मनी की टीम की ओर से गोल किया। इंटर मिलान की ओर से दोनों गोल लुकाकु ने किए। इंटर मिलान की टीम कोरोना वायरस से बुरी तरह प्रभावित है

## हसन के गोल से ओलंपियाकोस ने मार्सिले को हराया

**पिराइस (यूनान)।** स्थानापन्न खिलाड़ी अहमद हसन के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत ओलंपियाकोस ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में मार्सिले को l-0 से हराया। मिस्र के हसन ने माथियू वालबुएना के क्रॉस पर हैडर से गोलकीपर स्टीव मंदांदा को छकाते हुए गोल किया। यूनान की चैंपियन टीम के लिए इससे पहले 52वें मिनट में जियोर्जोस मसोरस ने भी गोल दागा था लेकिन वीडियो रिव्यू में इसे नकार दिया गया।

## मैनचेस्टर ने पोर्तो को हराया

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप सी मैच में पोर्तो को 3-l से हराया। पोर्तो की टीम ने लुई डियाज के 14वें मिनट में दागे गोल की बदौलत बढ़त बनाई। मेजबान टीम ने हालांकि छह मिनट बाद पेनल्टी पर सर्जियो एगुएरो के गोल की मदद से बराबरी हासिल कर ली। मध्यांतर तक दोनों टीमें l-l से बराबर थी।दूसरे हाफ में मैनचेस्टर सिटी की टीम पूरी तरह हावी रही और इल्काय गुनडोगन तथा फेरान टोरेस के गोल की बदौलत जीत दर्ज करने में सफल रही।

## ब्राजील के महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले 80 बरस के हुए

**साओ पाउलो।** ब्राजील के महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले शुक्रवार को 80 बरस के हो गए लेकिन वह कोई बड़ा जश्न नही मना रहे है। तीन बार ब्राजील की विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे पेले साओ पाउलो के बाहर अपने परिवार के कुछ सदस्यों के साथ अकेले दिन बिताएंगे। उन्हें ढेरों बधाइयां मिलने की उम्मीद है। पेले के प्रवक्ता पेपितो फोरनोस ने कहा कि पेले के साओ पाउलो के तट के समीप गुआरूजा शहर के अपने बंगले में जन्मदिन मनाने की उम्मीद है। सांतोस और साओ पाउलो में भी पेले के घर है।

# पांडे की शानदार पारी, सनराइजर्स चमका

## ● रॉयल्स को आठ विकेट से हराया

भाषा। दुबई




मनीष पांडे की आकर्षक पारी और विजय शंकर के साथ उनकी अटूट शतकीय साझेदारी से सनराइजर्स हैदराबाद ने गुरुवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को आठ विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदें बनाए रखी। सनराइजर्स के सामने 155 रन के लक्ष्य के सामने अपने दो प्रमुख बल्लेबाज शुरू में ही गंवा दिए थे लेकिन पांडे ने 47 गेंदों पर चार चौकों और आठ छक्कों की मदद से नाबाद 83 रन बनाए। उन्होंने और शंकर (51 गेंदों पर नाबाद 52) ने समझदारी भरी बल्लेबाजी करते हुए तीसरे विकेट के लिए 140 रन जोड़कर अपनी टीम को 18.1 ओवर में दो विकेट पर 156 रन तक पहुंचाया। सनराइजर्स की यह दस मैचों में चौथी जीत है और उसके रॉयल्स के समान आठ अंक हो गए हैं। रॉयल्स ने हालांकि उससे एक मैच अधिक खेला है और इसलिए प्लेऑफ की उसकी राह अधिक मुश्किल हो गई है। रॉयल्स के अधिकतर बल्लेबाजों ने क्रीज पर पर्याप्त समय बिताने के बाद विकेट गंवाया और वह आखिर में छह विकेट पर 154 रन तक ही पहुंच पाया। उसकी तरफ से संजू सैमसन (26 गेंदों पर 36) ने सर्वाधिक रन बनाए जबकि बेन स्टोक्स ने 32 गेंदों पर 30 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। वर्तमान सत्र में अपना पहला मैच खेल रहे जैसन होल्डर ने सनराइजर्स की तरफ से 33 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि राशिद (20 रन देकर एक) और विजय शंकर (तीन ओवर में 15 रन, एक विकेट) ने कसी गेंदबाजी करके उनका पूरा साथ दिया। इसके बाद जोफ्रा आर्चर (21 रन देकर दो) ने डेविड वार्नर (चार) और जॉनी बेयरस्टॉ (10) को लगातार ओवरों में आउट करके सनराइजर्स का स्कोर दो विकेट पर 16 रन कर दिया था। वार्नर ने दूसरी स्लिप में कैच दिया तो बेयरस्टॉ के पास उनकी इनस्विंगर का कोई जवाब नहीं था। पांडे हावी होकर खेलने की स्पष्ट मानसिकता के साथ मैदान पर उतरे थे। आर्चर के आक्रमण से हटने के बाद स्टोक्स और कार्तिक त्यागी पर दो दो छक्के जड़कर उन्होंने पावरप्ले में स्कोर 58 रन पर पहुंचाया। जब स्पिनर दबाव बना रहे थे तब उन्होंने श्रेयस गोपाल पर छक्का लगाया और 28 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। स्टीव स्मिथ ने आर्चर को दूसरे स्पैल के लिए तब बुलाया जब बल्लेबाज क्रीज पर पांव जमा चुके थे। आर्चर ने डैथ ओवरों से पहले अपना कोटा पूरा कर दिया। उनके आखिरी ओवर में शंकर ने लगातार तीन चौके लगाए। त्यागी का अपनी गेंदों पर नियंत्रण नहीं था और पांडे ने लगातार उन्हें इस गलती की सजा भी दी। उन्होंने स्टोक्स की गेंद भी छह रन के लिए भेजी जबकि शंकर ने त्यागी पर विजई चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। इससे पहले रोबिन उथप्पा (13 गेंदों पर 19) अच्छी लय में दिख रहे थे लेकिन बेमतलब का रन लेने के प्रयास में रन आउट हो गए। दूसरे सलामी बल्लेबाज स्टोक्स की टाइमिंग सही नहीं थी और उनके संघर्ष को देखकर लग रहा था कि वह पारी का आगाज करने का लुत्फ नहीं उठा रहे हैं। तीन अवसरों पर वह आउट होने से बचे और आखिर में राशिद ने लेग ब्रेक पर उन्हें बोल्ड किया। पिछले मैचों में नाकाम रहने वाले सैमसन के संदीप शर्मा पर लगाए गए दोनों चौके दर्शनीय थे। इसके बाद उन्होंने होल्डर की गेंद पर लेंथ का अच्छी तरह से अनुमान लगाकर खूबसूरत छक्का जड़ा।

### स्कोर

**राजस्थान रॉयल्स** :उथप्पा रन आउट 19, स्टोक्स बो राशिद 30, सैमसन बो होल्डर 36,बटलर का नदीम बो शंकर 09 ,स्मिथ का पांडे बो होल्डर 19,पराग का वार्नर बो होल्डर 20,तेवतिया नाबाद 02, आर्चर नाबाद 16,**अतिरिक्त** (वाइड 03) 03 ,**कुल** (20 ओवर मे, छह विकेट पर) 154,**विकेट पतन** :l-30, 2-86, 3-86, 4-110, 5-134, 6-135 ,**गेंदबाजी**:संदीप 4-0-31-0,होल्डर 4-0-33-3,विजय शंकर 3-0-15-l,नटराजन 4-0-46-0,राशिद खान 4-0-20-l, नदीम l-0-9-0

**सनराइजर्स हैदराबाद**: वार्नर का स्टोक्स बो आर्चर 04, बेयरस्टॉ बो आर्चर 10, पांडे नाबाद 83,शंकर नाबाद 52,**अतिरिक्त** (लेग बाई 01, वाइड 06) 07,**कुल** (18.1 ओवर में, दो विकेट पर) 156,**विकेट पतन** :l-4, 2-16,**गेंदबाजी** :आर्चर 4-0-21-2, राजपूत l-0-11-0,त्यागी 3.1-0-42-0,स्टोक्स 2-0-24-0,गोपाल 4-0-32-0, तेवतिया 4-0-25-0

# चेन्नई सुपर किंग्स को लड़ानी होगी जान

## ● सामना मुंबई इंडियंस से आज

**शारजाह।** चेन्नई सुपर किंग्स का इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र में अभियान बद से बदतर होता जा रहा है और शुक्रवार को यहां होने वाले मुकाबले में गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ उम्मीद है कि वह अपने कुछ युवा खिलाड़ियों को आजमाए। हालांकि कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली हार के बाद स्वीकार किया कि सत्र उनके लिए शायद खत्म हो चुका है लेकिन टीम अगर अपने बचे हुए चारों मैच जीत ले तो भी वह 14 अंक हासिल कर सकती है जिससे उन्हें अगर-मगर से प्ले आफ में जगह बनाने का मौका मिल सकता है। जैसा कि मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि उनकी उम्रदराज खिलाड़ियों से भरी टीम पिछले दो सत्र में अच्छा करने के बाद अब चमक खोती जा रही है जिसने 2018 में खिताब जीता और फिर अगले साल फाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में मुंबई इंडियंस पर जीत हासिल करने के बाद उसके लिए चीजें खराब होती रही। टीम को राजस्थान रॉयल्स के हाथों करार शिकस्त झेलनी पड़ी और अब ड्वेन ब्रावो भी उसके साथ नहीं होंगे जो चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। राजस्थान के खिलाफ उसके बल्लेबाज जूझते दिखे और अब देखना बाकी होगा कि टीम नए खिलाड़ियों को मौका देगी या नहीं क्योंकि सोमवार को मिली हार के बाद धोनी ने इसका संकेत दिया था। फॉफ डु प्लेसिस को छोड़ दें तो धोनी भी अन्य खिलाड़ियों की तरह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए। टीम के लगातार केदार जाधव को खिलाने के फैसले की भी काफी आलोचना हुई जो जूझते नजर आए और अब यह देखना होगा कि उनकी जगह एन जगदीशन या रूतुराज गायकवाड़ को उतारा जाएगा या नहीं।

## आरसीबी के खिलाफ हार मनोबल तोड़ने वाली लेकिन किस्मत अब भी हमारे हाथ में: मैकुलम

**अबु धाबी।** बल्ले से टीम के लचर प्रदर्शन से निराश कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ करारी हार से निश्चित तौर पर टीम के मनोबल पर असर पड़ेगा लेकिन किस्मत अब भी उनके हाथ में है। मैकुलम का मानना है कि 10 मैचों में इतने ही अंक के साथ आठ टीमों की अंक तालिका में चौथे स्थान पर चल रही नाइट राइडर्स की टीम फाइनल में जगह बना सकती है। बुधवार रात यहां इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में आरसीबी के खिलाफ आठ विकेट की हार के बाद मैकुलम ने कहा, इससे (हार से) हमारा आत्मविश्वास थोड़ा प्रभावित होगा। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी कि हमारा मनोबल नहीं गिरे और साथ ही बात करनी होगी कि किस तरह हम अपने प्रदर्शन में सुधार कर सकते हैं। लेकिन मेरा अब भी मानना है कि हमारी टीम फाइनल में जगह बना सकती है। हमें बस थोड़ा सुधार करना होगा।

## विराट के नई गेंद सौंपने से मनोबल बढ़ा: सिराज

**अबु धाबी।** कोलकाता नाइट राइडर्स के शीर्ष क्रम को अपने जादुई प्रदर्शन से ध्वस्त करने वाले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के तेज गेंदबाज सिराज ने कहा कि यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान नई गेंद उन्हें सौंपने के कप्तान विराट कोहली के हैरानी भरे फैसले से उनका मनोबल बढ़ा। सिराज ने बिना कोई रन दिए अपने तीनों विकेट हासिल कर लिए थे और इस दौरान वह आईपीएल इतिहास में एक ही मैच में दो मेडन ओवर फेंकने वाले पहले गेंदबाज भी बने। आरसीबी ने नाइट राइडर्स को आठ विकेट पर 84 रन के मामूली स्कोर पर रोका और फिर 13.3 ओवर में लक्ष्य हासिल हासिल कर लिया।

## विकेट धीमा होने से मुझे दबाव बनाने में मदद मिल रही है : चाहर



**शारजाह।** मुंबई इंडियंस के लेग स्पिनर राहुल चाहर ने गुरूवार को कहा कि संयुक्त अरब अमीरात में धीरे धीरे पिचें धीमी हो रही हैं और भारत से ज्यादा बड़े मैदान होने से वह इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार बल्लेबाजों पर दबाव बना सके। चाहर ने नौ मैचों में 7.40 के इकोनॉमी रेट से 11 विकेट झटके हैं। जब उनसे यहां की और मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम के बीच तुलना करने के बारे में पूछा गया तो चाहर ने कहा, शुरूआती मैचों में हमें लगा कि यहां का विकेट वानखेड़े स्टेडियम के विकेट की तरह ही है जो बल्लेबाजों के लिए आसान है। अब विकेट धीरे धीरे धीमा हो रहा है इसलिए मुझे अपनी लेंथ में कुछ तालमेल बिठाना पड़ा।

## तोक्यो ओलंपिक के लिए अच्छी स्थिति में आ रही है भारतीय हॉकी टीम: कोथाजीत

**बेंगलुरू।** सीनियर डिफेंडर कोथाजीत सिंह का मानना है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने कोविड-19 के कारण ब्रेक के लिए बाध्य होने के बाद सही समय पर ट्रेनिंग शुरू की है और अगले साल होने वाले तोक्यो ओलंपिक के लिए मजबूत स्थिति में होगी। पुरुष और महिला हॉकी टीमों के लिए यहां भारतीय खेल प्राधिकरण के केंद्र में अगस्त में राष्ट्रीय शिविर बहाल हुआ था।

## बैडमिंटन विश्व जूनियर चैंपियनशिप रद्द

**नई दिल्ली।** विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियन 2020 को कोविड-19 के चलते गुरूवार को रद्द कर दिया गया। न्यूजीलैंड में होने वाले इस चैंपियन को इससे पहले जनवरी 2021 तक स्थगित किया गया था। सितंबर-अक्टूबर में होना था। बैडमिंटन विश्व महासंघ के महासचिव थॉमस लुंड ने कहा, कोविड-19 स्थिति से जुड़ी पाबंदियों के कारण प्रतियोगिता की योजना बनाना असंभव है और इसलिए जनवरी 2021 में न्यूजीलैंड इसकी मेजबानी नहीं हो पाएगी।

# एनएसडब्ल्यू ने भारत को पृथकवास में ट्रेनिंग की अनुमति दी

भाषा। सिडनी

सिडनी और कैनबरा भारतीय टीम के आस्ट्रेलियाई दौरे पर सफेद गेंद के चरण की मेजबानी को तैयार हैं क्योंकि न्यू साउथ वेल्स सरकार ने दौरा करने वाली टीम को पहुंचने के बाद अनिवार्य पृथकवास के दौरान ट्रेनिंग की अनुमति दे दी है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की गुरूवार की खबर के अनुसार न्यू साउथ वेल्स सरकार (एनएसडब्ल्यू) और क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने एक समझौते के तहत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से लौटने वाले भारतीय और आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को पृथकवास के दौरान सिडनी में ट्रेनिंग की अनुमति दे दी है। भारतीय टीम को पहले ब्रिसबेन पहुंचना था लेकिन क्वींसलैंड राज्य स्वास्थ्य अधिकारियों ने इस दौरान विराट कोहली एंड कंपनी को ट्रेनिंग करने की अनुमति के लिए 14 दिन के पृथकवास नियम में राहत नहीं दी। भारत को आस्ट्रेलियाई दौरे के दौरान तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय, तीन वनडे और चार टेस्ट मैच खेलने हैं। पहले दो वनडे सिडनी क्रिकेट मैदान पर 27 और 29 नवंबर को होंगे जिसके बाद अंतिम वनडे कैनबरा के मनुका ओवल में होगा। पहला टी20 भी कैनबरा में खेला जाएगा जिसके बाद अंतिम दो टी20 सिडनी में खेले जाएंगे। गुलाबी गेंद का टेस्ट 17 से 21 दिसंबर तक एडीलेड में दूधिया रोशनी में खेला जाएगा। अगर कोविड-19 हालात के कारण मेलबर्न अधिकारियों को एमसीजी में मैच की मेजबानी की अनुमति नहीं देता तो 26 दिसंबर से होने वाला बाक्सिंग डे टेस्ट एडीलेड में भी खेला जा सकता है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के भारतीय क्रिकेट बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद पूर्ण कार्यक्रम घोषित करने की उम्मीद है। सिडनी में नव वर्ष टेस्ट मैच को सात से 11 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है, जिसके बाद टीमें 15 जनवरी से होने वाले चौथे और अंतिम टेस्ट के लिए ब्रिसबेन पहुंच जाएंगी।

## महामारी से प्रभावित डब्ल्यूटीसी मैचों के लिए अंक बांटने पर विचार कर रहा है आईसीसी

**दुबई।** विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र को पूरा करने और जून में कार्यक्रम के अनुसार फाइनल की मेजबानी करने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) उन सभी डब्ल्यूटीसी द्विपक्षीय श्रृंखलाओं के लिए अंक बांटने पर विचार कर रहा है जिन्हें कोविड-19 महामारी के चलते स्थगित करना पड़ा। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार अगले महीने होने वाली क्रिकेट समिति की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा होने की संभावना है। वेबसाइट के अनुसार इसमें एक विकल्प अंक बांटना है तो दूसरा अनुकूल विकल्प सिर्फ उन्ही मैचों के अंकों पर विचार करने का हो सकता है जो मार्च 2021 के अंत तक खेले जाएंगे। अंक तालिका में अंतिम स्थान मार्च तक के इन मैचों के आधार पर तय हो सकता है जिसके लिए टीमों द्वारा खेले गए मैचों में मिली जीत के अंकों के प्रतिशत के आधार पर गणना की जा सकती है। अभी तक प्रतएक श्रृंखला 120 अंक की होती है और मैचों की संख्या (दो, तीन, चार या पांच) के आधार पर अंक बांट दिए जाते है। दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए विजेता टीम को प्रतएक मैच से 60 अंक मिलते है जबकि ड्रा से 30 अंका इसी तरह तीन या चार मैचों की श्रृंखला के लिए अंक बांटे जाते है। वेबसाइट के अनुसार, इस साल महामारी के चलते काफी टेस्ट स्थगित कर दिए गए है। इस मार्च 2021 के अंत में समाप्त होने वाले डब्ल्यूटीसी लीग चक्र के अंदर इनके आयोजन की बात तो छोड़ ही दीजिए, कई मामलों में तो यह भी स्पष्ट नही है कि कब इनका आयोजन हो सकता है। वेबसाइट ने लिखा कि वे जिस अंक बांटने की प्रणाली पर विचार कर रहे है, वो स्थगित हुई श्रृंखला के कुल अंक का एक तिहाई अंक वितरित करना है। इसके अनुसार, अंक को नियमों के अंदर ही बांटा जाएगा जिसमें चक्र में जो सभी मैच नही खेले जा सके(जिसमें किसी भी टीम की गलती नही थी), उन्हें ड्रा माना जाएगा। इस स्थिति में दोनो टीमों को एक टेस्ट (प्रतएक श्रृंखला के लिए 120 अंक) के लिए उपलब्ध अंक के एक तिहाई अंक मिलेंगे। अंकों के प्रतिशत के लिए मौजूदा नियमों में बदलाव की जरूरत होगी।

# अत्यधिक भरोसे पर आधारित होता है बीमा अनुबंध: न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय का कहना है कि बीमा अनुबंध अत्यधिक भरोसे पर आधारित होता है। ऐसे में जीवन बीमा लेने के इच्छुक लोगों के लिए हर वैसी जानकारियों का खुलासा करना उनका दायित्व हो जाता है, जिनका संबंधित मुद्दों पर किसी प्रकार का असर हो सकता है। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के इस साल मार्च के एक फैसले को निरस्त करते हुए यह टिप्पणी की। एक बीमा कंपनी ने मृतक की माता को ब्याज के साथ दावे की पूरी राशि का भुगतान करने के आदेश के खिलाफ आयोग में याचिका दायर की थी, जिसे आयोग ने खारिज कर दिया था। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि प्रस्ताव के फॉर्म में पुरानी बीमारियों का अलग से खुलासा करने की जरूरत होती है, ताकि बीमा करने वाली कंपनी बीमांकिक जोखिम के आधार पर एक विचारशील निर्णय पर पहुंचने में सक्षम हो सके।

## तेल, गैस क्षेत्र के लिए पाचवें चरण की बोली में ओएनजीसी सात, ओआईएल चार ब्लॉक हासिल करने में सफल

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) बोली के लिए पेश किए गए नवीनतम दौर में 11 तेल एवं गैस खोज ब्लॉक में से सात हासिल करने में सफल रही है। उत्पादन नियामक हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) ने बृहस्तिवार को यह कहा। शेष चार ब्लॉक ऑयल इंडिया लि. ने हासिल किए। सरकार ने खुला क्षेत्र लाइसेंस नीति (ओएलएपी) के तहत पाचवें चरण की बोली में खोज एवं उत्पादन को लेकर 11 ब्लॉक की पेशकश की थी। कुल 12 बोलियां प्राप्त हुईं। कुल 11 ब्लॉक के लिए सात बोलियां ओएनजीसी तथा चार ऑयल इंडिया लि. (ओआईएल) की आईं। बोली प्रक्रिया 30 जून को समाप्त हुई।

## औद्योगिक कर्मचारियों के लिए आधार वर्ष 2016 के साथ खुदरा मुद्रास्फीति की नई श्रृंखला जारी

**नई दिल्ली।** श्रम मंत्री संतोष गंगवार ने बृहस्पतिवार को औद्योगिक कर्मचारियों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति की नई श्रृंखला (सीपीआई-आईडब्ल्यू) जारी की। इसमें आधार वर्ष को संशोधित कर 2016 किया गया है। पहले यह 2001 था। उपभोक्ता मूल्य सूकांकाक- औद्योगिक कर्मचारी (सीपीआई-आईडब्ल्यू) एकल अत्यंत महत्वपूर्ण मूल्य सांख्यिकी है, जिसका वित्तीय प्रभाव होता है। सीपीआई- आईडब्ल्यू का इस्तेमाल मुख्य रूप से सरकारी कर्मचारियों और औद्योगिक क्षेत्र के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) के नियमन के लिए किया जाता है।

## देश में जुलाई-सितंबर में बिके पांच करोड़ स्मार्टफोन, चीनी कंपनियों की 76 प्रतिशत हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** लॉकडाउन के बाद देश में स्मार्टफोन बाजार में फिर से सुधार दिखाई दे रहा है। वर्ष 2020 की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में इनकी बिक्री अब तक के सर्वकालिक उच्च स्तर यानी पांच करोड़ इकाई रही। इस दौरान, बाजार में सभी चीनी कंपनियों की कुल 76 प्रतिशत हिस्सेदारी रही। बाजार के आंकड़े जुटाने वाली कंपनी कैनालिस की रपट के मुताबिक शीर्ष पांच मोबाइल फोन कंपनी शियोमी, सैमसंग, विवो, रीयलमी और ओप्पो की बिक्री में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई है।

# बाजार में चार दिन से जारी तेजी पर लगा विराम


## ● सेंसेक्स 149 अंक टूटा, आईटी, बैंक शेयरों में गिरावट

भाषा। मुंबई

शेयर बाजारों में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर बृहस्पतिवार को विराम लग गया। वैश्विक बाजारों से कमजोर रुख के बीच निवेशकों ने आईटी, बैंक और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में बिकवाली की जिससे शेयर बाजार नीचे आया। बीएसई का तीस कंपनियों के शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 148.82 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 40,558.49 पर बंद हुआ।

इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 41.20 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 11,896.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में सर्वाधिक नुकसान में इंडसइंड बैंक रहा। इसमें 3.10 प्रतिशत की गिरावट आई। जिन अन्य प्रमुख शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, उनमें आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले इंडिया, टेक महिंद्रा और मारुति शामिल हैं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में एनटीपीसी, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस और एक्सिस बैंक शामिल हैं। इनमें 3.10 प्रतिशत तक की तेजी रही। वैश्विक स्तर पर ज्यादातर शेयर बाजारों में गिरावट का रुख रहा। इसका कारण कोविड-19 के बढ़ते मामले और अमेरिकी प्रोत्साहन को लेकर बातचीत लंबी खींचने से निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा। रिलायंस सिक्योरिटीज के संस्थागत कारोबार प्रमुख अर्जुन यश ने कहा, वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच घरेलू शेयर बाजारों में लगातार चार दिन की तेजी के बाद गिरावट रही, ऐसी संभावना है कि बाजार इस स्तर पर खुद को सुदृढ़ करेगा। दूसरी तिमाही के परिणाम अब तक अच्छे रहे हैं। निवेशकों की नजर आने वाले दिनों में बड़ी कंपनियों के वित्तीय नतीजों और प्रबंधन की टिप्पणियों पर हो सकती हैं। इसके अलावा अमेरिका में राजकोषीय प्रोत्साहन पर प्रगति भी भारत समेत वैश्विक बाजारों के लिहाज से महत्वपूर्ण होगी। वैश्विक स्तर पर एशिया के अन्य बाजारों में चीन में शंघाई, जापान का तोक्यो और दक्षिण कोरिया का सोल नुकसान के साथ बंद हुए। वहीं, हांगकांग में तेजी रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी शुरूआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 41.82 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

## रुपए में तीन दिन से जारी गिरावट का सिलसिला थमा, चार पैसे की बढ़त के साथ 73.54 प्रति डॉलर पर




**मुंबई।** रुपए में तीन सत्रों से चली आ रही गिरावट थम गई तथा निर्यातकों की डॉलर बिकवाली के बाद स्थानीय विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे की तेजी के साथ 73.54 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सुबह के कारोबार में रुपया दिन के लगभग निचले स्तर 73.77 रुपए प्रति डॉलर पर खुला लेकिन बाद में रुपए की हानि कम होती गई। कारोबार के दौरान रुपए ने 73.53 के दिन के उच्च स्तर और 73.78 रुपए के निम्न स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में रुपए में तीन दिनों से जारी गिरावट थम गई और डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर अपने पिछले बंद भाव से चार पैसे की तेजी दर्शाती 73.54 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुई।

## सितंबर में भारत के निर्यात में चार प्रतिशत की वृद्धि: अंकटाड

**संयुक्त राष्ट्र संघ।** भारत के निर्यात की वृद्धि दर इस साल की तीसरी तिमाही (सितंबर तिमाही) में साल भर पहले की तुलना में कम हुई, लेकिन सितंबर महीने में इसकी गति बढ़ी है। संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक व्यापार पर जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। व्यापार एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (अंकटाड) ने नई वैश्विक व्यापार रिपोर्ट में कहा कि इस साल की तीसरी तिमाही में वैश्विक व्यापार साल भर पहले की तुलना में पांच प्रतिशत कम हुआ है। हालांकि यह दूसरी तिमाही में आई 19 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में बेहतर है।

## यूको बैंक ने दूसरी तिमाही में 30करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया, डूबा कर्ज घटा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक ने चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में 30.12 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में बैंक को 891.98 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा हुआ था। तिमाही दर तिमाही आधार पर बात की जाए, तो चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त पहली तिमाही में बैंक ने 21.46 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था।

## बजाज आटो का मुनाफा सितंबर तिमाही में गिरा

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी बजाज ऑटो का एकीकृत शुद्ध लाभ सितंबर तिमाही में 21.62 प्रतिशत गिरकर l,193.97 करोड़ रुपए रह गया। कंपनी ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी को साल भर पहले इसी तिमाही में l,523.31 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था।

## भारत में साइबर सुरक्षा अब शीर्ष कॉरपोरेट प्राथमिकता: अध्ययन

**बेंगलुरू।** कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर घर से काम में तेजी आई है। हालांकि इसके साथ ही साइबर सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियां भी काफी बढ़ गई है। इसके चलते भारत में अब साइबर सुरक्षा सर्वोच्च कॉरपोरेट प्राथमिकता बन गई है। सिस्को के रिपोर्ट के अनुसार, भारत के 73 प्रतिशत संगठनों को कोविड-19 महामारी की शुरुआत के बाद से साइबर हमलों अथवा चेतावनी में 25 प्रतिशत या इससे अधिक तेजी देखने को मिल रही है।।

## आठ महीने बाद सरकार ने चुनिंदा श्रेणियों को छोड़ सभी वीजा को बहाल किया

**नई दिल्ली।** सरकार ने आठ महीने के बाद चुनिंदा श्रेणियों को छोड़ सभी प्रकार के वीजा को बहाल करने का बृहस्पतिवार को निर्णय लिया। सरकार ने सभी प्रकार के वीजा को निलंबित कर दिया था।

## सितंबर तिमाही में भी रियल एस्टेट में धारणा निराशावादी, परिदृश्य हुआ सकारात्मक: सर्वेक्षण

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस महामारी के कारण रियल एस्टेट क्षेत्र की धारणा सितंबर तिमाही में भी निराशावादी बनी रही। हालांकि अगले छह महीने को लेकर परिदृश्य सकारात्मक हुआ है और मांग में सुधार के संकेत दिख रहे हैं। एक सर्वेक्षण में ए बातें कही गईं। नाइट फ्रैंक, फिक्की और नारेडको के द्वारा बृहस्पतिवार को जारी रियल एस्टेट धारणा सूचकांक तीसरी तिमाही 2020 सर्वेक्षण के अनुसार, जुलाई से सितंबर तिमाही के दौरान मौजूदा धारणा स्कोर सुधरकर 40 अंक पर पहुंच गया। यह एक तिमाही पहले महज 22 अंक के रिकॉर्ड निचले स्तर पर था। हालांकि यह अभी भी निराशावादी बना हुआ है।

## रिलायंस पावर का दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 105.67 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** रिलायंस पावर का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही दोगुना से अधिक होकर 105.67 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को यह सूचना दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ 45.06 करोड़ रुपए था। समीक्षावधि में कंपनी की कुल आय 2,626.49 करोड़ रुपए रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 2,239.10 करोड़ रुपए थी।

## फ्लिपकार्ट, जियो के सौदों ने जुलाई-सितंबर तिमाही में उद्यम पूंजी निवेश बढ़कर 3.6 अरब डॉलर

**मुंबई।** कोरोना वायरस महामारी के चलते अर्थव्यवस्था में नरमी के बावजूद उद्यम पूंजी कोषों का देश में निवेश जुलाई-सितंबर तिमाही में बढ़ा है। एक रपट के मुताबिक यह अप्रैल-जून 2020 के मुकाबले दोगुना होकर 3.6 अरब डॉलर रहा। आंकड़े जुटाने वाली परामर्शक कंपनी केपीएमजी ने इस संबंध में रपट पेश की है। कंपनी ने चालू तिमाही में उद्यम पूंजीपतियों का निवेश और बढ़ने की संभावना जताई है। इससे पहले अप्रैल-जून तिमाही में देशभर में लगे कड़े लॉकडाउन के बीच इन उद्यम में पूंजी लगाने वालों ने 1.5 अरब डॉलर का निवेश किया था।

## दुनिया के बेहतरीन नियोक्ताओं की फोर्ब्स सूची में एनटीपीसी भारतीय सार्वजनिक उपक्रमों में शीर्ष पर

भाषा। नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह फोर्ब्स की विश्व के बेहतरीन नियोक्ताओं की सूची, 2020 में भारतीय सार्वजनिक उपक्रमों में शीर्ष पर रही है। बिजली उत्पादक कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह पहचान एनटीपीसी की सोच-विचार कर और मजबूती के साथ अपने कामकाज में लागू की जाने वाली बेहतर गतिविधियों के प्रति प्रतिबद्धता का सबूत है। उसने कहा कि लॉकडाउन और धीरे-धीरे पाबंदियों में ढील दिए जाने के दौरान एनटीपीसी की शिक्षण-प्रशिक्षण और विकास रणनीति के तौर-तरीके कर्मचारियों के लिए वर्तमान परिदृश्य की आवश्यकता के अनुसार आगे बढ़ने में मददगार साबित हुए हैं।बयान के अनुसार उसके प्रशिक्षण के तौर-तरीकों ने हजारों कर्मचारियों के जीवन को बेहतर और समृद्ध बनाया। डिजिटलीकरण और ऑनलाइन प्रशिक्षण से वे दूर-दराज के क्षेत्रों से भी सेवाएं प्राप्त करने में सक्षम हो सके। इन तौर-तरीकों से एनटीपीसी के हजारों कर्मचारियों को आगे बढ़ने और पेशेवर क्षेत्र से भी आगे बढ़कर सोचने में मदद की।

# ओबामा ने मतदाताओं से बाइडेन को जिताने की अपील की

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने उत्तराधिकारी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर तीखा हमला करते हुए उनपर महामारी से निपटने के उपायों में कुप्रबंधन का आरोप लगाया। ओबामा ने इसके साथ ही लोगों से अपील की कि वे घरों से बाहर निकलकर डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद प्रत्याशी जो बाइडेन के पक्ष में मतदान करें। उनके कार्यकाल में उपराष्ट्रपति रहे जो बाइडेन और इस चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस के समर्थन में चुनाव प्रचार करने उतरे ओबामा ने लोगों से तीन नवंबर को होने वाले मतदान में ट्रम्प और उनकी टीम को हराने की अपील की। ओबामा ने कहा, उनके (बाइडेन-हैरिस) के पास अर्थव्यवस्था और महामारी की चुनौतियों से निपटने की योजना है। बाइडेन और हैरिस सरकार में चरित्र और नेतृत्व को पुन: स्थापित करेंगे।



गैसटोनिया के म्युनिसपल एअरपोर्ट पर एक चुनावी सभा को संबोधित करते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

ट्रम्प पर हमला करते हुए ओबामा ने कहा, हम और चार साल नहीं सह सकते हैं। फिलाडेल्फिया में एक रैली को संबोधित करते हुए ओबामा ने कहा कि व्हाइट हाउस कुछ भी कर सकता है का विचार गलत है।

उन्होंने कहा, टेलीविजन पर ट्वीट कर देने से मामले नहीं सुलझते। मजाक उड़ाने से चीजें सही नहीं होती। आपको योजना बनानी होती, लेकिन वास्तविकता में महामारी के दौरान व्हाइट हाउस ने इसे छोड़ दिया... उन्होंने संभवत: इसे कहीं किसी मेज पर छोड़ दिया।

## ट्रम्प ने बाइडेन के लिए ओबामा के प्रचार को नहीं दी अधिक अहमियत

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति चुनाव में अपने डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन के समर्थन में अपने पूर्ववर्ती बराक ओबामा के चुनाव अभियान को अहमियत ना देते हुए कहा कि ओबामा प्रशासन की विफलताओं के कारण ही लोगों ने उन्हें (ट्रंप) व्हाइट हाउस भेजा था।ट्रम्प ने उत्तरी कैरोलाइना के गैस्टोनिया में अपने समर्थकों से कहा कि ओबामा का बाइडेन के लिए प्रचार करना अच्छी खबर है। ओबामा के पेन्सिलवेनिया के फिलाडेल्फिया में एक रैली में उन पर हमला बोलने के तुरंत बाद ट्रम्प ने कहा, यह अच्छी बात है। ओबामा से अधिक किसी ने कुटिल हिलेरी क्लिंटन के लिए प्रचार नहीं किया .. सही बात है ना? ओबामा ने 2016 में हिलेरी के लिए व्यापक तौर पर प्रचार किया था। ट्रम्प ने कहा, वह हर जगह थे। उन्होंने (ओबामा) कहा था कि वह (ट्रम्प) हमारे राष्ट्रपति नहीं होंगे। उससे पहले उन्होंने कहा था वह (ट्रम्प) चुनाव नहीं लडेंगे। वह मुझे नहीं जानते। फिर मैंने चुनाव लड़ने का फैसला किया। फिर उन्होंने कहा कि मुझे नामित नहीं किया जाएगा। फिर मुझे नामित भी किया गया। उन्होंने कहा, फिर उन्होंने कहा, वह (ट्रम्प) हमारे राष्ट्रपति नहीं होंगे और मैं चुनाव जीत गया। मुझे लगता है कि कुटिल हिलेरी क्लिंटन से अधिक कोई उस रात अगर दुखी था तो वह बराक हुसैन ओबामा थे। केवल वही। बराक हुसैन ओबामा।

### अमेरिकी चुनाव : अज्ञात समूह ने डेमोक्रेटिक मतदाताओं को धमकी भरे ई-मेल भेजे

**बोस्टन।** अमेरिका के फ्लोरिडा और पेनसिल्वेनिया सहित कम से कम चार राज्यों के डेमोक्रेटिक मतदाताओं को धमकी भरे ई-मेल आए हैं जिसमें कहा गया है कि अगर वे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पक्ष में मतदान नहीं करेंगे तो उन्हें देख लिया जाएगा। माना जा रहा है कि ए ई-मेल घोर दक्षिणपंथी समूह ने भेजा है। मतदाताओं को धमकाने के लिए समूह ने संभवत:राज्य मतदाता पंजीकरण सूची से पते लिए हैं जिसमें मतदाता के पार्टी से संबंध के साथ ई-मेल पते भी दर्ज होते हैं। ई-मेल भेजने वालों ने दावा किया है कि वे जानते हैं कि अमुक मतदाता किस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करेगा। संघीय अधिकारी लंबे समय से ऐसी संभावना को लेकर चेतावनी दे रहे थे क्योंकि पंजीकरण सूची प्राप्त करना कठिन नहीं है। धमकी भरे ईमेल के बाद गृह सुरक्षा के शीर्ष चुनाव अधिकारी क्रिस्टोफर क्रेब्स ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा, इन ई-मेल को धमकाने और हमारे चुनाव के प्रति अमेरिकी मतदाताओं के विश्वास को कम करने के लिए भेजा गया है।

## पाकिस्तान के बड़े शहरों में खराब हो रही कोविड-19 संबंधी स्थिति : अधिकारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में राजधानी इस्लामाबाद और देश के आर्थिक केंद्र कराची सहित बड़े शहरों में कोविड-19 से संबंधित स्थिति खराब हो रही है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि लोग सरकारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करना जारी रखते हैं तो सेवाएं बंद करनी पड़ सकती हैं।

देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 736 नए मामले सामने आए हैं जिससे महामारी के कुल मामलों की संख्या बृहस्पतिवार को बढ़कर 3,25,480 हो गई। प्रधानमंत्री के विशेष सहायक (स्वास्थ्य मामले) फैसल सुल्तान ने बुधवार को कहा कि कराची, हैदराबाद, मुल्तान, इस्लामाबाद, मुजफ्फराबाद और मीरपुर में स्थिति खराब होती जा रही है।

उन्होंने कहा, यदि लोग स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का उल्लंघन करना जारी रखते हैं तो हमें वैसी ही स्थिति का सामना करना पड़ सकता है जो हमने इस साल जून में देखी थी। इस तरह की स्थिति उत्पन्न न हो, यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। पाकिस्तान में 14 जून को महामारी का उच्च स्तर देखा गया था जब संक्रमण के 6825 मामले सामने आए थे। सुल्तान ने कहा कि आगामी दो सप्ताह काफी महत्वपूर्ण होंगे।पाकिस्तान की कोरोना वायरस नियंत्रण इकाई नेशनल कमांड एंड ऑपरेशन सेंटर ने बुधवार को चेतावनी कि यदि लोग स्वास्थ्य दिशा-निर्देशों का उल्लंघन जारी रखते हैं तो सेवा सेक्टर को दोबारा बंद करने के सिवाय कोई विकल्प नहीं होगा। इसके अनुसार यातायात क्षेत्र, बाजार, विवाह स्थल, रेस्तरां आदि वायरस के प्रसार वाले सर्वाधिक जोखिम वाले स्थान हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय ने कहा कि कोरोना वायरस से 10 और लोगों की मौत के बाद देश में संक्रमण से मरने वालों की संख्या बढ़कर 6,702 हो गई है। इसके अलावा 591 मरीजों की स्थिति गंभीर है। मंत्रालय के अनुसार 309136 लोग संक्रमण से उबर चुके हैं। पाकिस्तान में सिंध में।,42,641, पंजाब में।,02,107, खैबर पख्तूनख्वा में 38,810, गिलगित बाल्टिस्तान में 4107 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 3,639 मामले सामने आए हैं।

## ईरान और रूस ने चुनाव में हस्तक्षेप के लिए मतदाता पंजीकरण डाटा किए प्राप्त : अमेरिका

बॉस्टन (अमेरिका) एपी

**अमेरिकी अधिकारियों** ने मंगलवार रात एक दुर्लभ संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ईरान, अमेरिकी मतदाताओं को धमकाने तथा कई राज्यों में अशांति के लिए जिम्मेदार है। वहीं ईरान एवं मास्को ने चुनाव में हस्तक्षेप करने के लक्ष्य से कुछ मतदाता पंजीकरण डाटा भी हासिल किए हैं। खुफिया विभाग के निदेशक जॉन रैटक्लिफ और एफबीआई के निदेशक क्रिस रे ने कहा कि अमेरिका 2020 अमेरिकी चुनाव में हस्तक्षेप करने वाले देशों पर जुर्माना लगाएगा। उन्होंने कहा कि ईरान और रूस की इस हरकत के बावजूद अमेरिकी भरोसा रखें की उनका मत सुरक्षित है रैटक्लिफ ने कहा, यह हताश विरोधियों द्वारा की गई हताशा भरी कार्वाई है। फ्लोरिडा और पेंसिल्वेनिया सहित चार बैटलग्राउंड स्टेट में डेमोक्रेटिक मतदाताओं को धमकी भरे ईमेल मिलने के बाद यह संवाददाता सम्मेलन बुलाया गया था।



मेक अमेरिका ग्रेट अगेन कार्यक्रम के दौरान ल्यूनकिन एअरपोर्ट पर सभा को संबोधित करते अमेरिकी उपराष्ट्रपति माइक पेंस

## अफगानिस्तान में 19 साल काफी हैं :ट्रम्प

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अफगानिस्तान में अमेरिका के लिए 19 साल रहना काफी है। इसके साथ ही उन्होंने युद्ध प्रभावित देश से अपने सैनिकों की वापसी की बात एक बार फिर दोहराई। ट्रम्प बार-बार कह रहे हैं कि वह सभी अमेरिकी सैनिकों को अंतहीन युद्ध से निकालकर घर वापस लाएंगे। वर्ष 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान मतदाताओं से किए गए वादों में अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी का भी एक वादा था। राष्ट्रपति ने पिछले महीने कहा था कि अमेरिका बहुत कम जल्द अफगानिस्तान में अपने सैनिकों की संख्या घटा कर 4000 कर देगा। नॉर्थ कैरोलाइना के गैसटोनिया में आयोजित चुनावी रैली में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने कहा, ऐसा कभी नहीं हुआ जब आपने अमेरिकी खून और संपदा की कुर्बानी देशों में अंतहीन विदेशी युद्ध के लिए दी, लेकिन अब वे वापस आ रहे हैं। आप जानते हैं, सही ?मुझे उम्मीद है कि इस पर कोई आपत्ति नहीं करेगा। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि अफगानिस्तान में 19 साल काफी है। क्या आप नहीं कहेंगे? हम वहां इसके बदले पुलिस बल चाहेंगे। दुनियाभर में हमारे महान सैनिक मौजूद हैं, लेकिन वहां पर हम पुलिस बल की तरह हैं। 19 साल बहुत होता है। ट्रम्प ने कहा, क्या आप सोचते हैं कि सभी सैन्य साजो सामान के साथ वापसी करना आसान होता है, सही ?लेकिन वे सभी अब आ रहे हैं, वे घर आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस महीने के शुरुआत में ट्रम्प ने घोषणा की थी कि इस साल के अंत तक अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी हो जाएगी। हालांकि, पेंटागन (अमेरिकी रक्षा विभाग) ने इस घोषणा पर आश्चर्य व्यक्त किया था। वहीं तालिबान ने इस घोषणा का स्वागत किया था।

## क्विक न्यूज

### नवाज शरीफ को वापस भेजने के लिए पाकिस्तान ने ब्रिटेन से तीसरी बार गुहार लगाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने ब्रिटेन से तीसरी बार पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को वापस भेजने का अनुरोध किया है। शरीफ भ्रष्टाचार के मामलो में जेल में बंद थे और इलाज कराने के लिए ब्रिटेन गए हुए हैं। बृहस्पतिवार को मीडिया में आईं खबरों में यह जानकारी दी गई है।पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के प्रमुख शरीफ को 2017 में भ्रष्टाचार के मामलो में सुप्रीम कोर्ट द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद प्रधानमंत्री पद से हटा दिया गया था। समाचार पत्र डॉन की खबर के अनुसार तीन बार प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ के प्रत्यर्पण के अनुरोध से संबंधित एक पत्र करीब तीन सप्ताह पहले यहां ब्रिटेन के उच्चायुक्त को सौंपा गया था। पाकिस्तान सरकार ने उस पत्र के जरिए ब्रिटेन के अधिकारियों से शरीफ का यात्रा वीजा रद्द करने पर विचार करने का अनुरोध किया था। शरीफ पिछले साल नवंबर से इलाज के लिए लंदन में हैं। पत्र में कहा गया है कि ब्रिटेन के 1974 के आव्रजन कानूनों के अनुसार चार साल से अधिक समय के सजायाफ्ता व्यक्ति को उसके मूल देश भेजने का प्रावधान है। जवाबदेही और आंतरिक मामलो के लिए प्रधानमंत्री इमरान खान के सलाहकार शहजाद अक्बर से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि सरकार ब्रिटेन के अधिकारियों से तीन बार नवाज शरीफ के प्रत्यर्पण का अनुरोध कर चुकी है। आखिरी बार पांच अक्टूबर को अनुरोध किया गया था।

### कोविड-19: श्रीलंका ने मछली बाजार बंद किया कई इलाकों में कर्फ्यू लगाया गया

**कोलंबो।** कोरेना वायरस संक्रमण के प्रसार के मद्देनजर बृहस्पतिवार को श्रीलंका के मुख्य मछली बाजार को बंद कर दिया गया और कई इलाको में कर्फ़्यू लगा दिया गया।
सरकार ने कोलंबो के कुछ हिस्सो में और राजधानी के बाहर के कुछ इलाकों में कर्फ़्यू लगाया है। दरअसल, पश्चिमी प्रांत के कम से कम छह गांवो में इस महीने कोरेना वायरस संक्रमण के नए मामले सामने आए थे। कोलंबो भी पश्चिमी प्रांत में ही पड़ता है। स्वास्थ्य अधिकारियो ने 49 व्यापारियों के कोरेना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि होने के बाद देश के मुख्य मछली बाजार को अस्थाई रूप से बंद कर दिया है। कोलंबो के बाहरी इलाके में स्थित बाजार में सैकड़ो अन्य व्यापारियों के भी कोरेना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। देश में बृहस्पतिवार तक 2,510 मामले एक वस्त्र फैक्टरी से संबद्ध रहे हैं और अधिकारियों ने पिछले दो महीनो में प्रथम सामुदायिक संक्रमण के रूप में इसकी पहचान की है। स्कूल और मुख्य सरकारी कार्यालय बंद है, लोगो के एकत्र होने पर प्रतिबंध है और सार्वजनिक वाहनो का परिचालन भी बंद रखा गया है। श्रीलंका में मार्च से अब तक संक्रमण के कुल 5,811 मामले सामने आए हैं, जबकि 13 लोगों की मौत हुई है।

### दक्षिण कोरिया में कोविड-19 के 121 नए मामले

**सियोल।** दक्षिण कोरिया मे अर्थव्यवस्था बेहतर करने के लिए सामाजिक मेल जोल से दूरी बनाए रखने के नियमों में कुछ रियायत देने के एक सप्ताह बाद ही कोविड-19 के नए मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। देश में कोविड-19 के 121 नए मामले सामने आए है।कोरिया रोग नियंत्रण एवं रोकथाम एजेंसी ने बृहस्पतिवार को बताया कि दक्षिण कोरिया मे अभी तक कोविड-19 के कुल 25,543 मामले सामने आए है, जिनमें से अब तक 453 लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों ने वायरस के प्रसार को रोकने के लिए सियोल महानगरीय क्षेत्र के अस्पतालों, नर्सिंग होम और बुजुर्ग कल्याण केन्द्रो के।,30,000 कर्मचारियों की जांच भी शुरू की है।

### अमेरिका ने देशों से संयुक्त राष्ट्र परमाणु प्रतिबंध संधि से पीछे हटने की अपील की

**संयुक्त राष्ट्र।** अमेरिका ने परमाणु हथियारों पर प्रतिबंध लगाने वाली संयुक्त राष्ट्र की संधि की पुष्टि करने वाले देशों से इससे पीछे हटने की अपील की है। इस संधि को लागू करने के लिए 50 देशों की पुष्टि की जरूरत है और समर्थकों का कहना है कि इसे इस सप्ताह मंजूरी मिल सकती है। इस संधि को मंजूरी देने वाले देशों को अमेरिका द्वारा लिखे पत्र में कहा गया कि पांच मूल परमाणु शक्तियां - अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस तथा अमेरिका के नाटो सहयोगी संधि के संभावित नतीजो को लेकर हमारे विरोध का समर्थन कर रहे है। उसने कहा कि संधि से हम वापस निरस्त्रीकरण के दौर में पहुंच जाएंगे, जो आधी सदी पुरानी परमाणु अप्रसार संधि के लिए खतरनाक है, जिसे वैश्विक अप्रसार प्रयासों के लिए मील का पत्थर माना जाता है। पत्र में कहा गया है, हालांकि, हम परमाणु हथियार निषेध संधि (टीपीएनडब्ल्यू) का समर्थन करने के आपके अधिकार को स्वीकार करते है, लेकिन हमारा मानना है कि आपने एक रणनीतिक त्रुटि की है और आपको समर्थन वापस लेना चाहिए। संधि के तहत इसकी पुष्टि करने वाला कोई भी देश किसी भी परिस्थिति में ... कभी भी परमाणु हथियार या अन्य परमाणु विस्फोटक उपकरण विकसित नही कर सकता, उनका परीक्षण, उत्पादन, निर्माण नही कर सकता और उन्हें रख भी नही सकता। यह परमाणु हथियारों या परमाणु विस्फोटक उपकरणों के किसी भी हस्तांतरण या उपयोग पर भी प्रतिबंध लगाता है।

## जॉर्जिया: एक बैंक में बंधक बनाए गए 43 लोगों को मुक्त कराया गया

एपी। तबिलिसी

**पूर्व सोवियत** देश जॉर्जिया की पुलिस ने कहा कि बुधवार को सशस्त्र हमलावर द्वारा एक बैंक में बंधक बनाए 43 लोगों को मुक्त करा लिया गया है। पुलिस द्वारा यह घोषणा स्थानीय मीडिया में बंदूकधारी द्वारा तीन बंधकों के साथ इमारत से भागने की खबर के महज कुछ देर बार की गई। सशस्त्र हमलावर ने पश्चिमी जॉर्जिया के जुगदीदी कस्बे में बैंक कर्मियों और ग्राहकों को बंधक बनाया था। जॉर्जिया के गृह मंत्री ने बंधकों की संख्या और हमलावर की मांग को लेकर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हालांकि, स्थानीय मीडिया के मुताबिक हमलावर ने पांच लाख डॉलर नकद की मांग की है। जॉर्जिया के राष्ट्रीय टीवी चैनल मत्वारी ने खबर दी कि हमलावर के पास हथगोले हैं। इसके साथ ही तस्वीर प्रसारित की जिसमें बंधक लोग जमीन पर बैठे हैं और सैन्य वर्दी पहने नकाबपोश हमलावर राइफल के साथ खड़ा है। जॉर्जिया के कई टेलीविजन चैनलों ने खबरें प्रसारित की हैं कि हमलावर ने इमारत छोड़ दी है और अपने साथ तीन बंधकों को अज्ञात स्थान पर ले गया है। दो टेलीविजन चैनलों ने तस्वीर प्रसारित की जिसमें हमलावर तीन बंधकों के साथ इमारत से बाहर निकलता दिख रहा है। खबरों के मुताबिक तीन में से एक बंधक संभवत: स्थानीय पुलिस के प्रमुख हैं जो हमलावर के साथ बातचीत में शामिल थे। गृह मंत्रालय द्वारा बृहस्पतिवार तड़के जारी बयान के मुताबिक 43 बंधकों को मुक्त करा लिया गया है और उन्हें सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस का अभियान जारी है। हालांकि, बयान में बंदूकधारी द्वारा तीन बंधकों को साथ ले जाने के बारे में टिप्पणी नहीं की गई है।



सूडान में आगजनी व प्रदर्शन के दौरान विजयी निशान दिखाता प्रदर्शनकारी

# पाकिस्तान की संसदीय समिति ने जाधव की सजा की समीक्षा की मांग करने वाले विधेयक को मंजूरी दी

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान की** संसदीय समिति ने सरकार के उस विधेयक को मंजूरी दे दी है जिसमें अंतरराष्ट्रीय अदालत के निर्देशों के अनुरूप भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव को दी गई मौत की सजा की समीक्षा करने की मांग की गई है।

मीडिया में बृहस्पतिवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (समीक्षा और पुनर्विचार) अध्यादेश शीर्षक से प्रस्तुत मसौदा विधेयक पर नेशनल असेंबली की विधि एवं न्याय से संबंधित स्थाई समिति ने विपक्ष के तीखे विरोध के बावजूद बुधवार को चर्चा की और इसे अपनी मंजूरी दी।

समिति की बहस में हिस्सा लेते हुए पाकिस्तान की न्याय एवं विधि मंत्री फरोग नसीम ने कहा कि यह विधेयक अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन के तहत लाया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर विधेयक को संसद मंजूरी नहीं देती तो

**● समिति की बहस में हिस्सा लेते हुए पाकिस्तान की न्याय एवं विधि मंत्री फरोग नसीम ने कहा कि यह विधेयक अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन के तहत लाया गया है**

पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के फैसले का अनुपालन नहीं करने पर प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि जासूसी और आतंकवाद में शामिल होने के आरोप में भारतीय नौसेना से अवकाश प्राप्त 50 वर्षीय अधिकारी कुलभूषण जाधव को पाकिस्तान की सैन्य अदालत ने अप्रैल 2017 में मौत की सजा सुनाई थी। भारत ने पाकिस्तान के सैन्य अदालत के फैसले और जाधव को राजनयिक संपर्क देने से इनकार करने के खिलाफ वर्ष 2017 में ही अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का रुख किया था। हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय अदालत ने जुलाई 2019 में दिए फैसले में कहा कि पाकिस्तान जाधव को दोषी ठहराने और सजा देने के फैसले की प्रभावी तरीके से समीक्षा करे और पुनर्विचार करे। इसके साथ ही अदालत ने भारत को बिना देरी जाधव तक राजनयिक पहुंच देने का आदेश दिया। डान अखबार के मुताबिक स्थाई समिति में विपक्षी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन), पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और जमीयत उलेमा -ए-इस्लाम (जेयूआई-एफ) के सदस्यों ने अध्यक्ष रियाज फत्याना से अनुरोध किया कि वह इस विधेयक को खारिज कर दें। हालांकि, सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) से संबंध रखने वाले फत्याना ने गतिरोध को मतदान से सुलझाने का फैसला किया। उन्होंने पीटीआई के दो सदस्यों को भी मतदान से पहले बैठक में जाने से रोकने का प्रयास किया। खबर के मुताबिक समिति के आठ सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में मतदान किया जबकि पांच सदस्य इसके विरोध में रहे। विपक्षी सदस्यों ने विधेयक को जाधव के लिए राष्ट्रीय मेल-मिलाप अध्यादेश(एनआरओ) करार दिया है। उललेखनीय है कि एनआरओ को पूर्व राष्ट्रपति और सैन्य तानाशाह जनरल (अवकाशप्राप्त) परवेज मुशर्फ ने तब देश के निर्वासित राजनीतिक नेतृत्व के लिए जारी किया गया था जिसमें राजनेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के कई मामलों को वापस ले लिया गया था। जेयूआई-एफ की आलिया कामरान ने आरोप लगाया कि सरकार देश की अवस्थापना को यह कहकर भ्रमित कर रही है कि वह विधेयक जाधव के लिए नहीं ला रही है। उन्होंने कहा कि विधेयक को आम बहस के लिए जनता और बार एसोसिएशन के समक्ष रखना चाहिए। कामरान ने कहा, विधेयक गैर जरूरी है क्योंकि पाकिस्तान के पूर्व प्रधान न्यायाधीश ने पहले ही अपने फैसले में कह दिया है कि संवैधानिक अदालतें सैन्य अदालतों के फैसलों की समीक्षा कर सकती हैं। पीपीपी के सैयद नवीद कमर ने कहा कि विधेयक के जरिए सरकार जाधव को सैन्य अदालत के फैसले के खिलाफ अपील से राहत देना चाहती है जो पाकिस्तानी नागरिकों को भी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि जाधव को एनआरओ देने के लिए लाए जा रहे इस विधेयक का हम विरोध करते हैं। विधि मंत्रालय ने कहा कि वह इस विधेयक के जरिए भारत को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में पाकिस्तान के खिलाफ संभावित अवमानना का मुकदमा दर्ज करने से रोकना चाहता है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होता और मामला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को प्रेषित किया जाता है तो देश को प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। मंत्री ने रेखांकित किया कि अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के आदेश के अनुरूप अनुमति दिए जाने के बावजूद न तो भारत ने और न ही कुलभूषण जाधव ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में राहत के लिए याचिका दायर की है।

## भारतीय मूल के अमेरिकी न्यायाधीश अमित मेहता को गूगल के खिलाफ दायर मुकदमा सौंपा गया

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के अमेरिकी जिला न्यायाधीश अमित मेहता को गूगल के खिलाफ न्याय विभाग का महत्वपूर्ण मुकदमा सौंपा गया है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने 22 दिसंबर, 2014 को मेहता को कोलंबिया प्रांत के वास्ते अमेरिकी जिला न्यायालय के लिए नियुक्त किया था। भारत के गुजरात में जन्मे, मेहता के पास 1993 में जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री है और उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ वर्जीनिया स्कूल ऑफ लॉ में कानून की पढ़ाई की। लॉ स्कूल के बाद मेहता ने नौवीं सर्किट कोर्ट में क्लर्क का काम करने से पहले सैन फ्रांसिस्को की एक कानूनी फर्म में काम किया था। वर्ष 2002 में मेहता एक स्टॉफ अटॉर्नी के रूप में डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया पब्लिक डिफेंडर सर्विस में कार्यरत हुए।न्याय विभाग और 11 राज्यों के अटॉर्नी जनरल ने मंगलवार को कोलंबिया जिले के लिए अमेरिकी जिला अदालत में गूगल इंटरनेट कंपनी के खिलाफ अविश्वास (एंटीट्रस्ट) का मुकदमा दायर किया था।

# 'कहानी से जुड़ाव के कारण ही लोग धारावाहिक देखते हैं'

**स्टार प्लस पर हाल ही में चर्चित और लोकप्रिय शो 'साथ निभाना साथिया' का दूसरा सीज़न प्रारंभ हो गया। इस सीरियल में गोपी बहू का प्रमुख चरित्र निभाने वाली अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचारजी से बात की पायनियर संवाददाता मुस्बा हाश्मी ने और उनसे जाना कि दूसरे सीज़न में परदे पर लौटने में उन्हें कितनी उत्सुकता है और उनके इस शो में आगमन पर शो में क्या परिवर्तन देखने को मिलेगा। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट ...**



**लोग आजकल** किसी न किसी धारावाहिक को देखते ही हैं। इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता कि यदि आप वास्तविकता को पीछे छोड़ दें तो आप इसे देखकर अपने मनमस्तिष्क को थोड़ा विश्राम दे सकते हैं। आजकल पारिवारिक धारावाहिक अधिक लोकप्रिय हो रहे हैं और इनमें से '....साथिया' सबसे अधिक लोकप्रिय है। ये केवल इसकी भिन्न कहानी के कारण ही नहीं है अपितु इसके निर्देशक यशराज मुखाटे द्वारा लोकप्रिय शो के एक सीन को मिक्स करने के निर्णय किया और ये मिनटों में ही वायरल हो गया।

मुखाटे के इस निर्णय की शो में कोकिलाबेन का चरित्र निभा रही रूपल पटेल ने भी सराहना की। अब जबकि इस शो को समुचित प्रशंसा मिल चुकी है तो निर्माताओं के लिए इसका दूसरा सीज़न लाने का यही सबसे उचित समय है।

देवोलीना भट्टाचारजी को लोग इससे पहले बिगबॉस 13 में देख चुके हैं, इसमें गोपी मोदी का चरित्र निभाने की पूरी तैयारी कर चुकी हैं। यदि कोई ये जानना चाहे कि इसके दूसरे सीज़न में पहले की अपेक्षा क्या नया है, तो इसके लिए तो आपको ये दूसरा सीज़न देखना ही पड़ेगा।

भट्टाचारजी ने बताया, 'हम आपको इसके दूसरे सीज़न की कहानी के बारे में अधिक नहीं बता सकते क्योंकि हमें भी पूरी कहानी के बारे में नहीं पता होता। हम तो बस निर्देशक के कहने के अनुसार काम करते हैं। इसके अलावा शूटिंग के समय भी कहानी में कई बार तात्कालिक परिवर्तन किये जाते हैं। लेकिन इस बात में तनिक भी संदेह नहीं होना चाहिये कि इस बार भी भरपूर मनोरंजन होने वाला है और हम महिला सशक्तीकरण को लेकर चलते हैं। इस बार आपको गहना और अनंत के बीच में एक नया लव एंगल देखने को मिल सकता है और दर्शकों को ये निश्चित रूप से अच्छा लगेगा।'

उनसे ये पूछते ही कि गोपी बहू के रूप में परदे पर वापसी पर उन्हें कैसा प्रतीत हो रहा है, वो झट से बताने लगती हैं कि उनके उत्साह की सीमा नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत उत्साहित हू, मुझे आशा ही नहीं थी कि मैं गोपी बहू बनकर इस शो में वापसी करूंगी। मुझे कुछ अनूठी अनुभूति हो रही है। वैसे जब भी किसी शो का दूसरा सीज़न प्रारंभ होता है तो उसमें चरित्र वही रहते हैं लेकिन अभिनेता, अभिनेत्री बदल जाते हैं लेकिन मैं इस बार भी गोपी बहू बन रही हूं और ये मेरे लिए सबसे बड़ा उपहार है।'

उनका कहना है कि किसी भी सीरियल का नया सीज़न कई चुनौतियां भी लेकर आता है। उन्होंने बताया, 'दूसरे सीज़न में दर्शकों की अपेक्षाएं बढ़ जाती हैं तो ये अब अधिक चुनौतीपूर्ण होगा। किसी हिट शो का दूसरा सीज़न लाना वैसे भी जोखिमपूर्ण तो होता ही है। लेकिन हमें लगता है कि हम स्वयं को साबित कर चुके हैं और अब युवाओं की बारी है कि वे स्वयं को साबित करके दिखाएं। लेकिन ये कहने के साथ ही ऐसा नहीं है कि हमारा दायित्व समाप्त हो गया। लेकिन मेरा कहना ये है कि उनकी भूमिका इसमें बड़ी रहने वाली है अत: उन्हें अधिक ध्यान देना होगा।'

यदि याद हो तो इस शो के एक दृश्य में गोपी बहू अहम का लैपटॉप धोकर सूखने के लिए टांग देती है। ये भी याद हो कि तब जिया मानेक के स्थान पर भट्टाचारजी को लिया गया था। उनसे ये पूछने पर कि एक स्थापित कलाकार के स्थान पर आना कितना चुनौतीपूर्ण होता है? उनका कहना है कि उनके लिए ये एक बिलकुल नया रोल था। 'मैंने ये नहीं सोचा था कि मैं किसी का स्थान लूंगी, यदि मैंने इस बारे में सोचा होता तो मैंने इन बातों पर भी विचार किया होता। बस यही सत्य है और मैंने इसे एक नई भूमिका की भांति लिया था।'

> मैं बहुत उत्साहित हूं, मुझे आशा ही नहीं थी कि मैं गोपी बहू बनकर इस शो में वापसी करूंगी। मुझे कुछ अनूठी अनुभूति हो रही है। वैसे जब भी किसी शो का दूसरा सीज़न प्रारंभ होता है तो उसमें चरित्र वही रहते हैं लेकिन अभिनेता, अभिनेत्री बदल जाते हैं लेकिन मैं इस बार भी गोपी बहू बन रही हूं और ये मेरे लिए सबसे बड़ा उपहार है। दूसरे सीज़न में दर्शकों की अपेक्षाएं बढ़ जाती हैं तो ये अब अधिक चुनौतीपूर्ण होगा। किसी हिट शो का दूसरा सीज़न लाना वैसे भी जोखिमपूर्ण तो होता ही है।

प्रारंभ में भट्टाचारजी को भूमिका निभाने में कुछ समस्या थी और लोग कहते थे कि वो इस भूमिका को नहीं कर पाएगी। लेकिन उन्होंने बताया, 'पहले छ: महीने चुनौतीपूर्ण थे। सबकुछ सही नहीं चल रहा था। मुझे पता चला कि लोगों को लग रहा है कि मैं ये नहीं कर सकूंगी। मुझे बुरा लगा और फिर जिया के जाने के बाद शो को हटाने की बातें भी चलने लगीं। लोगों ने मुझसे जिया की तरह काम करने की सलाह दी। लेकिन वो संभव नहीं था। मेरा व्यक्तित्व अलग है और मैं अपने अनुसार ही काम करूंगी। मैं किसी की नकल नहीं कर सकती। लेकिन इन सबके बाद भी मैं जिद्दी व्यक्ति हूं। यदि मैं कोई काम लेती हूं तो उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करती हूं। गोपी को लेकर भी मेरा यही प्रयास चल रहा था। मैं अपने चरित्र को निभाने के लिए संघर्ष करती रही। मैंने प्रयास नहीं छोड़े। मैंने अपनी ओर से पूरा जोर लगाया और अंतत: काम बन गया। फिर दर्शकों ने भी मुझे स्वीकार कर लिया। अब गोपी का चरित्र बहुत बदल गया है। अब उसे एक प्रगतिशील महिला के रूप में प्रस्तुत किया जाने लगा है। यहां तक कि उसकी शैली में भी परिवर्तन आ गया है।'

उन्होंने बताया कि पिछले सीज़न के सेट पर उनकी कई अविस्मरणीय स्मृतियां हैं, 'मैं उस सेट पर रानी जैसी थी। हर कोई मुझसे अच्छे से बात करता था। हमने खूब मस्ती की। वहां कुछ दिन अच्छे, कुछ मध्यम और कुछ दिन बुरे जाते थे। मैं वहां हंसी, रोई और गुस्सा भी हुई और भी न जाने क्या-क्या हुआ। हम वहां एक बड़े परिवार जैसे थे और सेट पर बहुत आनंद आया।'

धारावाहिकों को अधिकांशतया नाटकीय और अवास्तविक माना जाता है लेकिन भट्टाचारजी का इस बारे में अलग ही विचार है, 'ये सही नहीं है। लोग तो धारावाहिक इसलिये देखते हैं क्योंकि वे इनसे जुड़ जाते हैं। इसमें जो भी दिखाया गया है वो कभी न कभी घटित होता ही है। हम बस इसकी कहानी के अनुसार संशोधित कर लेते हैं। वैसे ये उतना नाटकीय नहीं है। इसमें समाज का ही प्रतिबिंब दिखता है।

## ट्रेंड बाजार

### याराना के 25 साल पूरे होने पर माधुरी ने ऋषि और सरोज को किया याद



**अभिनेत्री** माधुरी दीक्षित नेने अपने सह-कलाकार ऋषिकपूर और कोरियोग्राफर सरोज खान के साथ अपनी 1995 में रिलीज़ हुई फिल्म याराना को याद किया। इसका निर्देशन डेविड धवन ने किया था और ये जूलिया रॉबर्ट अभिनीत फिल्म स्लीपिंग विद द एनिमी, से प्रेरित थी। इसी फिल्म में माधुरी ने अपना सर्वकालीन हिट गाना 'मेरा पिया घर आया' गाया था। इस गाने का नृत्य निर्देशन कोरियोग्राफर सरोज खान ने किया था। माधुरी ने लिखा, 'ऋषि के साथ काम करना और गाने के स्टेप्स सरोज जी से सीखना मेरी स्मृतियों में सर्वोपरि रहेंगे। इस फिल्म के 25 वर्ष पूरे हुए हैं और मुझे इन दोनों की बहुत याद आ रही है। अपने इन शब्दों के माध्यम से मैं उनको श्रद्धांजलि समर्पित करती हूं।'

### काम की सराहना से प्रसन्न हैं श्वेता त्रिपाठी



**प्रतिभाशाली** अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी का कहना है कि 'यदि मेरी तुलना आयुष्मान खुराना से की जाती है तो ये मेरे लिए गर्व की बात है। आज हम ऐसे युग में हैं जहां स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होती है और आपके सहयोगी अपने प्रदर्शन को सुधारने और आपको अच्छा करने की प्रेरणा देते हैं। आयुष्मान ने उन फिल्मों को करके अभिनेता और अभिनेत्रियों की एक पूरी पीढ़ी को गौरवान्वित किया है, जिन्हें दूसरे अभिनेता करने के बारे में सोचते भी नहीं। मुझे प्रसन्नता है कि लोगों को मेरा अब तक का काम अच्छा लग रहा है।'

### गृहनगर चंडीगढ़ में शूटिंग से प्रसन्न हैं आयुष्मान



**ये** जानकार सभी को प्रसन्नता होने वाली है कि आयुष्मान खुराना और वाणी कपूर की लीड भूमिका वाली फिल्म को अंतत: एक नाम मिल गया है। अभिषेक कपूर निर्देशित इस फिल्म का नाम होगा 'चंडीगढ़ करे आशिकी'

इंस्टाग्राम पर अपने एक पोस्ट में आयुष्मान ने अपने गृहनगर चंडीगढ़ में फिल्म शूट करने पर प्रसन्नता व्यक्त की।


उन्होंने लिखा, 'अब मेरा अगला पड़ाव पहली बार मेरा गृहनगर चंडीगढ़ होगा जहां हम अभिषेक कपूर की इस प्रगतिशील प्रेमकहानी 'चंडीगढ़ की आशिकी' शूट करेंगे।'

### रॉबर्ट, मार्क ने किया क्रिस प्रैट का बचाव

**हॉलिवुड** फिल्म अवेंजर्स, के स्टार मार्क रफेलो और रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने अपने सहकलाकार क्रिस प्रैट का उनके राजनीतिक रुझान के संबंध में नेटिजन्स की आलोचना से बचाव किया है। प्रैट की इस बात को लेकर आलोचना की गई कि उन्होंने वर्तमान गतिविधियों के संबंध में राजनीतिक सक्रियता का प्रदर्शन क्यों नहीं किया। उनके आलोचकों ने उन्हें 'हॉलिवुड के सबसे बुरे क्रिस' बताया। कई लोगों ने उनके कंज़र्वेटिव चर्च की गतिविधियों में शामिल होने पर भी टिप्पणी की। कई लोगों ने ये मान लिया कि वो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थक हैं। इंटरनेट पर लोगों ने उनके द्वारा इंस्टाग्राम पर किये गए एक पोस्ट के लिए भी उन्हें बुरा-भला कहा जिसमें उन्होंने पीपल्स चॉइस अवार्ड जीतने के लिए अपनी फिल्म 'ऑनवर्ड' को अपना मत देने की अपील की थी।



# स्केचर्स इंडिया का अनन्या पांडे के साथ कैम्पेन





**मुंबई।** कैलिफोर्निया स्थित ग्लोबल स्पोर्ट्स एंड लाइफस्टाइल ब्राण्ड स्केचर्स एक नया कैम्पेन लॉन्च कर रहा है। इस कैम्पेन में स्केचर्स इंडिया की पहली महिला ब्राण्ड एम्बेसेडर बॉलीवुड सेंसेशन अनन्या पांडे नजर आयेंगी।वे लाइफस्टाइल और फैशन दोनों कलेक्शंस के लिय`इस ब्राण्ड का चेहरा होंगी। अनन्या पांडे का ओरिजिनल्स कीप मूविंग कैम्पेन खासतौर से भारत के बाजार के लिये बन`एक टेलीविजन विज्ञापन से शुरू होता है।इस विज्ञापन का संदेश आज के युवाओं के लिये है कि वे हमेशा बढ़ते रहें और कभी हार न मानें।यह विज्ञापन इस ब्राण्ड के फ्लैगशिप फैशन लाइफस्टाइल कलेक्शन स्केचर्स डिलाइट्स पर केन्द्रित है, जिसका डिजाइन स्केचर्स की मौलिकता वाले 90 प्रसिद्ध स्नीकर्स पर आधारित है। स्केचर्स के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर डेविड वीनबर्ग ने कहा, हाल ही में सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ एक कैम्पेन की घोषणा करने के बाद हमने भारत में निवेश करना जारी रखा है, जैसा कि बॉलीवुड स्टार अनन्या पांडे के साथ इस नई भागीदारी से साफदिखाई देता है। और यह हमारा पहला टेलीविजन कैम्पेन है, जो खासतौर से भारत के बाजार के लिये है। इस लॉन्च और अनन्या पांडे के बारे में स्केचर्स साउथ एशिया प्राण् लिण् के सीईओ श्री राहुल वीरा ने कहाए ष्हम अनन्या पांडे के साथ अपना पहला कैम्पेन लॉन्च कर रोमांचित हैं।

# संजय दत्त पर इलाज का अच्छा असर हो रहा : पारिवारिक सूत्र



**मुंबई।** कैंसर से जूझ रहे बॉलीवुड स्टार संजय दत्त पर इलाज का अच्छा असर हो रहा है। उनके परिवार के एक सदस्य ने यह जानकारी दी। संजय दत्त (61) ने अगस्त में घोषणा की थी कि वह अपने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अपनी पेशेवर प्रतिबद्धताओं से अवकाश ले रहे हैं। उनकी घोषणा उनके फेफड़ों के कैंसर से जूझने की अटकलों के बीच की गई थी। उनके परिवार के एक सदस्य ने पीटीआई-भाषा से कहा, इस प्रकार की खबर थी कि उनका जीवन छह महीने ही है...(लेकिन) ऐसी कोई बात नहीं थी। उनके एक प्रकार के फेफड़ों के कैंसर से पीड़ित होने का पता चला था जिसके लिए मुंबई में इलाज शुरू कर दिया गया और उन पर इलाज का अच्छा असर हो रहा है। उन्होंने कहा, वह आज अपनी जांच के लिए गए थे और रिपोर्ट अच्छी आई है। भगवान की कृपा और सब लोगों की दुआओं के साथ इलाज का अच्छा असर हो रहा है। संजय दत्त आखिरी बार सड़क 2 में दिखे थे। उन्होंने पिछले सप्ताह पहली बार कैंसर होने के बारे में मशहूर हेयर स्टाइलिस्ट आलिम हकीम द्वारा साझा की गई एक इंस्टाग्राम पोस्ट में जिक्र किया था।

# गुरु नानक देव की 551वीं जयंती पर पाकिस्तान ने भारतीय सिखों को आमंत्रित किया



**इस्लामाबाद।** सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की 551वीं जयंती पर पाकिस्तान ने भारतीय सिखों को आमंत्रित किया है। यह जानकारी सोमवार को एक अधिकारी ने दी।ननकाना साहिब में 27 नवंबर से तीन दिनों के उत्सव गुरु नानक गुरुपर्व की शुरुआत होगी।पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में गुरु नानक के जन्म स्थल गुरुद्वारा जन्मस्थान ननकाना साहिब पर उनकी जयंती के अवसर पर प्रति वर्ष भारत एवं दुनिया के विभिन्न स्थानों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु इकट्ठा होते हैं। बहरहाल, कोविड-19 महामारी से इस वर्ष यह उत्सव प्रभावित हो सकता है।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने खबर दी कि भारतीय श्रद्धालुओं को देश में प्रवेश के लिए पांच दिवसीय वीजा की पेशकश की जाएगी। उन्हें कोविड-19 की अनिवार्य नेगेटिव रिपोर्ट पर ही प्रवेश दिया जाएगा। परित्यक्त वक्फ संपत्ति बोर्ड और पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (पीएसजीपीसी) ने भी उत्सव में हिस्सा लेने के लिए विभिन्न सिख सोसायटी को निमंत्रण भेजा है। कोरोना वायरस महामारी को देखते हुए भारत के सिखों को देश में सीमित समय के लिए ही ठहरने की अनुमति दी जाएगी। विशेष पांच दिवसीय ननकाना साहिब वीजा दो दिसम्बर को समाप्त हो जाएगा।देश के वक्फ बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, गुरु नानक देव की जयंती पर हिस्सा लेने के लिए आने वाले सभी श्रद्धालुओं को ठहरने की पूरी अवधि के दौरान कोविड-19 की मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करना होगा और कोविड-19 की अनिवार्य नेगेटिव जांच रिपोर्ट दिखाने के बाद भी उन्हें इनका पालन करना होगा। पीएसजीपीसी के प्रमुख सरदार सतवंत सिंह के मुताबिक बंद सीमाओं और भारत में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए पाकिस्तान में उनके ठहरने के कार्यक्रम को संशोधित किया गया। उन्होंने कहा, भारतीय सिख श्रद्धालुओं की संख्या पर कोई नई पाबंदियां नहीं लगाई जाएंगी। पाकिस्तान-भारत द्विपक्षीय समझौते के मुताबिक गुरुपर्व के लिए देश में तीन हजार भारतीय सिख श्रद्धालुओं के प्रवेश की अनुमति होगी।

# आशा भोंसले की वजह से डीडीएलजे से जुड़े जतिन-ललित

**मुंबई।** बॉलीवुड के सबसे चहेते संगीतकारों में से एक आर डी बर्मन के निधन के बाद जब संगीतकार जतिन-ललित उनकी पत्नी आशा भोंसले के घर संवेदना व्यक्त करने गए तो उन्होंने सोचा भी नहीं था कि ऐसे वक्त में उन्हें अपने फिल्मी जीवन की सबसे कामयाब फिल्म - दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे - करने का मौका मिलेगा। संगीतकार जोड़ी जतिन-ललित के ललित पंडित याद करते हैं, वह साल 1994 था। दिन लगभग ढल रहा था और लोग भोंसले के सांताक्रूज स्थित घर से विदा ले रहे थे तभी आशा जी पूछा कि क्या उन दोनों ने यश चोपड़ा के साथ काम किया है। पंडित ने बताया कि जब उन्होंने नहीं में जवाब दिया तो भोंसले ने तुरंत चोपड़ा से बात करने के लिए फोन उठाया। बॉलीवुड की सबसे सफल फिल्मों में से एक डीडीएलजे 20 अक्टूबर 1995 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म से अपने जुड़ने के किस्से को 25 साल बाद याद करते हुए पंडित ने पीटीआई-भाषा को बताया, उन्होंने वहीं हमारी सिफारिश की। यश जी ने भी हमसे मिलने में रुचि दिखाई क्योंकि उन्होंने जो जीता वही सिकंदर और अन्य में हमारे काम के बारे में सुन रखा था। आदित्य चोपड़ा की निर्देशक के तौर पर यह पहली फिल्म थी। वह भी यश चोपड़ा के साथ मुलाकात के दौरान मौजूद थे। यह फिल्म उन्हें मिल गई और वह याद करते हुए कहते हैं कि शुक्र है हमारे पास पहले से तैयार किया हुआ एक गाना था। पंडित ने कहा, मैंने उन्हें एक गाना मेहंदी लगा के चलना, पायल बजा के चलना पर आशिकों से अपना दामन बचा के चलना सुनाया। यह सुनकर वो बहुत खुश हुए।



फिल्म में यह गाना मेहंदी लगा के रखना शाहरुख खान और काजोल पर फिल्माया गया है, जो इसके बाद फिल्म स्क्रीन की सबसे पसंदीदा जोड़ी बन गए। उन्होंने कहा कि यह फिल्म के सात गानों में से एक था और भारतीय फिल्म के इतिहास में सबसे सफल गानों में से भी एक। फिल्म के सभी गाने चार्टबस्टर रहे और आज भी लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। फिल्म जब रिलीज हुई तो इसके संगीत ने सभी के दिलों को छू लिया। पंडित कहते हैं कि 25 साल बाद भी उन्हें इस फिल्म के संगीत निर्माण की हर बात ऐसी लगती है जैसे कल की ही बात हो।फिल्म ने इतिहास रच दिया, राज और सिमरन की जोड़ी दर्शकों को भा रही थी तो फिल्म के संगीत का जादू भी लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा था। संगीतकार जतिन-ललित और गीतकार आनंद बख्शी ने मेरे ख्वाबों में, तुझे देखा तो ए जाना सनम.. और हो गया है तुझको तो प्यार सजना.. जैसे गाने देकर इस फिल्म के संगीत को शानदार बना दिया। पंडित इस फिल्म को ऐतिहासिक बताते हैं और मार्च तक जब देश में महामारी की वजह से लॉकडाउन की घोषणा हुई तब तक मुंबई के मराठा मंदिर में यह फिल्म चल रही थी। उन्होंने कहा, यह एक रिकॉर्ड है जो आने वाले दिनों में आसानी से नहीं टूटेगा। यह हमारी कल्पना से परे है, जब हमनें फिल्म के संगीत पर काम शुरू किया था तो किसी ने सोचा भी नहीं था कि यह ऐतिहासिक होगा।

अंधाधुंध फायरिंग, लूट और अनसुलझी गुत्थी-थाना सदरपुर इलाके के गांव बनिगंवा का मामला

# असलहे के दम पर लुटे करीब दो लाख के गहने व नगदी

### ● बेखौफ लुटेरों ने दिया एक और वारदात को अंजाम

संवाददाता। महमूदाबाद, सीतापुर


महमूदाबाद-चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान पायनियर

**सदरपुर** थानाक्षेत्र के बनिगवां गांव में बीती रात बेखौफ बदमाशों ने धावा बोलकर करीब ढाई लाख की संपत्ति लूट ली। बदमाशों का पीछा करते हुए गृहस्वामी के पुत्रों से गुत्थम-गुत्था भी हुई किंतु असलहों के बल पर बदमाश अपने साथी को छुड़ा ले गए। भय उत्पन्न करने के उद्देश्य से बदमाशों ने हवाई फायर भी किए। घटना को अंजाम देने के दौरान बदमाशों का एक मोबाइल, टार्च, प्लास, टोपी गृहस्वामी के घर पर छूट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने केस दर्जकर मामले की जांच शुरू की कर दी है। सदरपुर थानाक्षेत्र के ग्राम बनिगवां निवासी प्रमोद कुमार पुत्र भारत प्रसाद के घर बीती बुधवार की रात करीब दो बजे आधा दर्जन असलहाबंद बदमाश घर के पीछे से छत पर चढ़े। छत से बदमाष घर के अंदर पहुंचे और यहां रखे चांदी के आठ के सिक्के, चार जोड़ी पायल, 15 बिछिया सहित करीब दो लाख कीमत के जेवर व 12 हजार की नकदी उठा ले गए। बदमाश घटना को अंजाम दे ही रहे थे तभी गृहस्वाामी का पुत्र सोनू सिंह जग गया और बदमाशों से भिड़ गया तथा शोर मचाने लगा। सोनू को शोर मचाता देख बदमाश छत से कूदकर भागने लगे जिसपर बदमाशों के पीछे सोनू भी छत से कूद गया। छत से कूदने पर पर सोनू व अन्य ग्रामीण बदमाशों का पीछा करने लगे जिसपर बदमाश फायरिंग करते हुए भाग निकले। गांव से पूरब लगे टावर के पास एक बदमाश को गृहस्वामी के पुत्र मोनू ने पकड़कर दबोच लिया। अपने साथी को घिरा देख बदमाशों के तीन साथी वापस आए और असहों की नोंक पर मोनू की पिटाई करके साथी को छुड़ाकर भाग निकले। घटना को अंजाम देते वक्त बदमाशों का एक मोबाइल, टोपी, प्लास, टार्च छूट गई। बदमाशों के जाने के बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक सदरपुर उमाकांत दीपक मयफोर्स मौके पर जा पहुंचे और मामले की पड़ताल षुरू की। सीओ रवि शंकर प्रसाद ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया। इस संबंध में सीओ रविषंकर प्रसाद ने बताया कि बनिगवां गांव में चोरी की घटना हुई है। गृहस्वामी की तहरीर पर सदरपुर थाने पर धारा 380 आईपीसी के तहत केस दर्जकर मामले की जांच की जा रही है। चोरों का एक मोबाइल व अन्य सामान बरामद हुआ है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। फायरिंग का आरोप निराधार है। कई लोगों के बयान भी दर्ज किए गए हैं किंतु फायरिंग की पुष्टि नहीं हुई है।

> पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है और जल्द ही लुटेरों को पकड़कर खुलासा किया जाएगा।
> **रविशंकर प्रसाद, सीओ महमूदाबाद।**


सीतापुर-भाजपा के नव मनोनीत प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता को बधाई देने पहुंचे पूर्व एमएलसी/भाजपा नेता राकेश सिंह पायनियर

## 20 लीटर शराब के साथ दो लोग बंदी

**लहरपुर सीतापुर।** अवैध शराब की बिक्री को रोकने के उद्देश्य से, चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने 20 लीटर अवैध शराब के साथ दो लोगों को बनाया बंदी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, केसरी गंज तिराहे पर पुलिस ने रामप्रताप पुत्र लालजी निवासी ग्राम रमवापुर को उसकी संदिग्ध गतिविधियों को देखकर उसको जांच हेतु रोका, तो उसके पास से 10 लीटर अवैध शराब बरामद हुई, इसी क्रम में अर्जुन पुत्र अमृतलाल निवासी ग्राम कुसेपा को 10 लीटर अवैध शराब बेचने जाते समय बंदी बनाने में सफलता प्राप्त की। कोतवाली प्रभारी ओपी राय के अनुसार बंदी बनाए गए लोगों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत कार्रवाई की गई।

### गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर के तारनपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में 35 वर्षीय महिला लापता हो गई है। रसीद ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर यह बताया है कि उनकी साली जोहरा बानो बीते 3 दिन पूर्व बिना बताए घर से कहीं चली गई है जो कम दिमाग की भी है काफी समय तक तलाश करने पर कुछ पता नहीं चल सका है, रसीद द्वारा कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है।

कोरोना के ग्राफ में आया उछाल

## गुरूवार को मिले 21 और पॉजिटिव मरीज

संवाददाता। सीतापुर




**जिले में** कोरोना ग्राफमें हल्का उछाल आ गया है। गुरूवार को 21 नए केस मिले हैं। षहर के तरीनपुर, विजय लक्ष्मी नगर, मुंशीगंज, सिविल लाइन में 1-1 केस निकला है। रामपुर मथुरा में 8 केस मिलने से हडकम्प मचा है। महमूदाबाद में 4 और पिसावां, महोली, कसमंडा, सिधौली व सकरन में 1-1 केस की पहचान की गई है। इसी के साथ 4107 पॉजिटिव केस हो गए हैं। सीएचसी लहरपुर में एंटीजन किट के 25 लोगों की कोरोना जांच की गई। अधीक्षक डॉक्टर आनंद मित्रा ने बताया कि सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई है। जांच टीम में लैब टेक्नीशियन रति भानु, हेल्थ वर्कर कविंद्र वाजपेई आदि मौजूद रहे।

## अपर निदेशक चिकित्सा व स्वास्थ्य ने की जांच


सीतापुर-जांच करते अपर स्वास्थ्य निदेशक पायनियर

**सेवता** विधायक ज्ञान तिवारी के पत्र पर जांच करने आए अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. आलोक कुमार के सकक्ष भाजपा नेता रहे स्व. रामेन्द्र शुक्ल के भाई सुभाष शुक्ल का दर्द छलका। उन्होंने कहा कि उनके भाई की मौत सीएमओ डॉ. आलोक वर्मा की लापरवही का अहम रोल है, इसलिए सीएमओ का पदमुक्त किया जाना जरूरी है। विधायक प्रतिनिध ओम प्रकाश मिश्र ने भी पदमुक्त करने व उपकरणें की खरीद की जांच कराए जाने की मांग के समर्थन में अपर निदेशक को पत्र दिया। जांच करने आए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अपर निदेशक डा. आलोक कुमार ने बताया कि मामले में सीएमओ और शिकायत कर्ता के बयान ले लिए गये है, जांच प्रचलित है, शासन को अवगत कराई जाएगी।

## धान खरीद में लूट को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

### ●सरकार विरोधी नारे लगाकर किया प्रदर्शन

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-प्रदर्शन करते कांग्रेस पदाधिकारी पायनियर

**समाजवादी** पार्टी के कार्यकर्ताओं के बाद अब कांग्रेसी भी हाथों में धान की पौध लेकर धान खरीद में क्रय केंद्रों पर बरती जा रही लापरवाही और बिचौलियों के खेल के विरोध में पार्टी कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे और राज्यपाल को संबोधित 5 सूत्री ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शिषिर कुमार को सौंपा। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने कहा कि क्रय केंद्रों पर ना तो धान की खरीद हो रही है और ना ही गन्ना किसानों का बकाया पैसा मिल रहा है। किसान चौतरफा परेशान है और सरकार केवल घोषणाएं किए जा रही है। श्री अवस्थी ने कहा कि सरकार द्वारा धान का अधिकतम समर्थन मूल्य 1866 रुपए तय किया गया है जबकि किसानों से धान की खरीद 11- 12 सौ रुपए में की जा रही है बीच के सारे पैसे बिचौलिए खा रहे हैं।क्रय केंद्रों पर धान की खरीद में बरती जा रही लापरवाही और बिचौलियों के खेल से किसान हलकान है। इस मौके पर पूर्व विधायक हरीश बाजपेयी, शिशिर बाजपेयी, मंजरी राही, संतोष भार्गव, राजीव शर्मा, ज्ञानेन्द्र, सनी, विनीत दीक्षित, राजीव गुप्ता सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आश्वासन के बाद समाप्त हुआ किसान मंच का धरना

**धान** खरीद में अनियमितता सहित अन्य मांगों के समर्थन में विकास भवन के धरना स्थल पर किसान मंच का जारी बेमियादी धरना गुरूवार को एसडीएम सदर अमित भट्ट के आश्वासन के बाद खत्म हो गया। एसडीएम में एक-एक करके एक सप्ताह के अंद सभी समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिलया। जिलाध्यक्ष षिव प्रकाष सिंह ने समाधान न होने पर फिर से धरना शुरू करने की चेतावनी दी।

## घर में घुसकर किया युवक ने दुष्कर्म मुकदमा दर्ज

संवाददाता। महमूदाबाद, सीतापुर

**सदरपुर** थानाक्षेत्र में एक किषोरी के साथ गांव के ही युवक ने घर में घुसकर दुष्कर्म किया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरतार कर जेल भेज दिया है। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक अपनी पत्नी के साथ 20 अक्टूबर को रिष्तेदारी गया था। घर में उसकी नाबालिग बेटी व पुत्र था। किशोरी के पिता ने पुलिस को दिए गए प्रार्थनापत्र में बताया है कि किषोरी को अकेली जानकर गांव का ही विपिन पुत्र मुन्ना घर में घुस आया और बालिका के साथ दुश्कर्म किया। प्रभारी निरीक्षक सदरपुर उमाकांत दीपक ने बताया पिता की तहरीर पर पहले धारा 354 आईपीसी में केस दर्ज किया गया था किंतु बाद में पीड़िता के बयान के आधार पर धारा 376 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी विपिन को गांव से गिरतार करके जेल भेज दिया गया है।

## नाबालिग की अस्मत लूटने का प्रयास

**सीतापुर।** सीतापुर में एक तरफजिला प्रशासन एवं पुलिस महकमा लगातार मिशन शक्ति के तहत युवतियों को सुरक्षा का एहसास कराने का प्रयास कर रहा है। इन सबके बावजूद शोहदों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि एक मनचले ने घर में घुसकर नाबालिग किशोरी के अकेले होने का फायदा उठाने का प्रयास कर डाला। ताजा मामला थाना सदरपुर इलाके का है जहां पीड़िता के पिता के अनुसार बुधवार रात करीब 8 बजे उसके घर से 3-4 मकान दूर पड़ोसी विपिन यादव पुत्र मुन्ना ने घर में घुसकर पीड़िता के साथ बदनियती से अस्मत लूटने का प्रयास करने लगा। पीड़िता ने जब शोर मचाया तो आरोपी भाग निकला। 'पायनियर' से बात करते हैं पीड़िता के पिता ने अपना दर्द बयां किया-क तरफ जिला प्रशासन एवं पुलिस महकमा लगातार मिशन शक्ति के तहत युवतियों को सुरक्षा का एहसास कराने का कर रहा प्रयास एक मनचले ने घर में घुसकर नाबालिग किशोरी के अकेले होने का फायदा उठाने का कर डाला प्रयास। पीड़िता के पिता के अनुसार बुधवार रात करीब 8 बजे उसके घर से 3-4 मकान दूर पड़ोसी विपिन यादव पुत्र मुन्ना ने घर में घुसकर पीड़िता के साथ बदनियती से अस्मत लूटने का किया प्रयास। सीओ महमूदाबाद रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि फिलहाल मामले में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने संगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और युवक की गिरफ्तारी भी कर ली है जिसे अब जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

## डीएम ने महमूदाबाद मंडी का जाना हाल

### ● किसानों को दी जाए पूरी सुविधा

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर


महमूदाबाद-निरीक्षण करते डीएम विशाल भारद्वाज पायनियर

**जिलाधिकारी** विशाल भारद्वाज ने गुरूवार को महमूदाबाद मण्डी में संचालित धान क्रय केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं तथा किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याओं की भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि किसानों को पूरी सुविधा दी जाये तथा मण्डी में आवश्यक संसाधनों पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जाये, जिससे उन्हें फसल का उचित मूल्य मिल सके। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी महमूदाबाद पी.एल. मौर्य, नायब तहसीलदार प्रीति सिंह, मण्डी सचिव रविन्द्र वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### कार्य पूरा कराने के दिए निर्देश

जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने 50 लाख से अधिक की परियोजनओं को समय से पूरा किए जाने की निर्देष दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों पर नकेल कसते हुए फोटोयुक्त निरीक्षण आख्या देने को कहा है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संदीप कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरएस पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

### 17,365 मीट्रिक टन खरीदा जा चुका धान

**किसानो** को सरकारी क्रय केन्द्रों पर धान बेचनें में तारे नजर आ जाते हैं। वहीं डिप्टी आरएमओ अरविंद दुबे तारीफें के पुल बांधने में जुटे हैं। प्रेस रिलीज करके उन्होंने बताया कि पिछले वर्श से इस वर्श खरीद अच्छी हो रही है, अभी 2,216 किसानों से 17,365 मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। जानकारों का कहना है कि डिप्टी आरएमओ की बयानी में कई झोल हैं, किसानों की सूची सार्वजनिक कर दें तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

## महिला जागरूकता को लेकर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

संवाददाता। सीतापुर


सम्बोधित करती कवियत्री मालती वर्मा

**महोली** के जूनियर नरहरा गांव में माहिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कवियत्री मालती देवी ने स्व.रचित कविताओं से महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। अंजुम परवीन, आकांक्षा, राजेंद्र प्रताप सिंह, रूपराम वर्मा, डॉक्टर, निरंजन लाल, बालकराम, वीरेंद्र प्रताप सिंह, राकेश वर्मा, रामदेवी, गुड़िया वर्मा आदि मौजूद थी।

संदना में आयोजित हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

## श्री साईं साधना ट्रस्ट ने ग्रामवासियों को आत्मनिर्भर बनने के दिए टिप्स

संवाददाता। सीतापुर



**श्री सांई** साधना ट्रस्ट ने शारदीय नवरात्र को स्त्री शक्ति सप्ताह के रूप में मनाया। ग्राम संदना में आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं को स्वास्थ्य, पर्यावरण, उपभोक्ता व महिलाओं के लिए निर्धारित कानूनी अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। ट्रस्ट की कार्यकारी अधिकारी उर्ववसी प्रसाद अस्थाना, डाक्टर रंजन जौहरी, मोनिका, रति श्रीवास्तव, अंजली रस्तोगी आदि ने कौशल विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत आर्थिक उत्थान से सम्बन्धित व्यवसायिक प्रशिक्षण जैसे टेलरिंग, कढ़ाई, बुनाई, बेकरी उत्पाद, कृषि उत्पादन से सम्बन्धित प्रशिक्षण के सम्बंध में ग्रामवासियों को जानकारी दी साथ ही स्त्री शक्ति प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत, महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा, बालश्रम शोषण, महिलाओं के कानूनी अधिकार, दहेज प्रथा, यौन शोषण, एसिड अटैक, पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर जानकारी दी और कार्यक्रम में नारा भी दिया 'गांव के युवा को गांव में मिले रोजगार, हमारा गांव हो आत्मनिर्भर, स्त्री शक्ति है सही भक्ति। कार्यक्रम में गांव के 100 से अधिक युवक, युवतियां और प्रौढ़ महिलाएं मौजूद रही।

## महानिदेशक स्कूल शिक्षा के आदेश की हो रही अवहेलना: चन्द्रमोहन



**सीतापुर।** बेसिक शिक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष चन्द्र मोहन अवस्थी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सीतापुर को संगठन का संज्ञान लेने हेतु आग्रह किया जिसमें आपसे निवेदन किया गया है कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश के द्वारा निर्देशित किया गया है कि ब्लॉक के खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में कम्प्यूटर का ज्ञान रखने वाले तीन-तीन मृतक आश्रित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पदस्थापित करने हेतु निर्देश दिए गए हैं परन्तु जनपद सीतापुर के कुछ ऐसे ब्लॉक हैं जहां अभी तक एक भी कर्मचारी सम्बद्ध नहीं हुआ है अतः आपसे निवेदन है उक्त पत्र का संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारियों को आदेशित करने की कृपा करें ताकि महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेशों का पालन हो सके एवं योग्य मृतक आश्रित कर्मचारियों को बीआरसी पर सम्बद्ध करते हुए उनका समय से कम्प्यूटर का प्रशिक्षण कराया जा सके अन्यथा की स्थिति में कर्मचारी आन्दोलन करने हेतु बाध्य होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभाग की होगी।

## महिलाओं की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील है सरकार

### ● बघाइन विद्यालय में मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम को कोतवाल ने किया सम्बोधित

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर


महमूदाबाद-सम्बोधित करते कोतवाल अनिल पांडेय पायनियर

**प्रदेश** सरकार महिलाओं की सुरक्षा के प्रति बहुत संवेदनशील है। सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान नारियों को सुरक्षा देने, उनके सम्मान को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने में महिलाओं व बालिकाओं को महती भूमिका निभानी होगी। महमूदाबाद विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बघाइन में मिशन शक्ति कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करते हुए कोतवाल अनिल पांडेय ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि महिलाएं संकोचवश निकट संबंधियों द्वारा की जाने वाली गलत हरकतों की शिकायत नहीं कर पाती हैं इससे बुरे लोगों का मनोबल बढ़ता है। इस अवसर पर कोतवाल ने शिवानी वर्मा, अवर्तिका प्रजापति, रोली कश्यप को पुरस्.त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक उमेश वर्मा व आभार प्रदर्शन प्रधानाध्यापक अर्चना वर्मा ने किया। इस अवसर पर कस्बा इंचार्ज संदीप तिवारी, रजनी, रविता धामा, दीप्ति वर्मा, ऊषा वर्मा, उज्ज्वल तोमर, प्रेम कुमार, पवन कुमार, शिवेंद्र प्रताप, सुमन देवी, आशा देवी, शिव प्यारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

### गामाबाग कॉलेज में छात्राओं को किया गया जागरूक

**मछरेहटा सीतापुर।** मछरेहटा क्षेत्र के संतराम सावित्री देवी इंटर कॉलेज गामा बाग अशोक पुर मे छात्राओ की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति ,नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन, के तहत आज कार्यक्रम का आयोजन किया गया कोतवाल मछरेहटा ओमप्रकाश तिवारी के नेतृत्व में कार्य क्रम किया गया आरक्षी शिवानी ने महिला शक्ति के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं को व पढ़ने वाली छात्राओं को डरने की अब जरूरत नहीं सरकार के द्वारा गठित टीम एंटी रोमियो 1072, 112, 1090 के तहत महिलाओं को 24 घंटे सुरक्षा देने की है। एसओ मछरेहटा ओ.पी.तिवारी ने छात्राओं को आत्म रक्षा,एवम् साहस के कुछ महत्वपूर्ण टिप्स दिए, इसके साथ साथ महिला हेल्प लाइन नंबर के बारे में महिला पुलिस ने बालिकाओं को निडर,और सावधान रहने की जरूरत पर प्रकाश डाला। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य एस.पी.सिंह भदौरिया ने मछरेहटा पुलिस टीम को धन्यवाद दिया।

# युवक का शव मिला, हत्या का आरोप

● पत्नी ने दी नामजद तहरीर, आरोपी ने आरोपों को नकारा जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता। मैगलगंज-खीरी

**मैगलगंज थाना** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बल्लीपुर में एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से हड़कंप मच गया। गांव के लोगों ने डायल-112 पर फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कोतवाली प्रभारी को सूचना दी। इंस्पेक्टर चंद्रकांत सिंह हरकत में आए और तुरंत पूरे दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। तब तक 108 नंबर भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए भेजा। रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतक का नाम पंकज कुमार है। मृतक की पत्नी ने बल्ली पूर्व के हरजीत सिंह सरदार और बसंत सिंह पर हत्या करने का आरोप लगाया।

मृतक की पत्नी ने बताया कि दोनों लोग दो गाड़ी लेकर आए और पहले उसके पति को मारा। उसके बाद में गाड़ी के पीछे बांधकर काफी दूर तक घसीटा। फिर पीठ पर चाकू से वार किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। मृतक पंकज कुमार आज ही सुबह लखीमपुर धान बेचने आरोपियों के साथ ही गया था। धान बेंचकर देर शाम घर पहुंचा। गांव वालों के अनुसार सभी लोग काफी नशे में थे। वहीं दूसरी ओर इस संबंध में एक वीडियो वायरल हो रहा है जो अंधेरे में बना हुआ है। इसमें सिर्फ आवाज ही सुनाई दे रही है। दावा किया जा रहा है कि यह मृतक का मृत्यु से कुछ देर पहले का वीडियो है। जिसमें वह साफ शब्दों में गांव के प्रधान जसपाल सिंह पर हत्या करने का आरोप लगा रहा है। पुलिस इस पहलू पर भी बारीकी से जांच कर रही है।

इस विषय पर जब जसपाल से बात की गई तो जसपाल ने आरोपों को सिरे से नकारते हुए सफाई में बताया कि मेरे घर में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। कैमरा चेक कर लिया जाए तो साफ हो जाएगा कि मैं घर में ही मौजूद रहा हूं। मैं कहीं भी नहीं गया हूं। घटनास्थल हमारे घर से काफी दूर है। इस घटना से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। जब मुझे जानकारी हुई तो मैंने पुलिस को सारे साक्ष्य उपलब्ध करा दिया है। पुलिस की जांच में पूरा सहयोग करूंगा। फिलहाल मौके पर क्षेत्राधिकारी शीतांशु कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक भी पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया। साथ ही मृतक के परिजनों से घटना की जानकारी ली और आरोपियों से काफी देर तक पूछताछ की। मैगलगंज इंस्पेक्टर चंद्रकांत सिंह ने बताया घटना की जांच कई पहलुओं पर चल रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल घटना को लेकर गांव बल्लीपुर और क्षेत्र में तरह-तरह की बातें हो रही हैं।

## कोतवाली में बना महिला हेल्प डेस्क सेंटर

**मोहम्मदी-खीरी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए मिशन शक्ति के माध्यम से प्रत्येक थानों में महिला हेल्प डेस्क बनाने के निर्देश पुलिस महानिरीक्षक के माध्यम से दिए गए थे। उसी कड़ी में कोतवाली मोहम्मदी में महिला हेल्प डेस्क प्रभारी निरीक्षक कार्यालय के समीप बनाई गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस हेल्प डेस्क में सीसीटीवी कैमरा, कम्प्यूटर, पानी की व्यवस्था, महिला शौचालय, महिलाओं के बैठने की व्यवस्था कागज और कलम भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस हेल्प डेस्क में 24 घंटे दो महिला आरक्षी 8-8 घंटे की ड्यूटी के साथ उपलब्ध रहेगी। महिला संबंधी शिकायत आने पर 24 घंटे के अंदर उसकी शिकायत का निवारण करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक शिकायत को कंप्यूटर पर अपलोड किया जाएगा तथा जो जांच उपनिरीक्षक करेगा वह भी कंप्यूटर पर अपलोड की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मिशन शक्ति के रूप में सरकार की मंशा यह है कि महिलाएं बालिकाएं थाने आने से डरे न निसंकोच होकर थाने आए और आपके साथ कोई अगर घटना या दुर्घटना घटती है तो उसकी जानकारी अवश्य दें। उन्होंने बताया कि अगर कोई महिला अपनी शिकायत करने थाने नहीं आ सकती है और अपनी शिकायत दर्ज कराना चाहती है तो वह 112 सहित अन्य नंबरों पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। इस महिला हेल्प डेस्क के प्रभारी के रूप में क्राइम इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश यादव रहेंगे। महिलाओं के साथ-साथ अगर कोई पुरुष भी अपनी शिकायत दर्ज कराना चाहता है तो इस हेल्पडेस्क की मदद ले सकता है। प्रत्येक शिकायतकर्ता को रिसीविंग भी दी जाएगी। उस पर संबंधित जांच अधिकारी का नाम और नंबर अंकित किया जाएगा।

## रोड सेफ्टी के प्रति ऑनलाइन किया गया जागरुक

**लखीमपुर-खीरी।** मिशन शक्ति के अन्तर्गत अभियान के तहत एआरटीओ आफिस के रोड सेफ्टी अवेयरनेस हाल में सेव लाइफ फाउन्डेशन ने ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम किया। विभिन्न क्षेत्रों से आए उप्र परिवहन निगम के चालकों एवं समस्त चालन लाइसेंस के आवेदकों ने प्रतिभाग किया। अध्यक्षता एआरटीओ प्रशासन बीके सिंह ने की। इस दौरान एआरटीओ प्रवर्तन रमेश कुमार चौबे, लखीमपुर डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक एसपी सिंह, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक पंकज व कार्यालय के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के उपाय व महिला अपराध सम्बन्धी कानूनों पर चर्चा की गई। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के संबंध में पुरुषों को जागरूक किया। सभी उपस्थित आवेदकों सड़क सुरक्षा एवं मिशन शक्ति संबंधी पम्फलेट वितरित करते हुए सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

## पराली जलाएं नहीं मिट्टी में मिलायें: सौरभ



**बेहजम-खीरी।** ब्लाक सभागार में फिल्ड डे, रबी उत्पादकता तथा फसल अवशेष प्रबंधन गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अनिल वर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू व श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी रहे। संचालन जिला कृषि अधिकारी सत्येंद्र प्रताप सिंह ने किया। सौरभ सिंह ने किसानों को सरकार द्वारा किसानों हित के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी। फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में बताया कि पराली न जलाएं। फसलों के अवशेष मिट्टी में मिलाने से मृदा की उर्वरता शक्ति बढ़ती है। पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। कस्ता विधायक सौरभ सिंह ने भाजपा सरकार को किसान हितैषी होने का दावा करते हुए कहा सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू किया है। किसानों को सम्मान निधि के साथ साथ मंडियों में अपनी फसलों का उचित मूल्य मिलने का निर्णय भी किया है। किसानों को उर्वरक, बीज व कीटनाशक दवाओं की भरपूर उपलब्धता बनी रहे इसके लिए सरकार कड़े कदम भी उठा रही है। कृषि गोष्ठी में किसानों को राही, सरसों बीज बुआई के लिए 58 किटों का वितरण किया गया। गोष्ठी को जिला कृषि अधिकारी सत्येंद्र प्रताप सिंह, उप कृषि निदेशक राम शिस्ट, विषय वस्तु विशेषज्ञ राम अवतार वर्मा व प्रयोगशाला अध्यक्ष थान सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर एडीओ एजी देश राज वर्मा, खंड विकास अधिकारी भीम जी उपाध्याय, ब्लॉक प्रमुख अनिल कुमार वर्मा व कृषि विभाग के अधिकारी और किसान मौजूद रहे।

● फिल्ड डे, रबी उत्पादकता तथा फसल अवशेष प्रबंधन गोष्ठी आयोजित

## देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाले के खिलाफ दी तहरीर

**लखीमपुर-खीरी।** कोतवाली सदर क्षेत्र के एक युवक के मोबाइल व्हाट्सएप ग्रुप में धर्म और देवी-देवताओं के प्रति अभद्र टिप्पणी की थी। इससे लोगों में काफी रोष है। हिंदू साम्राज्य परिषद किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राहुल सिंह ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। हिंदू साम्राज्य किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि व्हाट्सएप ग्रुप में सलीम मलिक नाम के एक व्यक्ति ने धर्म और हिंदू देवी-देवताओं को लेकर अभद्र टिप्पणी की है। इससे लोगों में रोष व्याप्त है। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक सदर राजकुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## अशफाक उल्ला खां को दी गई श्रद्धांजलि

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं सपा नगर अध्यक्ष वारिस अली अंसारी ने कार्यकर्ताओं के साथ शहीद अशफाक उल्ला खाँ की प्रतिमा पर फूलमालायें चढ़ाकर उनको याद किया। उन्होंने शहीद अशफाक उल्ला खां के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके पग चिन्हों पर चलने की अपील की। इस मौके पर सोमचंद प्रजापति, नईम खान, हरपिंदर सिंह उर्फ टीटू, नसीम गाजी, नन्दकिशोर भार्गव, लियाकत हुसैन, सर्वेश गौतम, नवीन भार्गव, सुरेंद्र यादव व वारिस अली मंसूरी आदि गणमान्य मौजूद रहे।

## धार्मिक स्थलों पर महिला सशक्तीकरण के प्रति किया जागरूक

● महिलापरक योजनाओं के बाटे पंपलेट व लगाए स्टीकर

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**बुधवार के** दिन मिशन शक्ति के तहत जिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह के कुशल निर्देशन जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम के मार्गदर्शन में महिला शक्ति केंद्र की टीम ने जिला मुख्यालय पर स्थित धार्मिक स्थलों पर जाकर महिला सशक्तिकरण की अलख जगाई। लोगों को महिला परक योजनाओं की जानकारी दी। लोगों को पंपलेट देकर स्टीकर लगाए।

महिला शक्ति केंद्र की महिला कल्याण अधिकारी आर्य मित्रा बिष्ट, जिला समन्वयक निक्की गुप्ता, सरोजिनी देवी ने संयुक्त रुप से नवरात्रि में दर्शन के लिए आए लोगों को बेटियों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि कन्याओं के लिए प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं केंद्र सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ समेत अनेक महिलाओं के कल्याण हेतु जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही हैए इन सभी योजनाओं के संबंध में लोगों को पंपलेट का वितरण किया। महिला केंद्र की टीम ने धार्मिक स्थलों के परिसर में स्टीकर भी लगाएं। यह अभियान शारदीय नवरात्र से प्रारंभ होकर वासंतीक नवरात्र तक चलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी बनाने के लिए मिशन शक्ति अभियान की शुरुआत की है।

## बाढ़ पीड़ितों से सीएम ने किया वर्चुअल संवाद

● बाढ़ प्रभावित खातों में हस्तांतरित होगी अनुदान राशि, 30299 किसान होंगे लाभांवित

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने खीरी के बाढ़ प्रभावित इलाकों के प्रभावित लोगों से वर्चअल संवाद किया। प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाली सहायता एवं राहत सामग्री के विषय में जानकारी की। मुख्यमंत्री ने खीरी के 30299 किसानों के खातों में फसल मुआवजे हेतु 12 करोड़ 11 लाख की धनराशि भेजी।

वर्चुअल संवाद कार्यक्रम में सीएम ने प्रभावित कृषि भूमि के विषय में जानकारी की। बाढ़ पीड़ित विष्णु बल्लभ राय ने बताया कि उन्हें 70 फीसदी फसल का नुकसान हुआ था। प्रशासन ने खाद्यान्न किट व अन्य सहायता सामग्री उपलब्ध कराई थी। आने-जाने हेतु नाव का भी प्रबंध किया गया था। सीएम ने आश्वस्त किया कि केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों के हितों का पूरा ध्यान रख रही है। किसान के जीवन में खुशहाली आए इसके लिए लागत का डेढ़ गुना दाम बढ़ाकर न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन को किसानों के साथ अन्याय एवं शोषण करने वालों के खिलाफ सख्ती से निबटने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में 20 से अधिक जनपद बाढ़ से प्रभावित हैं। लगभग 3.50 लाख किसान बाढ़ से प्रभावित हुए। उनकी मेहनत की कमाई बाढ़ की चपेट चपेट में आई थी।

## क्विक न्यूज

### महिला की मौत पर लगाया हत्या का आरोप

**बरेली।** प्रेम विवाह करने वाली एक ट्रक चालक की पत्नी की कल घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसके मायके वालों ने पति पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। और पति को हिरासत में ले लिया।कस्बा व थाना भमोरा निवासी ट्रक चालक सूरज सिंह की पत्नी सपना सिंह की बीती रात घर में ही संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के जेठ बबलू सिंह ने बताया कि उसके छोटे भाई ट्रक चालक सूरज सिंह ने लगभग 3 साल पूर्व मुरादाबाद निवासी सपना से प्रेम विवाह किया था। जिससे सपना के घर वाले सूरज से नाराज थे और वह सपना से मिलने भी नहीं आते थे, सपना एक बच्चे की मां थी और पिछले दिनों उसने दूसरे बच्चे को जन्म दिया था। बच्चे के जन्म के बाद से ही सपना बीमार थी। इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार हुआ था। लेकिन बीती रात उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। यह बात सपना के मायके वालों को पता चली तब उन्होंने सूरज सिंह पर सपना को मारने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत कर दी। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मृतका के पति सूरज सिंह को हिरासत में ले लिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

### तालाब किनारे मिला भ्रूण

**बरेली।** तालाब के नारे मिले एक अविकसित भ्रूण को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा।भमोरा थाना क्षेत्र के गांव नगला में आज सुबह गांव के बाहर स्थित एक तालाब पर मिले एक भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आज सुबह जंगल में जा रहे गांव के ही रहने वाले नरेश पाल ने तालाब के किनारे पड़े भ्रूण को देखा। जैसे ही गांववालों को घटना की सूचना मिली, मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। नरेश पाल ने ही घटना की सूचना पुलिस को दे दी। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### सड़क दुर्घटना में अज्ञात बाइक सवार की मौत

**संडीला(हरदोई)।** सड़क दुर्घटना में एक अज्ञात बाइक सवार की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार उन्नाव रोड पर एक बाइक से जा रहे लगभग 30 वर्षीय व्यक्ति की एक ट्रक की चपेट मे आकर मौत हो गयी। समाचार लिखे जाने तक उस व्यक्ति की पहचान नहीं हो पायी है।

### शराब के साथ चार को दबोचा

**फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गुरूवार की सुबह गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष ने अवैध शराब के साथ चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष दीनदयाल सिंह आज सुबह अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने के उद्देश्य से गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर ननकू पुत्र रामलाल कंजड़, धर्मपाल पुत्र कंधईयालाल, चेतू पुत्र संतलाल व शिव प्रसाद पुत्र राजाराम निवासीगण केवलापुर को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से लगभग डेढ़ सौ लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए उनके विरूद्ध कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया।

### शासन-प्रशासन जगाओ, इन्हें ज्ञापन पहुँचाओ

**फतेहपुर।** बुन्देलखण्ड राष्ट्र समिति ने बुन्देलखण्ड अलग राज्य की मांग को लेकर आज सदर विधायक विक्रम सिंह को ज्ञापन सौंपा। बीआरएस की युवा शक्ति जिलाध्यक्ष अंशू सिंह परमार के नेतृत्व में सदर विधायक के आवास जेल रोड बगिया जाकर मिली और उनसे प्रधानमंत्री को पत्र लिख और विधानसभा प्रदेश के सदन में बुन्देलखण्ड अलग राज्य की आवाज उठाने की मांग की।जिलाध्यक्ष बीआरएस की तरफसे तीन सूत्रीय मांगों में जनपद को बुन्देलखण्ड पैकेज मिले, जनपद को चित्रकूटधाम मंडल में शामिल किया जाय और बुन्देलखण्ड अलग राज्य की मांग को लेकर सदर विधायक से विस्तृत चर्चा की गई।सदर अध्यक्ष श्रेष्ठ रस्तोगी ने बताया कि युवाओं के आदर्श, जनपद के अभिमान, बेहद प्रभावशाली जन प्रतिनिधि, सदर विधायक ने कहा है कि पहले भी वह आवाज उठाते रहे हैं कि जनपद को बुन्देलखण्ड का पैकेज मिले और आगे भी पूरी मजबूती से अपनी बात विधानसभा, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के सामने रखेंगे। विधायक आवास में मौजूद फतेहपुर विकास मंच के महासचिव डॉ0 देवेंद्र श्रीवास्तव ने कहा की वह बुन्देलखण्ड राष्ट्र समिति को अपना बुन्देलखण्ड का श्रेष्ठ अनुभव देंगे उनके साथ मंच के उपाध्यक्ष, पूर्व भाजपा प्रवक्ता, वर्तमान नामित सभासद धनंजय कुमार द्विवेदी भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय प्रवक्ता देवब्रत त्रिपाठी देव ने अटल जी की कविताओं से समूचे बीआरएस के युवाओं को शक्ति प्रदान की। हार नही मानूँगा, रार नई ठानूँगा, काल के कपाल पर लिखता मिटाता हूँ युवाओं ने बुन्देलखण्ड राज्य बनाता हूँ, के नारे लगाए। ज्ञापन कार्यक्रम में उपाध्यक्ष प्रशान्त रस्तोगी, अभिषेक गुप्ता, अमित सोनी, शिवम सोनी, करण सिंह, अमृत लाल, प्रवीण गुप्ता, सचिन, सौरभ सिंह, प्रसून तिवारी, विपिन कुमार द्विवेदी, आकाश मिश्र, मो0 फैज आदि युवा उपस्थित रहे।

## सपाइयों ने की कार्रवाई की मांग



**खागा (फतेहपुर)।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष खागा अंकित यादव व नगर अध्यक्ष कलीम शेख के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खागा को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले कार्यकर्ता के ऊपर कार्रवाई के संबंध में कहा कि गंगा और यमुना के बीचों बीच बसे खागा कस्बे में आजादी से लेकर आज तक सभी धर्म वर्ग के लोग आपस में भाईचारे के साथ रह रहे हैं। जिस कारण से जनपद का नाम सांप्रदायिक सौहार्द के मामले में प्रथम माना जाता है, के बावजूद बीते बुधवार को नगर के एक मैरिज हाल में भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में तथाकथित भाजपाई धर्मेंद्र सिंह द्वारा माइक पर सार्वजनिक रूप से बोलते हुए वर्ग विशेष की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली भाषा का इस्तेमाल करके सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। इसलिए इस तरह का कृत्य करने वाले दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर दंडित किया जाना जरूरी है। उक्त मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर दोषी व इसमें शामिल लोगों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करें। इस मौके पर प्रबुद्ध सभा जिलाध्यक्ष ओम दत्त मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, पूर्व प्रत्याशी सपा नगर पंचायत अखिलेश मौर्या, पूर्व जिलाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड अंशु यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य छात्र संघ परवेज आलम, अनिकेत शर्मा, मार्कण्डेय नाथ सिंह, रवि सिंह, मो0 अशरफ फारुकी, अल्बक्श सौदागर, मुकीम खान, शाहरुख, रोहित नामदेव आदि मौजूद रहे।

### युवक ने खाया जहर

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पेरी नरौली में बुधवार की शाम घरेलू कलह के चलते लगभग 35 वर्षीय एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार पेरी नरौली गांव निवासी अनूप सिंह का पुत्र जय प्रकाश सिंह ने बुधवार की शाम घरेलू कलह के चलते जहर खाकर जान देने की कोशिश की। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे आनन-फानन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक ने उसकी हालत में सुधार बताया है।

## खाद्य प्रतिष्ठानों को स्वच्छता के स्तर के अनुसार दी जायेगी रेटिंग

संवाददाता। फतेहपुर

**विकास भवन** सभागार में जिलाधिकारी संजीव सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने ईओ को निर्देश दिए कि रेस्टोरेन्ट द्वारा गंदगी फैलाई जा रही है रैंडम चेकिंग करके ऐसे रेस्टोरेंट को चिन्हित करते हुए कार्यवाही की जाए और अभिहित अधिकारी को निर्देश दिए कि एक माह अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जाए यदि नमूने मिलावटी पाए जाते है तो कार्यवाही की जाए। अभिहित अधिकारी ने बताया कि जनपद में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा संग्रहित नमूनों में से 63 प्रतिशत नमूने मानक के विपरीत पाए गए 21 मामलों में कुल रु0 एक लाख चौंतीस हजार रूपये का अर्थदंड आरोपित किया गया। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा संचालित ईट राइट योजना के अंतर्गत कुल छः कार्यक्रम आरंभ किए गए हैं। जिसमें स्वच्छ रेहड़ी केंद्र के अंतर्गत नगर पालिका परिषद क्षेत्र में स्थान चिन्हित कर रेहड़ी पर खाद्य पदार्थ बेचने वाले कारोबारियों का पंजीकरण प्रशिक्षण, आडिट एवं प्रमाणन किया जाएगा ताकि जन सामान्य को उचित मूल्य पर गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराया जा सके। स्वच्छ एवं ताजा फल सब्जी बाजार लगाये जाएंगे। ताकि ताजा फल सब्जी मिल सके। भोग जिसके अंतर्गत मंदिर में खाद्य कारोबार कर्ताओ का प्रशिक्षण एवं प्रमाणन करते हुए सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त प्रसाद की उपलब्धता कराई जाएगी। ईट राइट कैम्पस- जिला कारागार में कैदियों के लिए सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराया जा सके। बच्चों के लिए पीली पुस्तिका, घरेलू ग्राहकों के लिए गुलाबी पुस्तिका मिलावट की जांच के लिए डार्ट पुस्तिका, शिक्षकों के लिए खाध सुरक्षा हस्त पुस्तिका आज की व्यवस्था की गई है। जिससे बच्चों की आरंभ से ही निजी स्वच्छता गुणवत्ता युक्त एवं पौष्टिक भोजन एवं खानपान की आदतों का विकास किया जा सके। रेस्टोरेन्ट, मिठाई काफी शाप, बेकरी आदि प्रतिष्ठानों को स्वच्छता के स्तर के अनुसार रेटिंग प्रदान किया जाएगा ताकि उपभोक्ता को वास्तविक स्थिति के बारे में सही सूचना मिल सके। साथ ही खाद्य कारोबारकर्ता को अपनी रेटिंग में सुधार करने के लिए प्रेरित किया जा सके। इसके साथ साथ सभी निजी/सरकारी खाद्य कारोबार कर्ताओं को लाइसेंस/पंजीकरण अंतर्गत लाने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, जिला पंचायत राज अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं अधिकारी औषधि निरीक्षक, उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा आदि उपस्थित रहे।

## धान खरीद में हो रही धांधली के खिलाफ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन'

**शाहजहांपुर। जिले में** पूर्व केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय में धान खरीद के विरोध में प्रदर्शन किया । इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ हल्ला बोलते हुए जमकर नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के चलते भारी पुलिस बल तैनात किया गया था जहां पुलिस के रोकने पर कई जगह पर कार्यकर्ताओ के बीच पुलिस की नोकझोंक हुई।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने सरकार के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रदेश में कहीं भी धान खरीद नहीं हो रही है। वह दावा करते हैं कि कहीं भी किसी भी गांव में उन्हें दिखाई जाए किसी भी किसान के धान की सरकार द्वारा नही खरीद हो रही है।जिससे किसान बहुत परेशान और लाचार है।सरकार के धान खरीद के दावे हवा-हवाई साबित हो रहे हैं।

गांवों में किसान परेशान है सरकारी रेट पर उसका धान नहीं खरीदा जा रहा है

## समाजवादी पार्टी का धरना-प्रदर्शन



● धान में नमी बताकर किसानों के धान को रिजेक्ट किया जा रहा: तनवीर

संवाददाता। शाहजहांपुर

**गुरूवार को** समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान के नेतृत्व में रौजा मंडी गेट पर सरकारी केंद्रों पर किसानो का धान न खरीदे जाने को लेकर धरना प्रदर्शन किया इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है सरकारी केंद्रों पर किसानो का धान में नमी बताकर उसके धान को रिजेक्ट किया जा रहा है जबकि फसल पर पैसा लगा चूका किसान अपना धान आढ़तियों को कम दामों में बेच रहा है ज्ञापन में मांग की गई कि किसानो का धान सरकारी रेट पर खरीदा जाए धरना प्रदर्शन में पूर्व समाजवादी पार्टी कि जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा की भाजपा सरकार में किसान का धान क्रय केंद्रों पर न लेकर बिचौलियों के माध्यम से कम दाम पर खरीदा जा रहा है । सरकारी केंद्रों पर किसानो को नमी का हवाला देकर जब मायूस किया जाता है तब किसान से वही धान आढ़ती कम रेट में खरीद लेता है इससे किसानो का शोषण हो रहा है जबकि पिछली सरकार में किसानों को इस परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा था उन्होंने कहा भाजपा सरकारें किसानों की लगातार अनदेखी कर रही हैं। जिसे समाजवादी पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी और किसानो के हक में आवाज बुलंद करती रहेगी । इस मौके पर सैयद रिजवान अहमद, नवनीत यादव, दिव्यांश सिंह, संजीव वर्मा, विजय सिंह, रामकिशोर वर्मा, राजीव यादव, हाफिज अंसारी, अत उल्ला सिद्दीकी, हिमांशु बाजपाई, अवधेश पाल, छोटे कुरैशी, मुकेश यादव, सोनू यादव, सुखबीर सिंह चौहान, संतोष पाल, विनोद राठौर, सर्वेश राठौर, तैयब खान, कृष्ण कुमार, शादाब खान, सचिन सक्सेना, सर्वेश यादव, कौशल यादव, संजीव मौर्य. रईस मंसूरी, मोनू कुरैशी, साबिर इदरीसी, श्याम जी शुक्ला, अमित कुशवाहा, नन्ही देवी, नितिन भोजवाल, दिनेश कश्यप, पिंकू सिंह, मंगल सिंह, इमरान खान, विपिन यादव, शिवा राठौर आदि मौजूद रहे।

## अपर मुख्यसचिव ने धान क्रय केन्दों का किया औचक निरीक्षण



निरीक्षण करते अपर मुख्य सचिव

**संडीला( हरदोई )।** अपर मुख्यसचिव (कृषि) ने कई क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक दशा में किसानों का धान खरीदा जाए। अपर मुख्यसचिव कृषि देवेश चर्तुवेदी सुबह अचानक संडीला मण्डी पहुंच गए। उस समय तक मात्र दो ही किसान केन्द्र पर मौजूद थे। उन्होंनें किसानों से धान खरीद के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। किसानों ने उनको बताया कि धान की खरीद की जा रही है। उन्होंनें किसानों से खेतों में पराली ना जलाने का अनुरोध करते हुए कहा कि इससे पर्यावरण पर काफी बुरा प्रभाव पड़ता है। यही नहीं आग लगने से मित्र कींट भी जलकर मर जाते हैं। उन्होंनें केन्द्र प्रभारी इन्द्रजीत से धान खरीद के विषय में जानकारी ली तथा उनको निर्देश दिए कि किसान का धान प्रत्येक दशा में खरीदा जाए। किसी प्रकार की बहानेबाजी करके अगर धान नहीं खरीदा गया और इसकी जानकारी उन्हें मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अपर मुख्यसचिव ने इसके बाद क्षेत्र के धान क्रय केन्द्रों का भी निरीक्षण किया।

मिशन शक्ति के तहत डीएम ने दिये टिप्स, नारी एक रूप अनेक

# स्वस्थ्य रहना भी है नारी सशक्तीकरण का मूलमंत्र

संवाददाता। कानपुर देहात

**मिशन** शक्ति कार्यक्रम के तहत उप संभागीय परिवहन कार्यालय कानपुर देहात में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रतिभा शुक्ला की की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चौहान, जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी उपस्थिति में नारी सशक्तीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि समाज में नारी के प्रति बढ़ते विभिन्न प्रकार के अपराध, उत्पीड़न आदि के प्रकरणों पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए समाधान तलाश करने होंगे। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चौहान ने कहा कि आज आवश्यकता है कि महिला के प्रति जन सामान्य की भावना को बदला जाए, उनके प्रति आदर और सम्मान की भावना जागृत की जाए और उनको वह सम्मान उपलब्ध कराया जाए जो उसका वास्तविक अधिकार है। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने जिला प्रशासन के साथ सहयोग उपलब्ध कराए जाते रहने पर पत्रकार बन्धुओं का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए अपेक्षा की कि मिशन शक्ति सहित शासन द्वारा जनसामान्य के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाने के लिए सहयोग प्राप्त होता रहेगा। जिलाधिकारी ने मिशन शक्ति से संबंधित नारी सशक्तिकरण, नारी सम्मान तथा नारी स्वालांबन से संबंधित महिलाओं बालिका पुरुषों एवं बच्चों से वार्ता करते हुए अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा महिला एवं बच्चों के प्रति अपराध पर नियंत्रण और उसके प्रति सामाजिक जागरूकता के लिए शासन के निर्देशों के अनुपालन में 25 अक्तूबर तक अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जन सामान्य को जागरूक करना और महिला के प्रति सम्मान और आदर की भावना को जागृत करना है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत बाल विवाह रोकथाम सहायता, पुर्नवास बाल-विवाह करने, कराने हेतु दण्ड का प्रावधान की जानकारी देते कहा कि बाल विवाह रोकथाम हेतु कानूनी प्रावधानों,महिलाओं की सुरक्षा हेतु 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन,112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्डलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन आदि की जानकारी देते हुए कहा कि बाल विवाह हमारे समाज के लिए एक बड़ी समस्या है इसको खत्म करने के लिए लोगो को इसके प्रति अधिक से अधिक जागरूक होना पड़ेगा साथ ही बच्चों के परिवार के लोगो को भी बाल विवाह से होने वाली समस्यों के बारे जानकारी दी जानी चाहिए एआरटीओ प्रशासन मनोश वर्मा ने कहा कि किसी भी समाज के विकास को उस समाज की महिलाओं से जोड़ कर देखा जाना चाहिए। इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी वीएन पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि बउवा पाण्डेय, आरआई परिवहन सत्येन्द्र सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन अभिषेक कनौजिया, एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल उमाशंकर यादव, पीटीओ आनन्द कुरील, चेयरमैन पति बबलू कटियार आदि लोग उपस्थित रहे।


मिशन शक्ति के तहत आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते डीएम डा. दिनेशचन्द्र

## होटल के कमरे में वेटर ने फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद।** बीती रात होटल के बेटर नें फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जानकारी होनें पर हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पंहुची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के इटावा-बरेली हाई-वे पर ग्राम अलीदादपुर के निकट गंगा देवी पेट्रोल पम्प के पास लोहिया नगर रोहिला निवासी सचिन शर्मा का ढाबा है। जिस पर जनपद हरदोई के सहजना निवासी 24 वर्षीय ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह पुत्र जनमंजेश बेटर का कार्य करता था। होटल कर्मी गुड्डू नें बताया कि बीती रात वह 11 बजे ऊपर सोने चला गया था। सुबह जब कर्मचारी जगदीश उसे उठाने गया तो वह छत के कुंडे में फांसी पर झूल रहा था। जिसकी सूचना होटल मालिक सचिन को दी गयी। होटल मालिक नें घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिस पर सीओ सोहराब आलम, प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार आदि फोर्स के साथ आ गये।

## सीएनजी बसों का संचालन न होने पर नाराज युवाओं ने जनप्रतिनिधियों को भेजा चुल्लू भर पानी

संवाददाता। कानपुर देहात

**सीएनजी** बसों के सॅचालन के लिये पिछले कई दिनों से अभियान चला रहे युवाओं का गुस्सा जनप्रतिनिधियों सहित स्थानीय प्रशासन पर फूट पडा। आक्रोशित युवाओं ने जनता के प्रति जवाबदेही व सीएनजी बसों के सॅचालन में घोर असॅवेदनशीलता व लापरवाही पर जनप्रतिनिधियों को बोतलों में चुल्लू भर पानी भरकर कोरियर के माध्यम से उनके पास भेजा है।

लॉकडाउन के बाद से जनपद के अकबरपुर, रूरा व डेरापुर तक सीएनजी बसों का सॅचालन ठप्प पडा है अनलॉक के बाद लोगों के सीएनजी बस सेवा बहाल होने की उम्मीद थी परन्तु वह शुरू नहीं की गयी। जिस पर युवाओं ने शॉतिपूर्ण आन्दोलन का मन बना लिया सम्बन्धित अधिकारियों को अवगत कराने के साथ हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। जनप्रतिनिधियों से भी गुहार लगायी गयी पर इसका नतीजा कुछ न निकला। स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की सॅवेदनहीनता पर आयुष त्रिवेदी, धर्मेन्द्र दुबे ने प्रेस वार्ता कर सम्बन्धित मॅत्रियों, सॉसद विधायकको चुल्लू भर पानी भरी बोतलें कोरियर के माध्यम से भेजी है। इस दौरान मनीष तिवारी, नितिन गुप्ता, जीतू अवस्थी, सौरभ सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, अर्पित द्विवेदी, विकास कुशवाहा, राहुल तिवारी आदि युवा मौजूद रहे।


जनप्रतिनिधियों को बोतल में चुल्लू भर पानी भरकर भेजते युवा पायनियर

## भरे गए 11 खाद्य पदार्थों के नमूने, जांच के लिये भेजे गये

● अकबरपुर के सरगरअली का सरसों का तेल व असालतगॅज के मेनूसलाम का बेसन की जांच रिर्पोट अधोमानक आयी

संवाददाता। कानपुर देहात

**नवरात्र** व दशहरा पर्व पर उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थों की जॉच वुधवार को जनपद के विभिन्न स्थानों पर एसडीएम सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में खाद्य सुरक्षा व औषिधि विभाग के अधिकारियों के साथ की गयी। गुरूवार को 11 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहीत कर जॉच के लिये भेजे गये। 18 व 23 सितम्बर को अकबरपुर व रसूलाबाद के असालतगॅज से सरसों के तेल व बेसन के नमूने जॉच रिर्पोट में फेल पाये गये है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवॅ औषधि प्रशासन व डीएम के निर्देश पर नवरात्र व दशहरा पर्व पर उपयोग में आने वाले खाद्य पदार्थों को आम जनमानस को शुद्ध रूप से उपलब्ध कराने के लिये शनिवार को अकबरपुर के श्रीराम साहू, दिलीप प्रोविजन स्टोर व राजेश मिश्रा की दुकानों से काजू, साबूदाना, मखाना, खोया व अपमिश्रण के नमूने सदर एसडीएम आनन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने लिये, पुखरॉया में नायब तहसीलदार के नेतृत्व में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश दीक्षित व खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुधॉशु सचान द्वारा दिनेशचन्द्र की दुकान से काजू व सिंघाडे का नमूना व मुकेश कुमार की दुकान से साबूदाना का नमूना संकलित कर जॉच के लिये भेजा गया। एसडीएम मैथा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनुराग सिंह ने शिवली के राजू की दुकान से मिल्क केक, व विकास ओमर की दुकान से बेसन के लडडू, मैथा बाजार की मनोज कुमार की दुकान से मखाना के सैम्पल लिये गये। मुख्य खाद्य सुरक्षा अभिहीत अधिकारी रामकुमार गुप्ता ने बताया कि गुरूवार को कुल 11 सैम्पल एकत्र कर जॉच के लिये प्रयोगशाला भेजे गये है, 18 सितम्बर को अकबरपुर के कालीगॅज मोहल्ले में सरगरअली की दुकान से सरसों के तेल के नमूने की जॉच व रसूलाबाद के असालतगॅज मे मेनूसलाम की दुकान से लिये गये बेसन के सैम्पल अधोमानक पाये गये है। सम्बन्धित लोगों के खिलाफ नोटिस जारी किये जा रहे है।


अकबरपुर कस्बे की एक दुकान पर सदर एसडीएम खाद्य विभाग की अधिकारी के साथ खाद्य पदार्थों की जांच पडताल करते हुये पायनियर

## क्विक न्यूज

### जहरखुरानी गिरोह ने युवक को बनाया शिकार

**नवाबगंज** फर्रुखाबाद। थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी एक युवक को रोडवेज बस में जहरखुरानी गिरोह ने अपना शिकार बना लियाए युवक के पास मौजूद हजारों रुपए की नकदी एवं सारा सामान गिरोह के सदस्य ले कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के जानकीपुर निवासी 25 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र अवधेश कुमार दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता हैए जो 20 अक्टूबर को दिल्ली से बस द्वारा अपने घर वापस आ रहा था। कि तभी रास्ते में उसे जहरखुरानी ने मौका पाकर अपना शिकार बना लिया। यही नहीं जहरखुरानी गिरोह उसके पास मौजूद 20ए हजार की नकदी एवं एंड्राइड मोबाइल,तथा सारा सामान लेकर फरार हो गये। रोडवेज बस ड्राइवर व कंडक्टर द्वारा मनोज कुमार को हजियापुर चौराहे पर सुवह तडके बस से उतार कर चले गए। जब इस बात की जानकारी घर वालों को हुई तो वह आनन फानन में मौके पर पहुंचे और उसकी हालत गंभीर देख उसे नवाबगंज के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### छात्राओं को नारी सशक्तीकरण के लिये किया जागरूक

**झींझक, कानपुर देहात।** कस्बे के सरस्वती शारदा विद्यामॅदिर में नारी सशक्तीकरण पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को शासन द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिये जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गयी। इस मौके पर प्रधानाचार्य अर्चना, अर्न्तराष्ट्रीय ग्रेपलिंग खिलाडी माया कोरी, प्रबन्धक शिवकान्त, गोपी किश्नन, अदित, तान्या, मानवी, शलोनी, अपराजिता, खुशबू, गुन्जन, शालू आदि लोग मौजूद रहे।

### डेंगू बुखार से पीड़ित सहकारी समिति के लिपिक की मौत

**कायमगंज फर्रुखाबादा।** दिन में गर्मी और रात में ठंडक। पारे के स्तर में उतार चढ़ाव के कारण संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं। इसमें मच्छरों के आतंक के कारण बुखार का प्रकोप अधिक फैल रहा है। मलेरिया और डेंगू से भी लोग पीड़ित हो रहे हैंए लेकिन स्वास्थ्य विभाग बेखबर है। ऐसे ही बुखार से पीड़ित सहकारी समिति के लिपिक की मौत हो गई। स्वजन ने बताया कि उन्हें चिकित्सकों ने डेंगू बताया था। उनका इलाज कानपुर में चल रहा था। शमसाबाद ब्लाक क्षेत्र के गांव मुरैठी में कई लोग बुखार की चपेट में आ गए हैं। उनका इलाज इधर.उधर अस्पतालों में चल रहा है। इसी में 30 वर्षीय पंकज यादव को सात दिन से बुखार आ रहा था। पंकज को फर्रुखाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर स्वजन कानपुर ले गए। जहां चिकित्सकों ने डेंगू होने की जानकारी दी। बुधवार की रात उपचार के दौरान कानपुर में मौत हो गई। गुरुवार की शव घर आते ही कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी बीना का रो रोकर हाल बेहाल हो गया। पंकज के 13 माह की पुत्री है। भाई पवन कुमार ने बताया कि डॉक्टरों ने डेंगू बुखार बताया था। उसी का उपचार चल रहा था। गांव में कई लोग बुखार से पीड़ित हैं और उनका अलग.अलग अस्पतालों उपचार चल रहा है। पप्पू के 14 वर्षीय पुत्र प्रिस का आगरा मेंए बदन सिंह की पत्नी शकुंतला का फिरोजाबाद में उपचार चल रहा है। इसके अलावा अर्जुन की पत्नी तथा कल्लू की पत्नी का भी फर्रुखाबाद में उपचार चल रहा है। कुछ लोग गांव में ही झोलाछाप से इलाज करवा रहे हैं।

### महिला ने जहराला पदार्थ खाया

**कायमगंज फर्रुखाबादा।** थाना व कस्बा कंपिल के निवासी रेहान का उनकी बीवी फरहा से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। गुस्साई पत्नी ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उपचार के लिए महिला को सीएचसी कायमगंज लाया गया, दोनों जहर पीड़ितों का समाचार लिखे जाने तक उपचार जारी था। डॉक्टर के अनुसार दोनों की स्थिति स्थिर है किंतु बे खतरे से बाहर हैं।

### पूर्व सपा सांसद और पुत्र के खिलाफ मवेशी व्यापारी से लूट को लेकर याचिका, आख्या तलब

**फर्रुखाबाद।** मबेशी व्यापारी के साथ मारपीट कर नकदी लूटने के मामले में कोर्ट में पूर्व सपा सांसद छोटे सिंह यादव और उनके पुत्र मोहन के खिलाफ कोर्ट में याचिका दाखिल की गयी है। कोर्ट नें थाना पुलिस से आख्या तलब की है। थाना मऊदरवाजा के रकाबगंज निवासी मोहिद कुरैशी पुत्र मुईन कुरैशी नें अधिवक्ता डॉ0 दीपक द्विवेदी के द्वारा कोर्ट में याचिका दाखिल की है। जिसमे मोहिद नें कोर्ट को बताया कि वह बाईपास स्थित नखासे में बकरे की खरीद करने गया था। उसी समय पूर्व सपा सांसद छोटे सिंह यादव अपने पुत्र मोहन यादव और 3-4 अज्ञात के साथ आ गये। उन्होंने बकरों की रशीद मांगी तो रशीद दिखा दी। जिस पर आरोपियों नें 500 रूपये और मांगे मना करने पर छोटे सिंह नें एक थप्पड़ मार दिया। उसके साथ आये अज्ञात लोगों नें लात-घुसों से पिटाई कर दी। उसकी 30 हजार रूपये जबरन ले लिये। इसके बाद फोन पर धमकी भी दी गयी। घटना के सम्बन्ध में कोर्ट नें मोहिद की याचिका पर आगामी 28 अक्टूबर को थाना पुलिस नें आख्या तलब की है।

### आचार्य सर्वेश शुक्ल बने हनुमान सेना के जिला प्रभारी

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** आध्यात्मिक संस्था हनुमान सेना नें गुरुवार को 19 जिलों के प्रभारी घोषित किये हैं। जिसमे फर्रुखाबाद में हनुमान सेना की कमान आचार्य सर्वेश शुक्ल के हाथ में सौंपी गयी है।

## टॉप टेन हिस्ट्रीशीटर सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**इटावा।** बकेवर थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाकर अपराध एवं अपराधियों की गतिविधियों के विरूद्ध रोकथाम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा तथा क्षेत्राधिकारी भरथना के नेतृत्व में थाना बकेवर पर चिन्हित एक टॉप.10 एवं हिस्ट्रीशीटर 02 अभियुक्तों को चोरी की मोटर साइकिल व अवैध असलाह सहित पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की रात्रि को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा आकाश तोमर के निर्देशानुसार अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। थाना प्रभारी निरीक्षक बकेवर अंजन कुमार सिंह मय पुलिस फोर्स के कस्बा बकेवर में चैकिंग चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि थाना बकेवर पर चिन्हित टॉप.10 व हिस्ट्रीशीटर कस्बा क्षेत्र में धूमते हुए दिखाई दे रहे हैं उसी दौरान मुखबिर की सूचना के आधार थाना प्रभारी निरीक्षक अंजन कुमार सिंह व महेवा चौकी प्रभारी नितेश कुमार वशिष्ठ पराग डेयरी के समीप व्यासपुर तिराहे के पास से थाना बकेवर पर चिन्हित टॉप.10 व हिस्ट्रीशीटर 02 अभियुक्तों को अवैध असलाह सहित गिरफ्तार किया गया।

## बुआ के घर निमंत्रण से लौट रहा भतीजा कार की टक्कर से नदी में गिरा, पिता घायल

संवाददाता। इटावा चकरनगर

**सहसों** थाना के गांव सिरसा में बुआ के घर फुफ़ेरे भाई की छठी में सरीख होकर लोट रहे पिता पुत्र की बाइक में चंबल पुल पर एक अज्ञात इनोवा कार ने सामने से भीषण टक्कर मार दी। जिसमें किशोर उझलकर नदी में चला गया और पिता मौके पर गंभीर रूप से घायल होकर गिर गया। मौके पर पहुंचे रिस्तेदारों सहित पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भिजवाया। वहीं किशोर की मोटर बोट डालकर चंबल नदी में खोजबींन की गई। लेकिन दोपहर तक कोई सुराग न लगने से आक्रोशित भीड़ ने चंबल पुल पर जाम लगाकर प्रशासन से गोताखोरों की टीम बुलाने की मांग की। मैनपुरी के थाना करहल के गांव कुरियन निवासी सर्वेश यादव ;40द्ध पुत्र स्वण् सोहन यादव अपने पुत्र देवांशु उर्फ देवा यादव ;16द्ध के साथ सहसों थाना के गांव सिरसा अपने बहनोई कल्लू यादव के घर मूल के प्रोग्राम में सरीख होकर रात्रि करीब 12 बजे घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान चकरनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंबल पुल पर सामने से आ रही एक अज्ञात इनोवा कार ने दूसरी साइड जाकर बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर बैठा किशोर उछलकर नदी में गिर गया और चालक पुल की रेलिंग में टकराकर मौके पर गिर गया। उक्त घटना होते ही कार सवार कार लेकर मौके से फरार हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे रिस्तेदार व पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भिजवाया। इस दौरान पुल पर भीड़ भाड़ से जाम लग गया। पुलिस ने समझा बुझाकर भीड़ को हटाकर जाम खुलवाया और रात्रि समय सैंक्कुअरी के मोटर बोट से किशोर को नदी में खोजने का प्रयास किया। लेकिन रात्रि समय किशोर का कोई पता नहीं चला। इसके उपरांत सुबह फिर पुलिस ने नदी में मोटर बोट डालकर खोजना शुरू कियाए किन्तु जब किशोर का सुराग नहीं मिलाए तो आक्रोशित स्वजन व रिस्तेदारों ने दोपहर समय चंबल पुल पर जाम लगा दिया। पुल पर लगे दो घंटे के जाम में आधा सैकड़ा से अधिक वाहनों की लंबी लाइने लग गयीं। तदोपरांत पुलिस क्षेत्राधिकारी मस्सा सिंह व उप जिलाधिकारी सत्य प्रकाश मिश्र मौके पर पहुंचे और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिव किशोर यादव सहित स्वजन को आगरा से पीएसी टीम बुलाकर किशोर को खोजने का अश्वासन दिया।

हमारी टीम किशोर को रात्रि समय से ही खोजने का प्रयास कर रहीं हैं। स्वजन को आगरा से पीएसी टीम बुलाकर किशोर का शरीर खोजने का अश्वासन दिया गया है।
सत्य प्रकाश मिश्र, एसडीएम चकरनगर।

## अनियंत्रित बस ने बाइक सवार दंपति को मारी टक्कर, महिला की मौत

**इटावा।** बढ़पुरा थाना क्षेत्र के ग्राम कामेत में इटावा की ओर से आ रही है अनियंत्रित बस ने बाइक सवार दंपत्ति को पीछे से टक्कर मार दी जिससे बस का पिछला पहिया महिला के सर पर चढ़ गया जिससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई बताया जा रहा है दंपत्ति अपने फूफा जसवंतनगर के यहां से इटावा बढ़पुरा अपने गांव वापस जा रहा था अंजू उम्र 25 वर्ष पत्नी नीरज 30 वर्ष व अपने बेटे उम्र लगभग 4 वर्ष के साथ जसवंत नगर से इटावा अपने गांव जा रहे थे तभी तेज गति से आते हुए अनियंत्रित बस ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिसमें अंजू की मौके पर ही मृत्यु हो गई सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष बढ़पुरा जीवाराम यादव व चौकी इंचार्ज उदी घटनास्थल पर पहुंचकर शव को उठवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा व घायलों को एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल के लिए भेजा।

## शाक्य समाज के लोग सपा में शामिल



**फर्रुखाबाद।** गुरुवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय आवास विकास फर्रुखाबाद पर जनपद के तमाम शाक्य समाज के सम्मानित साथियों ने समाजवादी पार्टी की नीतियों, रीतियों एवं आदर्शों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिला अध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी एवं निवर्तमान महासचिव मन्दीप यादव ने पार्टी कार्यालय पर आए हुए शाक्य समाज के सम्मानित साथियों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। वरिष्ठ नेता नागेंद्र सिंह शाक्य ने आए हुए साथियों का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में बुद्धप्रिय आनन्द शाक्य, पप्पू शाक्य, कैलाश शाक्य, शिवम शाक्य,सुभाष शाक्य,संजीव शाक्य, प्रेमपाल शाक्य, रामवीर शाक्य, कृपाल सिंह शाक्य,अनिल शाक्य, सरोज कुमार, विकास कुमार, देशराज शाक्य, संजय कुमार, चंद्रसेन शाक्य, सहित तमाम शाक्य समाज के लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर ओम प्रकाश शर्मा, राजीव यादव, शिवम यादव, इलियास मंसूरी, आनंद गिहार, सनी चौधरी ,मन्दीप यादव सहित तमाम साथी मौजूद रहे।

## पेट्रोल पंप मैनेजर से लूट की घटना छिनैती में दर्ज

**फर्रुखाबाद।** पेट्रोल पंप के मैनेजर से घर में घुसकर हुई लूटपाट की घटना को पुलिस ने छिनैती की धारा में दर्ज किया। देर शाम मैनेजर से दूसरी तहरीर लिखवाई गई जिसमें कुछ असरदार लोगों की मदद भी ली गई। पुलिस के रुख से घबराए मैनेजर ने कहा कि अब वह इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं चाहते। शहर कोतवाली के मोहल्ला तलैया फजल इमाम निवासी पेट्रोल पंप मैनेजर मो.जकी शमसी के घर में घुसकर बदमाशों ने बुधवार को लूटपाट की थी। बदमाश उनके तमंचे अड़ाकर जेब से करीब 10 हजार रुपये लूट ले गए थे। उनके मुंह पर टेप लगा दिया था। मोण् जकी ने घटना के संबंध में मौके पर ही कोतवाली पुलिस को तहरीर दे दी थी। बाद में तहरीर को पुलिस ने बदलवा दिया। दूसरी तहरीर एक सभासद पति से लिखाई गई। जिसमें मो.जकी की ओर से कहा गया कि फुटकर पैसे कराने के बहाने वह लोग उनसे रुपये छीनकर भाग गए। घटना की विवेचना कर रहे चौकी प्रभारी शिवशंकर प्रसाद तिवारी ने बताया कि मो. जकी की तहरीर पर ही मुकदमा दर्ज हुआ है।

## छात्राओं दी कराटे की ट्रेनिंग

संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद

**नारी सुरक्षा,** सम्मान, एवं स्वावलंबन तथा महिलाओं व बालिकाओं के साथ घटित हो रही घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु शासन द्वारा संचालित मिशन नारीशक्ति के अंतर्गत गुरुवार को कायमगंज नगर के शकुंतला देवी विद्यालय परिसर में एक गोष्ठी का आयोजन कर विद्यालय की छात्राओं एवं महिला शिक्षिकाओं को उनकी सुरक्षा व आत्मरक्षा हेतु जानकारी देते हुए कराटे का प्रशिक्षण दिया गया।

गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नारी सुरक्षाए सम्मानएएवं उनके स्वावलंबन तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ आए दिन घटित होने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु शासन द्वारा संचालित की गई महत्वपूर्ण योजना मिशन नारी शक्ति के अंतर्गत गुरुवार को कायमगंज नगर के कंपिल रोड पर स्थित शकुंतला देवी विद्यालय परिसर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में महिलाओं, बालिकाओं और महिला शिक्षकों को उनकी सुरक्षा एवं आत्मरक्षा के लिए वक्ताओं द्वारा जागरूक किया गया। इसके साथ ही विद्यालय की सभी छात्राओं को उनकी सुरक्षाएव आत्मरक्षा करने के लिए विद्यालय के कराटे प्रशिक्षक रूपेश गौड द्वारा कराटे का प्रशिक्षण भी दिया गया!

वही गोष्ठी कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला महाविद्यालय के प्रधानाचार्य वेणु सिंह ने कीएइस अवसर पर उन्होंने छात्राओं, एवं महिला शिक्षिकाओं को से कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं व बालिकाओं के साथ घट रही घटनाओं को मध्य नजर रखते हुएए आप सभी को अपनी सुरक्षा एव आत्मरक्षा के लिए ए संवेदनशील रहना चाहिए।



## मंडलीय कृषि निर्यात निगरानी समिति की प्रथम बैठक संपन्न

**गोंडा।** आयुक्त देवीपाटन मण्डल एसवीएस रंगाराव की अध्यक्षता में मंडल स्तरीय कृषि निर्यात निगरानी समिति की प्रथम बैठक संपन्न हुई। जिसमें उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति 2019 के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए देवीपाटन मंडल के चारों जनपदों में निर्यात योग्य कृषि उत्पादों के लिए क्लस्टर सुविधा इकाई का गठन, जनपद स्तर पर निर्यात योग्य कृषि उत्पाद के चयन, जनपद स्तर पर गठित जिला क्लस्टर सुविधा इकाई के द्वारा निर्यात योग्य कृषि उत्पाद के क्लस्टर बनाने तथा उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति 2019 के अंतर्गत गठित क्लस्टरों एवं उससे जुड़े निर्यातकों को निर्यात दायित्व सिद्ध होने पर ही दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा व समीक्षा की गई। आयुक्त ने कृषि निर्यात निगरानी समिति व क्लस्टर सुविधा इकाई से संबंधित अधिकारियों व नामित सदस्यों से अपेक्षा की है कि वे निर्यात नीति के उद्देश्यों के अनुरूप कार्रवाई करते हुए क्लस्टरों के विकास में अपना योगदान दें, ताकि किसानों को अधिकाधिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि मंडल के जनपदों में उन की भौगोलिक स्थिति के अनुसार उत्पादों यथा-हल्दी, अदरक व आम आदि के उत्पादों का कलस्टर विकसित करने का प्रयास हो ताकि किसानों का अधिकाधिक हित हो सके। बैठक में सदस्य सचिव, मंडल स्तरीय कृषि निर्यात नीति निगरानी समिति व सहायक कृषि विपणन अधिकारी गंगा दयाल ने बताया कि इस नीति के अंतर्गत निर्यात कलस्टर के लिए न्यूनतम 50 हेक्टेयर की कृषि भूमि होनी चाहिए। यह भूमि 20-20 हेक्टेयर की आपस में निरंतरता में हो सकती है। क्लस्टर के पास उससे संबंधित कुटीर उद्योग भी स्थापित हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि कृषि, उद्यान व अन्य संबंधित कुल 17 विभागों को इसमें सदस्य बनाया गया है। जनपद बलरामपुर में आम का एक क्लस्टर बन रहा है। उन्होंने बताया कि कृषि निर्यात और पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन एवं प्रौद्योगिकी में डिग्री, डिप्लोमा, सर्टिफिक्रेट पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए उत्तर प्रदेश में स्थित विश्वविद्यालयों व सरकारी संस्थानों में वार्षिक फीस का 50 प्रतिशत या रुपया 50 हजार प्रति छात्र की अधिकतम सीमा के अंतर्गत प्रदान किया जाएगा।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत संवैधानिक संगोष्ठी



गोंडा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत आज लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में एन.सी.सी. इकाई द्वारा एक संवैधानिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए बी.एड. विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. चमन कौर ने नारी सशक्तिकरण के विभिन्न कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्त्रियों को जागरूक होने के साथ ही अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए। साथ ही उन्हें मुखर भी होना चाहिए तथा अपराध व शोषण को किसी स्थिति में सहना उचित नहीं है। भौतिक विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संतोष श्रीवास्तव ने स्त्री-पुरुष असमानता को तकलीफ देह बताया। उन्होंने कहा कि लैंगिक भेदभाव आधी आबादी की तरक्की में सबसे बाधक है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेसी धरने पर बैठे

● राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

संवाददाता। उरई (जालौन)



**गुरुवार को** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रभारी उत्तरप्रदेश श्रीमती प्रियंका गाँधी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के आवाहन पर जिलाध्यक्ष अनुज मिश्रा ने शहर अध्यक्ष डॉ. रेहान सिद्दीकी सेवादल जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र शुक्ला एवं समस्त कांग्रेस फ्रंटल अध्यक्षों के साथ योगी सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय गेट पर धरना एवं विरोध प्रदर्शन किया तथा किसानों की मांगों को रखते हुए महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

धरना सभा को संबोधित करते हुये जिलाध्यक्ष अनुज मिश्रा ने कहा वर्तमान में किसानों द्वारा धान की बिक्री का समय चल रहा है और समूचे उत्तरप्रदेश में धान क्रय केंद्रों पर धान की खरीदी में कमी चल रही जिसके कारण किसान अपनी धान की फसल को सही ढंग से बेच नही पा रहा है।और तो और धान क्रय केंद्रों पर नमी के नाम पर किसानों की धान की फसल पर अनावश्यक कटौती की जा रही है जिसकी वजह से उसको अपनी फसल का सही दाम भी नहीं मिल पा रहा है। शहर अध्यक्ष डॉ. रेहान सिद्दीकी एवं सेवादल जिलाध्यक्ष धीरेन्द्रशुक्ला ने कहा हमारे जनपद में इस वक्त खेतों की सिंचाई का कार्य चल रहा है परन्तु हमारी प्रदेश की सरकार न ही ढंग से बिजली दे पा रही है और न नहरों में पानी दे पा रही है और न ही किसानों को यूरिया एवं खाद उपलब्ध कर पा रही है। धरना सभा को संतोष ठाकुर, विवेक यादव, अमित पांडेय, सिद्धार्थ दिवौलिया एवं किसान जिलाध्यक्ष रविन्द्र राजपूत दीपांशु समाधिया ने कहा कि यह सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के वायदे के साथ सत्ता में आई थी किंतु आय तो दोगुनी न हुई अपितु किसानों के आत्महत्या के आंकड़े दोगुने हो गए हैं। प्रदेश सरकार किसान विरोधी सरकार है। इसे किसान के दर्द से कोई सरोकार नहीं है। इस दौरान शिव नारायण पाल महासचिव, राममनोहर यादव सचिव, रामकुमार गुप्ता सचिव, पवन पटेल युवक जिलाध्यक्ष, सिद्धार्थ पांडेय, रूपेंद्र सिंह वर्मा, अमित पांडेय पूर्व महासचिव युवा कांग्रेस, विवेक यादव, गुलाब खान, सीताराम वर्मा, अयूब अंसारी, ओम नारायण शर्मा, शैलेन्द्र व्यास, सुरेश दीक्षित, अखिलेश चौधरी, चंद्रशेखर वर्मा, नेतराम निरंजन, उमाचरण अवस्थी, शेर सिंह दोहरे, प्रधव मिश्रा, महेश कुमार वर्मा, अभिषेक पाठक, शिवम तिवारी, राज कुमार वर्मा, फैजान उल हक, सद्दाम कादरी, व्योम व्यास, साहिद गौरी, मोहम्मद शमी, गोपाल पालीवाल, आशीष पटेल, सचेन्द्र सिंह जादौन, सागर गुप्ता, अंकुश हरदुआ आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित



**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित नगर पालिका परिषद के सभागार में मिशन शक्ति के तहत महिला सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र दिए गए। इस दौरान अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने कहा कि कोई भी समस्या होने पर महिलाएं हेल्पलाइन की मदद लें।

गुरुवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद स्थित सभागार में अधिशाषी अधिकारी मीनू सिंह एवं स्वच्छ भारत मिशन की जिला प्रोग्राम मैनेजर हर्षिता गोयल ने महिला कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने के उपरांत उनके अधिकारों के विषय मे बताते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान पर यदि कोई बाधा आती है। तो महिलाएं बेहिचक वूमेन पावर 1090 सहित 112 पर कॉल कर अपनी समस्या को बताएं। कहा कि महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार दिए गए हैं। वही आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण के दृष्टिगत पालिका में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अधिशाषी अधिकारी एवं जिला प्रोग्राम मैनेजर हर्षिता गोयल द्वारा कर्मचारियों को कूड़ा कलेक्शन एवं सोर्स पर प्रथक्की कारण संबंधी जानकारी देते हुये गीले एवं सूखे कचरे की पहचान के बारे में भी बताया गया। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी मीनू सिंह नें कहा कि कचरे को यहां वहां न फेंके बल्कि पालिका द्वारा स्थापित किए गए डस्टबिन के अलावा कूड़ा गाड़ी में डालें। जिला प्रोग्राम मैनेजर हर्षिता गोयल ने कहा कि घरों में प्रतिदिन एकत्र होने वाले कचरे के निस्तारण की नगर पालिका एवं नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, प्रधान लिपिक अनिल प्रजापति, जिलेदार सिंह, जगदीश सिंह, मोहित कुमार, अभिलास तिवारी, मनोज तिवारी, गौरव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

● पालिका में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की कार्यशाला का हुआ आयोजन

## क्विक न्यूज

### पीआरवी पुलिस ने गूंगे बालक को पहुंचाया घर

**चित्रकूट।** पीआरवी 2041 कोतवाली कर्वी के मुख्य आरक्षी मलखान सिंह, आरक्षी वीरेन्द्र कुमार, राजेश कुमार यादव ने कॉलर की सूचना पर गुम हुए गूंगे बालक शोभित को बरामद कर सकुशल परिजनो को सौंप दिया है। परिजनो ने गुम हो जाने की सूचना दी थी। जिसे शिवरामपुर मे चाय की दुकान से बरामद किया गया।

### लोन के लिये करें आवेदन

**चित्रकूट।** उपायुक्त उद्योग एसके केसरवानी ने बताया कि नवीन इकाई की स्थापना के लिये मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना वर्ष 2020-21 के अंतर्गत विनिर्माण क्षेत्र की अनुमन्य परियोजना की अधिकतम लागत 25 लाख तक तथा सेवाक्षेत्र की अधिकतम 10 लाख के आवेदक ऑनलाइन स्वीकार किये जायेंगे। इसकी आयु 18 से 40 रखी गई है शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल है।

### घर-घर पोषाहार पहुंचाएं कार्यकत्रियां: प्रभारी सीडीओ

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी डीडीओ आरके त्रिपाठी की अध्यक्षता मे पोषण अभियान संबंधी प्लान कमेटी की बैठक हुई। प्रभारी सीडीओ ने जिला कार्यक्रम अधिकारी बीएल गुप्ता को निर्देश दिये कि पोषण माह मे अभियान चलाकर कुपोषित बच्चों पर चिंतन करे। पुनर्वास केन्द्र मे भर्ती कराकर स्वास्थ्य लाभ दिलाये। किचन गार्डन के माध्यम से हरी सब्जियो की व्यवस्था कराये। शासकीय गौशालाओ से दुधारू पशु दिलाये। गर्भवती महिला, किशोर, बच्चो को घर-घर पोषणहार वितरित कराये। नोडल अधिकारी लगाकर वितरण रिपोर्ट उपलब्ध कराये।

### डंपर की टक्कर से एक की हुई मौत दूसरा गंभीर

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** स्कूटी से साले के साथ ससुराल जा रहे जीजा के अनियंत्रित गति से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि साला घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी होने पर ससुरालियों में कोहराम मच गया। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शेखाना निवासी 25 वर्षीय टीपू सुल्तान पुत्र जहीर खां की शादी ग्राम डंडवाबुर्जुग निवासी निसार की बेटी आमरीन के साथ विगत सितम्बर में हुई थी। वह ससुराल में होने वाली शादी में शामिल होने आया था। बुधवार की देर शाम वह अपने साले 18 वर्षीय कासिब रजा के साथ नगर से कपडें खरीदकर स्कूटी से ससुराल लौट रहा था। जैसे ही वह पश्चिमी बाईपास पर पहुंचा सामने से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे टीपू सुल्तान की मौके पर मौत हो गई। जबकि कासिब गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली पुलिस ने घायल को नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

### पूर्व सभासद व उसके भांजे को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** पूर्व सभासद व उसके भांजे के साथ रंजिश के चलते दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पूर्व सभासद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है। नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी पूर्व सभासद सुरेंद्र कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह अपने भांजे विकास के साथ बाइक पर सवार होकर रामगंज की ओर जा रहा था। तभी नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी सत्यम, वीके, करन विकास ने रंजिश के कारण उसे और उसके भांजे विकास को रास्ते में रोककर अभद्रता करते हुए। उसे व उसके भांजे विकास को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पूर्व सभासद की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कोरोना के चार नए मरीज मिले

**हमीरपुर।** गुरुवार को जनपद में चार नए कोरोना संक्रमित लोग पाए गए हैं। जबकि छह लोग कोरोना जंग जीतकर अपने घर पहुंचे हैं। नए मरीजों को आइसोलेट किया गया है। गुरुवार को चार लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। जिसमें एक भरुआ सुमेरपुर नई बस्ती मोहल्ला निवासी 24 वर्षीय और दूसरी सुमेरपुर की 22 वर्षीय महिला है। कुरारा ब्लाक के कंडौर गांव में 45 वर्षीय महिला में कोरोना की पुष्टि हुई है। इसी तरह पुलिस लाइन के 36 वर्षीय युवक को भी कोरोना की पुष्टि हुई है। छह कोरोना पॉजिटिव मरीजों को ठीक होने के बाद डिस्चार्ज किया गया है। इनमें तीन कुरारा सीएचसी और तीन सुमेरपुर के कोविड-19 अस्पताल के मरीज हैं। सीएमओ डा. आरके सचान ने बताया कि अभी तक 1154 मरीज ठीक हो चुके हैं।

### दहेज उत्पीड़न की शिकायत पुलिस से

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के मिश्रीपुर गांव निवासी विवाहिता ने पति, सास, ससुर, व ननदो के खिलाफमारपीट करने व दहेज की मांग कर प्रताड़ित करने की शिकायत पुलिस मे की है। गांव निवासी विवाहिता शिवप्यारी यादव पत्नी नरेश यादव ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि मेरी शादी को 4 वर्ष बीत चुके हैं। मेरी सास ससुर व नगद अतिरिक्त दहेज में मोटरसाइकिल, भैंस, व नगदी की मांग करते हैं तथा आए दिन गाली गलौज का प्रताड़ित करते रहते हैं तथा खाना भी खाने के लिए सही तरीके से नहीं देते हैं और ससुरालीजन कहते हैं की बहू नाटी है उक्त लोग आए दिन इसका ताना मारते रहते हैं इसकी सूचना अपने मायके सरीला में अपने पिता व भाई को दी तब भाई शिवपाल के साथ थाने में आकर तहरीर दी है पीड़ित महिला ने थाना पुलिस से इनके खिलाफकार्रवाई किए जाने की मांग की है पीड़िता ने ससुर रामप्रकाश उर्फछोटे यादव, ननद गुड्डी, जय लक्ष्मी, श्रीमती मनोज यादव के खिलाफमारपीट करने व प्रताड़ित करने का आरोप लगते हुए कार्यवाही की मांग की है।

### अदालत के आदेश पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के गोकुलडेरा गांव निवासी महिला ने पुत्री का गला दबाकर मार डालने के बाद फांसी पर लटका देने की शिकायत पर न्यायालय के आदेश से मुकदमा दर्ज किया गया है। गांव निवासी महिला सुशीला देवी पत्नी रामबाबू ने न्यायालय में शिकायती पत्र देकर पुत्री के ससुराल वालों के खिलाफमुकदमा दर्ज करने की मांग की थी सुशीला ने बताया कि पुत्री मीरा की शादी सिमरा गांव निवासी मनोज पुत्र प्रताप के साथ 31 मई 2015 को की थी शादी में एक लाख नगद तथा गृहस्थी का सामान आदि दिया था इसके बाद ससुरालीजन पुत्री का उत्पीड़न का अतिरिक्त दहेज की मांग पर प्रताड़ित करने लगे तथा कई दिन तक भूखा रखते लगे इसके बाद 26 मई 2020 को गला दबाकर मार डाला और फांसी पर लटका दिया सूचना मिलने पर हम लोग ससुराल गए तथा उसका पोस्टमार्टम करवाया गया इसके बाद हमने थाने में तहरीर दी लेकिन कोई कार्रवाई न किए जाने से पुलिस महानिदेशक लखनऊ तथा बांदा डीआईजी से शिकायत की और न्यायालय में शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किए जाने की मांग की तब न्यायालय के आदेश से आज पति मनोज तथा देवर अवधेश सास रामकिशोरी तथा पड़ोसी नंदराम पुत्र बालकिशन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

### युवक ने महिला के साथ की छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि बुधवार की शाम करीब 7 बजे वह अपने दरवाजे पर बैठी थी और उसका पति टूंका गांव गया था। तभी शराब के नशे में मोहल्ले का रमजान उर्फगददार पुत्र सम्मी उसके घर में आया और उसके दो वर्षीय पुत्र को धक्का देते हुये घर के अंदर घुस आया। आरोप लगाया कि शराबी युवक बुरी नियत से अशखील कर दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। विरोध करने युवक ने उसे मारापीटा। मारपीट से उसके शरीर में चोटें आईं है और उसका मंगलसूत्र व नाक की कील गिर गई। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। कोतवाल केके पांडेय का कहना था कि महिला की तहरीर पर युवक के विरूद्ध छेड़खानी का मामला दर्ज किया गया है।

### आपे पलटने से आधा दर्जन सवारिया घायल

**राठ (हमीरपुर)।** आज दोपहर राठ से सवारिया भरकर जा रही एक आपे धनौरी गांव के पास अनियांत्रित होकर पलट गई। आपे पलटने से सवारियों में चीख पुखार मच गई। आपे में बैठे सुधीर पुत्र कमलाकांत प्रसाद, उसका 8 वर्षीय पुत्र अनुज, सीताराम पुत्र छोटेलाल, उसकी पत्नी राममूर्ति और रामभरोसे पुत्र राजधर निवासीगण बिहूंनी थाना मुस्करा गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस कर्मियों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। आपे पलटने पर चालक मौके से फरार हो गया। इसी तरह राठ-पनवाड़ी मार्ग स्थित बैंक ऑफबड़ौदा के पास ट्रैक्टर से ट्राली अलग हो जाने पर ट्राली में बैठे श्रीराम पुत्र हरप्रसाद, दयाशंकर पुत्र टुटिया, फूलादेवी पत्नी बहादुर और रतिराम निवासी चुरारी थाना कुलहाड़ गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया।

### सल्फास खाने से युवक की मौत

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली के गल्हिया गांव निवासी हरगोविंद (37) पुत्र बृजलाल अहिरवार ने बुधवार की शाम करीब 6 बजे सल्फास खा ली। युवक की हालत बिगडने पर परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई लक्ष्मी प्रसाद ने बताया कि उसका छोटा शराब के नशे का आदि था। शराब के नशे में उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पांच पुत्र छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी सीमा का रो रोकर बुरा हाल है। आज पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### बाइक से गिरकर युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**राठ (हमीरपुर)।** बुधवार की एक कार्यक्रम से लौट रहे एक युवक की बाइक से गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जलालपुर थाने के पुरैनी गांव निवासी आशीष (25) पुत्र हिंदुपत सोनी शादी विवाह में वीडियोग्राफी और सोने चांदी का कार्य करता था। बुधवार की रात करीब 8 आशीष बिलगाय गांव में एक कार्यक्रम से वीडियो ग्राफी कर वापस लौट रहा था। तभी धनौरी गांव के पास उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और सड़क किनारे बाइक से गिर गया। उसी दौरान वहां से गुजर से एक युवक अपनी गाड़ी रूक कर युवक को एंबुलेंस से सीएचसी में ले गये। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# एसपीआरडी महाविद्यालय में नारी सुरक्षा को लेकर गोष्ठी का आयोजन



**हमीरपुर।** स्व पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय गहरौली हमीरपुर के सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत नारी सुरक्षा एवं सशक्तिकरण गोष्ठी का आयोजन में मुख्य अतिथि कालेज के प्राचार्य डॉ लोकेन्द्र नाथ पाण्डेय ने छात्र छात्राओं को यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता के माध्यम से भारतीय संस्कृति में नारियों के स्थान से अवगत कराया गया तथा आधुनिक समाज मे नारी पर हो रहे अत्याचारों पर खेद प्रकट करते हुऐ आचार एवं विचार की शुद्धता पर जोर दिया गया। इसी श्रृंखला में शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष अखिलेश गुप्ता जी ने छात्रों को नारियों के सम्मान उनका समाज में स्थान एवं इतिहास में योगदान को बताते हुये अपने विचार प्रस्तुत किये इसी कड़ी में छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमे प्रमुख रूप से डीएलएड के छात्र अतुल द्विवेदी ने प्रागैतिहासिक काल से लेकर आधुनिक पाश्चात्य संस्कृति में व्याप्त महिलाओं की स्थिति पर अपने विचार प्रस्तुत किये तथा भारतीय संस्कृति के माध्यम से महिलाओं की उन्नति हेतु अपने तर्क दिए छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ मनीष द्विवेदी जी ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए उनके विचारों से छात्र छात्राओं को प्रेरणा लेने को कहा इस मौके पर महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ कपिल तिवारी शुभांशु गौतम शेषनाथ गुप्ता डॉ दिलीप गुप्ता शैलेन्द्र राजपूत सुधा प्रजापति सतेंद्र सक्सेना आकाशदीप मिश्रा विनोद सैनी इत्यादि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्रवक्ता ई अजीत द्विवेदी ने किया।

# डीएम ने अग्नि पीड़ित व्यापारी को मदद का दिया भरोसा

● घर पहुंच कर हालात का लिया जायजा, परिजनों को बंधाया ढांढस



किराने की दुकान में लगी आग का निरीक्षण कर जानकारी करते डीएम शेषमणि पाण्डेय।

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के एक बड़े व्यापारी की दुकान में रात्रि में भीषण आग लग जाने, के कारण हुई करोड़ों की क्षति व जनहानि पर जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय ने गहरा दु:ख व्यक्त किया। खबर पाते ही जिलाधिकारी अफसरों को लेकर अग्नि पीड़ित के घर पहुंचे हालातों का जायजा लिया और दु:ख व्यक्त किया और भरोसा दिलाया कि शासन से दैवीयआपदा राहत से जो भी होगा राहत मदद दी जायेगी।

शार्ट सर्किट से शंकर एजेंसी में देर रात लगी आग में डेढ़ करोड़ का सामान जलकर खाक होंने के साथ एजेंसी मालिक की माँ की भी झुलस कर मौत हो गई। एक दर्जन से अधिक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में जुटी रहीं तब जाकर कही आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक सब कुछ जलकर नष्ट हो गया। बताया जा रहा कि इस अग्नि कांड में करीब डेढ़ करोड़ की क्षति हुई है। यह कोतवाली कर्वी के सदर बाजार की घटना। एसडीएम रामप्रकाश समेत सैकड़ों व्यापारी मौके पर पहुँच घटना पर अफसोस व्यक्त किया और शासन से क्षति पूरी करने के लिए मदद करने की मांग की है।

वहीं खबर पाते ही जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय ने उपजिलाधिकारी कर्वी राम प्रकाश के साथ बीती रात्रि में सदर बाजार कर्बी के व्यापारी शंकर एजेंसी के मालिक बंशगोपाल गुप्ता के किराना की दुकान में लगी भीषण आग से हुए नुकसान का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी कर्वी को निर्देश दिए की आग से दुकान में हुए नुकसान का आकलन कराकर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं ताकि शासन से इन्हें दैवीय आपदा से राहत दिलाई जा सके।

# हेमराज सिंह अध्यक्ष व अनिल श्रीवास्तव बने महामंत्री

● अधिवक्ता परिषद उत्तर प्रदेश जनपद चित्रकूट के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी की घोषणा



**चित्रकूट।** अधिवक्ता परिषद उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष सन्तोष कुमार सिंह एडबोकेट बांदा तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप सिंह चौहान व विवेक शर्मा तथा अधिवक्ता परिषद बाँदा के अध्यक्ष उमाशंकर सिंह, महामंत्री रजनीश मोहन श्रीवास्तव की उपस्थिति में प्रदेश महामंत्री शीतल गौड ने अधिवक्ता परिषद चित्रकूट की कार्यकारिणी की सर्वसम्मति से घोषणा की। जिसमें हेमराज सिंह अध्यक्ष, अनिल कुमार श्रीवास्तव महामंत्री , अवधेश मिश्रा व योगेश श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष, अनिल त्रिपाठी प्रचार मंत्री, अनुजा श्रीवास्तव को मंत्री स्वाध्याय मण्डल का दायित्व सौंपा गया। वहीं कोषाध्यक्ष के रूप में रमेशचंद्र विश्वकर्मा को जिम्मेदारी दी गयी। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गोपालदास अग्रवाल, सुशील कुमार त्रिपाठी, अशोक कुमार गुप्ता, आदर्श कुमार श्रीवास्तव, गया प्रसाद द्विवेदी, तेज प्रताप सिंह, कमलेश कुमार सिंह, अवधेश कुमार यादव, राजेश त्रिपाठी, रमेश कुमार सिंह, त्रिभुवन नाथ सिंह विशेष अमांत्रित सदस्य के रूप मे श्यामसुन्दर मिश्रा , शशिकात पांडेय व कृष्ण गोपाल गुप्त व अधिवक्ता परिषद चित्रकूट के संरक्षक के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता सूर्य बली त्रिपाठी घोषित किये गये। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सन्तोष सिंह द्वारा अधिवक्ता परिषद के कार्यों का सविस्तार उल्लेख किया गया। प्रदेश महामंत्री शीतल गौड़ ने अधिवक्ता परिषद के लोगों को न्याय: मम धर्म पर सविस्तार विचार व्यक्त किया, साथ ही गरीब व वंचित लोगों की मदद करने हेतु अधिवक्ता परिषद को प्रेरित किया। वरिष्ठ अधिवक्ता सूर्य बली त्रिपाठी ने अधिवक्ता परिषद के साथ सहयोग करने व अधिवक्ता परिषद की टीम को समय समय पर उर्जा देने हेतु कहा। नवनियुक्त अध्यक्ष हेमराज सिंह ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए न्याय: मम धर्म के तहत कार्य करते हुये गरीब वंचित तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुचाने हेतु समिति बनाकर उन्हे नि: शुल्क कानूनी सहायता के लिये न्याय केंद्र की स्थापना व जूनियर अधिवक्ताओं के ज्ञानवर्धन के लिये समय समय पर स्वाध्याय मण्डल के आयोजन व न्यायप्रवाह की अधिकाधिक सदस्यता का संकल्प लिया। संचालन राजेश त्रिपाठी द्वारा किया गया। शिवशंकर उपाध्याय महामंत्री जिला अधिवक्ता संघ ने धन्यवाद ज्ञपित किया।

# बीडीओ ने साप्ताहिक बैठक में की विकास कार्यों की समीक्षा



**रामपुरा (जालौन)।** विकास खंड रामपुरा में खंडविकास अधिकारी ओम प्रकाश द्विवेदी ने सचिवों व तकनीकी सहायकों के साथ साप्ताहिक बैठक की जिसमे कई विन्दुओं पर चर्चा की गई। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त पात्रो के खाते में डाल दी गयी है। तथा जो पात्र छूट गये है उनके लिए सचिवो को निर्देशित कर पुन: पात्रो को जोड़ने व सर्वे करने को कहा और कहा कि किसी भी कार्य में किसी भी प्रकार की हीलाहबाली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मनरेगा योजना के तहत चल रहे कार्यो में तेजी लाये। तकनीकी सहायकों को निर्देश देते हुए कहा मनरेगा के तहत हो रहे कार्यो की समय समय पर जांच करते रहे जिससे कोई गड़बड़ी न हो और समय से श्रीमिकों का भुगतान हो सके। मानक के अनुरूप शौचालयों में लग रहे ईंटों को व कार्य को भी परखते रहे। बैठक में खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश द्विवेदी, एडीओ पंचायत रामकुमार, सहायक ग्राम विकास अधिकारी जगदम्बा प्रसाद, मुकेश मुकेश सविता, ग्राम विकास अधिकारी राममोहन, संजय श्रीवास, रत्नेश कुमार, अनीता और तकनीकी सहायक शरद त्रिपाठी और बाबूलाल आदि लोग मौजूद रहे।

# एसपी ने थाना राजापुर पहाड़ी अर्दली रूम का किया निरीक्षण



**चित्रकूट।** एसपी अंकित मित्तल ने राजापुर और पहाडी थाने का रात्रि में निरीक्षण कर विवेचकों का अर्दली रूम चेक किया। एसपी ने विवेचनाओं की समीक्षा की। उनकी प्रगति के बारे में जानकारी की और त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। चेतावनी दी कि विवेचनाओं में ढिलाई बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। चिन्हित किये गये मुकदमों की पैरवी में देरी करने वाले विवेचकों से स्पष्टीकरण मांगा। हल्का प्रभारियों को निर्देश दिये कि टापटेन, फरार, हिस्ट्रीशीटर, गैंगेस्टर एवं सक्रिय अपराधियो के संबंध में जानकारी रखी जाये। आईजीआरएस से प्राप्त लंबित प्रार्थना पत्रों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिये।

एसपी ने मिशन शक्ति के तहत थाने में स्थापित किये जा रहे महिला हेल्प डेस्क का दोनों थानों में लोकार्पण किया और इसकी तैयारियों का जायजा लिया। सीसीटीवी कैमरों का रखरखाव देखा। महिला हेल्पडेस्क मे कैमरा लगाने के निर्देश दिये। वही दूसरी तरफ कर्वी कोतवाली के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान एसपी ने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि कोविड 19 दो गज की दूरी मास्क है जरूरी का पालन किया जाये। आगंतुक रजिस्टर चेक किया। बैरिक, भोजनालय, शौंचालय के निरीक्षण के सफाई के निर्देश दिये। कोतवाल अरूण पाठक को लावारिश एवं वाहन संबंधी मुकदमो का निस्तारण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कोतवाल राजापुर अनिल सिंह, पहाडी श्रवण सिंह, वाचक शिवबदन सिंह, पीआरओ वीरेन्द्र त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत

**चित्रकूट।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रांतीय उपाध्यक्ष जय विजय सिंह की बीती रात रोड दुर्घटना के दौरान दर्दनाक मौत हो गई है। उनकी मौत की खबर सुन भाजपा ही नहीं सभी दलों व पूरे जनपद में शोक की लहर छा गई। श्री सिंह बेहद सरल और कर्मठ शांत स्वभाव के मिलनसार व्यक्तित्व वाले थे। बीती रात जब वो बाँदा से पार्टी के एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद घर लौट रहे थे तो बेड़ी पुलिया कर्वी के पास एक वाहन ने उनके सफारी गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया .हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। प्रयागराज पहुंचते ही इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। पूरे जनपद में शोक छाया हुआ है। जिलाध्यक्ष सीपी खरे, अशोक जाटव, लवकुश चतुर्वेदी, जगदीश गौतम समेत सभी नेताओं ने गहरा दु:ख जताया कहा कि यह घटना पार्टी परिवार व जनपद के लिए अपूर्णनीय है।

# एक करोड़ से ऊपर की लागत का गो आश्रय केंद्र बना शोपीस



**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर मौदहा के कपसा रोड पर एक करोड़ बीस लाख लागत की बनी गौ आश्रय केंद्र को बने लगभग 8 महीने बीत जाने के बावजूद भी अभी भी गौ आश्रय केंद्र में एक भी जानवर बंद नहीं है। यह गौशाला जिले भर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

नगर मौदहा के कपसा मार्ग पर सरकारी गौ आश्रय केंद्र बना हुआ है जिसकी लागत 1 करोड़ 20 लाख है सरकार द्वारा इतनी बड़ी लागत से बनाया गया गौ आश्रय केंद्र अधिकारियों की लापरवाही के चलते शोपीस बनकर रह गया है जबकि क्षेत्र में अन्ना जानवर की समस्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है जिससे क्षेत्र के अन्नदाता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में इस समय रबी की फसल तैयार हो रही है जिसको अन्नदाता दिन रात खून पसीना एक करके तैयार कर रहे हैं लेकिन अन्ना जानवर के कारण उनकी मेहनत में पानी फिरता दिखाई दे रहा है क्योंकि जब तक अधिकारीगण इतनी बड़ी लागत से बने गौ आश्रय केंद्र को शोपीस बनाए रखेगे तब तक क्षेत्र के अन्नदाताओ को अन्ना जानवर से निजात नहीं मिल सकता है। गौशाला केंद्र में अन्ना जानवरों को क्यो नही बंद किया जाता है यह भी एक रहस्य बना हुआ है। वहीं मुख्य विकास अधिकारी कमलेश कुमार का कहना है कि गौ आश्रय केंद्र की यह स्थिति उनकी जानकारी में नहीं है अगर सरकारी गौ आश्रय केंद्र में अगर कोई जानवर नहीं है तो इस पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी।

# डेंगू की चपेट में आये किशोर की कानपुर में इलाज दौरान हुई मौत

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** विगत दिनों पूर्व डेंगू बुखार की चपेट में आए सपा नेता अलाउद्दीन बीआईपी के 15 वर्षीय किशोर की इलाज दौरान मृत्यु हो गई। समाजसेवी व जनप्रतिनिधियों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर ढाढस बंधाया। नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी अलाददीन सिददीकी उर्फवीआईपी का 15 वर्षीय पुत्र सैफसिददीकी विगत एक सप्ताह से डेंगू बुखार की चपेट में था। जिसका उपचार कानपुर में चल रहा था। गुरूवार की सुबह कानपुर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। किशोर का शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी, सपा विधानसभा प्रभारी अरशद जमाल सिद्दीकी, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण के प्रदेश महासचिव अमन हुसैन सिद्दीकी, भाजपा पूर्व जिला महामंत्री देवेंद्र देव, भाकियू समधन नगर अध्यक्ष मोइन अहमद, युवा सपा नेता अजीम सिद्दीकी ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ढाढस बंधाया।

## किसान बिल के विरोध में
# सड़क पर उतरे कांग्रेसी, प्रदर्शन

संवाददाता। सुल्तानपुर


धरना प्रदर्शन करते कांग्रेसी

**यूपी कांग्रेस** कमेटी के आवाहन पर गुरुवार को जिले के सैकड़ो कांग्रेसियो ने केंद्र के किसान बिल के खिलाफ आंदोलन की राह पकड़ी। जिला कांग्रेस कमेटी से जुलूस निकाल कर प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुँच कर सड़क जाम करते हुए धरना दिया। कांग्रेसी नेताओं के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी रवीश गुप्ता को राज्यपाल को संबोधित मांग पत्र सौंपा।

गुरुवार को किसान बिल के विरोध प्रदर्शन की तैयारी को लेकर जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की अनुपस्थिति में जिला उपाध्यक्ष सिराज अहमद भोला व तेज बहादुर पाठक ने जिले भर के कांग्रेसियो से आंदोलन को सफल बनाने का आवाहन किया था। जिला कमेटी से हाथों में झंडिया, तख्ती व बैनर लिए सरकार विरोधी नारे लगाते कांग्रेसी सड़क पर निकले। कांग्रेसियो के हुजूम को सड़क पर देख प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। वरिष्ठ कांग्रेसी हरीश त्रिपाठी, लाल पद्माकर सिंह, पवन मिश्र नन्हे, रणजीत सिंह सलूजा, राहुल त्रिपाठी, नफीस फारूकी, प्रकाश त्रिपाठी, इन्तजार अहमद, जगदीश सिंह, बृजलाल, विनोद राणा, उर्मिला उपाध्याय, धर्मराज मिश्र, कमल नयन वर्मा, सुव्रत सिंह सनी, रितेश सिंह रजवाड़ा, अमित पांडेय, रणवीर सिंह राणा, अभिषेक तिवारी समेत दर्जनों नेताओ ने जुलूस का नेतृत्व किया। कलेक्ट्रेट पहुंच कांग्रेसी सड़क पर बैठ गए और सरकार विरोधी नारे लगाते हुए जिलाधिकारी को मांग पत्र देने का एलान किया। एसडीएम रामजी लाल व सीओ सतीश द्वारा प्रदर्शनकारियों को समझा बुझा कर एक प्रतिनिधि मंडल के रूप में जिलाधिकारी के चैम्बर में ले जाकर ज्ञापन दिलवाया। प्रदर्शन के मद्दे नजर पुलिस व प्रशासन ने पर्याप्त तैयारी की थी सीओ सिटी सतीश शुक्ल के निर्देशन में नगर कोतवाल भूपेंद्र सिंह, अमरेन्द्र बहादुर सिंह, मीरा कुशवाहा, अवधेश यादव प्रवीण सिंह समेत सैकड़ो पुलिस कर्मियों ने जिला कमेटी से लेकर कलेक्ट्रेट तक पल पल पर नजर रखी। प्रदर्शन करने वालो में पूर्व जिला अध्यक्ष मकसूद आलम, शहर अध्यक्ष नौशाद खान, प्रेम चंद्र भारती, सरदार परमजीत सिंह, महेंद्र सिंह वरुण मिश्र, शकील अंसारी, अनिल मिश्र, हाजी जमा खान, वसीम घोसी, रेनू श्रीवास्तव, कंचन सिंह समेत सैकड़ों कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

# सांसद के तेवर देख मुंह छिपाते नजर आए जिम्मेदार

## ● शिकायत पर अखण्डनगर धान क्रय केन्द्र आ धमकी मेनका गांधी

**सुलतानपुर।** किसानों द्वारा क्रय केन्द्र बन्द होने तथा धान खरीद न होने की शिकायत पर अचानक मेनका गांधी अखँडनगर क्रय केन्द्र पर पहुंच गयी। शिकायत सही पाए जाने पर उनके तेवर सख्त हो गए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी किसान के साथ यदि धान खरीद में भेदभाव किया गया या धान नही खरीदा गया तो जिम्मेदार के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। साँसद के सख्त तेवर से विभागीय अधिकारियों मेँ हडकंप मचा रहा। सांसद के सवाल का जवाब न देना पड़े इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी मुंह छिपाते नजर आए। सांसद तेवर से जहां अफसरों में भय दिखा वहीं किसानों में उम्मीद की लहर भी जाग उठी। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि जयबाबू उपाध्याय, पूर्व प्रमुख शिवनारायण वर्मा, शशिकांत पाँडे, अमरीश मिश्रा, जिपँ सदस्य पिँकू शुक्ला, रितेश दूबे, सुनील सोनी, आशीष मिश्रा, जगदम्बा उपाध्याय, अरूण दूबे, सन्तोष दूबे आदि मौजूद रहे।



### बीडीओ आलोक सिंह को सराहा

**करौंदीकला, सुलतानपुर।** तीन दिवसीय दौरे पर आई सांसद मेनका गांधी ने स्थानीय विकास खण्ड के प्रांगण में पहुंचकर जनता दर्शन में जनता की समस्याओं को सुना। उपस्थित सम्बंधित विभाग के अधिकारी को शीघ्र ही उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का आदेश दिया। लोकप्रिय सांसद ने उपस्थित उपजिलाधिकारी कादीपुर महेंद्र कुमार को कहा कि जो भी नए मार्ग के निर्माण के लिए शिकायतें आ रही है उनके लिए उचित कार्यवाही पूर्ण कर मार्ग का निर्माण कराएं। इसी क्रम में करौंदी कला खण्ड विकास अधिकारी आलोक सिंह की सराहना करते हुए कहा कि मैं आपके कार्य से संतुष्ट हूं जो भी शौचालय अधूरे हैं उनके निर्माण शीघ्र ही पूर्ण कराये। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी कादीपुर सुरेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष चंद्रशेखर, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र विक्रम, एवं समस्त ब्लॉक कर्मचारियों समेत अन्य मौजूद रहे।

## पुलिस के साथ पहुंची राजस्व टीम ने रूकवाया निर्माण कार्य

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के बेलहरी रेवारी गांव निवासी राधे कृष्ण शुक्ल ने एसडीएम जयसिंहपुर को शिकायती पत्र देते हुए अवैध निर्माण रुकवाए जाने की मांग की थी। शिकायतकर्ता के मुताबिक गाटा संख्या 3606 उसकी संक्रमणीय भूमिधर की जमीन है। शिकायती पत्र के मुताबिक खतौनी के अन्य खातेदार राधेकृष्ण शुक्ल से सुलह कर चुके हैं। जिसका न्यायालय में अमलदरामद हेतु मुकदमा चल रहा है। राधे कृष्ण ने अपने आपको गाटा संख्या 3606 का तनहा खातेदार बताते हुए निर्माण कार्य रोके जाने की मांग की थी। शिकायती पत्र का संज्ञान लेते हुए एसडीएम जयसिंहपुर ने राजस्व निरीक्षक को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। एसडीम के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक कमलेश तिवारी ने स्थानीय पुलिस के साथ मौके का जायजा लिया। जांच के बाद राजस्व निरीक्षक ने निर्माण कार्य कर रहे लोगों को काम करने से मना कर दिया। आरोप है कि बुधवार की रात निर्माण कार्य कर रहे लोगों ने दीवार पर टीनशेड भी रख लिया।

# उपजिलाधिकारी ने कार्तिक पूर्णिमा मेले को लेकर की मंत्रणा

संवाददाता। डलमऊ रायबरेली



**डलमऊ ऐतिहासिक** कार्तिक पूर्णिमा मेला प्रांतीय मेला घोषित होने के बाद अधिकारियों के लिए गले की फांस बन गई है। जिसकी तैयारियों को लेकर अधिकारी खूब पसीना बहा रहे हैं। गुरुवार को डलमऊ तहसील के सभागार में प्रांतीय मेला की तैयारियों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। मेले की बैठक की अध्यक्षता कर रही एसडीएम सविता यादव और तहसीलदार प्रतीत त्रिपाठी के नेतृत्व में की गई। इस बैठक में सिंचाई विभाग के अधिकारी अनुपस्थित रहे वही अन्य सभी विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में सभी विभाग को अलग-अलग प्रकार की जिम्मेदारी दी गई। इसके साथ ही बताया गया कि जल्द से जल्द दी गई कि अपनी अपनी जिम्मेदारियों से कार्य पूर्ण करेंगे वरना उनके विरुद्ध प्रशासनिक कार्यवाही होना तय हैं। बैठक में एसडीएम ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की तरफसे मेला क्षेत्र के अंतर्गत शौचालय बनाए जाते हैं लेकिन इस वर्ष अस्थाई शौचालय की गुणवत्ता में सुधार लाएं। मेला क्षेत्र में अलग से लाउडस्पीकर नहीं लगाये जाएंगे अगर दुकानदार द्वारा यह फिर स्थानी तीर्थ पुरोहितों द्वारा लाउडस्पीकर लगाकर शोर शराबा करते पाए गए तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी मेला क्षेत्र में अस्थाई वाहन स्टैंड पर पुलिस विभाग सुरक्षा व्यवस्था के लिए मुस्तैद रहेगी वाहन स्टैंड पर बैरी कोटिंग प्रकाश की व्यवस्था नगर पंचायत एवं विद्युत विभाग द्वारा की जाएगी, कस्बे के तराई घाट पर दलदल होने पर वन विभाग और सिंचाई विभाग घाटों की मरम्मत कराएंगे, वही डलमऊ फतेहपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित नेवागंज के पास क्षतिग्रस्त पुलिया को जल्द से जल्द मरम्मत कराने के लिए एसडीएम ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया वही सिंचाई विभाग के अनुपस्थिति में एसडीएम ने बताया कि तहसील परिसर के पीछे माइनर पर मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली पुलिया क्षतिग्रस्त है इसके लिए विभागीय अधिकारी तत्काल ठीक कराएं वरना डीएम से मामले की शिकायत की जाएगी। स्नान आढ़तियों की देखरेख की व्यवस्था हेतु गंगा जी के अंदर नाव नाविक गोताखोर की भी व्यवस्था की जा रही है प्रत्येक नाव पर निगरानी के लिए एक एक पुलिस बल नाव पर तैनात किए जाने की बात रखी गई प्रांतीय मेला घोषित होने के बाद मेले को संपूर्ण कराने की जिम्मेदारी नगर पंचायत की होती है इस पर स्नान घाटों पर साफ-सफाई से लेकर कस्बे के विभिन्न मार्गों को मरम्मत कराने के लिए निर्देशित किया गया है, ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा मेला 28 नवंबर से 30 नवंबर तक लगेगा वही 30 नवंबर से पशु मेला प्रारंभ होने जा रहा है इससे पहले अधिकारी सभी तैयारियां जल्द से जल्द पूर्ण करें। प्रांतीय मेला होने के बाद इस वर्ष लगभग 10 से 15 लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान प्रशासन लगा रहा है मेले में प्रदर्शनी स्थल भी लगाई जाएगी, इतना ही नहीं श्रद्धालुओं की व्यवस्था के लिए जगह-जगह मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट कोविड-19 हेल्पडेस्क, एंबुलेंस , की व्यवस्था प्रत्येक वर्ष की तरह की जाएगी, इस मौके पर अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह,नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़, वरिष्ठ लिपिक सोहराब अली, सभासद फिरोज अहमद, विनोद निषाद, मुन्नू सभासद, सहित आदि लोग मौजूद रहे ।

## समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की जिला कमेटी गठित

**रायबरेली।** समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की एक बैठक पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष डा0 एम.आई. जावेद ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव मो0 अरशद खान उपस्थित रहे। बैठक में समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की 31 सदस्यीय जिला कमेटी की घोषणा जिलाध्यक्ष डा. एम.आई. जावेद द्वारा की गयी। जिलाध्यक्ष श्री जावेद ने मो0 इजहार खाँ, अब्दुल रशीद, मो0 जहीर व मो0 अहमद को जिला उपाध्यक्ष, निजामुद्दीन मंसूरी को जिला महासचिव, मो0 अल्ताफ को जिला कोषाध्यक्ष व जिला सचिव व कार्यकारिणी सदस्य के रूप में 12 - 12 लोगों को मनोनयन पत्र वितरित किये गये। नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

## क्विक न्यूज

### बढ़ेगा व्यवसाय, कम होंगी कीमतें

ऊंचाहार की मंडी में कई उत्पाद फतेहपुर जनपद से आते हैं। और यहां से कई सामान खरीदकर व्यापारी फतेहपुर ले जाते है । पुल न होने के कारण सामानों के परिवहन में व्यापारियों को परेशानी होती है और सामानों की कीमत भी काफी अधिक हो जाती है । फतेहपुर जनपद से ऊंचाहार की मंडी में दाल , गुड़ , उरद , मूंग , मूंज की रस्सी बड़ी मात्रा में आती है , जबकि ऊंचाहार की मंडी से हरी सब्जियां फतेहपुर ले जाई जाती है । अब पुल बन जाने के बाद इन उत्पादों के दाम ऊंचाहार की मंडी में कम होगी ।

### किसान सम्मान समारोह 28 को

**लालगंज रायबरेली।** मजदूर किसान सेवा समिति के तत्वाधान में 23 अक्टूबर को गौतमनखेडा, हथनासा में किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस सम्बंन्ध में जानकारी देते हुए आयोजक दलबहादुर सिंह ने बताया कि किसानो की इस 11 पंचायत में किसानो की समस्याओं के निराकरण हेतु विचार विमर्श के साथ नहरो में पानी लाने, आवारा पशुओं से निजात दिलाने, नये सदस्य बनाने, किसानो को नि:शुल्क फलदार पौधे प्रदान किये जाने सम्बंन्धी समस्याओं पर विचार विमर्श के साथ उनके निराकरण पर चर्चा होगी। श्री सिंह ने बताया कि सम्मान समारोह के आयोजन का उद्देश्य किसानो की ज्वलंत समस्याओं के लिये मंचस्थापित करना है।

### भैय्यन हुसैन को समाजवादी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष पद की मिली जिम्मेदारी

**बछरावां रायबरेली।** समाजवादी पार्टी की विचारधारा को आम जनमानस तक पहुंचाने व समाजवादी विचारधारा को अवगत कराने के लिए आज समाजवादी पार्टी के जिला मुख्यालय पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एम आई जावेद की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। उसी क्रम में बछरावां नगर से तेज तर्रार युवा सपा नेता भैय्यन हुसैन को बछरावां नगर अध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी दी गई। बछरावां नगर अध्यक्ष समाजवादी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पद पर मनोनयन होने से क्षेत्र के समाजवादी कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। समाजवादी पार्टी के इस निर्णय का सभी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया कि एक योग्य व्यक्ति को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब निश्चित ही पार्टी की विचारधारा को आम जनमानस तक आसानी से पहुंचाया जा सकेगा।

### चोर लोडर समेत भाग निकले

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाल क्षेत्र के पूरे चौहानन मजरे गौरा रूपई गांव निवासी रामप्रकाश पुत्र मन्नूलाल की भैंस बीती रात अज्ञात चोरो ने पार कर दी। पीडित ने कोतवाली पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि चोर उसकी भैंस को लोडर में लाद रहे थे तभी उसकी नींद खुल गई लेकिन तब तक चोर लोडर समेंत भागने में कामयाब रहे। पीडित के अनुसार चोरी गई भैंस की कीमत लगभग 30 हजार बताई है।

### भंडारे का आयोजन

**लालगंज रायबरेली।** नवरात्रि के अवसर पर समाजसेवी ओमप्रकाश सिंह ने मंडी परिषद में विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें हजारो भक्तो ने पूडी, सब्जी, हलवा आदि का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में कोविड 19 की जारी गाईड लाईन का पालन करते हुए भक्तो ने प्रसाद छका। इस मौके पर शिवप्रकाश पाण्डेय उर्फबच्चा पाण्डेय, चंद्रशेखर सिंह, मो0 खलील, असलम, बराती, रामसजीवन समेंत भारी संख्या में सहयोगियो ने भक्तो को प्रसाद ग्रहण में सेवा की।

### बढ़ती जा रहीं चेयरमैन की मुश्किलें

**सुल्तानपुर।** भ्रष्टाचार, अनियमितता, एकाधिकार के आरोपों में दोषी पाई गई नगर पालिका चेयरमैन बबिता जयसवाल व उनके पति अजय जयसवाल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं हैं। सभासदों द्वारा उच्च न्यायालय में दायर याचिका की अवमानना के कटघरे में खड़े प्रमुख सचिव नगर विकास दीपक कुमार की ओर से शुक्रवार को नगर विकास कार्यालय पेश होने के लिए चेयरमैन को आठवीं नोटिस दी जा चुकी है। पिछले सभी नोटिसों में तरह-तरह के बहाने बनाकर चेयरमैन बबिता जयसवाल और उनके पति अजय जयसवाल अग्रिम तिथि की मांग कर पत्र भेजते रहें। उनके बहानों में कभी चेयरमैन का चोटिल होना, कभी शहर का हॉटस्पॉट घोषित होना, पिछली तलबी के पूर्व कोरोना पॉजिटिव होना बताया गया।

# पूरे तीर गंगा घाट पर पीपे के पुल का निर्माण पूरा



**ऊंचाहार, रायबरेली।** रायबरेली व फतेहपुर जनपद को जोड़ने वाला पूरे तीर गंगा घाट पर पीपे के पुल का निर्माण पूरा हो गया है । इस पुल से शनिवार को आवागमन प्रारंभ हो जाएगा । ऊंचाहार क्षेत्र के पूरे तीर मजरे खरौली गंगा घाट पर हर वर्ष पीपे का पुल बनता है । इससे रायबरेली के ऊंचाहार, सलोन, डीह, परशदेपुर, जगतपुर , प्रतापगढ़ के नवाबगंज, परियावा, लवना भवानीगंज और फतेहपुर जनपद की खागा तहसील क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा होती है । हर वर्ष यह पुल अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से लेकर नवंबर के प्रथम सप्ताह तक बनकर तैयार होता है। लेकिन इस वर्ष लोक निर्माण विभाग ने इस पुल को बेहद कम समय के अंदर बनाकर तैयार कर दिया है । इस वर्ष पुल में कुल 60 पेंडुल ( पीपे ) लगाए गए है । मौके पर मौजूद निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों ने बताया कि शनिवार दुर्गा महाअष्टमी के अवसर पर इस पुल से आवागमन शुरू होगा ।

# डीएम को फसल काटते देख भौचक रह गए किसान

## ● हिन्दुस्तान श्रम प्रधान देश

संवाददाता। सुलतानपुर


धान की फसल काटते जिलाधिकारी रवीश गुप्ता

**जिलाधिकारी ने** एक अनूठी पहल की है, जो काबिले तारीफ है और प्रेरणादायी। धान के खेत पहुंचकर फसल काटने का काम किया। यह संदेश भी देने का प्रयास किया कि 'हिन्दुस्तान' श्रम प्रधान देश है। श्रम से ही परिवार और देश में खुशहाली आती है, किसान भी स्वस्थ रहता है। एक तीर से डीएम ने कई निशाने साधे। साथ ही पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने की भी नसीहत किसानों को दी। जिलाधिकारी ने ग्राम अफलेपुर में स्वयं अपने हाथों से धान की फसल का क्राप कटिंग करके जनपद के कृषक भाईयों से अपील किया कि हमारा देश श्रम प्रधान देश है। इसलिये आप सब लोगों से अपील है कि आप सब भी अपने हाथों से ही अधिक से अधिक फसलों की कटाई करें, जिससे पैरा (पराली) जानवरों को खिलाने के प्रयोग में लाया जा सके। उन्होंने खेतों में अवशेष पराली को भी न जलायें। उन्होंने जनपद के समस्त किसानों से कहा कि ज्यादा से ज्यादा फसल हाथ से काटें और पराली को पशुओं के चारा के रूप में स्वयं प्रयोग करें और अपने निकटतम गोशाला में उपलब्ध करायें, ताकि गोशाला में रहने वाले गोवंशों को चारा की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि जनपद के 02 किसानों द्वारा पराली जलाने पर सम्बन्धित के खिलाफ तथा कम्बाइन मालिक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करायी गयी है।

### मत्स्य कार्यालय के निरीक्षण में कनिष्ठ लिपिक अनुपस्थित

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मत्स्य कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अपने निरीक्षण के दौरान कार्यालय की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया, जिसमें पाया कि इस कार्यालय में कुल आठ अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें से मत्स्य अधिकारी जे0बी0 सिंह चिकित्सा अवकाश पर चल रहे हैं। लिपिक वीरेन्द्र कुमार आकस्मिक अवकाश पर व विक्रमजीत कनिष्ठ लिपिक अनुपस्थित पाये जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि विक्रमजीत का स्पष्टीकरण लिया जाय।

### जनता दर्शन में डीएम ने सुनी फरियाद

**सुलतानपुर।** शासन के दिशा निर्देश पर जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने आज को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन में आये शिकायतों को सुना और उनके निस्तारण का आदेश विभागीय अधिकारियों को दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशा0) हर्षदेव पांडेय व जनता दर्शन में आये फरियादीगण आदि उपस्थित रहे।

# ऑटोलिफ्टर गैंग को क्राइम ब्रांच की टीम ने दबोचा



संवाददाता। श्रावस्ती

**जनपद में** पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम को ऑटो लिफ्टर गैंग को पकड़ने में मिली सफलता। चोरी की 12 बाइको के साथ गिरोह के 4 सदस्यों को भी पकड़ने में सफलता। पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा इन दिनों जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बी0 सी0 दूबे व क्षेत्राधिकारी नगर हौसिला प्रसाद के नेतृत्व में थाना को0 भिनगा पुलिस व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त टीम ने आटो लिफ्टर गैंग के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से जनपद व प ?ौसी जनपदो से चोरी की गयी 12 अदद मोटरसाइकिल बरामद की गयी ।बुधवार को प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र पाण्डेय मयहमराही के क्षेत्र मे भ्रमण पर थे कि स्वाट टीम प्रभारी उ0 नि0 अर्जुन पटेल का0 कृष्ण मोहन का0 राकेश यादव का0 प्रमोद कुमार को तभी मुखबिर सूचना मिली कि भिनगी शराब भठ्ठी के आगे दो मोटर साइकिलो पर बैठे कुल चार व्यक्ति जो अपनी मोटर साइकिल नेपाल ले जाकर बेचनें तथा अच्छी कीमत मिलने की बात काफी देर से कर रहे है बात चीत से लग रहा था कि वो मोटर साइकिले चोरी की है। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मय हमराह मौके पर पहुंचकर खड़े व्यक्तियों से गाड़ियो के कागजात को मांगा तो कागजात दिखाने में असमर्थ रहे और भागने की कोशिश की जिसे घेराबन्दी कर गिरफ्तार कर लिया गया। पूछ.ताछ करने पर उन्होंने अपना नाम क्रमशः 1ण् राजू उर्फ बब्बन पाण्डेय पुत्र रामलुभावन नि0 ग्रा0 पाण्डेय पुरवा दा0 लक्ष्मनपुर गोडपुरवा थाना इकौना जनपद श्रावस्ती 2ण् बंशीलाल वर्मा पुत्र चेतराम नि0 ग्रा0 कोटवा दा0 अकधरपुरवा ``ै इकौना श्रावस्ती 3णअर्जुन सिंह पुत्र संजय सिंह नि0 ग्रा0 धोबहा धर्मपुर दा0 लक्ष्मनपुर गोडपुरवा ``ै इकौना श्रावस्ती 4णओम प्रकाश उर्फ नेब्बूलाल पुत्र तीरथ राम शुक्ला नि0 ग्रा0 भोजपुर दा0 लक्ष्मनपुर गोडपुरवा थाना इकौना जनपद श्रावस्ती बताया तथा दोनों मोटरसाइकिल चोरी की होना स्वीकार किया। अभियुक्तों से कड़ाई से पूछ ताछ की गयी तो अलग स्थानो चोरी की गई कुल 12 मोटरसाइकिल बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध कोतवाली भिनगा पर मु0 अ0 स0. 328.2020 धारा 411 413 414 420 482 भा0द0वि0 में अभियोग पंजीकृत कर जेल रवाना किया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा महोदय द्वारा उपरोक्त सराहनीय कार्य करने वाली टीम को 10 हजार व पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रुपये के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया ।

# पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा ने भगवान परशुराम की मूर्ति का किया उदघाटन



संवाददाता। श्रावस्ती

**गिलौला समाजवादी** पार्टी के पूर्व कैबिनेट मंत्री अभिषेक मिश्रा उर्फ मुन्ना भैया ने विकास खण्ड गिलौला के रामपुर पैड़ा में झारखंडी नाथ मंदिर पहुंच कर बुधवार की शाम को मन्दिर में स्थापित भगवान परसुराम की मूर्ति का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार केवल वादे पर वादे ही करती जा रही है जिससे आम जनमानस काफी परेशान हैं खासकर वर्तमान में किसान सबसे अधिक परेशान हैं किसान का जो उत्पादन है वह कहीं ना कहीं बिचौलियों के बीच एक तिहाई रेट में जा रहा है जहां पर किसान को समुचित रेट नहीं मिल पा रहा है यह भी कहा कि इस सरकार में अक्सर ब्राह्मण का ही हनन किया गया है लेकिन धरातल पर वर्तमान में जो दिख रहा है वह चाहे पॉलिटेक्निक हो या शुद्ध पेयजल कि टंकी हो या महिला डिग्री कॉलेज हो या कोई पुल हो क्या सब समाजवादी सरकार की ही देन है जो समाज के बीच में दिखाएं दे रहा है। यदि हमारी सरकार आई तो पूर्व में किए गए कार्यों से और अधिक अच्छा कार्य किया जाएगा।

# शक्ति अभियान के छठवें दिन बालिका कुपोषण और बचाव के उपाय पर हुई चर्चा

संवाददाता। रायबरेली




**फीरोज गांधी** कालेज रायबरेली में उत्तर प्रदेष शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओ में सम्मिलित 'मिषन शक्ति' अभियान के छठवें दिन 'बालिका कुपोषण: बचाव के उपाय' विषय पर संगोष्ठी हुई। अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डा0 किरन श्रीवास्तव ने कहा कि मिषन शक्ति अभियान के तहत हमारा नैतिक दायित्व है कि हम अपनी नई पीढ़ी के मन मस्तिष्क में नारी सम्मान, नारी सुरक्षा और नारी स्वावलम्बन की भावना का प्रसार करें और उन्हे सनातन परम्परा और संस्कृति का वाहक बनाये।संगोष्ठी के मुख्य वक्ता जिला अस्पताल के कुषल तिकित्सक डा0 योगेन्द्र प्रताप सिंह (बाल विषेषज्ञ) ने अपने उदबोधन में कहा कि बालिकाओं की शारीरिक संरचना के चलते उन्हे अधिक न्यूट्रिषियन की आवष्यकता होती है शरीर को स्वस्थ्य और सुदृढ़ रखने के लिए नियमित रूप से संतुलित एवं मिश्रित आहार लेना चाहिए। बालिकाओं में खून की कमी, चिड़चिड़ापन, थकान आदि की रोकथाम के लिए मौसम के अनुरूप उपलब्ध फलो का सेवन करना चाहिए। प्रष्नोत्तरी के माध्यम से मुख्य वक्ता ने छात्र छात्राओ की स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या का समाधान किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम संयोजक डा0 अजय सिंह चौहान ने का कि संसार में मनुष्य का सबसे बड़ा चिकित्सक प्रकृति है जो समय समय पर विभिन्न फल एवं सब्जियां प्रदान करती है मनुष्य को उन सबका प्रचुर मात्रा में सेवन करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 हरीष चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि बालिकाओं को अपने पोषण के साथ साथ अपने आत्मबल को भी मजबूत बनाना है घर या बाहर कहीं भी कभी भी आपके साथ कुछ गलत होता है तो उसे अपने माता पिता बहन भाई या मित्र से अवष्य साझा करें गलत का विरोध करें उसके विरूद्ध आवाज उठायें अपने सम्मान और सुरक्षा के प्रति सदैव जागरूक रहें। इस कार्यक्रम में डा0 यू0बी0 सिंह, डा0 संतोष पाण्डेय, डा0 विभा मिश्रा एवं दिनेष सिंह के साथ ही अधिकाधिक संख्या में रोवर्स रेंजर्स छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### विवादों में रहे बीडीए के 'जेई' की एक और बाजीगरी, अब खड़ा कर लिया

# तीन-तिकड़म वाला आलीशान मकान

**बिना नक्शा पास कराए व्यावसायिक क्षेत्र में चल रहा है अवैध निर्माण जमीन खरीद में भी लगा चुके हैं लाखों की चपत बीडीए के एक्सईन बोले- जारी होगी नोटिस , कहा -बीडीए में नहीं है मानचित्र स्वीकृति, 40 लाख का प्लाट कागजों में दिखाया मात्र साढ़े आठ लाख का**

संवाददाता। बस्ती

**बीडीए** में अवर अभियंता के रुप में कार्य कर चुके 'भगवान सिंह' ने तीन मंजिला अवैध निर्माण करवा लिया। बेसमेंट का निर्माण अभी चल रहा है । यह अवैध निर्माण व्यावसायिक क्षेत्र पांडेय बाजार के डुमरियागंज रोड के किनारे चैनपुरवा भवन के सामने कराया गया। यह भवन नगर पालिका क्षेत्र में आता है। बीडीए के एक्सईएन पंकज पांडेय ने बताया कि बीडीए के नियमों के तहत मानचित्र स्वीकृति नहीं है। बताया कि बीडीए भवन स्वामी को नोटिस भेजने जा रहा है। जमीन की खरीदारी में भी गोलमाल किया गया। डीएम सर्किल रेट के अनुसार जिस जमीन की लागत 36 लाख से अधिक हो, उसे साढ़े आठ लाख में खरीदा गया। जबकि उस जमीन की बाजार कीमत 40 लाख से अधिक की आंकी गई है। वैसे ही जमीन की लागत सरकारी रेट से अधिक होती है। इसमें विभाग के साथ-साथ इनकम टैक्स विभाग के



आंख में धूल झोंका गया है।

इसकी चपेट में क्रेता-विक्रेता आ सकते हैं। यह वही अवर अभियंता हैं, जिन पर करोड़ों की चपत बीडीए को लगाने का आरोप है। रैंडम जांच में ही जेई पर ढाई करोड़ का चपत लगाने का खुलासा हो चुका है। जिसकी खबर भी 'पायनियर' में प्रकाशित हो चुकी है। भगवान सिंह और तत्कालीन एक अन्य जेई चंद्र प्रकाश चौधरी के कार्यकाल के दौरान इन दोनों पर आरोप है कि बीडीए में रहते हुए भी इन्होंने 12 सौ अधिक मानचित्र आरबीओ एक्ट के तहत स्वीकृति कर दिया। इससे बीडीए को बड़ी धनराशि का नुकसान हुआ। इस आशय की खबर भी 'पायनियर' में प्रकाशित हो चुकी है। रजिस्ट्री विभाग के रिकार्ड के मुताबिक 27 मार्च 18 को भगवान सिंह ने पांडेय बाजार निवासी राम आसरे जायसवाल से लगभग साढ़े 16 सौ वर्ग मी. जमीन साढ़े आठ लाख में खरीदी। यह रकम राम आसरे जायसवाल के खाते में आरटीजीएस के तहत ट्रांसफर की गई। डीएम सर्किल रेट के अनुसार 22 सौ रुपया प्रति वर्ग मी. के दर से जमीन की मालियत 36 लाख से अधिक का होती है। स्टांप शुल्क भी 36 लाख पर लगभग 2.59 लाख जमा किया। बैनामे में भगवान सिंह पुत्र रामानंद सिंह चक्करवा टोला प्रेमराय पोस्ट प्रतापपुर सुगर फैक्टरी जिला देवरिया का पता लिखा है। सर्व विदित हैं कि जमीन की लागत और बिक्री हमेशा डीएम सर्किल रेट से अधिक पर होती है। इनकम टैक्स के अधिवक्ता मनमोहन श्रीवास्तव उर्फ'काजू' का कहना है कि चूंकि क्रेता और विक्रेता दोनों को टैक्स की चोरी करनी होती है, इसलिए लागत कम लिखवाई जाती है। यह सौदा दोनों के आपसी समझ से होता है। मगर नियम कहता है कि भले ही चाहे कोई जमीन की लागत चाहे जितना कम लिखा दे, उसे इनकम टैक्स डीएम सर्किल पर ही देना पड़ेगा। क्रेता और विक्रेता दोनों इनकम टैक्स के दायरे में आते हैं।

## सीएम के दखल से करोड़ों के पुल का ठेका हुआ निरस्त

### नौ पुलों को जोड़कर एक पुल का लाट बनाकर निकाल दिया 20 करोड़ का टेंडर

संवाददाता। बस्ती

**सीएम** के हस्तक्षेप के बाद बड़े ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने की नीयत से पीडब्लूडी के अभियंताओं द्वारा रची गई साजिश नाकाम हो गई। इसकी शिकायत आदर्श पूर्वांचल ठेकेदार समिति के अध्यक्ष शरद कुमार सिंह और अन्य ठेकेदार ने सीएम से करते हुए टेंडर को निरस्त करनी की मांग की थी। एक दिन पहले 'पायनियर' टेंडर में अनियमितता को लेकर खबर प्रकाशित कर चुका है। इसे संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री टेंडर को निरस्त करने फरमान जारी किया। टेंडर निरस्त होने की जानकारी अधीक्षण अभियंता इंडो-नेपाल बार्डर बृत्त एसके वर्मा ने दी। टेंडर निरस्त होने पर ठेकेदारों ने सीएम का आभार जताते हुए कहा कि अब छोटे ठेकेदार भी टेंडर डाल सकेंगे। विभाग के कुछ अधिकारी बड़े ठेकेदारों के साथ साठगांठ कर सीएम को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होने कहा कि पुल को ना तो तोड़ा जा सकता है, और ना जोड़ा जा सकता है।

छोटे ठेकेदारों को ठेका से वंचित करने के लिए नौ पुल के ठेके को एक पुल का लाट बनाकर टेंडर निकाल दिया, वह भी बिना स्वीकृति के। नौ पुल के काम को एक पूल बनाकर लगभग 20 करोड़ का टेंडर निकाल दिया। सवाल उठ रहे हैं कि जब विभाग के पास 130 मी. पुल बनाने का अनुभव नहीं हैं, तो फिर ठेकेदारों के पास कहां से होगा। विभाग ने 60 मी. से अधिक की लंबाई का पुल ही नहीं बनाया।

## कानून सभी के लिए एक समानः सत्य प्रकाश

**संतकबीरनगर**। जनपद न्यायाधीश महफूज़ अली के निर्देशन में तहसील खलीलाबाद के ब्लॉक सभागार में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न और समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 के विषय मे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता सिविल जज (सीडि.) सत्य प्रकाश आर्य द्वारा तथा संचालन लेखपाल जितेंद्र कन्नौजिया द्वारा किया गया। न्यायिक अधिकारी सत्य प्रकाश आर्य द्वारा बताया गया कि 2013 में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम को पारित किया गया था। जिन संस्थाओं में दस से अधिक लोग काम करते हैं, उन पर यह अधिनियम लागू होता है ये अधिनियम नौ दिसम्बर, 2013, में प्रभाव में आया था। जैसा कि इसका नाम ही इसके उद्देश्य रोकथाम, निषेध और निवारण को स्पष्ट करता है और उल्लंघन के मामले में, पीड़ित को निवारण प्रदान करने के लिये भी ये कार्य करता है।

## डा. फखरेयार के प्रभारी सीएमओ बनने के रास्ते में आ रही हैं रुकावटें

संवाददाता। बस्ती

**डाक्टर** फखरेयार के प्रभारी सीएमओ बनने के रास्ते में अड़चने आ रही है। पहले डीएम को प्रभारी सीएमओ बनाने वाले आदेश को तकनीकी कारणों से वापस लेना पड़ा। प्रभारी सीएमओ नियुक्ति करने का शासनादेश आड़े आ जार हा है। मामला उस समय चर्चित हो गया जब मुख्यकोषाधिकारी ने एडी हेल्थ द्वारा डा. फखरेयार के प्रमाणित हस्ताक्षर को यह कहते हुए मानने से इंकार कर दिया कि जबतक शासन की ओर से आदेश नहीं आएगा, तब तक वह हस्ताक्षर को मान्य नहीं करेंगे। सीटीओ श्रीनिवास त्रिपाठी का कहना है कि चूंकि सीएमओ की पोस्टिंग शासन द्वारा की जाती है, इसलिए प्रभारी सीएमओ का आदेश भी शासन की ओर से आना चाहिए। वहीं पीएमएस के अध्यक्ष डा. फखरेयार का कहना है कि इससे पहले वर्ष 2016 में जब तत्कालीन सीएमओ डा. जेपी सिंह रिटायर हुए तो वरिष्ठ डाक्टर एसएन वैष्य को सीटीओ की ओर से एडी हेल्थ के प्रमाणित सिगनेचर को मान्य किया गया था। इतना ही नहीं वर्ष 2018 में जब सीएमओ डा. जेएलएम कुशवाहा का तबादला हुआ, तो वर्तमान सीएमओ डा. एके गुप्त को सीटीओ ने एडी हेल्थ के प्रमाणित हस्ताक्षर को सही माना था। कहते हैं कि आखिर अब कौन सी ऐसी मजबूरी है या समस्या आ गई, कि हस्ताक्षर को ही मानने से इंकार किया जा रहा है।

## चोरी की पांच मोटरसाइकिलों के साथ दो गिरफ्तार

**बस्ती**। परसरामपुर पुलिस ने चोरी की पांच मोटर साइकिलों की बरामदगी कर दो को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनो चोरों की पहचान नगर थाना क्षेत्र के बनकटा मिश्र निवासी और वर्तमान में कप्तानगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर में रह रहे शिवम मिश्र, गोण्डा जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र के विद्यानगर निवासी योगेश कुमार पाण्डेय उर्फ ऋषभ पाण्डेय के रूप में हुई। उनके पास से 315 बोर का दो तमंचा, कारतूस भी बरामद हुआ। पीआरओ सेल के अनुसार पकड़े गए दोनों की निशानदेही और तलाशी पर एक अपाची, एक हीरो सुपर स्पलेण्डर, एक होण्डा एक्टिवा स्कूटी, एक हीरो होण्डा सीडी डिलक्स,एक स्पेलेण्डर प्लस,कूट रचित कागज,नम्बर प्लेट,2 तमंचा 315 बोर और चार कारतूस बरामद हुआ है।

## स्वीकृत कार्यों के शुरू न होने पर डीएम ने जताया असंतोष



संवाददाता। बस्ती

**मनरेगा** कन्वर्जंस के अन्तर्गत निर्धारित परियोजनाओं के सापेक्ष मस्टर रोल जारी कर श्रमिको को रोजगार उपलब्ध कराए जाने, प्रारम्भ किए गए कार्यो पर निर्धारित मानक व गुणवत्ता के बोर्ड अनिवार्य रूप से कार्य स्थल पर स्थापित कराने का सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने निर्देश दिया है। सरयू ड्रेनेज खण्ड सिद्धार्थ नगर में स्वीकृत चार कार्यो में किसी कार्य पर मस्टर रोल जारी नहीं होने और काम शुरू न होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियन्ता को कारण बताओं नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। विकास भवन स्थित चेम्बर में सिचाई विभाग के अन्तर्गत आने वाले विभागों के कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि स्वीकृत कार्यो पर प्रथम किश्त के रूप में जारी 40 प्रतिशत धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें ताकि दूसरी किश्त अवमुक्त की जा सके। उपायुक्त मनरेगा इन्द्रपाल सिंह ने बताया कि बाढ खण्ड द्वारा ब्लाक दुबौलिया में काशीपुर दुबौलिया तटबन्ध, बहादुरपुर में सैफाबाद कलवारी मार्जिनल तटबन्ध, कुदरहा में कलवारी रामपुर बॉध का सुदृढीकरण कराया जा रहा है।

## डीएम ने मिशन शक्ति के प्रगति की ली जानकारी

संवाददाता। मीरजापुर

**जिलाधिकारी** सुशील कुमार पटेल ने कलेक्ट्रेट सभागार में मिशन शक्ति अभियान को सफल बनाने एवं प्रगति की जानकारी ली। बैठक में जिलाधिकारी नेकहा कि जिस-जिस विभागों को इसके अन्तर्गत सम्मिलित किया गया है उसकी सुचना निर्धारित प्रारूप पर संलग्न कर प्रबन्धक ई-गर्वनेन्स को उपलब्ध करा दिया जाये ताकि प्रतिदिन की गतिविधियों के बारे में शासन को रिपोर्ट भेजकर अवगत कराया जा सके। जिलाधिकारी ने जिला प्रोवशन के द्वारा अब तक कराये कराए गये कार्यो की सराहना करते सभी विभागों के द्वारा कार्यक्रम कर अभ्यिान को सफल बनायें तथा महिलाओं की सुरक्षाए शिक्षाए उनके स्वालम्बन बनाने की दिशा में जागरूक किया जाए।

## मास्क न लगाने वालों पर लगाया जाए जुर्माना

संवाददाता। मीरजापुर

**जनपद** के नोडल अधिकारी व विशेष सचिव नगर विकास अनुराग यादव ने कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक कर कोविड-19 के संक्रमण को रोकने के लिए किए जा रहे गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने एल-2 व एल-1 में भर्ती कारोना मरीजों को देय सुविधाओं, होम क्वारंटीन किए गये मरीजों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि होम क्वारंटाइन किये गये लोगों की प्रतिदिन जानकारी ली जाए। उन्होने कहा कि यदि उन्हें किसी प्रकार दिक्कत हो तो तत्काल कोविड अस्पताल में भर्ती किया जाए। नोडल अधिकारी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति गैर जनपद में है और मीरजापुर के पता पर कोरोना संक्रमित पाया गया है और वह होम क्वारंटान होना चाहता है तो उसके बारे में सम्बंधित मुख्य चिकित्साकारी से वार्ता कर जानकारी ली जाए तथा उसे होम क्वारंटान करने हेतु समन्वय सिापित किया जाये। नोडल अधिकारी ने मास्क नहीं लगाने वालों पर कड़ी कार्रवाई कर जुर्माना लगाया जाए। उन्होनें कहा कि कोराना संक्रमण अभी गया नहीं है लोगों को सतर्कता बरतनी होगी। सर्दी का मौसम आ रहा है इसमें और बचने की आवश्यकता है। कहा कि प्रमुख चैराहों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगार प्रचार-प्रसार कराया जाये। बैठक में विभिन्न माध्यमों से की जा रही कोराना जॉच के सापेक्ष पाये गये पाजब्वि केशए उनके भर्ती होने की स्थिति आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं को कर रही जागरूक

**सोनभद्र**। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उन घरों का लगातार भ्रमण कर रही है जहां पर गर्भवती व धात्री महिलाएं हैं। और उन्हें बता रही है कि पहले एक हजार दिन क्या होते हैं और यह महत्वपूर्ण क्यों है। पहले एक हजार दिन एक महिला के गर्भ धारण करने से लेकर बच्चे के दो वर्ष पूरे होने की अवधि है। इस अवधि को 3 चरणों में बांटा गया है । गर्भावस्था के 270 दिन, बच्चे के शून्य से 12 महीने यानी 365 दिन और फिर अगले 13 वे से 24वे महीने तक यानी 365 दिन इस तरह से तीनों को मिलाकर कुल अवधि एक हजार दिन होते हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती व धात्री महिलाओं के घर जाकर उन्हें एक हजार दिनों के महत्व को समझाती है और बताती है कि गर्भ से ही बच्चे का मस्तिष्क बनना शुरू हो जाता है तथा गर्भावस्था में बच्चे का मस्तिष्क बहुत तेजी से बढ़ता है।

## शहरी क्षेत्रों के परिषदीय विद्यालयों का विधिवत हो कायाकल्पः डीएम

संवाददाता। सोनभद्र

**हकीकत** में तालीम अनमोल है, शिक्षा प्राप्त करने से खुद इन्सान के बहुत सारे मामले सुलझ जाते हैं, शिक्षा से समाज के चतुर्दिक विकास के सभी रास्ते खुले रहते है, शिक्षा के बिना विकसित व अच्छे समाज की कल्पना कभी नही की जा सकती। ग्रामीण स्कूलों के साथ ही शहरी क्षेत्रों में स्थापित परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प किया जाय और हर हाल में गुणवत्ता का पूरा ध्यान दिया जाय। उक्त बातें जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित शहरी स्कूल कायाकल्प की समीक्षा करते हुए कहीं। डीएम ने कहा कि बाल केन्द्रित नजरिया, जनसहभागिता, स्वच्छ एवं स्वस्थ्य वातावरण, बच्चे पढ़े-बच्चे बढ़ें व शिक्षा की निरन्तरता पर विशेष ध्यान दिया जाय। स्कूल परिसर में टायइलिंग, पेन्टिंग वाल पोट्टी, बाला पेन्टिंग, स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ पेयजल, रनिंग वाटर, पाथवे, समतलीकरण, बिजली, किचन, रनिंग वाटर के साथ ही पानी निकास यानी सोखते का प्रबन्ध किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि जो अध्यापकगण अपने स्कूल को बेहतर बनाने चाहते हैं, वे ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से अपने स्कूलों का काम पूरा करायें। ग्राम शिक्षा निधि में पर्याप्त धनराशि, उनके मांग के अनुरूप उपलब्ध कराने की व्यवस्था कर दी जायेगी। इस मौके पर जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र बहादुर सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल, खण्ड शिक्षा अधिकारीगण व शहरी इलाकों के परिषदीय स्कूलों के अध्यापक मौजूद रहे।

## महिला कर्मचारियों को सुरक्षा के बावत दिए गये विशेष ट्रिप्स

बीजपुर (**सोनभद्र**)। प्रभारी निरीक्षक बीजपुर श्याम बहादुर यादव ने गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा की कड़ी में एनटीपीसी रिहंद स्टेशन में कार्यरत महिला कर्मचारियों को सुरक्षा के बावत विशेष ट्रिप्स सिखाए। रिहंद स्टेशन के प्रशासनिक भवन के सृजन सम्मेलन कक्ष में आयोजित महिला सुरक्षा कार्यक्रम में स्टेशन की उपस्थित लगभग एक दर्जन के आसपास महिला कर्मचारियों को प्रभारी निरीक्षक श्री यादव ने शासन द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए जारी किए गए सभी हेल्पलाइनों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें ऐसा आभास हो कि उन्हें किसी से किसी प्रकार की छति हो सकती है तो वे तत्काल हेल्पलाइन न0 1090,181 व 112 पर तुरंत काल करके मदद मांग सकती हैं। पुलिस उनकी मदद करने के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने ने इन हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में भी विस्तार्पूवक महिलाओं को जानकारी दी

## डीएम ने देखी क्राप कटिंग और उपज भी

संवाददाता। संतकबीरनगर

**शासन** को फसल क्राप कटिंग रिपोर्ट भेजने से पहले जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बृहस्पतिवार को खलीलाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम देवरिया गंगा गांव पहुंचकर अपने मौजूदगी में दो किसानों के फसलो का क्राप कटिंग कराया। फसलों का पैदावार ठीक मिला। इस दौरान खलीलाबाद तहसीलदार शंशाक शेखर राय, कानूनगो निजामुद्दीन व लेखपाल प्रहलाद प्रसाद मौजूद रहे। तहसीलदार खलीलाबाद शंशाक शेखर राय ने बताया जिलाधिकारी के समक्ष दो किसानों के धान फसल का प्रयोग किया गया।

किसान जगदीश बटाईदार इनके फसल कुल एकड़ 45.3 मीटर की फसल क्राप कटिंग कराई गई। जिसमें 26 कुन्तल 200 ग्राम पैदावार मिला। इन्होने नीलम धान बोया था। इसी प्रकार शिवशंकर किसान भी बटाईदार इनका भी 45.3 एकड़ फसल क्राप कटिंग किया गया। 31 कुन्तल फसल की पैदावार प्राप्त हुई। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने इस दौरान फसलों में लग रहे हरदिया बीमारी को विशेष ध्यान रखते हुए धान के फसलों को चेक किया। उन्होने बताया कि हरदिया बीमारी से एक से दो प्रतिशत नुकसान प्रतीत हो रहा है। उन्होने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि फसलों पर दवा का छिड़काव करें। जिससे फसल



को हरदिया रोग से बचाया जा सके। इस दौरान उन्होने गांव के ग्रामीणो की भी समस्याओं को सुना, गांव में नाली की समस्या को ग्रामीणो ने अवगत कराया। उन्होने नाली समस्या के निस्तारण के लिए अधीनस्थ अधिकारी को निर्देशित किया। फसल क्राप कटिंग के दौरान ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे।

### किसानों से धान खरीद में ना हो गोलमालः प्रवीण

**संतकबीरनगर**। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं एवं धान खरीदारी में हो रही अनियमितता को लेकर राज्यपाल को संबोधित जिलाधिकारी को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी कार्यालय के सामने सरकार विरोधी नारेबाजी की और ज्ञापन सौंपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों की कमर तो पहले से ही तोड़ रखी है। वर्षा की वजह से धान की फसल अगर अच्छी हुई तो सरकार किसान के धान को निर्धारित मूल्य पर भी नहीं खरीद रही है। नमी के नाम पर किसान के साथ धोखा ही रहा है बिचौलिए औने पौने दामों पर किसान को लूट रहे हैं भुगतान के लिए भी किसान परेशान है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अन्नदाता किसान के साथ अगर सरकार अन्याय नहीं बंद करती हैं तो कांग्रेस पार्टी किसान हित की आर पार की लड़ाई पूरे देश में लड़ने के लिए तैयार है। ज्ञापन देने के दौरान महेंद्र कन्नौजिया, दिलशाद अफसर, शांति देवी, अजय सिंह, सुनील कुमार पाण्डेय, विजय कुमार शुक्ला, फूलदेव यादव, भुनेश्वर भारती, गोपाल मिश्रा, बाल मुकुंद मिश्रा, संजय पाण्डेय, सुग्रीव पासवान, राजीव गोंड, अहमद जमाल, परशुराम सिंह, शमशाद, सलीम, मनिहार, श्रीराम कसेरा, विनोद गिरी, निसार अहमद, रहमान, प्रशांत सिंह, नमन सिंह, बिट्टू सिंह, संजय, रमलौत यादव, आयाजुल हक, कमलेश राजभर, तनवीर अहमद आदि मौजूद रहे।

## नए भारत का निर्माण कर रही भाजपाः चौबे

### भाजपा के दो दिवसीय मण्डल प्रशिक्षण वर्ग का हुआ शुभारम्भ

संवाददाता। सोनभद्र

**भारतीय** जनता पार्टी सोनभद्र का दो दिवसीय मण्डल प्रशिक्षण वर्ग मधुपुर,चुर्क,चतरा एवं नगवां में प्रारम्भ हुआ। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य लक्ष्मण आचार्य ने मधुपुर के प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंम्भ किया। प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य लक्ष्मण आचार्य ने कहा की भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है। 1952 में जनसंघ के रुप स्थापित दल आज भारतीय जनता पार्टी के रुप में कार्य कर रहा है, भारतीय जनता पार्टी के विकास को तीन चरणों में विभाजित किया जा सकता है। प्रथम चरण में जनसंघ के रुप में दुसरे में 1977 से





2014 के बीच गठबंधन की राजनीति में प्रमुख साझेदार के रूप में, और अंतिम में 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एकल बहुमत वाली पार्टी के रुप में स्थापित हुई भारतीय जनता पार्टी देश के विकास व नैतिक मूल्यों पर आधारित राजनीति करने वाला दल है। हम सभी सौभाग्यशाली है जो हमें ऐसे राजनैतिक दल के कार्यकर्ता होने का गौरव प्राप्त है। प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि 1996,1998 और 1999 में तीन लोकसभा चुनाव हुए जिसमें भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी एकल पार्टी के रुप में आयी अटल बिहारी बाजपेयी 13 दिनों तक प्रधानमंत्री रहे फिर 13 महीने और उसके बाद साढ़े चार साल यह न केवल भाजपा बल्कि एनडीए का शासन था। उसके बाद 10 साल तक पार्टी ने विपक्ष के रुप में सक्रिय भूमिका निभाई 2014 के चुनाव में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार देश में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी जो अब सबका साथ सबका विकास की घोषणा के साथ एक शानदार भारत का पुर्ननिर्माण कर रही है भाजपा अमित शाह के नेतृत्व में 11 करोड़ सदस्यों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी भी बनने का गौरव हासिल किया 23 मई 2019 को भाजपा के नेतृत्व वाले ने एनडीए ने एक बार पुनः विजय पताका लहराई और अकेले भारतीय जनता पार्टी 303 सीटे और एनडीए 353 सीटे जीती नरेन्द्र मोदी दूसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने भारतीय जनता पार्टी सभी चुनावी वादों को केन्द्र की मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान लागू किया है, जिसमें अनुच्छेद 370 तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाने का कानून और सर्वोच्च न्यायालय के साथ विवादित स्थल को रामजन्मभूमि न्यास को सौपना शामिल था। पांच अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी द्वारा राम मंदिर का भव्य शिलान्यास किया गया।

## केन्द्रीय विद्यालय की बिजली कटने पर सांसद ने लिखा डीएम को पत्र

संवाददाता। मिर्जापुर

**पूर्व** केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुप्रिया पटेल और जिलाधिकारी सुशील कुमार के बीच चल रहे विवद में एक और प्रकरण सामने आया है। राजकीय इंटर कालेज परिसर में संचालित केन्द्रीय विद्यालय की बिजली कटने की जानकारी प्रधानाचार्य ने सांसद को दी। इसके बाद सांसद ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर बिजली कट जाने के कारण को पूछा। साथ ही केन्द्रीय विद्यालय की बिजली काटने को शिलान्यास प्रकरण से जोड़ते हुए सवाल भी किया। इसके पूर्व में भी विकास कार्यो को लेकर सांसद अनुप्रिया पटेल ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर कई बार जवाब मांग चुकी है। राजकीय इंटर कालेज परिसर में केन्द्रीय विद्यालय का संचालन डेढ़ वर्ष से हो रहा है। सांसद के प्रोजेक्ट में से एक इस विद्यालय को डेढ़ वर्ष से निशुल्क बिजली दी जा रही थी।

## शारदीय नवरात्र पर भजन संध्या में झूम उठे भक्तगण

संवाददाता। संतकबीरनगर

**शारदीय** नवरात्र के शुभ अवसर पर सूर्या इंटरनेशनल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन हुआ। शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भक्ति रस से भरी सुन्दर भजनों की प्रस्तुति की। जिसे सुनकर उपस्थित सभी श्रद्वालुगण मंत्रमुग्ध हो गए और सभी ने मां की महिमा का गुणगान करते हुए गीतों की धुन पर झूमते रहे। भजन संध्या का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। भजन संध्या की शुरूआत पंडितों के द्वारा मंत्रोच्चरण के साथ किया गया। इस मौके पर सभी भक्तगणों को मां की चुनरी भेंट की गई। शिक्षकों ने आज हमारे घर में मइया जी तेरा..., सदा गूंजे जयकार मइया तोरे भवन में..., इठलाती चली बलखाती चली..., लाल जीभ रंग काला किसी



ने मेरी मां देखी..., सुहागन हूं सुहागन को न कुछ चाहिए...। सहित अन्य भजनों की प्रस्तुति की। जिसे सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए। इस मौके पर सूर्या इंटरनेशनल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल के प्रबंध निदेशक डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी, प्रबंध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी, पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं बालीबाल संघ के जिलाध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, श्रीमती शिखा चतुर्वेदी, जर्नादन चतुर्वेदी एवं अखंड प्रताप चतुर्वेदी, शुभी देवी महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डा. चिन्तामणि उपाध्याय, जीपीएस महाविद्यालय के प्राचार्य सीपी श्रीवास्तव, सूर्या एकेडमी के प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव, शरद त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## राजमार्ग पर कार, टैम्पो में भिड़ंत, दो जख्मी

**सुइथाकला, जौनपुर।** सरपतहां थाना क्षेत्र के सारी जहांगीरपट्टी बाजार के पास कार और टैम्पो में हुई भिड़ंत में दो लोग जख्मी हो गये जिन्हें उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करायाग या है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त स्थान पर लखनऊ की तरफसे आ रही हुंडई कार की सामने से सवारी लेकर आ रही टैम्पो में भिड़ंत हो गयी। हस हादसे में सारीजहांगीरपट्टी निवासी पप्पू 40 वर्ष पुत्र हीरा लाल तथा रूधौली निवासी रमेश बिन्द पुत्र नन्दे घायल हो गए।

## छतरीपुर में किया गया काशीदास पूजा का आयोजन

**पराऊगंज, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के ग्रामसभा छतरीपुर में नवरात्र के इस पावन अवसर पर काशीदास कराहा पूजा का आयोजन किया गया जहां भक्तों का हुजूम दिखाई दिया। ग्रामसभा छतरीपुर निवासी इंद्रजीत यादव अपनी पौत्री के मनौती को पूर्ण करने के लिए काशीदास कराहा पूजा का आयोजन किये। कोरोना महामारी के कारण क्षेत्र में लंबे समय के बाद होने वाले इस पूजा में क्षेत्र के तमाम भक्त बड़ी श्रद्धा के साथ पूजा स्थल पर इकट्ठा हुए और बड़ी श्रद्धा के साथ पूजा में सम्मिलित हुए। माता के जयकारे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

## करंट की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**धर्मापुर,जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के भदेवरा गांव निवासी लगभग 30 वर्षीय युवक की करेंट के चपेट में आकर उस वक्त मौत हो गयी जब वह अपने घर में बिजली का तार जोड़ रहा था। प्राप्त जानकरी के अनुसार उक्त गांव निवासी सूरज गोंड पुत्र रामाश्रय गोंड़ अपने घर मे कोई तार जोड़ रहा था। उस दौरान बिजली कटी थी लेकिन तभी विद्युत सप्लाई चालू हो जाने की वजह से वह करंट की चपेट में आ गया।

## युवक ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

**मछलीशहर, जौनपुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के खजुरहट गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। युवक के आत्महत्या की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी 19 वर्षीय आलोक पटेल पुत्र श्रीराम पटेल मंगलवार को घर का दरवाजा बन्द करके साड़ी से गले में फन्दा लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना के समय परिजन खेत में धान की फसल काटने गये थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हुई मौत

**मछलीशहर,जौनपुर।** स्थानीय कोतवाली के देवरिया गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। जानकारी के अनुसार सिकरारा थाना के मेंहदी निवासी 25 वर्षीय शशि यादव अपनी माता मीरा देवी के साथ लगभग 15 वर्ष पूर्व कोतवाली क्षेत्र के देवरिया गांव में अपने नाना हरिशंकर यादव के यहां रहते थे।

## समाधान दिवस पर 120 शिकायतों में 9 का निस्तारण

**मछलीशहर ,जौनपुर ।**उपजिलाधिकारी अंजनी सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ जहां कुल 120 शिकायतें आई। इस मौके पर 9 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। भूमि सम्बंधी शिकायतों की अधिकता रही। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी विजय सिंहए तहसीलदार अमित त्रिपाठीए अधिशासी अधिकारी अनिल सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## रिनीवल आवेदन के लिए 5 प्रतिशत अंक की बाध्यता समाप्त

**देवरिया।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नीरज अग्रवाल ने बताया है कि भारत सरकार एवं निदेशकए अल्पसंख्यक कल्याण उण्प्रण् द्वारा संचालित वित्तीय वर्ष 2020.21 में प्री.मैट्रिकए पोस्ट मैट्रिक एवं मेरिट कम मीन्स आधारित छात्रवृत्ति योजनाओं में राष्ट्रीय स्कालरशीप पोर्टल पर रिनीवल आवेदन हेतु 50 प्रतिशत अंक की बाध्यता वर्ष 2020-21 के लिये समाप्त कर दी गयी है। अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र,छात्राओं के प्री.मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक कम मीन्स छात्रवृत्ति हेतु तद्नुरुप कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

## सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर शुरू हुई कक्षाएं

**डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर।** भवानीगंज थाना क्षेत्र के रफी मेमोरियल इंटर कालेज चकचई में शासन के निर्देशानुसार कक्षा 9,10 तथा 11व 12 की कक्षाएं नियमित रूप से प्रारम्भ कर दी गयी हैं उक्क्त विद्यालय में शासन द्वारा जारी किये गये निर्देशों का पालन किया जा रहा है। विद्यालय के प्रवेश द्वार पर विद्यालय द्वारा कोविड हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। जहाँ सभी शिक्षकों तथा छात्रध्छात्राओं की थर्मल स्कैनिंग की जा रही है तथा वहीं पर हाथों को सेनिटाईज़ किया जा रहा है तथा विद्यालय में छात्र,छात्राओं एवं विद्यालय स्टॉफको मास्क उपलब्ध कराने हेतु कोविड हेल्प डेस्क पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अहमद फरीद अब्बासी द्वारा निरू शुल्क मास्क वितरण भी किया जा रहा है।

# बूथों पर उपलब्ध हों मूलभूत सुविधाएं

### किसी भी प्रकार की न रहे कोई कमी, अन्यथा होगी कार्रवाईः डीएम

संवाददाता। देवरिया




**जिलाधिकारी** अमित किशोर विकास भवन के गांधी सभागार में देवरिया विधानसभा उप निर्वाचन को सकुशल शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने को लेकर इस विधानसभा क्षेत्र के खण्ड विकास अधिकारियो, पंचायत सचिवों, ए डी ओ पंचायत सहित जुडे अन्य अधिकारियों की आहूत बैठक में निर्देश दिया है कि वे सभी मतदेय स्थलों व बूथो पर आवश्यक सभी मूलभुत सुविधायें अनिवार्य रुप से उपलब्ध करायेगें। किसी भी बूथ पर किसी भी प्रकार की कोई कमी नही होनी चाहियेए इसके लिये पूर्व में ही भ्रमण कर उसे सुनिश्चित कर लें और जहां कहा कोई कमी होए उसे दूर करते हुए आभारभुत सभी सुविधाओं को सुनिश्चित करायें। इसमें किसी भी प्रकार की कोई कोताही नही होनी चाहियेए अन्यथा संबंधित की जिम्मेदारी तय कर उनके विरुद्ध कठोरम कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जिलाधिकारी श्री किशोर ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंचायत सचिव को सभी बूथों पर भेज कर इन सभी मूलभुत सुविधाओं का अनुश्रवण सुनिश्चित करायें। हर बूथ पर आधारभुत सुविधायें अनिवार्य रुप से उपलब्ध होनी चाहिये। सभी बूथों को विधुतए पेयजलए शौचालयए सम्पर्क मार्ग जैसी मूलभुत सुविधाओं से जुडे होना चाहिये। उन्होने सभी बूथों की साफसफाई भी सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया। उन्होने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि ए बी एस ए को लगाकर सभी बूथों की चेंकिंग भी करायें। उन्होने अधीक्षण अभियंता विधुत को सभी मतदेय स्थलों बूथों पर विधुत आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने का भी निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जी एन, रिटर्निंग आफिसर,एस डी एम सदर सौरभ सिंह, अधीक्षण अभियंता विधुत एस जी श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी आनंद प्रकाशए बी एस ए सन्तोष कुमार रायए इस विधान सभा क्षेत्र के संबंधित ब्लाकों के खण्ड विकास अधिकारी, ए डी ओ पंचायत पंचायत सचिव आदि उपस्थित रहे।

## पूरे देवरिया जनपद में मतदान के 48 घंटा पूर्व से ही रहेगी शराब बन्दी

**देवरिया ।** जिलाधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट अमित किशोर ने बताया है कि जनपद स्थित 337 देवरिया के उप निर्वाचन 2020 हेतु 3 नवंबर को मतदान तथा 10 नवंबर को मतगणना निर्धारित है। इसके अतिरिक्त बिहार राज्य के जनपद सिवान तथा गोपालगंज में भी 3 नवंबर को विधानसभा निर्वाचन 2020 हेतु मतदान निर्धारित है। इसके दृष्टिगत लोक शान्ति बनाये रखनेए निष्पक्ष, निर्विघ्न और शान्तिपूर्ण निर्वाचन हेतु उप्र आबकारी अधिनियम1910 की धार59 के अन्तर्गत प्राप्त अधिकारों एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 गद्ध के प्राविधानों के अन्तर्गत निर्गत आदेश संख्या 316 को संशोधित करते हुए 3 नवंबर को मतदान समाप्ति के निर्धारित समय से 48 घंटे पूर्व से मतदान समाप्त होने तक सम्पूर्ण जनपद में शुष्क दिवस,ड्राई डेद्ध घोषित किया गया है। इसके अतिरिक्त 10 नवंबर को जनपद देवरिया में सदर के निर्धारित मतगणना के दिन मतगणना स्थल से 8 कि मी परिधि के भीतर स्थित आबकारी के समस्त थोक एवं फुटकर बिक्री अनुज्ञापनों को बन्द रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

## उड़नदस्ता टीम में कार्य समयों का किया गया निर्धारण

**देवरिया।** उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी प्रशासन राकेश पटेल ने बताया है कि 377देवरिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गठित उडनदस्ता टीम में नामित प्रभारी अधिकारी एवं कार्मिको के कार्यादेश को संशोधित किया गया हैए साथ ही इस टीम के कार्य प्रभारियों को अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा से सम्पादित किये जाने का निर्देश दिया गया है। श्री पटेल ने बताया है कि इस उडनदस्ते में 3 प्रभारी अधिकारीध्कार्यकारी मजिस्ट्रेट नामित किये गये हैए जिनके बीच समयों का भी निर्धारण कर दिया गया है। प्रत्येक प्रभारी अधिकारी के साथ 4.4 पुलिस कर्मी जिसमें एक एस आई होगेंए भी नामित किये गये है। उन्होने बताया है कि प्रभारी अधिकारी रमेश चन्द्र पाण्डेय अभिहित अधिकारीए देवरिया प्रात: 6 बजे अपरान्ह् 2 बजे तकए विनोद कुमार त्रिपाठी खण्ड शिक्षा अधिकारी देवरिया अपरान्ह् 2 बजे से रात्रि 10 बजे तकए उमाकान्त गुप्ता नायब खनन अधिकारी की टीम रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक कार्य करेगी।

उन्होने बताया है कि उडनदस्ता टीम निर्वाचन क्षेत्र में अत्यधिक प्रचार खर्चोए रिश्वत की मदों का नकद या वस्त्र के रुप में वितरणए अवैध शस्त्रों, गोला बारुद,शराब,संदेहास्पद वस्तुओं या असामाजिक तत्वों आदि पर भी नजर रखेगी। जब भी नकदए शराब या अन्य किसी वस्तु के वितरण से संबंधित कोई शिकायत होगी। उडनदस्ता टीम तुरन्त उस स्थान पर पहुँच जायेगी। उडनदस्ता टीम आवश्यक साक्ष्य एकत्रित करेगीए रिश्वत की वस्तुयें जब्त करेगीए व्यक्तियों एवं गवाओं से साक्ष्य एकत्रित करेगी और बयान रिकार्ड करेगी। समस्त प्रक्रिया की रिकार्डिंग की जायेगी। शिकायतों की प्राप्ति पर उडनदस्ता टीम नकदीध्अन्य मदों संबंधी शिकायतों पर अनी दैनिक रिपोर्ट निर्धारित प्रारुप पर तथा आदर्श आचार संहिता संबंधी शिकायतों पर अपनी दैनिक रिपोर्ट प्रारुप पर पुलिस अधीक्षक को प्रस्तुत करेगी तथा उसकी प्रतिलिपि रिटर्निंग आफिसरए जिला निर्वाचन अधिकारीए साधारण प्रेक्षक व सहायक व्यय प्रेक्षक को देगी। उडनदस्ता टीम निर्वाचन की घोषणा के दिन से प्रचालित होगी।

## आयकर विभाग द्वारा कन्ट्रोल रुम स्थापित

**देवरिया।** जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी अमित किशोर ने बताया है कि 337, देवरिया विधानसभा के उप निर्वाचन के दृष्टिगत आयकर विभाग द्वारा कन्ट्रोल रुम स्थापित किया गया है। जिसका टोल फ्री नम्बर 1800186555 तथा व्हाट्सअप नम्बर 8005445129 है।

## शिकायतों व सुझावों के लिये करें सम्पर्क

**देवरिया।** देवरिया विधान सभा के निर्वाचन कार्यो को सम्पन्न कराने हेतु कलक्ट्रेट सभागार में कन्ट्रोल रुम स्थापित हैए जिसका दूरभाष नम्बर 05568222071, 220308 एवं 222220 है। जिला निर्वाचन जिलाधिकारी अमित किशोर ने इस कन्ट्रोल रुम में तैनात सभी कर्मियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का निर्देश दिया है।

# मंत्री जयप्रकाश निषाद ने किया ग्रामीण क्षेत्र में प्रचार

संवाददाता। देवरिया



विधानसभा उपचुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी में पार्टी के दिशा निर्देशन में कई बड़े नेताओं का कार्यक्रम विधानसभा क्षेत्र में प्रचार प्रसार के लिए लगाया गया है। इसी क्रम में आज रुद्रपुर के विधायक एवम उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री जय प्रकाश निषाद जी ने कार्यकर्ताओं के साथ देवरिया देहात मंडल बसडीलाए रजलाए भुजौलीए सहित गांवों में सघन भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने गांव में वन टू वनए एक एक घरों में क्रमश: जाकर लोगों से संपर्क किया और सरकार की उपलब्धियों को बताया। रजला गांव में उन्होंने छोटी सभा को संबोधित करते हुए की मा मोदी एवं योगी जी के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश विकास की ओर अग्रसर है। समस्त जाति वर्ग का विकास हो रहा है। सभी जाति एवं वर्ग के उत्थान के लिए योगी सरकार संकल्पित हैए कटिबद्ध है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवासए शौचालयए किसान सम्मान निधि योजनाए वृद्धा पेंशनए उज्जवला गैस योजना पात्र लाभार्थियों से भी मिलकर भाजपा के पक्ष में प्रचार प्रसार व डॉ सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी के पक्ष में वोट करने की हार्दिक अपील भी किया।

इस दौरान उनके साथ राकेश निषाद, भाजपा नेता भूपेन्द्र सिंह, जय राम सिंह, जय रतन निषाद, सोमनाथ निषाद, गुड्डू निषाद, धर्मेन्द्र निषाद आदि उपस्थित रहे।

## प्रबुद्ध सभा के जिलाध्यक्ष ने मल्हनी विस में जनसंपर्क कर ब्राह्मणों से मांगे वोट

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जौनपुर के प्रबुद्ध सभा के जिलाध्यक्ष द्वारा मल्हनी विधानसभा क्षेत्र में लगातार ब्राह्मणों के गांवों में जनसंपर्क करके सपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगा जा रहा है। देखा गया कि समाजवादी पार्टी जौनपुर के प्रबुद्ध सभा के जिलाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने मंगलवार को रीठीए गाड़ौली, गौराबाद, नेवढ़िया, खपरहा, टीकरीए बाभनपुर, पचोखराए करवारी सहित तमाम गांवों में डोर.टू.डोर जनसंपर्क करके लोगों से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी को अपना वोट करने की अपील किया।

## जौनपुर के डा. गोपाल मिश्र बनाये गये उत्तर प्रदेश संगीत अकादमी के सदस्य



**जौनपुर।** धर्मापुर विकास खण्ड के कुछमुछ निवासी चन्द्रधर मिश्र के बड़े बेटे डागोपाल मिश्र को उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी का सदस्य बनाया गया। डा मिश्र वर्तमान में जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय चित्रकूट में संगीत विभाग में कार्यरत हैं। देर शाम प्रदेश सरकार द्वारा इसकी घोषणा की गई। गोपाल मिश्र के सदस्य चुने जाने पर उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

## पत्रकारों के हित के लिए सरकार को लाना होगा सुरक्षा कानून : रवीन्द्र श्रीवास्तव



**डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर ।** देश मे आये दिन पत्रकारों के साथ उत्पीड़न हो रहा है। पत्रकारो को सरकारी तौर पर किसी भी तरह की सुविधा और सुरक्षा नहीं है। जिसके लिए पत्रकार समुदाय को आपसी मतभेद को भूलकर तथा एकजुट होकर पत्रकार सुरक्षा कानून लाने के लिए संघर्ष करना होगा। और हमें पूर्ण विश्वास है कि यदि पत्रकार समुदाय संघर्ष पर उतर जाएगा तो सरकार को विवश होकर पत्रकार सुरक्षा कानून बनाना ही पड़ेगा। पत्रकार समाज कल्याण समिति सिद्धार्थनगर के जिला अध्यक्ष रवीन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि आज पत्रकार समुदाय अलग.अलग संगठनों और खेमों में बटा हुआ है। जिसका लाभ समाज और सरकारी तंत्र दोनों ले रहे हैं। और पत्रकार केवल शोषण और उत्पीड़न का शिकार होता जा रहा है। आए दिन पत्रकारों के साथ उत्पीड़न, मारपीट और मुकदमे बाजी की घटनाएं धीरेधीरे आम होती जा रही हैं। लोग पत्रकारों को फर्जी मुकदमे में फंसाने से भी बाज नहीं आ रहे हैंए और इसी तरह ने अपना बदला निकालते हैं। जिसके लिए यह आवश्यक हो गया है कि पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून सरकार बनाए और उसे कड़ाई से लागू करें।

## डेंगू हो या कोरोना इंफेक्शन दोनों ही मामलों में पहले बुखार आता है : डॉ ओपी सिंह



**मुग़लसराय,चन्दौली।** नीमा प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर ओपी सिंह ने बताया कि कोरोना वायरस का संक्रमण जहां थमने का नाम नहीं ले रहा है वहीं डेंगू बुखार के मामले परेशानी बढ़ा सकते हैं लेकिन उससे भी बड़ी समस्या ये है की कैसे पहचाना जाए कि व्यक्ति को डेंगू हुआ है या कोरोना इंफेक्शन क्योंकि दोनों ही मामलों में सबसे पहले बुखार आता है साथ ही शरीर में थकान सी महसूस होने लगती है लेकिन सही से ध्यान देने पर आप पहचान सकते हैं की डेंगू और कोरोना में क्या फर्क है और डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं।

## अमेरिका व्हाइट हाउस से मिला प्रशंसा पत्र

**डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर।** विश्व प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर भास्कर शर्मा के नाम विश्व के सबसे सशक्त राष्ट्राध्यक्ष डोनाल्ड ट्रंप के सरकारी आवास में स्थित सलाहकार बोर्ड ने किए गए उत्कृष्ट कार्यों हेतु प्रशंसा पत्र प्रदान किया है। डॉक्टर भास्कर शर्मा को यह प्रशंसा का प्रमाण पत्र संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प एडवाइजरी बोर्ड के मेंबर डॉ जसबीर सिंह द्वारा भारत के डॉ भास्कर शर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए दिया गया

# निर्भीक होकर करें मतदान



**देवरिया।** राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज में स्वीप कार्यक्रम के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया । इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक पीके शर्मा ने समस्त स्टाफएवं छात्र छात्राओं को मतदान कि शपथ दिलाते हुए कहा कि मतदान के माध्यम से हम सरकार और प्रतिनिधि चुनने के साथ साथ अपने भविष्य का भी चुनाव करते हैं। निष्पक्ष और स्वतंत्र मतदान सशक्त लोकतंत्र की पहचान है । उन्होंने छात्रों से अपने परिवार के सभी सदस्यों से मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा एवं पास पड़ोस के लोगों को जागरूक करने का जिम्मा सौंपा । स्वीप कोऑर्डिनेटर आशुतोष नाथ तिवारी ने छात्रों को मतदान सम्बंधी विभिन्न गतिविधियों जैसे पेंटिंगएनिबंध ए स्लोगन आदि प्रतियोगिता के बारे में बताया । स्वीप के नोडल अधिकारी विजय श्रीवास्तव ने कहा कि कोरोना के दृष्टिगत चुनाव आयोग ने प्रत्येक बूथ पर गलब्स और सेनिटाइजर की व्यवस्था की है एवं मतदान के समय भी कोरोना को देखते हुए मतदाता दूर दूर खड़े रहकर कोरोना प्रोटोकाल के अनुसार ही मतदान करेंगे। इस संबंध में सभी व्यवस्थाएं की गयी हैं । इस अवसर पर प्रवक्ता गोविंद सिंहएडी के मौर्याएदयानंद मिश्रएशैलेन्द्र उपाध्यायएरामजीत यादवए रमाकांत प्रजापतिए शिवगतुल्लाहएशैलेन्द्र उपाध्याय समेत समस्त स्टाफएवं सैकड़ो छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# मां के भक्तों ने जमकर छका प्रसाद

### नौ दिन तक चलेगा बाबा जय गुरू देव संगत का भव्य कार्यक्रम

संवाददाता। जौनपुर



शाकाहार सदाचार का देश विदेश में प्रचार करने वाले परम सन्त उमाकान्त जी महाराज अध्यक्ष बाबा जय गुरु देव धर्म विकास संस्था उज्जैन ;मप्रद्ध द्वारा संचालित देश के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर उदर पूर्ति ;भण्डाराद्ध अभियान के तहत जनपद की संस्था द्वारा नवरात्रि के पर्व पर नौ दिवसीय तक चौकिया धाम रोड श्री विश्वकर्मा मन्दिर से भण्डारा का संचालन किया जा रहा है। इस धार्मिक कार्य में प्रशासन द्वारा निर्देशित कोविड.19 के निर्देशों का पालन करते हुए लोगों तक शाकाहार सदाचार का संदेश दिया जा रहा है। संगत के संतोष सिंह उपाध्यक्ष बाबा जय गुरुदेव संगत उत्तर प्रदेशए केशवदेव तिवारीए पूर्णिमा विश्वकर्माए हीरा लालए लालजी पाण्डेय सहित संगत के समस्त जिम्मेदार अपना योगदान बढ़.चढ़कर दे रहे हैं। कृष्ण कुमार अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा मन्दिर का इस धार्मिक कार्य में सराहनीय योगदान है।

## आदर्श श्री वासुदेव संस्कृत महाविद्यालय को यूजीसी ने दिये 5 नये कोर्स

**जौनपुर।** आदर्श श्री वासुदेव संस्कृत महाविद्यालय गुतवन को यूजीसी से कई कोर्स की मान्यता मिल गयी जिसकी जानकारी होने पर महाविद्यालय परिवार सहित क्षेत्रीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गयी। यूनिवर्सिटी ग्राण्ट कमीशन नई दिल्ली से उपरोक्त महाविद्यालय को मिले कोर्स में सौन्दर्य एवं सेहत प्रशिक्षण कार्यए योगा प्रशिक्षकए सूचना प्रौद्योगिक डाटा कम्प्यूटर आपरेटरए खाद्य प्रंस्करणध्बेकर प्लाण्ट और वास्तु शास्त्र एवं आन्तरिक साज–सज्जा है। इस आशय की जानकारी महाविद्यालय के प्रबन्धक संजीव सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## कोचिंग से निकली छात्रा की ट्रक से कुचल जाने से मौत

**चकिया,चन्दौली ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनहुल गांव के पास चकिया मुगलसराय मार्ग पर आज एक हुए दर्दनाक हादसे में ट्रक से कुचलकर एक छात्रा की मौत हो गई। इस संबंध में बताया गया कि छात्रा अनुराधा 17 वर्ष पास के ही गांव बुढ़वल की रहने वाली थी जो चकिया बाजार से ट्यूशन पढ़ने के बाद वापस अपने गांव जा रही थी। इसी दौरान मुगलसराय की तरफसे आई एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे कुचल दिया। आननफानन में अगलबगल के लोगों ने उसे इलाज के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय ले आए। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने छात्रा के मौत की पुष्टि कर दी।

## मतदान करने के लिये प्रेरित करेगा भारतीय नागरिक स्वयं सुरक्षा संगठन

**जौनपुर।** नगर के जेसीज चौराहे के पास स्थित संकट मोचन मंदिर पर भारतीय नागरिक स्वयं सुरक्षा संगठन द्वारा बैठक की गई जहां बीएनएसएस के समस्त राष्ट्र रक्षक यह निर्णय लिये कि संगठन मल्हनी विधानसभा उपचुनाव में मतदान 100 प्रतिशत हो। इसके लिए छोटी–छोटी सभा करेगा और घर–घर जाकर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जनसंवाद करेगा।

## अखिलेश बनाये गये अटेवा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**जौनपुर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच की बैठक मंगलवार को नगर के कैम्प कार्यालय पर हुई जहां नवचयनित वरिष्ठ उपाध्यक्ष अखिलेश यादव को संगठन के पदाधिकारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान श्री यादव ने संगठन के सभी साथियों से वादा किया कि हम पुरानी पेंशन बहाली व निजीकरण के विरोध में सड़क से लेकर सदन तक अटेवा के साथ लड़ाई लड़ने के लिए हर कदम पर तैयार हैं।

# महिला सुरक्षा और सम्मान को लेकर कराटे प्रशिक्षण कैम्प की शुरुआत

संवाददाता। पराऊगंज, जौनपुर



सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंशानुरूप पूरे प्रदेश में चल रहे महिला सुरक्षा अभियान के तहत कुटीर पीजी कालेज चक्के में मिशन शक्ति कार्यक्रम की शुरूआत हुई। महिला सुरक्षा एवं सम्मान महाभियान नामक यह कार्यक्रम महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइ, रोवर्स रेंजर्स और शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा गैर शैक्षणिक कार्यक्रम के तहत संचालित किया गया है। जिसके अन्तर्गत 7 दिवसीय कराटे प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। 7 दिवसीय कराटे कैंप में छात्राओं की प्रशिक्षण हेतु कराटे प्रशिक्षक श्रद्धा दीक्षित व रोमी कुमारी के प्रशिक्षण में छात्राओं को कराटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कैंप को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य मेजर डाण् रमेशमणि त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान में महिला सुरक्षा एक गंभीर विषय है जिसके निमित्त महाविद्यालय की छात्राओं को समुचित सुरक्षा हेतु स्वरक्षण तकनीक सीखनी चाहिए।

## माध्यमिक शिक्षक संघ नवीन ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ;नवीनद्ध के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव के नेतृत्व में शिक्षकों का एक दल मंगलवार को जिला विद्यालय निरीक्षक से मिला। इस मौके पर 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुये श्री यादव ने कहा कि सत्यापन हो चुके आयोग चयनित शिक्षकों का वेतन शीघ्र दिया जाय। आयोग चयनित शिक्षकों के पैनल पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से प्रबन्धक के लिये पत्र शीघ्र निर्गत किया जाय। प्रवक्ताध्सहायक अध्यापक के 10 वर्ष की सेवा पर चयन वेतनमान सामान्य रूप से समयबद्ध किया जाय।

## ग्राहकों को न मिले कम राशन घटतौली की शिकायत पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

**सिद्धार्थनगर।** पूर्ति विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिलाधिकारी कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने पूर्ति निरीक्षक को स्टाक रजिस्टरए वितरण रजिस्टरए उपभोग प्रमाण.पत्र की रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया कि कोटेदारों द्वारा ग्राहकों को कम राशन न मिले तथा घटतौली की शिकायत नही मिलनी चाहिए।

## डाककर्मियों का धरना–प्रदर्शन

**जौनपुर।** केन्द्रीय महासंघ के आह्वान पर मंगलवार को केंद्र सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों और बोनस अभी तक भुगतान न किए जाने के कारण प्रधान डाकघर के मुख्य द्वार पर डाककर्मियों ने धरना.प्रदर्शन किया। साथ ही सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। कर्मचारियों ने धरनास्थल पर सभाजीत पाल अध्यक्ष अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ की अध्यक्षता में सभा किया ।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत गोष्ठी आयोजित

**सकलडीहा,चन्दौली।** क्षेत्र के सदलपुरा स्थित छत्रधारी महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा के उपाय बताये गये। गोष्ठी को संबोधित करते हुए कोतवाल वन्दना सिंह ने कहा कि बालिकाओं एवं महिलाओं को सम्मान पूर्वक आत्मनिर्भर एवम् स्वाबलंबी बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मिशन शक्ति अभियान चलाया गया है। जिसका उद्देश्य बालिकाओं एवं महिलाओं पर किसी तरह का उत्पीड़न को रोकना है।

## अशफाक उल्लाह खां की मनाई जयंती

**मुग़लसराय,चन्दौली।** शहर कांग्रेस कमेटी के कालीमहाल स्थित पार्टी कैम्प कार्यालय पर अशफाक उल्लाह खां की जयंती मनाई गई सर्वप्रथम उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजली दी गयी।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने कहा कि अशफाक उल्लाह खां पठान परिवार से संबंधित थे उनका जन्म शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश मे हुआ था अंग्रेजी शासन से देश को आजाद कराने के लिए अपने प्राणो की आहूती देने वाले अशफाक उल्लाह खां सिर्फएक निर्भर प्रवृत्ति के थे बल्कि वे प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी थे। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से आनंद शुक्ला,बृजेश गुप्ता, सतपाल सिंह,विजय कुमार गुप्ता, नेहाल अख्तर बाबू आदि उपस्थित रहे।

## जनपद में चला मिशन शक्ति अभियान

**ललितपुर।** मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक कैप्टन एमएम0बेग के निर्देशन मे जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जनपद पुलिस द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसके तहत पाली थाना क्षेत्र में महिला सम्मान एंव सुरक्षा जागरूकता रैली के माध्यम से छात्राओं ध् महिलाओं को महिला सशक्तिकरण व मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। थाना क्षेत्रों में आने वाले स्कूलों में छात्राओं को महिला सशक्तिरण व शासन द्वारा प्रचलित महिलाओं से सम्बन्धित योजनाएं वूमेन पावर लाइन (1090), वूमेन हेल्पलाइन (181), मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (1076), डायल 112 के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। जनपदीय साइबर सेल टीम द्वारा स्कूलों में छात्राओं को साइबर अपराधों तथा महिला सम्बन्धी साइबर अपराधों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी तथा जागरूक किया गया।

## दुर्घटना में दो सगे भाई घायल

**प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र के लोनियापुर निवासी हृदय नारायण मिश्र के बेटे संदीप (18 वर्ष) व राजीव (20 वर्ष) गुरुवार को दिन में करीब साढ़े तीन बजे पट्टी आ रहे थे। पट्टी-रानीगंज रोड पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे दोनों भाई बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर बाइक पर चढ़ गया। गंभीर हालत में संदीप व राजीव को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लिया है।

## करंट की चपेट में आई युवती

**प्रतापगढ़।** नवाबगंज के मोहाम्मिदपुर के अरुण कुमार की पुत्री कोमल (22 वर्ष) गुरुवार को घर में पंखा लगाने के दौरान करंट की चपेट में आ गई। उसकी चीख सुनकर दौड़े परिजनों ने उसे करंट से छुड़ाया। घबराए परिजन कोमल को सीएचसी ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने रेफर कर दिया।

## मैजिक पलटने से तीन घायल

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज की मुंडेरा मंडी से गुरुवार सुबह सब्जी लादकर पट्टी जा रही मैजिक डाला देल्हूपुर.रानीगंज मार्ग पर दुर्गागंज के पास बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में मैजिक सवार उमाशंकर (40 वर्ष) खलील (45 वर्ष) व अमर बहादुर (25 वर्ष) निवासी पट्टी घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से सभी को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## बच्चों के विवाद में दो पक्ष भिड़े

**प्रतापगढ़।** पूरे गोलिया निवासी लाल बहादुर यादव व मोहम्मद फैसल पड़ोसी हैं। बुधवार रात बच्चों के विवाद में दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें एक ओर से लाल बहादुर की पत्नी रेखा देवी (35 वर्ष) व दूसरे पक्ष से मोहम्मद नियाज (14 वर्ष) व मोहम्मद फैसल (22 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को रानीगंज सीएचसी ले जाया गया। वहां से सभी की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## बाइक सवारों ने दिव्यांग से मोबाइल छीना

सिरौलीगौसपुर (**बाराबंकी**)। दुकान से घर वापस जा रहे दिव्यांग से दो अज्ञात बाइक सवार युवक मोबाइल छीन कर फरार हो गए। बदोसराय सफदर गंज मार्ग पर कोतवाली बदोसराय से चंद कदमों की दूरी पर बुधवार को रात करीब साढे आठ बजे बदोसराय कस्बे से अपनी फोटोग्राफर की दुकान को बंद करके राहुल कुमार अवस्थी साइकिल से टॉर्च जलाते हुए अपने घर अमरा देवी जा रहा था। बदोसराय सफदरगंज मार्ग पर बदोसराय कोतवाली से करीब दो सौ मीटर आगे पहुंचे थे। पीछे से दो अज्ञात युवक मुंह पर गमछा बांध कर बाइक से पहुंचे और इनके साइकिल के सामने बाइक लगाकर रोक दिया तथा उनका मोबाइल छीनने लगे । जब उसने मोबाइल नहीं दिया तो उसे लात मारकर गिरा दिया । उसके बाद उसका मोबाइल लेकर फार हो गए । पीड़ित ने घटना की शिकायत बदोसरांय कोतवाली में दर्ज कराई है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बाराबंकी।** टेल्को कम्पनी में तैनात ड्राइवर की अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से मौत हो गई है। प्राप्त विवरण के अनुसार थाना रामनगर के चंदनापुर निवासी रामसहाय यादव का 35 वर्षीय बेटा लल्लू यादव लखनऊ के देवा रोड पर स्थित टेल्को फैक्ट्री में ड्राइवर था। बीते बुधवार को दोपहर की ड्यूटी करने के बाद देर शाम अपने गांव चन्दनापुर थाना रामनगर जा रहा था। वहीं बीती रात करीब साढ़े 11 बजे किसी अज्ञात वाहन ने उसे मसौली के विन्दौरा डबल नहर पास उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़ा। गम्भीर अवस्था ने उसे पीआरबी वाहन से अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के पास मौजूद कागजातों के आधार पर पुलिस ने ग्राम प्रधान को इसकी सूचना दी।

## पांच दिन में एसपी का आदेश हुआ फुस्स

**प्रतापगढ़।** एसपी अनुराग आर्य ने अपने सामने सड़क खाली कराई और दोबारा अतिक्रमण न करने की कड़ी चेतावनी दी, लेकिन उनका आदेश पांच दिन में ही धराशायी हो गया। जिला अस्पताल वाली सड़क पर फिर जाम लगने लगा। गुरुवार को पूरे दिन लोग जाम से जूझते रहे। चैक व राजापाल चैराहे से जिला अस्पताल जाने वाली सड़क पर जाम की समस्या देखने के लिए एसपी ने 17 अक्टूबर को मौका मुआयना किया था। सड़क पर खड़े ठेलों को हटवाते हुए एसपी ने निर्देश दिया था कि सड़क पर ठेला या ई.रिक्शा न खड़ा होने पाए। तीन दिन तक सड़क खाली थी। इसके बाद फिर सड़क पर ठेलों की संख्या बढ़ने लगी है। गुरुवार को गोपाल मंदिर व प्रताप बहादुर पार्क जाने वाले मोड़ के पास सड़क पर बगल.बगल दो ठेले लगे थे। चैक से जिला महिला अस्पताल मोड़ तक सड़क पर दोनों तरफ ठेले लगे थे। फ्लाईओवर के पास भी डबल ठेला लगा था। ई-रिक्शों की मनमानी ऐसी है कि जिला अस्पताल गेट तक सवारी बिठा रहे थे। इससे मरीजों व उनके तीमारदारों को दिक्कत हो रही थी।

## जरूरत हो तभी हेल्पलाइन का उपयोग करें

जगदीशपुर (**अमेठी**)। महिलाएं व छात्राएं अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नम्बर का उपयोग करें। उक्त बातें उपनिरीक्षक संतोष कुमार त्रिपाठी ने मिशन शक्ति अभियान के तहत रानीगंज बाजार में कही। जगदीशपुर विकास खण्ड स्थित रानीगंज बाजार में महिलाओं व छात्राओं को जागरूक करने के लिए मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगदीशपुर संतोष कुमार त्रिपाठी ने कहा कि महिलाओं एवं छात्राओं को साइबर अपराध व महिला उत्पीड़न से बचने के लिए बिना नम्बर की कॉल को रिसीव न करने की हिदायत दी और फेसबुक व्हाट्सअप पर महिलाएं व बालिकाएं अपनी फोटो ना लगाएं और मैसेंजर से सावधान रहें जरूरत पड़ने पर डायल 112 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 महिला हेल्पलाइन 1090 डायल 181स्वास्थ्य सेवा 102 व 108 एम्बुलेंस के साथ साथ स्थानीय कोतवाली व हल्का इन्चार्ज को सूचना दे सकते हैं। इस मौके पर प्रधान इरफान खान, गोकुल चन्द्र कौशल, दिलावर खां ,सेठ तुंगनाथ, दुर्गेश कौशल सहित तमाम महिलाएं व छात्राएं मौजूद रहीं ।

## बंद पड़े घर को चोरों ने बनाया निशाना

**बाराबंकी।** अज्ञात चोरों ने बीती रात एक घर को निशाना बनाते हुए 50 हजार रुपये की नकदी व जेवरात पर हाथ साफकर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कमरिया बाग थाना कोतवाली नगर में बेखौफ चोरों ने कदीर किदवई के बन्द पड़े घर मे हाथ साफ कर दिया कदीर किदवई किसी रिश्तेदार के यहां गए हुए थे। पीड़ित कदीर के अनुसार वो मूल रूप से बदोसराय थानांतर्गत सिरौलीगौसपुर के निवासी हैं और अपना एक मकान शहर में बनवा रखा था। बीती रात अज्ञात चोरों उनके घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सामान सहित 50 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए पीड़ित कदीर ने कोतवाली नगर में अज्ञात के खिलाफ चोरी की तहरीर दी है । पुलिस ने बताया जांच चल रही है शिकायत दर्ज कर ली गई है।

# मनमानी शर्तें लागू कर चहेतों को लाभ पहुंचाने का खेल जारी

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में निविदा आपूर्ति का मामला

### फर्म संचालक ने डीएम सहित शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर खोली पोल

संवाददाता। बाराबंकी

**कस्तूरबा** गांधी बालिका विद्यालयों में निविदा आपूर्ति में जमकर खेल किया जा रहा है। मनमाने तरीके से शर्तें लागू कर चहेतों को लाभ पहुंचाने का खेल जारी है। ऐसा ही एक मामला संज्ञान में आया है जब एक फर्म संचालक ने जिलाधिकारी बाराबंकी सहित शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कई वर्षों से एक संस्था को टेंडर दिए जाने का आरोप लगाया है साथ ही इस पूरे मामले की जांच कर निविदा निरस्त किए जाने की मांग की है। मांग पत्र में कहा गया है कि सर्व शिक्षा अभियान द्वारा संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में राशन, स्टेशनरी सामग्री हेतु प्रत्येक वर्ष टेण्डर आमंत्रित किए जाते हैं लेकिन टेंडर की शर्तों का निर्धारण इस प्रकार किया जाता है कि चाहेतो को ही इसका लाभ मिल सके जिसका उदाहरण विगत कई वर्षों से कराई जा रही टेंडर प्रक्रिया है । पत्र में कहा गया है कि मैसर्स सिंह कैटरर्स एंड सप्लायर्स गोंडा, मे. श्री ट्रेडर्स गोण्डा, मे. अविनाश चंद्र मिश्रा कांटेक्टर गोंडा तथा मे. सहारा कैटर्स एंड सप्लायर गोंडा की जांच करा ली जाए तो सच्चाई सामने आ सकती है। लेकिन जांच करने के बजाय विभाग सरंक्षण दे रहा है यही वजह है कि कई जनपदों में इन्हीं चार फर्मों का सिक्का चलता है। सोमवंशी फर्म के संचालक ने अनियमितता बरतें जाने का आरोप लगाकर कार्रवाई किए जाने की शासन से गुहार लगाई है साथ ही यह भी कहा है कि उक्त टेंडर प्रक्रिया निरस्त कर पुनः कराई जाए जिससे कि अन्य फर्मों के लोगों को भी इसका लाभ मिल सके। आरोप है कि इन फर्मों के पास न तो कोई दुकान है और ना ही कोई गोदाम इतना ही नहीं किसी भी कंपनी का इनके पास डीलरशिप तक नहीं है फिर भी इनके द्वारा राशन स्टेशनरी जूता मोजा ड्रेस तथा प्लास्टिक के सामान से लेकर लोहे के सामान बेचा जाता है **क्या बोले बीएसए:** वहीं बेसिक शिक्षा अधिकारी वीपी सिंह ने कहा कि आरोप निराधार है सामग्री खरीद जेम पोर्टल से होती है जिसका मानक पूरा होगा उसे ही टेंडर मिलेगा।

# सुसराल आए युवक ने खुद को मार ली गोली, हालत गंभीर

संवाददाता। त्रिवेदीगंज (**बाराबंकी**)

**थाना** लोनी कटरा क्षेत्र के जगतखेड़ा गांव में अपने बच्चों का मुंडन संस्कार करवाने सुसराल आये युवक का पत्नी और ससुराल वालों से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि युवक ने खुद को गोली मार ली मौके पर पहुंची लोनी कटरा पुलिस ने घायल युवक को त्रिवेदीगंज सीएचसी में भर्ती करवाया, जहां उसका इलाज जारी है।

बच्चों के मुंडन संस्कार में ससुराल आया था दामाद ने खुद को मारी गोली मामला थाना लोनी कटरा के जगतखेड़ा गांव का है, जहां कुर्सी थाना निवासी अक्षय अपने दोनों बच्चों का मुंडन संस्कार करवाने ससुराल आया था। यहां पत्नी और ससुराल वालों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जिस पर नाराज अक्षय ने तमंचे से खुद को गोली मार ली। घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है मामले की जांच की जा रही है।

**तकनीकी अधिकारियों की टीम ने गांव में की जांच**

सिरौलीगौसपुर (**बाराबंकी**)। गांव में कराए गए विकास कार्यों में बरती गई अनियमितताओं को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्य की शिकायत के बाद तकनीकी अधिकारियों की टीम ने गांव में पहुंचकर जांच की है। जांच टीम के सामने ही प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य के समर्थकों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। जिसके बाद जांच टीम अपना कार्य पूरा किए बिना ही लौट गई।

### क्षेत्र के नवयुवकों को तकनीकी व व्यवसायिक शिक्षा के साथ रोजगार भी मिलेगाः वर्मा

रामनगर (**बाराबंकी**)। नवीन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संचालित होने से क्षेत्र के नवयुवकों को तकनीकी व व्यवसायिक शिक्षा के साथ-साथ रोजगार भी मिलेगा।

उक्त बातें हकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने नवीन राजकीय आईटीआई कालेज के भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह में व्यक्त किया। श्री वर्मा ने कहा की प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण लेने के बाद लोग अपना उद्योग भी खड़ा कर लेंगे। जिससे क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं पीएम आवास उज्जवला सौभाग्य आयुष्मान भारत स्वच्छ शौचालय किसान सम्मान निधि सहित तमाम योजनाओं का विस्तृत वर्णन करते हुए कहा कि इसका सीधा लाभ सभी वर्गों के लोगों को मिल रहा है ।

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दीर्घायु की कामना की गई

### नौसेमरघाट दुवरिया मंदिर पर किया गया हवन-पूजन

संवाददाता। मऊ



**कोपागंज** क्षेत्र स्थित नौसेमरघाट बारह दुवरिया मंदिर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के शीघ्र स्वस्थ होने तथा दीर्घायु होने कामना को लेकर हवन.पूजन किया गया। हवन-पूजन प्रधानमंत्री जन कल्याण लकारी योजना प्रचार प्रसार के जिलाध्यक्ष वीर बहादुर मौर्य के नेतृत्व में किया गया। हवन बाद मरीजों व असहाय लोगों को फल भी वितरित किया गया। प्रधानमंत्री जन कल्याण लकारी योजना प्रचार प्रसार के जिलाध्यक्ष वीर बहादुर मौर्य ने कहा कि विगत वर्ष 2018 में जब उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का एम्स दिल्ली में ऑपरेशन हुआ थाए तबसे हर पिछड़ा समाज प्रत्येक साल उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की लंबी व दीर्घायु उम्र के लिये हवन पूजन का कार्य करता है। इस अवसर पर मुख्य रुप से बीर बहादुर मौर्य, राम प्रवेश राजभर, संतोष चौहान, संजय राजभर, वीरेंद्र गुप्ता, राम केवल साहनी, कमल चौहान, विनोद मौर्य, दिनेश कुमार मौर्य, लाल बहादुर मौर्य, पीयूष साहनी, तेज बहादुर मौर्य, महेश मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## श्रद्धालुओं ने मां कात्यायनी का किया दर्शन-पूजन

**मऊ ।** शारदीय नवरात्र के छठवें दिन श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के छठें स्वरुप मां कात्यायनी का दर्शन-पूजन किया। इस दौरान हर तरफ मां दुर्गा के जयकारे से पूरा वातावरण गूंजायमान हो उठा। लोगों ने मां के दरबार में शीश झुकाकर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना किया। देवी मंदिरों में श्रद्धालु नारियल-चुनरी लेकर पहुंचे और मां का ध्यान करने के बाद नारियल फोड़कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। नवरात्र के छठें दिन गुरुवार को भक्तों ने माता दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की अभ्यर्थना की। मंदिरों से लेकर घर में स्थापित कलश के साथ वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय हो उठा। सर्वत्र भक्ति रसधार बहती रही। दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित रमाशंकर ने बताते हैं कि कात्यायान ऋषि ने माता की आराधना घोर आराधना किया।

# महिला सशक्तीकरण से ही देश बनेगा महानःनूपुर

संवाददाता। मऊ



**कोपागंज** ब्लॉक स्थित कम्पोजिट विद्यालय चकरामजी प्राथमिक स्कूल में गुरुवार को मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि भाजपा की जिला महामंत्री नूपुर अग्रवाल रहीं। इस मौके पर समाज सेविका गीता पाण्डेय व विद्यालय की अध्यापिका इंदु यादव ने महिला अधिकारों के बाबत विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं व किशोरियों को वीमेन पावरलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड लाइन 1098, आपातकालीन पुलिस सेवा 112 एवं स्वास्थ्य सेवाएं 102 के बाबत जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि नूपुर अग्रवाल ने कहा कि 21वीं सदी महिलाओं की सदी हैं। आज स्त्री चांद पर पहुंच चुकी हैं। फिर भी कुछ क्षेत्रों में महिलाओं का उत्पीड़न जारी हैं। जिस पर केंद्र व प्रदेश की सरकार ने नारी सुरक्षा को लेकर सशक्त कानून बनाया हैं। जिसका लाभ आज स्त्री समाज को भरपूर मिल रहा हैं। अगर इसी तरह से सरकारें आधी आबादी को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं लाती रहीं तो वह दिन दूर नहीं कि हमारा भारत दुनिया में सबसे मजबूत देश होगा। इस अवसर पर विद्यालय की बच्चियों सविता, शोभा, उजाला, स्नेहा, राधा, पायल, नुसरत, सोनम आदि भी मौजूद रहीं।

# जिला नगरीय विकास अभिकरण की बैठक संपन्न

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) सबके लिए आवास के अंतर्गत योजना का विस्तृत विवरण, प्रगति एवं छूटे हुए पात्र लाभार्थियों का सर्वेक्षण में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान पीओ डूडा ने बताया कि जनपद की चारों नगर निकायों में 5998 आवास स्वीकृत हैं, जिसमें से 1125 अपात्र हैं तथा 4873 पात्र लाभार्थी हैं। जिसमें से 4845 लाभार्थियों को प्रथम किस्त जारी की गई है। 3337 लाभार्थियों को द्वितीय किस्त जारी की गई है। 1858 लाभार्थियों को तृतीय किस्त जारी की गई है तथा 1983 लाभार्थियों के आवास पूर्ण हो गए हैं। बैठक में पीएम स्ट्रीट वेन्डर्स आत्मनिर्भर निधि योजना अंतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं के ऑनलाइन आवेदन के संबंध में पीओ डूडा ने बताया कि अब तक चारों नगर निकायों में 5127 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 1678 लाभार्थियों का ऑनलाइन डाटा फीड हो गया है जिसमें से 1343 लाभार्थियों में से 679 को ऋण वितरित किया गया है। जनपद का 2035 लक्ष्य है शेष आवेदन पत्रों को जिलाधिकारी ने शीघ्र फीड करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत दीनदयाल अंत्योदय योजना, स्वरोजगार कार्यक्रम, कौशल प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराना शहरी बेघरों के लिए आश्रय योजनाए स्वयं सहायता समूह आदि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

## सैकड़ों बीघा भूमि पर जनप्रतिनिधियों का है कब्जा

मुसाफिरखाना (**अमेठी**)। मुसाफिखाना विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत सालपुर में ग्राम प्रधान व उनके भाइयों द्वारा ही सरकार की मंशा को पलीता लगाया जा रहा है। बीते 23 सितम्बर को गांव के हरिकेश पुत्र विश्राम ने डीएम से शिकायत की। जिसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी अरुण कुमार ने मामले के जांच के आदेश दिए। स्थानीय प्रशासन ने राजस्व कर्मियों को मौके पर भेजकर अतिक्रमण हटवा दिया गया था, किन्तु ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम उजागिर राम करन पुत्र श्याम लाल व श्याम लाल पुत्र बद्री ने उपरोक्त भूमि पर अभी भी ईंट, बल्ली, टीन शेड, सहित अन्य निर्माण सामग्री जमा करके कब्जा जमा रखा गया है। राजस्व निरीक्षक व हलका लेखपाल के अतिक्रमण हटवा तो दिया। मामले में सितम्बर 2019 में चार लोगों के विरुद्ध लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा भी दर्ज किया जा चुका है।

# बालिकाओं को भी हिंसा मुक्त परिवेश में सुरक्षित रहने का पूरा अधिकारः शर्मा

### योग प्राणायाम विषय पर वेबिनार का आयोजन

संवाददाता। ललितपुर।

**महिलाओं**, बालिकाओं में स्वास्थ्य एवं रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु योग प्राणायाम विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ संजीव कुमार शर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर मनोविज्ञान नेहरू महाविद्यालय, ललितपुर ने कहा कि बालिकाओं को भी हिंसा मुक्त परिवेश में जीने का और सुरक्षित रहने का पूरा अधिकार है। उन्हें भी स्वस्थ वातावरण, आर्थिक व सामाजिक सशक्तिकरण, उचित शिक्षा की उतनी ही आवश्यकता है जितनी बालकों को। हमें समाज में लड़कियों में व्याप्त भय को कम करने के लिए बालकों को भी संस्कारित करने की उतनी ही आवश्यकता है, जितनी हम बालिकाओं को संस्कार देने की बात करते है। क्योंकि उनमें व्याप्त असुरक्षा की भावना इसी समाज के पुरुषों से है। उनके मन से भय को निकालना बालिकाओं को भी अपनी क्षमता की नई उड़ान भरने के लिए मुक्त आकाश मिलना ही चाहिए। उन्हें भी परिवार के अन्य सदस्यों की तरह अपनी योग्यता क्षमता और कार्यकुशलता के बल पर आगे आने का पूरा अधिकार है। शर्मा ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने के कुछ मनोवैज्ञानिक सामाजिक एवं शारीरिक कारण होते हैं हम अक्सर देखते हैं कि शुरुआत से ही लड़कों एवं लड़कियों की परवरिश अलग.अलग ढंग से की जाती है किसी तनावपूर्ण परिस्थिति का कैसे सामना करना है अलग-अलग ढंग से उनको समझाया जाता है। जैसे अगर लड़की रोती है तो हम आसानी से स्वीकार कर लेते हैं जबकि लड़कों को टोक दिया जाता है उन्हें रोने से मना किया जाता है लड़कियों को चीखने, चिल्लाने और ऊंची आवाज में बात करने से रोक दिया जाता है जिसे लड़की अपने तनाव चिंता एवं भावनाओं को व्यक्त नहीं कर पाती जो उनके मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालती आजकल लड़कियां एवं महिलाएं ऑनलाइन अधिक रहने लगी जिसके कारण साइबर क्राइम का शिकार होने का खतरा बना रहता है, जिससे उनको अतिरिक्त तनाव मिलता है। आजकल महिलाओं को दोहरी जिम्मेदारियों का निभानी पड़ रही हैं और परिवार में अगर माता-पिता द्वारा मेंसुरेशन के बारे में सही से मार्गदर्शन नहीं किया जाता है ।

# शारदीय नवरात्र पर 101 गरीब महिलाओं को साड़ियां बांटी गईं



संवाददाता। रामनगर (**बाराबंकी**)

शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर नारी शक्ति के सम्मान में ग्राम जुरौंडा में एक सैकड़ों महिलाओं को साड़ियां वितरित की गईं। जगत जननी शक्ति स्वरूपा मां कात्यायनी के पूजन अर्चन के पश्चात ग्राम प्रधान भगवान बक्स सिंह की भतीजी एवं समाजसेवी शीतला सिंह की पुत्री समाजसेविका रश्मि सिंह ने 101 गरीब महिलाओं को साड़ियां वितरित कीं। साड़ियां पाकर गरीब महिलाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस मौके पर रश्मि सिंह ने कहा नारी समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। महिलाओं ने हमेशा समाज व देश को नई दिशा व दशा देने का काम किया है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रवींद्र सिंह पप्पू केपी सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता जगदंबा सिंह सपा नेता जय सिंह यादव प्रभात शुक्ला आकाश सिंह निसार अहमद राहुल सिंह मोहित सिंह रामसमुझ यादव सहित भारी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## आंतरिक शिकायत कमेटी की बैठक

**अमेठी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में सेक्सुअल हैरेसमेंट ऑफ वोमेन ऐट वर्कप्लेस प्रिवेंशन प्रोहिबिशन रिड्रेसल एक्ट 2013 के अंतर्गत गठित आंतरिक शिकायत कमेटी की बैठक नामित अध्यक्ष स्नेहिल सिंह चौधरी, वित्त एवं लेखा अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई जिसमें विचार विमर्श कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शालू गुप्ता ने विशाखा गाइडलाइन के विषय में बताया और कमेटी की अध्यक्ष वित्त एवं लेखाधिकारी ने कार्यस्थल कानून के विषय में बताया कि किन परिस्थितियों के खिलाफ कार्यस्थल पर एक महिला अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। उन्होंने बताया कि किसी भी तरह के गलत इशारे करना, शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डालना, किसी भी महिला की शारीरिक बनावट,उसके वस्त्रों आदि को लेकर अश्लील टिप्पणी करना भी एक कामकाजी महिला के अधिकारों का हनन है।

# जीजीआईसी में मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम हुआ आयोजित

संवाददाता। अमेठी



**स्थानीय** राजकीय बालिका इंटर कालेज परिसर में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक जय करन लाल ने महिला व बालिका सुरक्षा के कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि बालिकाएं गलत बातों का जवाब दें और खुद अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहें। अध्यक्षता कर रहे जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय पाल सिंह ने कहा कि सरकार महिला कल्याण व सुरक्षा के लिए लगातार कड़े कदम उठा रही है। उन्होंने महिला कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ फूलकली गुप्ता ने कहा कि आधी आबादी के मुख्य धारा में आने का सही वक्त है। जिला संगठन आयुक्त गाइड गरिमा यादव ने लोगों के नजरिए बदलने पर जोर देते हुए महिलाओं को आगे आने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन आयुक्त स्काउट शशांक यादव ने किया। विद्यालय में निबन्ध प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ट्रेनिंग काउंसलर मो. शकील, आदर्श प्रताप सिंह , शशिबाला देवी, हेमलता श्रीवास्तव, डॉ ऋचा सिंह, रुचिका सिंह, डॉ रूबी सिंह, कुमुद सिंह ने विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम विद्यालय की छात्राओं के साथ ही अन्य शिक्षक व कर्मी मौजूद रहे।